सूर्योदय : 6:47
सूर्यास्त : 5:15
अधिकतम तापमान : 25.0
न्यूनतम : 13.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-184 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 25 दिसम्बर 2024
22 जमादिउस्सानी 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com



## राजनाथ का लखनऊ को 662 करोड़ की 181 परियोजनाओं का उपहार

# यूपी के हर जिले में होगा मेडिकल कॉलेज

- कैंट के दिलकुशा लान में अटल स्वास्थ्य मेला- 5 का शुभारंभ
- यूपी में योगी के आने के बाद अच्छे अच्छों की तबीयत हो गई दुरुस्त



**लखनऊ।** भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में राजधानी लखनऊ में दो दिवसीय अटल स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। यह कार्यक्रमम दिलकुशा लॉन में आयोजित हुआ, जहां 662 करोड़ रुपये की लागत से 181 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि यूपी में योगी के आने के बाद अच्छे अच्छों की तबीयत दुरुस्त हो गई है, इतना सुनते ही लोग बुलडोजर बाबा की जय और योगी योगी के नारे लगाने लगे। मुस्कुराते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाथ जोड़े तो नारे और तेज हो गए। राजनाथ बोले, 2017 में प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनने के बाद से विकास ही नहीं स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर करने के बड़े काम हुए हैं। पूर्वांचल सहित उत्तर प्रदेश से इंसेफेलाइटिस जैसी बीमारी पर काबू पाने में बड़ी सफलता मिली है, खुशी जताते हुए यह भी कहा, जब वे (राजनाथ) यूपी के मुख्यमंत्री थे तो इस बीमारी का सटीक उपाय नहीं खोज सके थे। रक्षामंत्री ने कहा, 2017 तक प्रदेश में सिर्फ 12 मेडिकल कॉलेज थे, यूपी सरकार 27 मेडिकल कॉलेज बना रही है उनमें 14 बनकर तैयार हो गए हैं और 13 का निर्माण कार्य चल रहा है। वह दिन दूर नहीं जब यूपी के हर जिले में मेडिकल कॉलेज होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार स्वास्थ्य सेवाएं देने में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के पगचिह्नों पर चल रही है आयुष्मान योजना से 40 करोड़ लोगों को पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है। अब बिना जाति वर्ग का भेद किए 70 वर्ष से अधिक उम्र के हर महिला पुरुष को आयुष्मान योजना का लाभ दिया जा रहा है। बड़े पैमाने पर जन औषधि केंद्र खोले गए हैं जहां 50 से 80 प्रतिशत कम दामों पर दवाएं मिलती हैं।

### पांच साल में 50 हजार लोगों को मिला लाभ: योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अटल जी पांच बार लखनऊ से सांसद रहे। उन्होंने देश की राजनीति को अस्थिरता से स्थिरता की ओर अग्रसर किया और पं. दीनदयान उपाध्याय की अन्त्योदय परिकल्पना को साकार किया। उनके कार्यों की प्रेरणा से आज यह अटल स्वास्थ्य मेला गरीबों और जरूरतमंदों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान कर रहा है। उन्होंने बताया कि 2020 से 2023 के बीच इस मेले से 50 हजार से अधिक लोगों ने लाभ प्राप्त किया है। सीएम योगी ने अटल जी को भारतीय राजनीति का अजातशत्रु बताते हुए कहा कि उनकी सहजता और सरलता ने सभी वर्गों का दिल जीता।

# सेना की गाड़ी खाई में गिरी, पांच जवान शहीद

**पुंछ में बड़ा हादसा**

- वाहन फिसल कर 350 फुट गहरी खाई में गिरा
- सेना ने एक्स पर दी श्रद्धांजलि



**पुंछ।** जवानों को लेकर नियंत्रण रेखा पर स्थित घोड़ा पोस्ट की ओर जा रहा वाहन फिसल कर करीब 350 फुट गहरी खाई में गिर गया। हादसे में पांच जवान बलिदान हो गए, जबकि करीब 13 जवान जख्मी हैं। घायलों को निकाल कर पुंछ सैन्य मुख्यालय लाया गया है। कुछ घायलों की हालत गंभीर है।

जवानों की शिनाख्त की जानकारी अभी सार्वजनिक नहीं की गई है। बताया जाता है कि मंगलवार की शाम 18 जवानों को लेकर 11 मराठा इन्फेंट्री का ढाई टन वहान ऑपरेशन ड्यूटी पर जा रहा था। इन जवानों को नियंत्रण रेखा पर बनोई की घोड़ा पोस्ट तक ले जाना था। इस बीच करीब छह बजे घरोआ के पास चालक ने गाड़ी पर नियंत्रण खो दिया और गाड़ी करीब 350 फुट गहरी खाई में जा गिरी। हादसे की सूचना मिलते ही सेनवि पुलिस की टीम मौके पर पहुंचीं और बचाव कार्य शुरू किया। इस दौरान पांच जवान बलिदान हो गए जबकि 13 अन्य घायल हैं। इन सभी को निकाल कर इलाज के लिए भेज दिया गया है। हादसे में हताहत जवानों के नाम के बारे में अभी जानकारी नहीं मिल सकी है। सेना की व्हाइट नाइट कोर ने एक्स पर बलिदानी जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए लिखा, दुर्घटना ऑपरेशनल ड्यूटी के दौरान हुई। पांच बहादुर सैनिकों की दुखद मौत पर व्हाइट नाइट कोर के सभी रैंक अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। बचाव अभियान जारी है और घायल कर्मियों को चिकित्सा देखभाल मिल रही है।

## न्यूज डायरी

### 23 फरवरी को भिड़ेंगे भारत-पाकिस्तान

**नई दिल्ली।** अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन होगा। यह टूर्नामेंट हाइब्रिड मॉडल में खेला जाएगा।



पाकिस्तान के अलावा इस टूर्नामेंट की मेजबानी संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) करेगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को आगामी टूर्नामेंट का कार्यक्रम जारी कर दिया। टूर्नामेंट की शुरुआत 19 फरवरी से होगी जबकि फाइनल नौ मार्च को खेला जाएगा। आठ टीमों के इस टूर्नामेंट में 15 मैच होंगे। भारतीय टीम के सभी ग्रुप स्टेज के मुकाबले दुबई में खेले जाएंगे। वहीं, बाकी टीमों के मैच पाकिस्तान में ही खेले जाएंगे।

### ओवैसी को कोर्ट का नोटिस

**बरेली।** उत्तर प्रदेश के बरेली की एक स्थानीय अदालत ने ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख और हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी को एक याचिका के जवाब में उसके सामने पेश होने का निर्देश दिया है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि उन्होंने संसद में शपथ ग्रहण के दौरान फिलिस्तीन के समर्थन में नारा लगाकर संविधान का उल्लंघन किया है। अदालत ने एआईएमआईएम प्रमुख को 7 जनवरी, 2025 को सुनवाई के लिए उपस्थित होने को कहा है। वकील वीरेंद्र गुप्ता ने ओवैसी के खिलाफ याचिका दायर की, जिसमें दावा किया गया कि शपथ के दौरान फिलिस्तीन के लिए एआईएमआईएम नेता का समर्थन संवैधानिक और कानूनी सिद्धांतों का उल्लंघन है। गुप्ता ने बताया कि उन्होंने पहली बार 12 जुलाई को एमपी/ एमएलए कोर्ट में याचिका दायर की थी, लेकिन इसे खारिज कर दिया गया था। गुप्ता ने जिला न्यायाधीश की अदालत में पुनरीक्षण याचिका दायर की, जहां जिला न्यायाधीश सुधीर ने इसकी अनुमति दे दी और औवेसी को नोटिस जारी कर सात जनवरी को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया।

# केंद्र ने 5 राज्यों के राज्यपाल बदले

- पूर्व गृह सचिव अजय भल्ला मणिपुर, वीके सिंह मिजोरम गवर्नर बने
- आरिफ मोहम्मद केरल से बिहार भेजे गए
- राष्ट्रपति ने रघुबर दास का इस्तीफा किया स्वीकार



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की तरफ से देश के कई राज्यों में नए राज्यपालों की नियुक्तियां की गई है। राष्ट्रपति भवन की तरफ से जारी अधिसूचना के अनुसार, मिजोरम के राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति को ओडिशा का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया हैं। वहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ओडिशा के मौजूदा राज्यपाल रघुबर दास का इस्तीफा भी स्वीकार कर लिया है। इस कड़ी में केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को बिहार का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया हैं। बिहार के मौजूदा राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर को केरल का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया है। जबकि पूर्व सेना प्रमुख विजय कुमार सिंह को मिजोरम के राज्यपाल नियुक्त किया गया है। वहीं पूर्व केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला को मणिपुर का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया है। पूर्व केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला को मणिपुर का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। इस संबंध में राष्ट्रपति भवन की ओर से अधिसूचना जारी की गई है। अजय कुमार भल्ला 1984 बैच के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी हैं। अजय कुमार भल्ला को 22 अगस्त, 2019 को केंद्रीय गृह सचिव नियुक्त किया गया था। उन्होंने 22 अगस्त 2024 तक लगभग पांच वर्षों तक भारत के गृह सचिव के रूप में कार्य किया।

# मुझे हटाने का नोटिस जंग लगा चाकू था : जगदीप धनखड़

- विपक्ष के नोटिस पर उपराष्ट्रपति ने दिया जवाब

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को कहा कि किसी को बाईपास सर्जरी के लिए सब्जी काटने वाले चाकू का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने यह भी कहा कि उन्हें पद से हटाने का नोटिस वास्तव में एक जंग लगा हुआ चाकू था। इस नोटिस को राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने खारिज कर दिया। विपक्षी गठबंधन इंडिया के नोटिस पर अपनी पहली प्रतिक्रिया में, उन्होंने कहा, बस उपराष्ट्रपति के खिलाफ नोटिस को देखें। सिर्फ उनके की तरफ से दिए गए छह लिंक देखें। उपराष्ट्रपति ने कहा, आप चौंक जाएंगे। चंद्रशेखर जी ने एक बार कहा था बाईपास सर्जरी के लिए कभी भी सब्जी काटने वाले चाकू का इस्तेमाल न करें। यह नोटिस सब्जी काटने वाला चाकू भी नहीं था; यह जंग लगा हुआ था। इसमें जल्दबाजी दिखाई गई। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने महिला पत्रकारों के एक समूह से कहा, जब मैंने इसे पढ़ा तो मैं हैरान रह गया। लेकिन मुझे इससे भी अधिक हैरानी इस बात पर हुई कि आपमें से किसी ने भी इसे नहीं पढ़ा। अगर आपने पढ़ा होता तो आप कई दिनों तक सो नहीं पाते। धनखड़ ने कहा कि किसी भी संवैधानिक पद को प्रतिष्ठा, उत्कृष्ट गुणों और संविधान के प्रति प्रतिबद्धता से मूल्यांकित किया जाना चाहिए। उनका उद्देश्य हमारी संवैधानिक संस्थाओं को नष्ट करना है, राष्ट्रपति पद को बदनाम करना है और ध्यान रहे, राष्ट्रपति कौन हैं? पहली आदिवासी महिला इस देश की राष्ट्रपति बनी हैं। संसदीय बहसों का जिक्र करते हुए धनखड़ ने कहा कि दोनों सदन गलत कारणों से खबरों में हैं।

### हम हिसाब बराबर करने की स्थिति में नहीं



उन्होंने कहा, हम हिसाब बराबर करने की स्थिति में नहीं हैं। क्योंकि लोकतंत्र की सफलता के लिए दो चीजें अभिव्यक्ति और संवाद अपरिहार्य हैं। राष्ट्रीय हितों को नुकसान पहुंचाने के लिए सुनियोजित प्रयासों के खिलाफ आगाह करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि इन्हें उन ताकतों द्वारा सुनियोजित तरीके से बढ़ावा दिया जाता है जो देश के हितों को चोट पहुंचाना चाहते हैं।

# महाराष्ट्र चुनाव में कोई गड़बड़ी नहीं

## कांग्रेस के हर सवाल का ईसी ने दिया जवाब, वोटिंग प्रतिशत बदलना असंभव

- मतदान के शाम 5 बजे के आंकड़े और अंतिम आंकड़ों की तुलना सही नहीं




**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव खत्म हुए एक महीने से ज्यादा वक्त हो चुका है। इसके बावजूद भी राज्य में चुनाव को लेकर आरोप-प्रत्यारोपों के दौर अभी भी जारी है। वहीं राज्य में हुए चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी की तरफ से लगाए गए तमाम आरोपों का जवाब चुनाव आयोग की तरफ से दिया गया है। कांग्रेस पार्टी की तरफ से जताई गई चिंताओं के बीच चुनाव आयोग ने मंगलवार को कहा कि महाराष्ट्र में हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में मनमाने ढंग से मतदाताओं के नाम नहीं जोड़े गए और न ही हटाए गए।

कांग्रेस को दिए गए अपने जवाब में चुनाव आयोग ने कहा कि शाम 5 बजे के मतदान के आंकड़ों की तुलना अंतिम मतदान के आंकड़ों से करना सही नहीं होगा। इसमें यह भी बताया गया कि शाम 5 बजे से रात 11.45 बजे तक मतदान में बढ़ोतरी सामान्य है, जो मतदाता मतदान के एकत्रीकरण की प्रक्रिया का हिस्सा है और कैसे डाले गए वोटों और गिने गए वोटों में वास्तविक लेकिन महत्वहीन अंतर हो सकते हैं। चुनाव आयोग ने जोर देकर कहा कि वास्तविक मतदाता मतदान में बदलाव करना असंभव है, क्योंकि मतदान का विवरण देने वाला वैधानिक फॉर्म 17सी मतदान केंद्र पर मतदान बंद होने के समय उम्मीदवारों के अधिकृत एजेंटों के पास उपलब्ध होता है। आयोग ने कहा कि महाराष्ट्र में मतदाता सूची तैयार करने में पारदर्शिता के साथ नियम-आधारित प्रक्रिया का पालन किया गया और राज्य में मतदाताओं के नाम हटाने में कोई अनियमितता नहीं हुई। आयोग ने कांग्रेस को बताया कि मतदाता सूची तैयार करने में कांग्रेस प्रतिनिधियों की भागीदारी सहित उचित प्रक्रिया का पालन किया गया।

# पूर्व सांसद जयाप्रदा के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी

**अभद्र टिप्पणी केस**

- आजम खां और एसटी हसन भी हैं आरोपी



**मुरादाबाद।** अभद्र टिप्पणी मामले में अदालत ने रामपुर की पूर्व सांसद और अभिनेत्री जयाप्रदा के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर दिया। साथ ही मुकदमे की अगली सुनवाई के लिए नौ जनवरी की तिथि निर्धारित कर दी। 2019 लोकसभा चुनाव का परिणाम आने के बाद कटघर क्षेत्र स्थित मुस्लिम डिग्री कॉलेज में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान रामपुर के पूर्व सांसद आजम खां, मुरादाबाद के सपा सांसद डॉ. एसटी हसन समेत पार्टी के अन्य सपा नेता शामिल थे। आरोप है कि कार्यक्रम के दौरान रामपुर की पूर्व सांसद एवं अभिनेत्री जयाप्रदा पर अभद्र टिप्पणी की गई थी। मामले में रामपुर निवासी मुस्तफा हुसैन ने आजम खां, डॉ. एसटी हसन, अब्दुल्ला आजम, फिरोज खां, आयोजक मो. आरिफ, रामपुर के पूर्व चेयरमैन अजहर खां के खिलाफ केस दर्ज कराया था। मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट एमपी सिंह की अदालत में की जा रही है। शनिवार को जयाप्रदा को कोर्ट में हाजिर होकर अपने बयान दर्ज कराने थे लेकिन वह कोर्ट में पेश नहीं हुई।

## अवकाश सूचना

क्रिसमस के शुभ अवसर पर सभी सुधी पाठकों एवं विज्ञापन दाताओं व प्रतिनिधियों को हार्दिक शुभकामनाएं। इस अवसर पर 'अवधनामा' प्रेस व कार्यालय में दिनांक 25 दिसम्बर को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 27 दिसम्बर को निकलेगा।

**सम्पादक**

# दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप-4 खत्म

## राजधानी में अब ग्रैप-3 की पाबंदियां लागू, भारी माल वाहनों पर प्रतिबंध जारी रहेगा

- पांचवीं कक्षाओं को हाइब्रिड मोड में शिफ्ट करना आवश्यक
- नागरिक चार्टर का सख्ती से करें पालन



**नई दिल्ली।** राजधानी की हवा में सुधार आने के बाद वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने तत्काल प्रभाव से ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) चार की पाबंदियां हटा दी हैं।

ऐसे में सभी निर्माण गतिविधियों पर प्रतिबंध, दिल्ली में गैर-जरूरी प्रदूषण फैलाने वाले ट्रकों का प्रवेश और 10वीं और 12वीं कक्षाओं को छोड़कर सभी कक्षाओं को अनिवार्य रूप से हाइब्रिड मोड पर भी रोक हट गई है। सीएक्यूएम ने अपने आदेश में गैर-आवश्यक डीजल ट्रकों को दिल्ली में प्रवेश करने पर प्रतिबंध जारी रखा है, जबकि केवल आवश्यक सेवाओं को छोड़कर राजधानी में पंजीकृत बीएस-चार और पुराने डीजल से चलने वाले भारी माल वाहनों पर भी प्रतिबंध जारी रहेगा। मंगलवार को जारी एक आधिकारिक आदेश में ग्रैप के चरण एक, दो और तीन के तहत निर्धारित प्रतिबंध लागू रहेंगे। वही, तीसरे चरण के तहत पांचवीं कक्षाओं को हाइब्रिड मोड में शिफ्ट करना आवश्यक है। इसमें अभिभावकों और छात्रों के पास ऑनलाइन शिक्षा चुनने का विकल्प है। यही नहीं, दिल्ली-एनसीआर में बीएस-तीन पेट्रोल और बीएस-चार डीजल कार के उपयोग पर प्रतिबंध है। लेकिन, इस नियम में दिव्यागों को छूट दी गई है। वहीं, तीसरे चरण में दिल्ली में बीएस-चार या उससे पुराने मानकों वाले गैर-आवश्यक डीजल-संचालित मध्यम माल वाहनों पर भी प्रतिबंध है। दिल्ली के बाहर से आने वाले सभी ट्रकों के प्रवेश पर पाबंदी। हालांकि, जरूरी सामान लाने वाले व सीएनजी और इलेक्ट्रिक ट्रकों पर पाबंदी से छूट दी गई थी। दिल्ली में पंजीकृत मध्यम व भारी डीजल संचालित माल वाहनों पर प्रतिबंध। एनसीटी दिल्ली व एनसीआर में डीजल चलित चार पहिया वाहनों पर थी रोक। हालांकि, आपातकालीन वाहनों को छूट दी गई थी। इस श्रेणी में केवल बीएस-6 वाहन चल सकते थे। एनसीआर में उद्योगों पर पाबंदी थी। जहां पीएनजी ईंधन की सुविधा नहीं थी और सरकार द्वारा अधिकृत सूची से बाहर के ईंधन के उपयोग पर थी रोक। हालांकि, दूध व डेयरी उत्पादों और मेडिकल उपकरणों से जुड़े उद्योगों को छूट दी गई थी।

### अल्लू अर्जुन से तीन घंटे तक पूछताछ

**हैदराबाद।** हैदराबाद थिएटर भगदड़ मामले में अभिनेता अल्लू अर्जुन से मंगलवार को पुलिस ने तीन घंटे से ज्यादा लंबे वक्त तक पूछताछ की। पूछताछ के दौरान पुलिस ने अभिनेता के कई सवाल किए। लेकिन एक्टर घर लौट आए हैं। हैदराबाद के संध्या थिएटर में 4 दिसंबर को फिल्म पुष्पा 2 की रिलीज के दौरान भगदड़ मच गई थी, जिसमें एक महिला की मौत हो गई थी। पुलिस ने अल्लू अर्जुन से पूछा कि क्या उन्होंने पुष्पा 2 के प्रीमियर जाने के लिए प्रशासन से अनुमति ली थी या नहीं? एक्टर से यह भी पूछा गया कि जब वह वहां पहुंचे तो हालात से निपटने के लिए वहां कितने बाउंसर्स मौजूद थे? सूत्रों के मुताबिक अभिनेता से पूछा गया कि क्या आपको अगले दिन रेवती की मौत की खबर पता चली? तो अभिनेता ने कहा कि हां मुझे अगले दिन इस बारे में पता चला था। बता दें कि पुष्पा-2 के प्रीमियर पर 4 दिसंबर की शाम भगदड़ मामले में अल्लू अर्जुन जमानत पर रिहा हैं।

# इकबाल कासकर के खिलाफ ईडी का एक्शन

- मनी लॉन्ड्रिंग मामले में करीबी का फ्लैट जब्त

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशाल (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के तहत महाराष्ट्र के ठाणे में 55 लाख रुपये के फ्लैट को अपने कब्जे में ले लिया है। यह फ्लैट भगोड़े गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम के भाई इकबाल कासकर के एक सहयोगी के नाम पर है। ईडी सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि यह फ्लैट ठाणे पश्चिम में स्थित नियोपोलिस बिल्डिंग में है। फ्लैट के मालिक मुमताज एजाज शेख के खिलाफ 2022 में पीएमएलए के तहत एक अंतरिम आदेश जारी किया गया था। इसी के तहत इसे जब्त किया गया है। मनी लॉन्ड्रिंग निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के न्यायाधिकरण ने इस कुर्की आदेश को मंजूरी दे दी थी, जिससे ईडी के लिए इसे अपने कब्जे में लेने का रास्ता साफ हो गया। सूत्रों ने बताया कि फ्लैट को अपने कब्जे में लेने की प्रक्रिया हाल ही में पूरी हुई है। ईडी ने पहले एक बयान में आरोप लगाया था कि यह फ्लैट कासकर और अन्य लोगों ने ठाणे स्थित रियल एस्टेट डेवलपर सुरेश देवीचंद मेहता से जबरन लिया था।



# कलेक्ट्रेट में हुई जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के अनुश्रवण के लिए जनपद स्तरीय गठित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक मंगलवार को कलेक्ट्रेट में खीरी सांसद उत्कर्ष वर्मा %मधुर% की अध्यक्षता और धौरहरा सांसद आनंद भदौरिया की उपस्थिति में सम्पन्न हुयी बैठक में मुख्य रूप से डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा, जेडीसी केके सिंह, सीडीओ अभिषेक कुमार, एडीएम संजय सिंह, पीडी एसएन चौरसिया, अध्यक्ष नपाप गोला विजय शुक्ल रिंकू, ब्लॉक प्रमुख पवन गुप्ता, महेंद्र बाजपेई, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामशंकर राज, राजवीर, अमनदीप, समिति के नामित सदस्य सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे बैठक की शुरुआत में सांसदगण ने सभी अधिकारियों का परिचय प्राप्त किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सांसद उत्कर्ष वर्मा ने कहा कि सभी अधिकारियों ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी, लाभकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जरूरी जानकारी उपलब्ध कराते हुए जिले के उल्लेखनीय कार्यों को भी रेखांकित किया। सभी अधिकारी टीम भावना से केंद्र और प्रदेश सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों एवं नीतियों को जमीन पर साकार करते हुए जिले को सभी फ्लैगशिप योजना में प्रथम स्थान पर लाने हेतु संकल्पित होने होकर काम करें। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियो को धन्यवाद भी कहा। सांसद आनंद भदौरिया ने कहा कि शासन की योजनाओं का गुणवत्तापरक क्रियान्वयन सुनिश्चित कराया जाए। जिले के अभिनव कार्यों की सराहना भी की।बैठक की शुरुआत में गत बैठक की कार्यवाही के संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा अद्यतन प्रगति बताई गई। मनरेगा समीक्षा के दौरान डीसी मनरेगा ने बताया कि वार्षिक लक्ष्य 65.30 लाख मानव दिवस के सापेक्ष 59.59 लाख मैन डेज सृजित कर 96 फीसदी लक्ष्य पूर्ण कर लिया गया। लक्ष्य 75 के सापेक्ष 73 अन्नपूर्णा भवन बनकर तैयार है। 62 अमृत स्टेडियम, 355 अमृत सरोवर पूर्ण हो चुके। 1.43 लाख परिवारों को रोजगार दिया गया। सांसद ने सुझाव दिया कि पीएम ग्रामीण सड़क योजना के तहत ज्यादा से ज्यादा रोड शामिल हो, इसके लिए प्रयास करें।पीडी एसएन चौरसिया ने बताया कि पीएम आवास (ग्रा) के तहत योजना के मानकों की ग्राम पंचायत में वॉल पेंटिंग करा दी गई। सीडीओ ने आवास के सभी पैरामीटर बताते हुए कहा कि पूरा प्रयास है कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना का लाभ पाने से वंचित न रहे। ग्रामस्तर पर आवास पंजिका भी बनी है। सर्वेयर को ऐप व शर्तों की ट्रेनिंग दी जा रही। डीडी कृषि ने कृषि योजनाओं, एडीएम ने घरोनी की प्रगति बताई। पीएम आवास शहरी में 31853 लक्ष्य के सापेक्ष 30753 आवास बनाकर तैयार हैं। पीएमएवाई 2.0 के ऑनलाइन आवेदन चल रहे हैं।सीएमओ ने स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी देते हुए कहा कि मानक के अनुरूप दवाओ की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही। थारू क्षेत्र में सीएचसी के अलावा 24ङ्ग7 छह प्रसव सुविधा केंद्र संचालित है। जिले में ब्लड कंपोनेंट सेपरेशनल यूनिट का लाइसेंस मिलने के साथ ही पलिया, धौरहरा, गोला में ब्लड स्टोरेज यूनिट स्थापित हुई। बीएसए ने बताया कि 316 परिषदीय विद्यालयों में चार लाख, 83 हजार 827 बच्चे नामांकित हैं।

उन्हें नियमानुसार एमडीएम उपलब्ध कराया जा रहा, जिसका कई स्तर पर पर्यवेक्षक, सुपरविजन हो रहा है। जिला दिव्यांग जनशक्तिकरण अधिकारी ने बताया कि सुगम्य भारत अभियान (एक्सेसिबिलिटी इंडिया अभियान) के तहत नवंबर माह तक 27839 यूनिक डिसेबिलिटी कार्ड जनरेट हुए। श्रम अधिकारी ने बताया कि ई-श्रम पोर्टल पर जिले से 18.65 लाख पंजीकरण हुए, जिले का प्रदेश में सातवां स्थान है। पीएम श्रमयोगी मानधन योजना में 12456 पंजीकरण हुए, वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष प्रदेश में प्रथम स्थान है।

## कन्या शक्ति वंदन पर हुई सराहना

डीपीओ लवकुश भार्गव ने भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ÷बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अभिनव पहल पर कन्या शक्ति वंदन कार्यक्रम आयोजित हुआ। योजना में वित्तीय प्रगति प्रदेश में अव्वल है। दोनों सांसदों ने अनूठी पहल और प्रयास की सराहना की।

## सीडीओ ने प्रस्तुत किया योजनाओं का ब्यौरा

बैठक का संचालन करते हुए सीडीओ अभिषेक कुमार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना (एनआरएलएम), पीएम ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, पीएम आवास योजना (शहरी/ग्रामीण), स्वच्छ भारत मिशन-ग्रा, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, पीएम कृषि सिंचाई योजना, डिजिटल भारत भू-रिकार्ड आधुनिकीकरण कार्यक्रम, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण ज्योति योजना, एनआरयूएम, राष्ट्रीय विरासत शहर विकास वृद्धि योजना, पीएम फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, सर्व शिक्षा अभियान, समेकित बाल विकास योजना, मिड-डे-मिल, पीएम उज्जवला आदि योजनाओं की कार्यप्रगति का ब्योरा प्रस्तुत किया।

## अवैध तमंचा-कारतूस बरामद कर किया गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना पढुआ पुलिस द्वारा दुलही रोड से दमनाबेहड़ रोड से अभियुक्त जिब्राइल पुत्र अलीजान को अवैध तमंचा-कारतूस बरामद कर गिरफ्तार किया गया, जिसके सम्बन्ध में थाना पढुआ पर मु0अ0स0 463/2024 धारा 3/25 आयुध अधि0 पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## संकटा देवी चौकी में किसी बात को लेकर हुए विवाद में दबंग ने की मारपीट

**लखीमपुर-खीरी।** सदर कोतवाली की संकटा देवी चौकी क्षेत्र में किसी बात को लेकर हुए विवाद में दबंग ने मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान युवक ने पीड़ित का मोबाइल फोन भी लूट लिया। मारपीट में घायल होने के बाद पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। एसपी को दी गई तहरीर में मोहल्ला गौटेय्याबाग निवासी पवन ने बताया कि मकान के बाहर पड़ोस की गौरी व अन्य महिलाएं बैठी थी। इसी समय विपक्षी मोहल्ले के रिहान शराब पीकर आया और गाली गलौज करने लगा। घर के बाहर बैठी महिलाओं ने इस बात का विरोध किया तो विपक्षी ने जातिसूचक गालियां भी दीं। घटना 17 दिसंबर की शाम सात बजे की बताई जा रही है। आरोप है कि रिहान, पिता अकील और विपक्षी के चाचा सहित तीन-चार अज्ञात लोग पीड़ित की जमकर पिटाई कर दी।

## नाबालिग लड़की के साथ रेप करने का आरोपी गिरफ्तार 20 दिनों से फरार था आरोपी

**लखीमपुर-खीरी।** नाबालिग लड़की के साथ रेप करने का फरार आरोपी खमरिया पुलिस ने गिरफ्तार किया। घटना के बाद करीब 20 दिनों से आरोपी फरार था। जिसे खमरिया पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। खमरिया थाना क्षेत्र में करीब 20 दिन पहले हुई रेप के एक मामले का आरोपी पुलिस को चकमा दे रहा था। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयासरत थी। थाना प्रभारी विवेक कुमार उपाध्याय ने बताया कि थाना क्षेत्र का जियाउद्दीन पुत्र इकलाख रेप और पॉक्सो एक्ट का आरोपी था। जो मुकदमा दर्ज होने के बाद से फरार था। इस बीच पुलिस को आरोपी की क्षेत्र में मौजूदगी की सूचना मिली। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी जियाउद्दीन दबोच लिया। थाना प्रभारी विवेक उपाध्याय ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## पुलिस मुठभेड़ में गौमांस के साथ एक शातिर गौकश गिरफ्तार

**सहारनपुर।** गंगोह कोतवाली पुलिस ने मुठभेड में एक शातिर गौकश को घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दबोचे गये गौकश के कब्जे से अवैध असलाह, 110 कि.ग्राम गौमांस, गौकशी के उपकरण व 01 ऑल्टो कार बरामद कर ली। पुलिस अधीक्षक देहात सागर जैन ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि गंगोह कोतवाली पुलिस ने थाना प्रभारी रोजन्त त्यागी, उपनिरीक्षक नीरज कुमार, जितेन्द्र कुमार व विरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में सनौली से कुंडाकला मार्ग पर चैकिंग के दौरान सनौली की ओर से आ रही बिना नम्बर की आल्टो कार को रूकने का इशारा किया, तो कार चालक ने कार को रोक दिया जैसे ही पुलिस टीम कार के समीप पहुंची, तो कार चालक तेज गति से कार को लेकर कुंडाकला की तरफ फरार होने लगा। इसी दौरान कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे माइलस्टोन से टकरा कर रुक गयी। तभी बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर ग्राम छन्नो के जंगल की तरफ भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हो गया। एक अन्य बमदमाश कोहरे व घने जंगल का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। एसपी देहात सागर जैन ने बताया कि घायल बदमाश की पहचान नईम पुत्र कामिल निवासी मौहल्ला गुलाम औलिया ,कस्बा व थाना गंगोह के रुप मे हुई है। पुलिस ने घायल बदमाश को ईलाज के लिए अस्पताल मे भर्ती कराया तथा उसके कब्जे से अवैध असलाह, 01 बिना नम्बर की ऑल्टो कार, गौकशी करने के उपकरण व 110 किलोग्राम गौमांश एंव चमड़ी बरामद कर ली। एसपी देहात श्री जैन ने बताया कि पूछताछ में घायल बदमाश नईम ने खुलासा किया कि वह और उसका साथी मिलकर गौकशी कर मांस को मुस्लिम बस्तियों में बेच देते है। बीती शाम भी उसने व उसके साथी ने खेत में एक गौवंश को ले जाकर काट दिया था। रात होने पर हम गौमांस को गाड़ी में रखकर बेचने के लिए जा रहे थे कि पुलिस के साथ मुठभेड हो गयी। श्री जैन ने बताया कि बदमाश के विरुद्ध जनपद सहारनपुर में गौकशी, अवैध अस्लाह रखने जैसे गंभीर अपराधों के 13 मकुदमें दर्ज है।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम व वीवीपैट गोदाम का किया निरीक्षण

**सहारनपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल द्वारा निर्वाचन की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के लिए आन्तरित एवं सील्ड ईवीएम/वीवीपैट गोदाम का राजनैतिक दलों के साथ त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सील्ड ईवीएम/वीवीपैट गोदाम सुव्यवस्थित पाये गये। इस अवसर पर प्रतिनिधि समाजवादी पार्टी चौ.अब्दुल गफूर, जिलाध्यक्ष अपना दल एस राजकुमार पंवार, नगर अध्यक्ष अनिल धारिया, महानगर अध्यक्ष आसिफ अली, मण्डल प्रभारी बहुजन समाज पार्टी रजनीश बन्धु उपस्थित रहे।

# छेड़छाड़ की घटना के विरोध में बच्चों ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**सहारनपुर।** विभिन्न स्कूल कॉलेजों के छात्र-छात्राओं ने कस्बे में दो दिन पूर्व एक मनचले युवक द्वारा छात्रा के साथ छेड़छाड़ के खिलाफ रैली निकालकर चिलकाना थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा तथा आरोपी युवक के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की, ताकि भविष्य में कोई भी मनचला युवक इस तरह की घटना की पुनर्रावृत्ति न कर सकें। कस्बा चिलकाना के जेजे इंटर कॉलेज की छात्राएं कॉलेज प्रांगण में एकत्र हुए, जहां से वह कस्बे में दो दिन पूर्व दूसरे सम्प्रदाय के युवक द्वारा छात्रा के साथ की गयी छेड़छाड़ के विरोध में नारेबाजी करते हुए कैम्ब्रिज स्कूल पहुंचे, जहां कैम्ब्रिज इंग्लिश मीडियम स्कूल व नवजनोदय इंटर कालेज के छात्र-छात्राएं भी रैली में शामिल होकर जोरदार नारेबाजी करते हुए थाना चिलकाना पहुंचे। रैली के दौरान उन्होंने चिलकाना थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर आरोपी युवक के खिलाफ कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की, ताकि इस तरह की घटनाओं पर पूर्णतया रोक लग सके।

रैली में छात्र-छात्राएं रानी लक्ष्मीबाई की बेटी है, किसी का भी जुल्म नहीं सहेगी, जो हमसे टकरायेगा, चूर-चूर हो जायेगा आदि नारे लिखी तख्तियां लेकर चल रही थी। थाने में पहुंचने पर थाना प्रभारी कपिल देव ने कहा कि पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है तथा भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए कठोर कदम उठाये जायेंगे तथा इस तरह की घटनाओं को अंजाम देने वालो के खिलाफ कठोर कार्रवाई अमल में लायी जायेगी। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयनाथ शर्मा, प्रमोद जैन, राकेश जैन, विरेन्द्र जैन, शिवनंदन शर्मा, राजीव जैन, बाल किशन, शिवनंदन शर्मा, गौरव गुप्ता, सोनू कुरैशी आदि के अलावा भारी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# वार्ड दस में पानी निकासी के लिए अधिकारियों को निरीक्षण के निर्देश

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगरायुक्त संजय चौहान ने निगम के निर्माण विभाग अधिकारियों को निर्देश दिए है कि वार्ड 10 में पानी निकासी की समस्या के लिए वे एक विस्तृत निरीक्षण करें और समस्या के समाधान के लिए उपयुक्त उपाय सुझाएं। उन्होंने कहा कि इस सम्बंध में सहारनपुर विकास प्राधिकरण को भी पत्र लिखें। उन्होंने कहा कि हाथ पर हाथ रखकर बैठने से समस्या का हल नहीं होगा। उसके लिए समन्वित प्रयास करने होंगे। नगरायुक्त ने यह निर्देश जनसुनवाई के दौरान वार्ड 10 की विभिन्न कॉलोनियों के लोगों द्वारा पानी निकासी की समस्या सामने आने पर दिए। उन्होंने मण्डी समिति रोड पर थले लगाने वाले वेंडरों को भी चिलकाना रोड स्थित सौ फुटा रोड पर बनाये गए वेंडर



जोन में जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी वेंडरों को सौ फुटा वेंडर जोन में स्थान आवंटन किया गया है, और उन्हें आवंटन पत्र भी दिए गए है। कुछ वेंडरों का कहना था कि वे आवेदन नहीं कर पाये थे, इसलिए उन्हें स्थान आवंटन नहीं किया गया है। इस पर नगरायुक्त ने स्थान आवंटन स्थल पर स्थान आवंटन की सूची चस्पा करने के निर्देश देते हुए कहा कि जिन्हें आवंटन हो चुका हैं वे पहले वहां शिफ्ट करें। जो आवंटन से रह गए हैं, उन्हें वेंडर जोन का दूसरा स्थान चिह्नित कर स्थान आवंटन करने का प्रयास किया जायेगा।आज जनसुनवाई में आयी सात शिकायतों में से सफाई सम्बंधी तीन शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। बाकि चार शिकायतों के निस्तारण के लिए उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई कराने के निर्देश दिए।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया स्माल वंडर्स स्कूल का विंटर कार्निवल

**सहारनपुर।** महानगर की प्रमुख शिक्षण संस्था स्मॉल वंडर्स स्कूल का विंटर कार्निवल बड़ी धूमधाम व उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। खेमका सेवा सदन में आयोजित स्मॉल वंडर्स स्कूल के विंटर कार्निवल में नन्हे-मुन्हे बच्चों ने नृत्य व संगीत की सुंदर प्रस्तुतियां देकर अतिथियों का मनमोह लिया। बच्चों ने अपने नृत्य से दर्शकों की वाहवाही लूटी। कक्षा 5 के बालक-बालिकाओं ने स्वच्छता पर एक शो भी प्रस्तुत किया। कक्षा 3 व 4 के बच्चों ने अंग्रेजी गाने पर मनमोहक प्रस्तुति दी। कक्षा 1 और 2 के बच्चों ने भी अपने हुनर का प्रदर्शन करके सबका मनमोह लिया। कार्निवल में जहाँ एक ओर स्थानीय और पारंपरिक भोजन के स्टॉल थे तो दूसरी तरफ बच्चों के पसंदीदा स्नैक्स के भी विशेष स्टॉल लगाए गये।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं का केन्द्रीय गृहमंत्री के खिलाफ प्रदर्शन जारी

## अमित शाह को बर्खास्त करने की मांग को भेजा ज्ञापन



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिला व महानगर कांग्रेस कमेटी के बैनर तले कांग्रेस जनों ने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा राज्य सभा में डॉ.अम्बेडकर के खिलाफ की गयी बयानबाजी के विरोध में नारेबाजी कर धरना दिया तथा राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन थाना प्रभारी को सौंपकर केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह को बर्खास्त किए जाने की मांग की। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत कांग्रेसजन जिलाध्यक्ष संदीप सिंह राणा व महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा के नेतृत्व में जनकपुरी चौक स्थित डॉ.भीमराव अम्बेडकर स्मारक पर एकत्रित हुए तथा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा की गयी टिप्पणी के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। धरने में भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज के जिला अध्यक्ष गौरव चौहान ने भी अपने समर्थकों के साथ पहुंचकर कांग्रेस के धरना प्रदर्शन को समर्थन देने की घोषणा की। कांग्रेसजनों को सम्मान मार्च निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपना था, परन्तु थाना जनकपुरी पुलिस ने वहीं पहुंचकर उनका ज्ञापन ले लिया। धरने को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष संदीप सिंह राणा व महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा ने कहा कि भाजपा हमेशा से ही संविधान और बाबा साहेब की खिलाफत करती आई है, यही कारण है कि भाजपा के मूल संगठन आर.एस.एस. ने 50 वर्षो तक अपने कार्यालय पर राष्ट्रीय ध्वज नहीं फहराया और भाजपा के सांसदों ने कई बार संविधान को बदलने की वकालत भी की। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के अपमान पर प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के बड़े नेताओं की चुप्पी भाजपा की दलित विरोधी नीति का एक साक्षात् प्रमाण है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बाबा साहब का अपमान कभी बर्दाश्त नहीं करेगी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की बर्खास्तगी तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। निवर्तमान प्रदेश सचिव अशोक सैनी व जिला प्रवक्ता गणेश दत्त शर्मा ने बाबा साहब के अपमान को भाजपा की छोटी सोच एवं दलित विरोधी नीति बताते हुए अमित शाह के बयान की निंदा की। धरने पर जिला उपाध्यक्ष मनीष त्यागी, अशोक सैनी, नितिन शर्मा, हरिओम मिश्रा, नरेंद्र शर्मा, धर्मपाल जोशी, गौरव वर्मा, इमरान कुरेशी, अनुज शर्मा, इसरार मलिक, मुकेश कुमार, रणवीर सिंह, अजय कुमार आदि ने भी विचार रखे। धरने में मोहर सिंह, रवि कुमार, संदीप डाबरे, मुरसलीन, इकराम खान, आरिफ मंसूरी, भोपाल सिंह, दीपक सैनी, अजय सैनी, पवन, गालिब, नसीब खान, क्रिकी कुमार, उस्मान, अमरेश कुमार, नीरज कपिल, सतपाल सिंह, मौहम्मद युनुस अंसारी, संजय राणा, बिट्टू राणा, अमरदीप जैन आदि मौजूद रहे।

# किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू तोमर ने की पंचायत

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** भारतीय किसान यूनियन (तोमर) की पंचायत में किसानों की समस्याओं का समाधान न होने पर आक्रोश व्यक्त किया गया तथा प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को संबोधित 12 सूत्रीय ज्ञापन मंडलायुक्त को सौंपकर समस्याओं का समाधान कराने की मांग की। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत भारतीय किसान यूनियन तोमर के कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष अशोक त्यागी व युवा प्रदेश अध्यक्ष रईस मलिक के नेतृत्व में दिल्ली रोड स्थित मण्डलायुक्त कार्यालय पर एकत्र हुए तथा पंचायत कर किसानों की समस्याओं का समाधान न होने पर आक्रोश व्यक्त किया। पंचायत के बाद मण्डलायुक्त को सौंपे गये ज्ञापन में किसों ने गन्ने का मूल्य 500 रू. कुन्तल किये जाने, गन्ने का भुगतान मय ब्याज के सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार जल्द से जल्द कराने। जिला पंचायत व क्षेत्र पंचायत को दी गयी प्रधानों की निधि वापिस दिलाने। जनपद मु.नगर के पुरकाजी ब्लॉक के गांव चन्दन में ग्राम समाज व चारागाह की 10140 बीघा जमीन डीएस कम्पनी से कब्जा मुक्त कराने, बाजारों में बेची जा रही नकली दवाईयों व नकली यूरिया व डाई पर रोक लगाने, आवारा पशुओं से किसानो की फसलो को बचाने। कोलकी टोल प्लाजा को हटाने, किसान आयोग का गठन कर एमएसपी पर गांरटी कानून बनाने। किसानो व मजदूरो को 60 वर्ष की आयु के बाद 10,000रूपये पेंशन लागू करने, रामपुर मनिहारान में निर्माणाधीन ओवर ब्रिज का कार्य जल्द पूरा कराने व हलगोवा गोल चक्कर पर कट दिलाये जाने की मांग की। इस दौरान महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष रुबी त्यागी, युवा जिलाध्यक्ष सौरभ त्यागी, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष चौ.नवाब सिंह, हाजी इस्लाम, चौ.कुलदीप, पारित उपाध्याय, मनीष प्रधान, महक सिह, प्रदीप प्रधान, राजकुमार प्रधान समेत कई किसान मौजूद रहे।

# साइबर कैफे व जनसेवा केन्द्र में हुयी लूट का खुलासा, एक लुटेरा घायल



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नकुड़ कोतवाली पुलिस ने मुठभेड़ में शातिर लुटेरे को दबोचकर साइबर कैफे/जन सेवा केन्द्र में हुयी लूट की घटना का खुलासा करने में सफलता हासिल कर ली। पुलिस ने दबोचे गये घायल बदमाश की निशानदेही पर अवैध असलाह, बिना नम्बर की बाईक, लूटी गयी नगदी, मोबाइल व 7 सिम कार्ड बरामद कर लिये तथा घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पुलिस अधीक्षक देहात सागर जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि नकुड़ कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक अविनाश गौतम, उपनिरीक्षक आजाद सिंह, प्रमोद कुमार व नरेन्द्र भडाना के नेतृत्व में चैकिंग के दौरान गंगोह रोड स्थित अम्बेहटा सीएचसी के सामने बाईक पर आ रहे तीन संदिग्ध व्यक्तियों को रूकने का इशारा किया, तो बाईक सवार व्यक्तियों ने जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी और कब्रिस्तान के बराबर से अम्बेहटा बाईपास की ओर भागने लगे। पुलिस द्वारा की गयी जवाबी फायरिंग में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसके दो अन्य साथी मौके भागने में सफल रहे। घायल बदमाश की पहचान निखिल पुत्र नरेश निवासी ग्राम खैरसाल थाना गंगोह के रूप में हुई। पुलिस ने बदमाश की निशानदेही पर 01 अवैध तमंचा व 01 खोखा 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 300 रूपये की नगदी, बिना नम्बर की बाईक, एक फोन व 7 सिम कार्ड बरामद कर लिये तथा घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। एसपी देहात सागर जैन ने बताया कि पूछताछ में दबोचे गये बदमाश ने खुलासा किया कि उसने पैसो के लालच में साथियों के साथ मिलकर कस्बा अम्बेहटापीर में स्थित साईबर कैफे व जनसेवा केन्द्र पर लूट की थी तथा घटना में उन्हें करीब सवा लाख रूपये व तीन मोबाइल फोन मिले थे, जिन्हें हमने आपस में बांट लिया था। बरामद धनराशि व मोबाइल फोन उसी लूट के है।

# टिप्पणी के विरोध में अमित शाह के खिलाफबसपाईयों ने किया प्रदर्शन



**सहारनपुर।** बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा डॉ.भीमराव अम्बेडकर के खिलाफ की गयी टिप्पणी के विरोध में जिला मुख्यालय पर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया तथा राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत बसपा कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष जनेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में एकत्र होकर जिला मुख्यालय पहुंचे और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बयान को लेकर अपना आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने लोकसह्यभा में संविधान निर्माता डा. भीमराव अम्बेडकर के खिलाफ की गयी अमर्यादित टिप्पणी निंदनीय है, जिससे बहुजन समाज के आत्म सम्मान व स्वाभिमान को बहुत बड़ी ठेस लगी है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर ने भारत के संविधान का निर्माण कर देश को लोकतांत्रिक मूल्य प्रदान किए, इनका इस प्रकार का अपमान व अनादर किसी भी रूप में लोगो को स्वीकार्य नहीं है।

# बरेली के निअंकुश अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करेंगे: उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** बरेली पहुंचे उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मंगलवार को बरेली में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। उन्होंने रुहेलखंड विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के 65वें ब्रज प्रांत अधिवेशन का उद्घाटन किया। तीन दिवसीय यह अधिवेशन 24 से 26 दिसंबर तक आयोजित होगा, जिसमें 16 जिलों से 950 कार्यकर्ता भाग लेंगे रहे हैं। कार्यक्रम में एबीवीपी के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री एस बालकृष्ण और विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह भी उपस्थित रहे। अधिवेशन के उद्घाटन के बाद उप मुख्यमंत्री वन एवं पर्यावरण मंत्री अरुण कुमार के कार्यालय में आयोजित रक्तदान कार्यक्रम में शामिल होकर। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत



में कहा कि प्रयागराज कुंभ में सुरक्षा को लेकर सरकार सख्त उपाय कर रही है। बरेली दौरे पर पहुंचे केशव प्रसाद मौर्य ने सपा-कांग्रेस पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी की हालत चोरी और सीनाजह्यह्योरी वाली है, सपा सरकार में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को लेकर लगातार अपमानजनक बातें कही गईं। दलितों पर सपा सरकार में हुए जुल्म भूले नहीं जा सकते। मैनपुरी में चुनाव के दौरान दलित परिवार की बेटी के साथ हुई घटना पूरे प्रदेश को याद है। सपा और कांग्रेस सिर्फ राजनैतिक स्वार्थ हासिल करने की दिखावा कर रहे हैं। पीलीभीत में खालिस्तान समर्थित आतंकियों के एनकाउंटर को लेकर उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस की सूचना पर यूपी पुलिस ने त्वरित एक्शन लिया, यूपी पुलिस अपराधियों पर लगातार कारवाई कर रही है। पत्रकार द्वारा पूछा गया कि क्या बरेली में शासन और प्रशासन भाजपा के जनप्रतिनिधियों की क्यों नहीं सुन रहा है, जिस पर उपमुख्यमंत्री ने इसे निअंकुश अधिकारियों पर कार्रवाई की बात कही है।

## संस्कृति ज्ञान परीक्षा सम्पन्न



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** स्वामी विवेका नन्द इण्टर कॉलेज उरई रोड जालौन में आज संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में भैया बहनों ने अत्यंत उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। विद्या भारती के प्रांतीय निर्देशानुसार संस्कृति ज्ञान परीक्षा आयोजित करने की सूचना दी गई थी तदनुसार आज परीक्षा संपन्न हुई। अन्य विद्यालयों के अनेक भैया बहनों ने भी इस परीक्षा में प्रतिभाग किया। संस्कृति ज्ञान परीक्षा अपने सांस्कृतिक मूल्यों, सांस्कृतिक धरोहरों, अपनी परंपराओं को जानने व समझने का अवसर प्रदान करती है। इसलिए प्रत्येक भारतीय को इस परीक्षा में सहभागी होकर आपने संस्कृतिक भिज्ञता का परीक्षण अवश्य करना चाहिए। प्रत्येक कक्षा में परीक्षा प्रमुख आचार्य श्री डी0 के0 शर्मा जी के साथ प्रधानाचार्य श्री नीरज द्विवेदी जी ने निरीक्षण किया।

## तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया एसडीएम ने



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** एसडीएम ने तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण किया जिससे कर्मचारियों में अफरातफरी मच गई। एसडीएम ने वहां मौजूद कुछ किसानों से भी उन्होंने बातचीत कर उनकी समस्याएं जानीं। एसडीएम ज्योति सिंह ने अचानक प्रभारी तहसीलदार जितेंद्र सिंह के साथ तहसील कार्यालय का रुख कर दिया। उनके इस औचक निरीक्षण से कर्मचारियों में अफरातफरी मच गई। एसडीएम ने अभिलेखों के रख-रखाव को देखा और उनको दुरुस्त रखने तथा लंबित कार्यों को शीघ्र ही पूरा किए जाने के निर्देश अधीनस्थों को दिए। एसडीएम ने निर्देश दिए कि जरूरी सभी फीडिंग कार्य समय से करें इसमें लापरवाही न बरतें अन्यथा की स्थिति में संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस दौरान तहसील कार्यालय में मौजूद कुछ किसानों से भी एसडीएम ने बातचीत कर उनकी समस्याएं जानीं। एसडीएम ने किसानों को अपना सीयूजी नंबर नोट कराते हुए कहा कि किसी भी तरह की समस्या होने पर उन्हें अवगत कराएं, उसका यथोचित निराकरण कराया जाएगा।

## नवभारतीय किसान संगठन महिला मोर्चा का धरना



**जलालपुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** नवभारतीय किसान संगठन के महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष मालती देवी के नेतृत्व मे उसरहा गांव मे विभिन्न मांगों को लेकर धरना देते हुए उप जिलाधिकारी के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौपा गया। तहसीलदार पद्मेश श्रीवास्तव को सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपते हुए मांग किया कि क्षेत्र में खाद, जिंक, कीटनाशक दवाई नकली बेची जा रही है, नगपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की सड़क काफी क्षतिग्रस्त है और गड्ढा युक्त है जिसे अभिलंब दुरुस्त कराया जाए, तहसील क्षेत्र के प्रत्येक कोटेदारों द्वारा घटतौली की जा रही है जिससे कार्ड धारक परेशान है, ग्राम सभा बसिया में हरिजन बस्ती राम तीरथ के घर से प्रदीप मास्टर के घर तक नाली काफी क्षतिग्रस्त होने से लगा खजंजा गड्ढा युक्त होने से आने-जाने में काफी समस्याएं हो रही है इसे तत्काल नाली एवं डमरू ईट लगवा कर समस्या का समाधान कराया जाए, तहसील के उपभोक्ताओं का बिजली का मीटर रीडिंग अधिक आने से किसानों का बिल अदा करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है मीटर की जांच कर कर गंभीर समस्या का समाधान कराया जय आदि समेत मांगे रही। इस बैठक में जिला अध्यक्ष चालाकु पाल, उपाध्यक्ष मकरध्वज सिंह, संतोष दुबे, देवेंद्र यादव, राजपती देवी, शांति देवी आदि मौजूद रहे।

## कटरा बाजार में 1000 कमल का वितरण किया गया

**गोण्डा अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक के कर कमलों द्वारा बलरामपुर फाउंडेशन इकाई मैजापुर चीनी मिल के सौजन्य से थाना कटरा बाजार में परंपरागत 1000 कमल का वितरण किया है। बलरामपुर फाउंडेशन इकाई मैजापुर चीनी मिल की ओर से पुलिस अधीक्षक गोण्डा के द्वारा प्रशंसा की गई वह कहा गया कि बलरामपुर फाउंडेशन इकाई मैजापुर चीनी मिल के सौजन्य से निगम सामाजिक परेशानियां सामाजिक कार्य किया जा रहे हैं जिसकी लोकहित में अत्यंत आवश्यकता है और यह भी कहा कि बलरामपुर फाउंडेशन इकाई मैजापुर चीनी मिल प्रशासन प्रशंसा का पात्र है जिसके द्वारा निरंतर सामाजिक कार्य किया जा रहे हैं जो सराहनीय है मैजापुर चीनी मिल की ओर से मुख्य महाप्रबंधक संदीप अग्रवाल उपस्थित सभी अधिकारियों का स्वागत किया और बताएं कि बलरामपुर फाउंडेशन इकाई मैजापुर चीनी मिल द्वारा समय-समय पर आने को सामाजिक कार्य किया जा रहे हो भविष्य में भी किए जाएंगे।


### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पत्नी के पासपोर्ट संख्या K3440611 में मेरा नाम त्रुटिवश शकील अहमद दर्ज हो गया है मेरा सही व पूरा नाम शकील अहमद सिद्दीकी है जो मेरे व मेरी पत्नी के अन्य दस्तावेजों में दर्ज है मुझे मेरे सही नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

**शकील अहमद सिद्दीकी**
**पुत्र शरीफ अहमद सिद्दीकी**
**निवासी 119/147 हाता मुस्तफा खान खंदारी**
**बाजार लालबाग़ लखनऊ**

### सूचना

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है मेरा नाम पासपोर्ट में MUSKAN GANGWANI ASHOK अंकित है। जिसे हमने अब MUSKAN GANGWANI पत्नी अशोक गंगवानी, निवासी फ्लैट न 309, दा वुड्स अपार्टमेंट, ऐशबाग, लखनऊ कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

### सूचना

न्याय. मा. सिविल जज सी.डी सहारनपुर वाद सं.598/24 मुहब्बत अली पुत्र श्री महमूद हसन निवासी ग्राम सांगाठेडा, गंगोह तह. नकुड जिला सहारनपुर (वादी) बनाम....1. अख्तर हुसैन पुत्र श्री मौ0 शफी 2. शराफत अली 3. तैय्यब अली 4. मौहम्मद इमरान पुत्रगण महमूद हसन उर्फ मूदा 5. श्रीमती शकूलत बेवा मौहम्मद अब्बास 6. मुर्करम 7. आजम पुत्रगण मौहम्मद अब्बास मरहूम 8. श्रीमती हुस्नबानो बेवा मौहम्मद हमीद 9. जुल्फुक्कार अली पुत्रगण मौहम्मद हमीद उपरोक्त नि. गण ग्राम सांगाठेडा,गंगोह तह.नकुड जिला सहारनपुर(विपक्षी) हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत दावा तकसीम दायर की है लिहाजा आपको हुकम होता है कि आप दि.14 /1/24 को 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमरात अहम मुतालिका मुकदमे का जवाब दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा की करे आपको लाजिम है कि उसी दिन अपने जुमला गवाह जिनकी शहादत पर नाज तमाम दस्तावेज को हो जो आप अपनी जवाब देही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहें पेश करें बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगें तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके समात व फैसला होगा दि. 19/12/24 को जारी।

**आज्ञा से मुंसरिम सिविल जज सीडी**

### सूचना

मैं शीबा खान पुत्री श्री एस ए खान नि. ज़िला सहारनपुर सभी को सूचित कर रही हूं कि मेरी वर्ष 2015 BA उत्तीर्ण की डिग्री जिसका Roll N.A2142762 एवं Enrol N.M 12538691 है वास्तव में कहीं खो गई है जिस किसी को मिले तुरन्त संपर्क करें।

**शीबा खान मो. 9719145415**


# चिल्ड्रेन्स अकादमी में धूमधाम से मना क्रिसमस फंक्शन

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** चिल्ड्रेन्स अकादमी में धूमधाम से क्रिसमस फंक्शन मना। मुख्य अतिथि श्रीमती डिम्पल यादव (सांसद) तथा विशिष्ट अतिथि मिस मन्जीत बत्रा प्रधानाचार्या सिटी मॉन्टेसरी स्कूल एक्सटेंशन गोमती नगर के साथ-साथ अन्य गणमान्य व्यक्तियों जिनमें श्री आर.के.सिंह प्रधानाचार्य शिवा पब्लिक स्कूल, श्री मधुकर जेटली पूर्व विधायक, श्रीमती ऋचा खन्ना प्रधानाचार्या एवं संयुक्त सचिव सहोदया, श्रीमती माला मेहरा निदेशक तथा प्रधानाचार्या हॉर्नर कॉलेज, श्री आर.पी.मिश्रा चिल्ड्रेन्स अकादमी समिति सदस्य, श्री नमित शर्मा सदस्य स्थाई समिति, श्री विराज मोहन निदेशक रेड हिल, मिस दीक्षा सिंह प्रधानाचार्या रेड हिल स्कूल, श्रीमती शिवानी सिंह प्रधानाचार्या सिटी मॉनटेसरी स्कूल अलीगंज, श्रीमती सविता सिंह प्रधानाचार्या चिल्ड्रेन पैलेस स्कूल, मिस पूनम गौतम प्रधानाचार्या/निदेशक एवं संयुक्त सचिव सहोदया एम.आर.जयपुरिया से, श्रीमती शर्मिला सिंह प्रधानाचार्या




पोइनियर मॉनटेसरी स्कूल एवं संयुक्त सचिव सहोदया, डॉ डेनज़िल गोडीन पूर्व मनोनीत सदस्य एंग्लो इंडियन समिति उत्तर प्रदेश, श्रीमती हेमा कलाकोटी प्रधानाचार्या ए.पी.एस. अकादमी एवं संयुक्त सचिव सहोदया, श्री अरविंदम भट्टाचार्य आई.एफ.एस. ऑफिसर, श्रीमती रोशन जेकब कमिश्नर, का हार्दिक स्वागत , विद्यालय के निदेशक श्री मुनीश मिश्रा, सह निदेशक तथा प्रधानाचार्या मिस शिफलिका मिश्रा व विद्यालय प्रबंधक मिस स्वरन बत्रा के द्वारा बड़े ही सम्मान के साथ किया गया। कार्यक्रम का आरम्भ विद्यालय के निदेशक श्री मुनीश मिश्रा जी के स्वागत शब्दों से हुआ जिसमे उन्होने अतिथियों से उपस्थित होने के लिए धन्यवाद प्रेषित किया। उसके पश्चात रंगा-रंग कार्यक्रमों का आरम्भ हील द वर्ल्ड कार्यक्रम के द्वारा हुआ जिसमें पृथ्वी पर किस प्रकार शांति का वातावरण रखा जा सकता है की प्रस्तुति बड़े बच्चों द्वारा प्रदर्शित की गई, मार्शल आर्ट्स के अन्तर्गत भारत का कलरिपयाट्टू, चीन का कुंग-फू, जापान का कराटे एवं कोरिया का पोम्से कला का प्रदर्शन कक्षा 5 से 7 के छात्रों द्वारा दिखाया गया, जिसपर दर्शकों द्वारा जमकर तालियां बजाई गई। जिमनास्टिक का प्रदर्शन भी दर्शकों द्वारा सराहा गया। अन्य कार्यक्रमों में हेलोवीन जिसकी उत्पत्ति सेल्टिक, रोमन और ईसाई परम्पराओं से हुई है की प्रस्तुति कक्षा 2 के बच्चों द्वारा बड़ी ही रोचकता के साथ प्रस्तुत किया गया। नर्सरी से कक्षा 1 के नन्हे-मुन्नों द्वारा प्रस्तुत लॉयन किंग दर्शकों को बहुत भाया। निन्जा कला का प्रदर्शन तथा सस्टेनेबल प्लेनेट जिसमें अलग-अलग प्राणियों के पृथ्वी पर बिना पर्यावरण को नुकसान पहुंचाये रहने की कला का प्रदर्शन को दर्शकों ने तालियों से सराहा। क्रिसमस पर हम प्रभु ईशू को याद और उनसे प्रार्थना करते हैं , इसी पर नाटिका नेटिविटी-प्रभु ईसा मसीह के जन्म पर आधारित तथा कमिंग दा मस्सीह जो की प्रभु ईसा मसीह की शिक्षाओं पर आधारित नाटिका थी की भी दर्शकों द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। उत्सव का मुख्य आकर्षण कक्षा 7 से 11 तक की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत शास्त्रीय नृत्य जिसमें भरतनाट्यम, कत्थक, ओडिसी तथा मोहिनीअट्टम जैसी नृत्य कलाओं का प्रदर्शन रहा और दर्शकों द्वारा छात्राओं का जोरदार तालियों से उत्साहवर्धन भी किया गया। कार्यक्रम के अन्त में वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुति के साथ-साथ विद्यालय निदेशक श्री मुनीश मिश्रा द्वारा उपस्थित गणमान्य अतिथियों, अभिभावकों को धन्यवाद प्रेषित किया गया व कार्यक्रम का समापन संता क्लौज़ के द्वारा बच्चों को स्वीट्स बांटकर किया गया।

## फूड विभाग ने की छापेमारी

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सहायक आयुक्त खाद्य (द्वितीय) डॉ सुधीर कुमार सिंह के निर्देश पर मुख्य सुरक्षा अधिकारी हितेंद्र मोहन त्रिपाठी ने जिला अधिकारी के आदेश पर क्रिसमस पर्व के दृष्टिगत रखते हुए शहर के विभिन्न बेकरी फैक्ट्री पर जांच की गई जांच के दौरान टीम ने केक, क्रीम, खोया और बेसन आदि का नमूना संग्रहित कर प्रयोगशाला हेतु जांच के लिए भेजा गया है। सहायक आयुक्त खाद्य डॉ. सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि जांच के दौरान यह पाया गया कि समोसे में बाहर से खरीद कर एक्सपायर नमकीन सोंठ मिलाई जा रहे हैं खोवा में फंगस पाया गया है मनोरंजन बेकर्स के वहां कोई लाइसेंस नहीं था जिसको लेकर उन्हें नोटिस जारी किया गया है जांच के दौरान यह भी पाया गया कि फारूक की बकरी में वेज व नॉनवेज के लिए कोई अलग व्यवस्था नहीं की गई है जिसको लेकर इन्हें भी नोटिस जारी किया गया है।

## थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा जाली नोटों की तस्तरी में चार शातिर अभियुक्त गिरफ्तार




**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर मृगांक शेखर पाठक के निर्देशन पर क्षेत्राधिकारी नगर तृतीय अभय कुमार पाण्डेय के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक सिविल लाइन राजवीर सिंह परमार के नेतृत्व में थाना सिविल लाइन पुलिस टीम ने गश्त/चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्तगण 1.सलीम पुत्र सादिक नि0 वार्ड नं0 17 मौहल्ला किरा ककराला थाना अल्हापुर जनपद बदायूं, 2.मुख्तार अहमद वानी पुत्र अब्दुल मजीद वानी निवासी हिरपुरा थाना हिरपुरा जिला सोपिया जम्मू कश्मीर, 3.बसारत हमीद पुत्र अब्दुल हमीद वानी निवासी कुटपोरा थाना सोपिया जिला सोपिया जम्मू कश्मीर, 4. हसनैन पुत्र असगर अली निवासी बार्ड न0 20 ककराला थाना अल्हापुर जनपद बदायुं हाल पता न्यू सर सय्यद नगर अलशेर अपार्टमेन्ट जी 1 थाना सिविल लाइन अलीगढ़ को निजामी पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से एक अवैध पिस्टल 32 बोर व दो मैगजीन व 41 जिन्दा कारतूस व दो ट्रॉली बैग जिनमें 500 - 500 के फर्जी नोट भरे हुये (कुल 470 गड्डी प्रत्येक नोट पर भारतीय मनोरंजन बैंक लिखा है) बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना सिविल लाइन पर मु0अ0सं0- 584/2024 धारा 179/318(4) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

## सुशासन दिवस का आयोजन

**फर्रुखाबाद।** दिनांक 24-12-2024 को प्रातः 10-30 बजे से सुशासन दिवस का आयोजन विकास खण्ड शमशाबाद मुख्यालय पर श्री रामकिशोर राजपूत प्रतिनिधि व्लाक प्रमुख की अध्यक्षता में व खण्ड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), सहायक विकास अधिकारी (आई0एस0बी0) व अतिरिक्त कार्यकम अधिकारी (मनरेगा) सहित विकास खण्ड के अन्य समस्त स्टाफ व 200 किसानों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ है इस मौके पर किसान गोष्ठी का भी आयोजन किया गया है खण्ड विकास अधिकारी द्वारा विभिन्न योजनाओं एंव परियोजनाओं पर विस्तार पूर्वक से समझाया गया

## बेटियां हों स्वावलंबी : विनीत जयसवाल

अवधनामा संवाददाता



**गोण्डा।** पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत व अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थाना क्षेत्र के अन्तर्गत थानों पर गठित एण्टीरोमियो टीम व बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गावों व स्कूलों में भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक करने के साथ ही महिला सम्बन्धित समस्याओं के निस्तारण कराने के सम्बन्ध में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जा रहा है तथा रैली निकालकर नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन आदि अधिकारो के प्रति महिलाओं/बालिकाओं को जागरूक किया जा रहा है। अब महिलाओं/बालिकाओं को अपनी समस्या व शिकायत लेकर पुलिस चौकी व अन्य पुलिस कार्यालय बार-बार नहीं आना पडेगा। अपितु शक्ति दीदी नियमित अन्तराल पर ग्राम चैपाल के माध्यम से विभिन्न गांवो में उपस्थित होकर महिलाओं/बालिकाओं को जागरूक करने के साथ ही उनसे संवाद कर उनकी शिकायतों का गुण दोष के आधार पर निराकरण कराया जाएगा।

इसी क्रम में आज जनपद के समस्त थानों की महिला बीट अधिकारीगण (शक्ति दीदी) द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में भ्रमण कर महिलाओं/बालिकाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया तथा बच्चों को सुरक्षा की दृष्टि से गुड टच-बैड टच की जानकारी दी गई।

बच्चों को पढ़ने तथा स्कूल आने के लिए प्रेरित किया गया तथा बच्चों से स्कूल जाने पर रास्ते में किसी प्रकार की समस्या होने के बारे में पूछा गया तो बच्चो द्वारा किसी भी प्रकार की समस्या नहीं प्रकट की गई। बच्चो को बताया गया कि किसी अनजान व्यक्ति के बुलाने या बहकावे में न आए न ही कोई खाने पीने की वस्तु ले।


### सूचना

सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम अब्दुल्लाह चौधरी पुत्र हमीदुल्लाह चौधरी है ग्राम व पोस्ट झंहराव थाना पथरा व तहसील डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर उप्र का निवासी है। मेरे पुराने पासपोर्ट में नाम सिर्फ अब्दुल्लाह ही अंकित है। आधार कार्ड में मेरा नाम अब्दुल्लाह चौधरी पुत्र हमीदुल्लाह चौधरी अलग अलग अंकित है। अतः अब मुझको अब्दुल्लाह चौधरी के नाम से जाना व पहचाना जाए।

### सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम दीपक कुमार गौना था जिसको बदलकर अब हम अपना नाम दीपक कुमार गौड़ रख लिया है। अब मुझे दीपक कुमार गौड़ के नाम से जाना पहचाना वह पुकारा जाए।

**दीपक कुमार गौड़ पुत्र राधेश्याम गौड़ ग्राम नरोत्तमपुर पोस्ट वा थाना महाराजा जनपद - आजमगढ़**

### सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम जगलेश था जिसको बदलकर अब हम अपना नाम जगलेश कुमार गौड़ रख लिया है। अब मुझे जगलेश कुमार गौड़ के नाम से जाना पहचाना वह पुकारा जाए।

**जगलेश कुमार गौड़ पुत्र रामकरण ग्राम बनहरा पोस्ट चांद पट्टी थाना रौनापार जनपद - आजमगढ़**


## वीर बाल दिवस पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवां गोपाल शिशु मंदिर विद्यालय पर बाल वीर दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश कार्य समिति सदस्य राकेश नाथ त्रिपाठी उपस्थित रहे। राकेश नाथ त्रिपाठी ने वीर बाल दिवस पर आयोजित संगोष्ठी में संबोधित करते हुए कहा कि बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के धर्म की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान बच्चों में धैर्य साहस और त्याग के गुरु को विकसित करने के लिए प्रेरणा स्रोत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से प्रदेश के विभिन्न जनपदों में वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित संगोकोष्ठयो के माध्यम से साहिबजादे की वीर गाथा समर्पण भाव को जन जन तक पहुंचा जा रहा है। कार्यक्रम अध्यक्षता मंडल नरेंद्र शुक्ला व सूर्यनाथ विश्वकर्मा कार्यक्रम संयोजक मनोज जयसवाल सहयोजक गोरव गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में जिला मंत्री राम उजागिर शुक्ल, मनोज सिंह, राम प्रकाश यादव, प्रधानाचार्य राजेश्वर राज, विनोद मिश्रा, रवि सिंह सोलंकी, विनय गुप्ता, इंद्रेश प्रसाद समेत विद्यार्थी पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कैंप शिविर में 86 किसानों का हुआ फार्मर रजिस्ट्री

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** पाली क्षेत्र के ग्राम मिनवा के पंचायत भवन पर फॉर्मर रजिस्ट्री कैंप का आयोजन किया गया। इसमें उपस्थित 86 किसानों का फॉर्मर रजिस्ट्री किया गया। कैंप में राजस्व विभाग की सौम्या श्रीवास्तव, ने इस बारे में विस्तृत जानकारी दी। ऐसे करने वाले किसानों को भविष्य में केसीसी बनवाने, प्राकृतिक आपदा व अन्य योजनाओं का लाभ लेने के लिए बार-बार पेपर उपलब्ध नहीं करवाना पड़ेगा। लोगों से फार्मर रजिस्ट्री कराने की अपील की गई। सभी किसानों का फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य कर दिया गया है। जो किसान 31 दिसंबर तक फार्मर रजिस्ट्री नहीं करा पाएंगे उनकी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की अगली किस्त रोक दिया जाएगा। इस दौरान ग्राम प्रधान दिनेश कुमार जायसवाल, पंचायत सहायक ओंकार गुप्ता, भाजपा नेता कमलेश प्रजापति, यशवंत, रमेश, चंद्रिका, फूलमती, मीना, सरोज, सुभाष के साथ कई किसान मौजूद रहे।

## यूपी एटीएस तो मिली बड़ी कामयाबी

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** यूपी एटीएस ने बांग्लादेशी सिराज नाम के व्यक्ति को उसकी पत्नी के साथ अलीगढ से सोमवार को गिरफ्तार किया है. सिराज फरीदपुर ढांका बांग्लादेश के साउथ कालामरिधा थाना भंगा जिले का रहने वाला है. सिराज दलालों की मदद से बेनाफुल बार्डर पार करके भारत में आया था. पति पत्नी दोनों पहचान छुपाकर अलीगढ में रह रहे थे. ये लोग अवैध दस्तावेज के जरिए कई देशों की यात्राएं कर चुके. इन दोनों पर केस दर्ज हो गया है. सिराज ने साथ ही भारतीय दस्तावेज और पासपोर्ट बनाकर कई देशों की यात्रा की जिसमें साउदी अरब, बांग्लादेश, दुबई जैसे देश शामिल है. सिराज की पत्नी ने भी भारतीय पासपोर्ट से बांग्लादेश की कई बार यात्रा कर चुकी है. सोमवार रात एटीएस द्वारा बीएनएस ने इन धाराओं के तहत 318(4), 336(3), 337, 339,340(2), विदेशी अधिनियम 14,14() का मुकदमा दर्ज किया। सोमवार को एटीएस ने अलीगढ़ में सिराज और उसकी पत्नी को गिरफ्तार किया. सिराज ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ दलालों की मदद से बेनाफुल बार्डर की सीमा पार करके भारत आये थे. वह पहले से भारत में रह रहे बांग्लादेशी व्यक्ति पप्पू को जानते थे. और अलीगढ़ में खुद को पश्चिम बंगाल का निवासी बताकर रहने लगा. पप्पू ने ही इनके दस्तावेज बनवाने में सहायता की थी. इन्हीं दस्तावेजों के आधार पर पप्पू ने सिराज और हलीमा के बैंक खाते खुलवाए और भारतीय पासपोर्ट बनवाया गया।

# साहस और वीरता किसी भी उम्र में हो सकती है : सुनील

अवधनामा संवाददाता




**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत बढ़नी कार्यालय पर वीर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रखर वक्ता के रूप में चेयरमैन सुनील अग्रहरि ने कहा कि साहस और वीरता किसी भी उम्र में हो सकती है, गुरू गोविन्द सिंह के साहिबजादो ने बहुत ही अल्प आयु में राष्ट्र और धर्म के नाम पर शहीद होकर अपने साहस और वीरता का परिचय दिया है जो समस्त मानव जाति को प्रेरणा प्रदान करती है।

मंगलवार को नगर पंचायत बढ़नी कार्यालय पर आयोजित वीर बाल दिवस कार्यक्रम को बतौर मुख्य वक्ता संबोधित करते हुए चेयरमैन सुनील अग्रहरि ने कहा कि गुरू गोविन्द सिंह के दोनों पुत्रों जोरावर सिंह (9 ) तथा फतेह सिंह (7) पर मुगल आक्रांताओं द्वारा धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाया जा रहा था किंतु अल्प आयु के वीर बालकों ने अपने अदम्य साहस का परिचय देते हुए मुगलों के सामने घुटने नहीं टेके। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यापारी नेता सरदार हरिभजन सिंह ने कहा कि औरंगजेब के सूबेदार वजीर खां ने धर्म परिवर्तन के लिए जोरावर सिंह (9) फतेह सिंह (7 ) पर गंभीर अत्याचार किए तथा वजीर खां ने तरह तरह की यातनाएं दी और अंत में दोनों को दीवारों में चुनवा दिया। कहा कि वीर बालकों का दम घुटने के बाद दीवाल फट गई और मुगलों के निर्दयी सूबेदार ने दोनों बच्चों का जल्लादों से गला कटवा दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता त्रियुगी नाथ अग्रहरी ने कहा कि मुगल आक्रांताओं ने धर्म परिवर्तन के लिए वीर बालकों को इतना विवश कर दिया कि वे इस्लाम धर्म कबूल कर लें किंतु उन वीर सपूतों ने कहा कि हमें मरना पसंद है किन्तु धर्म परिवर्तन संभव नहीं है। कहा कि हमें सदा अपने देश और जाति के प्रति सज्ज् रहकर लड़ाई लड़नी चाहिए, हम सभी भाई भाई है , विपत्ति आने पर एक दूसरे का सहयोग करने के लिए कन्धे से कंधा मिलाकर चलना चाहिए जिससे हरेक समस्याओं का निराकरण किया जा सके। इस दौरान भाजपा नेता राजू शाही, पूर्व सभासद मनोज गोयल, ज्ञानी सुरेंद्र सिंह, मुन्नू मौर्य, ध्रुव चतुर्वेदी, बजरंगी साहू, सचिन मित्तल, राधेश्याम तिवारी, रामराज कन्नौजिया, अभिषेक यादव सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# जनयुद्ध शब्द पर प्रतिबंध लोकतंत्र की हत्या और जनता के अधिकारों का अपमान है : मशहूद खां

यशोदा श्रीवास्तव



**सिद्धार्थनगर।** जिले की सीमा से नेपाल के कृष्णानगर तक माओवादी केंद्र के बढ़ते प्रभाव का असर दिखने लगा है। पूर्व प्रधानमंत्री प्रचंड के नेतृत्व वाली माओवादी केंद्र ने पार्टी में अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़ने की मुहिम का भी असर देखा जा रहा है। कृष्णानगर में आयोजित माओवादी केंद्र की एक जनसभा में भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं। यह जनसभा न्यायालय के माओवादी केंद्र के एक आंदोलन (जनयुद्ध) का नाम बदलने के विरोध में था। इस जनसभा में माओवादी केंद्र के बड़े नेताओं ने संबोधित किया।

जानकारों की मानें तो नेपाल के तराई बेल्ट तक प्रचंड का प्रभाव नेपाली कांग्रेस और ओली के नेतृत्व वाले कम्युनिस्ट पार्टी एमाले के लिए बड़ा खतरा है। माओवादी केंद्र की महिला विंग का कृष्णानगर में यह पहला सम्मेलन है जिसमें कई सारे क्रांतिकारी घोषणाएं भी की। सभा को संबोधित करते हुए तराई क्षेत्र में खासा प्रभाव रखने वाले मौलाना मशहूद खां ने साफतौर पर कहा कि न्यायालय ने सरकार के दबाव में आकर न्याय के मूल सिद्धांतों को कुचल दिया। कृष्णनगर में माओवादी केन्द्र पार्टी की महिला विंग, अखिल नेपाल महिला संघ क्रांतिकारी समिति, का पहला सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता माओवादी केन्द्र पार्टी की केंद्रीय सदस्य शांति देवी ने की, जबकि विशिष्ट अतिथियों में जिला अध्यक्ष विष्णु बेलबासे, माओवादी केन्द्र लुम्बिनी प्रदेश के सदस्य मौलाना मशहूद खां नेपाली, राजेन्द्र आचार्य और जावेद आलम खान शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन गडेश प्रसाद बजाडे ने किया। इस सम्मेलन में पूर्व डिप्टी मेयर शबनम खातुन की अध्यक्षता में 17 सदस्यीय समिति का गठन किया गया। शांति देवी ने अपने संबोधन में महिलाओं की महत्ता पर बल देते हुए कहा कि महिलाएं किसी भी समाज में परिवर्तन का मुख्य स्रोत हैं। हमारी पार्टी ने हमेशा महिलाओं के अधिकारों और समान अवसरों का समर्थन किया है। यह सम्मेलन महिलाओं की क्रांतिकारी शक्ति को संगठित करने का एक महत्वपूर्ण कदम है। हमें विश्वास है कि महिलाओं का नेतृत्व नेपाल में विकास के नए अध्याय की शुरुआत करेगा। विष्णु बेलबासे ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि माओवादी आंदोलन की सफलता महिलाओं की भागीदारी के बिना असंभव थी। यह सम्मेलन महिलाओं को राष्ट्रीय धारा में शामिल करने के हमारे प्रयास का एक हिस्सा है। हम आशा करते हैं कि नई गठित समिति सामाजिक विकास और न्याय के लिए सक्रिय रूप से काम करेगी। मौलाना मशहूद खां नेपाली ने माओवादी पार्टी की सफलता को जनता के समर्थन का प्रतीक बताते हुए कहा हालिया उप-चुनावों में जनता ने माओवादी पार्टी पर जिस विश्वास का इज़हार किया, वह हमारी क्रांतिकारी संघर्ष की सत्यता और जनता की सेवा का प्रमाण है। यह केवल एक सफलता नहीं है, बल्कि यह नेपाल के विकास और न्याय आधारित व्यवस्था की नींव रखेगा। हम जनता के इस विश्वास पर खरा उतरने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

उन्होंने न्यायपालिका के हालिया फैसले पर कड़ी आलोचना करते हुए कहा न्यायपालिका ने जनयुद्ध शब्द पर प्रतिबंध लगा कर खुद को सरकार के दबाव में दिखा दिया है। अगर अतीत में जनयुद्ध नहीं हुआ होता तो आज न केवल यह देश लोकतंत्र से वंचित होता, बल्कि अदालत भी एक सम्राट की दासी होती। वह युद्ध जिसने जनता को उनके अधिकार दिलाए, आज उसी को दबाने की कोशिश की जा रही है। यह इतिहास के साथ अन्याय है, और हम इसे किसी भी हालत में सहन नहीं करेंगे। उन्होंने न्यायपालिका को संबोधित करते हुए कहा न्यायपालिका जनता का संरक्षक संस्थान है, इसे अपनी जिम्मेदारियों को समझना होगा। अगर न्यायपालिका जनता के अधिकारों को दबाएगी, तो इतिहास उसे कभी माफ नहीं करेगा। जनयुद्ध सिर्फ हमारी संघर्ष की नींव नहीं है, बल्कि यह इस देश की लोकतांत्रिक आत्मा का हिस्सा है। हम हर मोर्चे पर अपने अधिकारों और जनता के विश्वास की रक्षा करेंगे। जावेद आलम खान नेकहा कि महिलाओं की भागीदारी किसी भी समाज के विकास के लिए अनिवार्य है। माओवादी केन्द्र की यह पहल महिलाओं को उनके अधिकार दिलाने और देश के निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए एक क्रांतिकारी कदम है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में तुफैल अहमद खान, इन्दिरा पन्त और सीता बूढ़ा थोकि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# गोसाईगंज रेलवे स्टेशन पर जलापूर्ति की जगी आस
## एसएसई एवं एसएस ने संयुक्त की रिपोर्ट तैयार

*अवधनामा संवाददाता*

**गोसाईगंज-अयोध्या।** रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर 12 व पीएफ 2 पर 4 स्टैंड वाटर बूथ पर 2 दर्जन टोटियों का कनेक्शन दिया गया है। लेकिन पीएफ 1 पर 9 तथा 2 पर 17 टोटीया नहीं लगी हुई है तथा दोनों प्लेटफार्मों पर यूरिनल/शौचालय तो बने है लेकिन टोटियां उसमें न होने से गंदगी बनी हुई है।सर्कुलेटिंग एरिया में सवा 2 लाख लीटर की पानी टंकी 2 वर्ष पूर्व बनकर तैयार खड़ी है।पानी सप्लाई के लिए जगह जगह पाइप बिछी हुई हैं,लेकिन मोटर खराब होने के कारण पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है।यह खुलासा बीते 11 दिसंबर को गोसाईगंज नगर पंचायत की सभासद एवं श्री सीताराम जी विराजमान मंदिर सेवा ट्रस्ट कस्बा दिलासीगंज की सदस्य श्रीमती आरती जायसवाल द्वारा डीआरएम को दिए गए शिकायती पत्र पर सोमवार को गोसाईगंज रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने आए अयोध्या कैंट में तैनात इंजीनियरिंग महकमे के आईओडब्लू आकाश यदुवंशी एवं गोसाईगंज एस0एस0 महेंद्र नाथ मिश्र नेतृत्व में बनी टीम में शामिल अधिकारियों के सामने हुई।मालूम हो कि सभासद एवं श्री सीताराम जी विराजमान मंदिर सेवा ट्रस्ट कस्बा दिलासीगंज की सदस्य श्रीमती आरती जायसवाल ने एक पखवारे पूर्व मंडल रेल प्रबंधक को शिकायती पत्र भेजकर स्थानीय रेलवे स्टेशन पर जलापूर्ति बाधित होने एवं स्टेशन परिसर में जगह जगह फैली गंदगी की बात की थी।रेलवे स्टेशन पर निरीक्षण को आए अयोध्या कैंट में तैनात आईओडब्लू आकाश यदुवंशी ने बताया कि सभासद श्री मती जायसवाल की शिकायत पर लखनऊ में तैनात अधिकारी हर एक समस्या को जल्द से जल्द दूर करने के लिए समीक्षा कर रहे हैं।

## जिलाधिकारी ने जनपद में विभिन्न निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा की

**अयोध्या।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह द्वारा किए गए स्थलीय निरीक्षण के बारे में है। उन्होंने जनपद में विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान, श्रीराम चिकित्सालय से रेलवे स्टेशन अयोध्या धाम तक चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और समय सीमा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इसके अलावा, हिन्द आई हास्पिटल के सामने के निर्माण कार्यों में बिजली की केबल को अंडरग्राउंड करने के निर्देश भी दिए।जिलाधिकारी ने क्षीर सागर का भी निरीक्षण किया और वहां की सफाई, सौंदर्यीकरण और पानी की निकासी व्यवस्था को 5 जनवरी 2025 तक पूरा करने की दिशा में कदम उठाने का आदेश दिया। उन्होंने 14 कोसी और पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर चल रहे निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया, जिसमें पाइपलाइन और चैम्बर के कार्यों की समय पर पूर्णता की बात कही।

# मंडलायुक्त की अध्यक्षता में हुई बैठक
## मण्डलायुक्त ने निर्देश दिए कि परिक्रमा मार्ग निर्माण में आने वाली बाधाओं का शीघ्र समाधान किया जाए

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मण्डलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में अयोध्या विकास प्राधिकरण के सभागार में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें निर्माणाधीन 14 कोसी और पंचकोसी परिक्रमा मार्ग की प्रगति, महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं देने के लिए किए जा रहे तैयारियों की समीक्षा की गई। इस बैठक में पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह, एसएसपी राजकरन नैय्यर, नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष अयोध्या विकास प्राधिकरण अश्विनी कुमार पांडेय और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।मण्डलायुक्त ने निर्देश दिए कि परिक्रमा मार्ग निर्माण में आने वाली बाधाओं का शीघ्र समाधान किया जाए, इसके लिए चैनेज वाइज टीम बनाकर सभी संबंधित अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाए। उन्होंने यह भी कहा कि अस्थायी समाधान के रूप में जलभराव की समस्या वाले स्थानों पर तुरंत कार्यवाही की जाए और परिक्रमा मार्ग के निर्माण की प्रगति की नियमित मॉनीटरिंग की जाए।पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार ने महाकुंभ 2025 और मकर संक्रांति मेला के दौरान लाखों श्रद्धालुओं की आने की संभावना को देखते हुए घाटों की साफ सफाई और सुरक्षा की तैयारियों की आवश्यकता पर बल दिया। जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने निर्माण कार्य में बाधाओं के समाधान के लिए सभी अधिकारियों से



आपसी समन्वय की अपील की। मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने जिलाधिकारी और अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष के साथ निर्माणाधीन अयोध्या विकास प्राधिकरण और नगर निगम कार्यालय भवन का निरीक्षण किया। उपाध्यक्ष ने भवन के कार्य की प्रगति की जानकारी दी, जिसमें पहली से तीसरी मंजिल का कार्य पूरा हो चुका है और चौथी मंजिल पर कार्य जारी है। वर्तमान में कार्य की प्रगति 46 प्रतिशत है, और यह कार्य निर्धारित समय पर पूर्ण होने की संभावना है।

## किसान की पत्नी का 106 रुपये बिल बकाये मे विभाग ने काट दिया कनेक्शन

**तारुन -अयोध्या।** बिजली विभाग के खेल निराले है। उसके मनमानी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है। हजारो रुपये के बकायेदार बेखौफ बिजली का उपभोग कर रहे हैं। जबकि महज एक सौ छः रुपये के बकाये पर महिला उपभोक्ता की बिजली का तार पोल से काट जमीन पर गिरा दिया गया। मामला विद्युत उपकेंद्र तारुन अंतर्गत ग्राम पंचायत नेतवारी चतुरपुर का है। पीड़ित ग्रामीण दिलीप कुमार ने बताया कि उसने पत्नी माया के नाम घरेलू कनेक्शन लिया है। विभागीय कर्मचारियों ने सोमवार को गांव पहुँचकर जिस लाइन से बिजली सप्लाई की जाती थी।उस तार को ही खोलकर जमीन पर गिरा दिया । जिसके कारण वह अंधेरे में रह रहा है। बकाया महज 106 रुपये था।जिसे मंगलवार को जमा कर दिया।

## भागवत कथा सुनने मात्र से मिलती है मोक्ष की प्राप्तिः मनीष तिवारी



**जैदपुर बाराबंकीः** चांदपुरवा गांव में स्वामी नाथ कनौजिया के यहां चल रही श्री मद्भागवत कथा में बाल व्यास कथा वाचक पंडित मनीष तिवारी जी द्वारा कलयुग के आगमन और राजा परीक्षित को ऋषि द्वारा दिए गए श्राप के बाद महाराज शुकदेव जी द्वारा राजा परीक्षित को सुनाई गई श्री मद्भागवत कथा का रस पान कराया। जिसमें नाना प्रकार की कथाओं के साथ कंस का अत्याचार, श्री कृष्ण जन्मोत्सव, कृष्ण लीला, चीर हरण सहित विभिन्न प्रकार की कथाओं का वर्णन किया। वही कथा पंडाल में मौजूद भारी संख्या में श्रद्धालु भक्ति भाव में विभोर दिखाई दिए। कथा व्यास मनीष तिवारी जी को चांदपुरवा ग्राम प्रधान अरविंद कुमार द्वारा अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। वही आगे कथा का श्रवणपान करा रहे पंडित मनीष तिवारी जी द्वारा आगे श्रद्धालुओं को बताया कि कंस ने अक्रूर को श्री कृष्ण को लाने के लिए वृंदावन भेजो और श्री कृष्णा बलराम के साथ मथुरा नगरी पहुंचे और कंस का वध किया। उसके पश्चात उन्होंने भगवान श्री कृष्ण के 16,108 विवाह की संपूर्ण कथा का रसपान कराया।

# बालिका शिक्षा और निपुण भारत मिशन के तहत शिक्षा संगोष्ठी का आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** मिल्कीपुर स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय इनायत नगर में एक महत्वपूर्ण संगोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमें विकासखंड के 145 परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय और लगभग 40 प्रधानों ने भाग लिया। इस संगोष्ठी में नन्हे बच्चों ने अपने मनमोहक नृत्य और नाट्य कला का मंचन किया, जिसने सभी का दिल जीत लिया। संगोष्ठी के दौरान, ए आर पी विज्ञान श्रीमती पारिजा श्रीवास्तव ने बालिका शिक्षा और निपुण भारत मिशन पर अपने विचार व्यक्त किए, जबकि यशवीर सिंह ने मिशन कायाकल्प और रामफल यादव ने शारदा कार्यक्रम एवं विद्यालय प्रबंध समिति गठन प्रक्रिया पर चर्चा की। खंड शिक्षा अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी ने शासन द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के विषय में विस्तार से चर्चा की और कहा कि प्राथमिक विद्यालयों में प्रधानों और प्रधानाध्यापकों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। संगोष्ठी के अंत में, सहायक विकास अधिकारी पंचायत सुरेन्द्र कुमार राव ने विभिन्न विद्यालयों में किए गए कायाकल्प के कार्यों की चर्चा की और कई प्रधानों के द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। इस संगोष्ठी में प्रमुख रूप से प्रधानों में लल्लन प्रसाद,गजेंद्र सिंह, भरत राम यादव,काशीराम, तिलक राम, काशी प्रसाद, सत्यप्रकाश सिंह, मंशाराम यादव, राम प्रताप सिंह समेत समस्त संघों के पदाधिकारीगण एवं विद्यालयों के प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे। संगोष्ठी का संचालन मुकेश प्रताप सिंह ने किया।




## अविवि की सेमेस्टर परीक्षा में 81796 सापेक्ष 2516 अनुपस्थित

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की एनईपी स्नातक विषम सेमेस्टर तीन पालियों की परीक्षा में मंगलवार को 81796 परीक्षार्थियों में से 2516 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली की परीक्षा में 26514 द्वितीय पाली में 45747, तृतीय पाली में 9535 के सापेक्ष क्रमशः 1434, 927 व 155 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। विवि के परीक्षा नियंत्रक उमानाथ के हवाले से मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि एनईपी बीए, बीएससी, बीकॉम विषम सेमेस्टर की तीन पालियों की परीक्षा में 81796 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 2516 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिनमें 44022 छात्र व 37774 छात्राएं रही है। इनमें 1907 छात्र एवं 609 छात्राएं अनुपस्थित रही।

## बस चालक की नीद झपकी आने से बस पलटी बाल बाल बचे यात्री



*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** चालक की झपकी के कारण मंगलवार की सुबह गोंडा बहराईच राष्ट्रीय राजमार्ग पर उस समय अफरातफरी मच गयी जब एक प्राइवेट बस अनियंत्रित होकर हाइवे के किनारे पलट गयी गनीमत रही दुर्घटना मे कोई हताहत नही हुआ आधा दर्जन यात्री आंशिक रूप से घायल हो गये जिनका सीएचसी बड़ागांव मे प्राथमिक उपचार के बाद गंतव्य की ओर रवाना किया गया। मंगलवार की सुबह दिल्ली से यात्री लेकर गोंडा जा रही एक प्राइवेट बस थाना क्षेत्र के ग्राम बिन्दौरा से पूर्व भुलभुलिया के निकट अनियंत्रित होकर पलट गयी बस मे दो दर्जन से अधिक यात्री सवार थे जिनमे गोंडा निवासी विशेष कुमार, विनीत तिवारी, राम खेलावन मिश्रा, अब्दुल हमीद, सुनीता देवी, अम्बुज सिंह आदि लोग आंशिक रूप से घायल हो गये। हाइवे पर अचानक हुए हादसे से अफरातफरी मच गयी मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी यात्रियों को दूसरे वाहन से रवाना कर घायलों का सीएचसी

# बड़ागाँव में स्वच्छता प्रबंधन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ



*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** वात्सलय संस्था के तत्वाधान मे पंचायत भवन बड़ागांव मे दो दिवसीय माहवारी स्वास्थ्य एव स्वच्छता प्रबंधन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमे ब्लाक की विभिन्न ग्राम पंचायतो से आयी करीब दर्जन किशोरियो को माहवारी स्वच्छता के अनेक तरीको से परिचित कराया गया। वात्सलय संस्था के ब्लाक समन्वयक महेंद्र कश्यप की देखरेख मे चल रहे दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर मे प्रशिक्षक नीलिमा गुप्ता, प्रीति एव सीमा देवी ने प्रशिक्षण मे किशोरियो को माहवारी स्वच्छता के जैव वैज्ञानिक, पहलुओं, स्वास्थ्य संबंधी जोखिमो और उनके समाधान, पोषण आहार आदि के बारे मे जानकारी दी इस दौरान माहवारी संबंधी मिथको और भ्रांतियों के प्रति जागरूक करने के लिए, माडल डिजाइन बनाकर प्रेरित किया कार्यक्रम मे किट पैड, पैड सिलाई सामग्री, कैसे प्रयोग करे, साबुन एव डिस्पोजल व डस्टबिन के बारे मे जानकारी दी इसके आलावा शारीरिक समझ, किशोरावस्था बदलाव के बारे मे जागरूक किया गया। प्रशिक्षण उपरांत सभी प्रतिभागी किशोरियो को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र ब्लाक समन्वयक महेंद्र कश्यप द्वारा दिये गये। इस मौके पर पंचायत सहायक सैय्यदा बानो, कमलेश कुमार अनुप कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# बसपा ने गृह मंत्री के खिलाफ निकाली रोष रैली व धरना प्रदर्शन



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ किया धरना प्रदर्शन। प्रदर्शन सदर तहसील क्षेत्र के तिकोनिया पर आयोजित किया गया, जहां बसपा प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने अमित शाह द्वारा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर पर की गई टिप्पणी की कड़ी निंदा की और कहा कि अमित शाह ने बहुजन समाज के भगवान का अपमान किया है। विश्वनाथ पाल ने गृहमंत्री से माफी मांगने और पश्चाताप करने की मांग की। धरना प्रदर्शन के दौरान अमित शाह के खिलाफ नारे भी लगाए गए। इसी तरह मिल्कीपुर में भी बहुजन समाज पार्टी ने मंडल कोऑर्डिनेटर रामगोपाल कोरी की अगुवाई में मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र से अयोध्या तक केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की ओर से बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर को लेकर दिए गए बयान विरोध में रोष रैली निकाली और नारेबाजी की। रामगोपाल ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि जिस तरह से भारत के संविधान निर्माता के प्रति जो टिप्पणी की गई है, उसे किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा। अमित शाह को तुरंत अपने द्वारा की गई टिप्पणी के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए।

बाबा साहब ने दबे कुचले अगड़ा पिछड़े को जीने का,बोलने का,रहने का,शिक्षा का अधिकार दिया है बाबा साहब अति पिछड़े पिछड़े को अधिकार दिया इस लिए बाबा साहब पर की गयी टिप्पणी हम बहुजन बर्दास्त नहीं करेंगे।इस मौके पर चन्द्र कुमार कोरी विधानसभा सचिव मिल्कीपुर द्वारिका पाल विधानसभा प्रभारी,जीत बहादुर रावत,राजनाथ प्रजापति सहित भारी संख्या में बसपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गृहमंत्री द्वारा बाबा साहब अंबेडकर पर की गई टिप्पणी को लेकर 26 दिसंबर को होगा धरना प्रदर्शन

**अयोध्या ।** शहर के एक होटल में प्रेस वार्ता के दौरान सांसद अवधेश प्रसाद ने गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब अंबेडकर पर की गई टिप्पणी को लेकर विरोध व्यक्त किया और गृहमंत्री से माफी की मांग की। साथ ही, उन्होंने चेतावनी दी कि यदि माफी नहीं मांगी जाती है, तो राष्ट्रपति से अमित शाह को बर्खास्त करने की अपील की जाएगी।इसके अलावा, 26 दिसंबर को मिल्कीपुर विधानसभा के इनायत नगर क्षेत्र में बहुत बड़ा धरना प्रदर्शन किया जाएगा। सांसद अवधेश प्रसाद ने अयोध्या धाम के सससागर में बिना नोटिस के एक गरीब के मकान को बुलडोजर से गिराए जाने की घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की और इसे गरीबों के खिलाफ अन्याय बताया।

# पावर लिफ्टिंग के स्टेट चैंपियन बने सिसवा के आशीषित पाल



*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार (महराजगंज)।** सिसवा कस्बे के गोपाल नगर निवासी 16 वर्षीय युवा ने लखनऊ में आयोजित जूनियर पावर लिफ्टिंग में स्टेट चैंपियनशिप बन कस्बे सहित जनपद का मान बढ़ाया। सिसवा कस्बे के गोपाल नगर निवासी होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ विश्वपाल सिंह के सुपुत्र आशीषितपाल सिंह स्थानीय सेंट जोसेफ्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा ग्यारह के अध्ययनरत छात्र हैं। बचपन से ही कुछ कर गुजरने का हौंसला मन मे लिए हुए एक वर्ष पूर्व कस्बे के एक जिम ट्रेनर के कुशल नेतृत्व में प्रवेश लिया और धीरे-धीरे पावर लिफ्टिंग में जाने की रूचि बढ़ी। कठिन परिश्रम व लगन के चलते उसने अपने आपको प्रतियोगिता के योग्य बनाया। बाबू केडी सिंह स्टेडियम में आयोजित सब जूनियर पावर लिफ्टिंग स्टेट चैंपियनशिप कंपटीशन में हिस्सा लेने का मौका मिला। जिसमें आशीषित पाल ने बाकी खिलाड़ियों को पीछे छोड़ते हुए पावर लिफ्टिंग का चैंपियनशिप खिताब अपने नाम कर लिया। आशीषितपाल सिंह ने बताया कि यह उपलब्धि देश और विदेश में नाम रोशन करने की पहली सीढ़ी है। उन्होंने अपने इस उपलब्धि का श्रेय अपने पिता डॉक्टर विश्वपाल सिंह व प्रशिक्षक सूरज रावत को दिया है।

## सात दिन के बाद भी पुलिस के हाथ खाली

**निचलौल ( महराजगंज)।** ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के बोदना ग्राम सभा के नौडियहवा टोले के बेलहिया पोखरें में मिले मृतका पूनम सहानी का शव बरामद होने के बाद नामजद सात आरोपितों पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया। फिर भी पुलिस के हाथ खाली है। पुलिस सात दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी तक नहीं पहुंच पाई है। बताते चले कि 18 दिसंबर दिन बुधवार को कोतवाली क्षेत्र के बोदना ग्राम सभा के नौडियहवा टोले के बेलहिया पोखरें में एक महिला का शव उतराते मिला था। जिसके बाद से ही मृतका के परिजन पुलिस के कार्य प्रणाली पर सवालिया निशान लगा रहे हैं। घटना के बाद से पुलिस बैक फूट पर दिखाई दे रही है।

## बरगदवा पुलिस ने गाज़ा के साथ एक को किया गिरफ्तार



**निचलौल(महराजगंज)।** बरगदवा थाना क्षेत्र के हर्दी टोला के समीप दिन सोमवार की शाम बरगदवां पुलिस द्वारा चेंकिग अभियान के दौरान एक व्यक्ति के पास से 964ग्राम गाज़ा बरामद कर जेल भेज दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय थाना के उपनिरीक्षक रविन्द्र नारायण मिश्र, उपनिरीक्षक शिवम राय, कांस्टेबिल संदीप मौर्या , कांस्टेबिल प्रहलाद यादव, कांस्टेबिल पवन कुमार व एस एस बी की टीम बरगदवां कस्बा के हर्दी टोला के पास चेकिंग के दौरान एक ब्यक्ति नेपाल से आता दिखाई दिया जिसे रोककर चेक किया गया तो उसके पास से 964ग्राम गाजा व एक अदद मोटरसाइकिल एक अदद मोबाइल व 880 रुपये नेपाली बरामद हुआ। पूछ ताछ में उसने अपना नाम रंजीत गुप्ता निवासी अमानी गंज वार्ड नंबर 2 पाल्हीनन्दन थाना पिपरहवां जिला नवलपरासी नेपाल। बताया। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर एन डी पी एस एक्ट के तहत जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष बरगदवां अमित कुमार सिंह ने बताया कि अवैध नशीली दवा विक्री तस्करी रोकथाम में एक ब्यक्ति के पास से चेकिंग के दौरान गांजा बरामद कर एनडीपीएस एक्ट में विधिक कार्यवाही की जा रही हैं।

# मजदूरी का बकाया पैसा मांगने पर मारपीट, केस दर्ज

*अवधनामा संवाददाता*

**निचलौल (महराजगंज)।** ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के डिगही गांव में गन्ना दुवाई का बकाया पैसा मांगने गए महिला व उसके पति को मारने पिटने सहित जानमाल की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित महिला मन्जला पति विशुन दयाल गुप्ता निवासी डिगही कोतवाली ठूठीबारी ने अपने दिए गए तहरीर में बताया कि 17 दिसंबर को सुबह करीब आठ बजे मेरे पति विशुन दयाल गुप्ता मजदुरी का बकाया पैसा गन्ना ढुवाई मांगने अपने ही गांव के जितेन्द्र चौधरी पुत्र पन्नालाल चौधरी के पास गए थे। जिस पर नाराज होकर जितेन्द्र चौधरी मेरे पति को बकाया पैसा पाँच हजार रुपया देने से मना करते हुए गाली गुप्ता देते हुए बुरी तरह मारने पिटते हुए जानमाल की धमकी देने लगे। इस बाबत प्रभारी कोतवाल योगेन्द्र कुमार ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर घटना का जांच किया जा रहा है।

## कथा पांडाल में धूमधाम से मनाया भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव

**महाराजगंज।** जब-जब भी धरती पर आसुरी शक्ति हावी हुईं, परमात्मा ने धर्म की रक्षा के लिए अवतार लेकर पृथ्वी पर धर्म की स्थापना की। मथुरा में राजा कंस के अत्याचारों से व्यथित होकर धरती की करुण पुकार सुनकर नारायण ने कृष्ण रुप में देवकी के अष्टम पुत्र के रूप में जन्म लिया और धर्म और प्रजा की रक्षा कर कंस का अंत किया। यह बात शास्त्री नगर में चल रही नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग सुनाते हुए अंतरराष्ट्रीय पंडित उपेन्द्र तिवारी ने श्रद्धालुओं के बीच कही। भागवत के विभिन्न प्रसंगों का वर्णन करते हुए चौथे दिवस पंडित नागर ने भगवान श्री कृष्ण के जन्म की कथा का वर्णन किया। इसके पूर्व उन्हों ने कहा कि जीवन में भागवत कथा सुनने का सौभाग्य मिलना बड़ा दुर्लभ है। जब भी हमें यह सुअवसर मिले, इसका सदुपयोग करना चाहिए। कथा सुनते हुए उसी के अनुसार कार्य करें। कथा का सुनन तभी सार्थक होगा। जब उसके बताए हुए मार्ग पर चलकर परमार्थ का काम करें। मौजूद श्रद्धालु भगवान कृष्ण के जय जयकार के साथ झूमकर कृष्ण जन्म की खुशियां मनाई।

# स्वास्थ्य एवं सुरक्षित प्रसव के लिए जांच व टीकाकरण जरूरी



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के वीरपुर एहतमाली में मंगलवार को संचार गतिविधि एवं माता जागरूकता बैठक आयोजित किया गया। बैठक में उपस्थित महिलाओं को जागरुक करते हुए एएनएम रेश्मा शर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य एवं सुरक्षित प्रसव के लिए समय पर जांच व टीकाकरण जरूरी है। रेश्मा शर्मा ने बताया कि गांव में लगने वाले वीएचएसएनडी टीकाकरण शिविर में गर्भावस्था के दौरान नियमित जांच अवश्य कराएं। नियमित जांच से गर्भ में पल रहे शिशु के स्वास्थ व उसकी स्थिती के साथ ही उच्च जोखिम की जानकारी समय से हो जाने पर उसका इलाज कर सुरक्षित प्रसव कराया जा सकता है। प्रसव के बाद नवजात शिशु का टीकाकरण व उसका देखभाल भी आवश्यक है। रेश्मा शर्मा ने बताया कि बुधवार को टीकाकरण शिविर में पंहुचने के लिए आशा के माध्यम से बुलावा पर्ची का वितरण किया जा रहा है, समय से गर्भवती महिलाएं खुद व धात्री महिलाएं अपने बच्चों का समय पर टीकाकरण जरूर कराएं।इस दौरान संध्या श्रीवास्तव, मालती, माया, सोमना, कालिंदी, मैनावती, गीतांजलि आदि उपस्थित रही।

# महिलाएं किसी भी मामले पुरुषों से कम नहीं : आलोक दत्त उपाध्याय

## भनवापुर ब्लाक सभागार में जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध अभियान के गोष्ठी में किया जागरुक

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** महिलाएं किसी भी मामले में पुरुषों से कम नहीं हैं, हर क्षेत्र में अपने स्पर्धा का लोहा मनवाते हुए अग्रणी भूमिका निभा रही है। यह बातें मंगलवार को ब्लाक सभागार भनवापुर में आयोजित जेंडर पर आधारित हिंसा के विरुद्ध राष्ट्रीय अभियान के तहत गोष्ठी में महिलाओं के भागीदारी पर प्रकाश डालते हुए बीडीओ भनवापुर आलोक दत्त उपाध्याय ने कही।

बीडीओ आलोक दत्त उपाध्याय ने बताया कि महिलाओं को सशक्त बनाना और उन्हे जेंडर आधारित असमानता व भेदभाव से लड़ने के लिए तैयार रहना चाहिए। महिलाओं को उनके अधिकारों संसाधनों के साथ ही समाज में उनके योगदान के अवसरों के प्रति जागरूक करने की अवश्यकता है। बीडीओ ने महिलाओं को बताया कि अपने अधिकारों को पहचानों पंचायतों व अन्य नेतृत्व पदों में महिलाओं की समुचित भागीदारी है।त्रिलोकपुर थाने पर तैनात महिला कांस्टेबल इंद्रावती तिवारी ने बताया कि घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा के लिए घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न के लिए कानून का सहारा ले सकती है।महिलाओं के लिए आपात कालीन सेवाओं के लिए 1090,112 आदि टोल फ्री नंबरों पर सूचित कर सकते हैं। बीएमएम लवकेश साकेत ने बताया कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए स्वरोजगार, स्टार्टअप, ऋण योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कौशल विकास प्रशिक्षण के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान गोविंद माधव, नंदलाल, जंग वंश, अरविंद, जावेद सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# भविष्य में कैरियर का चुनाव स्वतंत्र रूप से करें बच्चे : अभिषेक कुमार

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भरवठिया बाजार में मंगलवार को कैरियर मेला हब व अभिभावक बैठक का

**भनवापुर के राजकीय उच्च मा. विद्यालय भरवठिया बाजार में कैरियर मेला व अभिभावक बैठक का आयोजन**

आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे राजकीय इंटर कॉलेज परसा जमाल के प्रधानाचार्य अभिषेक कुमार ने मेला का शुभारंभ फीता काटकर व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पाण कर किया इस दौरान विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना गीत प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। अभिषेक कुमार ने छात्र छात्राओं के द्वारा खुद के बनाए गये, कम्प्यूटर, सोलर, सिलाई मशीन, पेंटिंग आदि का लगें स्टाल का अवलोकन किया।

अभिषेक कुमार ने बताया कि सभी अध्ययनरत छात्र छात्राएं बिना किसी दबाव के स्वतंत्र रूप से भविष्य में जिस क्षेत्र में कैरियर बनाना है,अपने रुचि के अनुसार खुद चुनाव करें, दबाव में लिए गए निर्णय भविष्य के लिए खतरा साबित हो सकता है। प्रधानाचार्य रेखा देवी ने बताया कि बेहतर शिक्षा व भविष्य के लिए नियमित क्लास लेना जरूरी है। अभिभावक अपने बच्चों को शिक्षा जरूर दें इसके लिए किसी भी तरह का समझौता ना करें, यही बच्चे आपके भविष्य का इतिहास लिखेंगे। अपने बच्चों को जिस क्षेत्र में उसकी रुचि है, उसी क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें जिससे उन्हे आगे बढ़ने में सहयोग मिले। डॉ.ज्योति ने बच्चो को मेडिकल क्षेत्र कैरियर बनाने का टिप्स दिया। इस दौरान कार्यक्रम नोडल विजय लक्ष्मी यादव,बंदना पाण्डेय, गुंजा गुप्ता, कुसमलता आदि उपस्थित रहे।

# 168 गर्भवती महिलाओं का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण 56 उच्च जोखिम वाली महिलाएं चिन्हित

## भनवापुर के सीएचसी सिरसिया में आयोजित हुआ पीएमएसएमए शिविर का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर विकास क्षेत्र के सीएचसी सिरसिया में बुधवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित अधीक्षक डॉ. शैलेन्द्र मणि ओझा के अगुवाई में चिकित्सा टीम के द्वारा अभियान के तहत मीरा, सरीना, लक्ष्मी, सुमिरत, माया, मंजू, नंदिनी, विमलावती, पिंकी सुनीता आदि कुल 168 गर्भवती महिलाओं का हेल्थ चेकअप करते हुए इलाज तथा चिकित्सीय परामर्श दिया गया।जांच के दौरान 56 उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हित करते हुए चिकित्सीय इलाज किया गया। अधीक्षक ने बताया कि उच्च जोखिम होने का मुख्य कारण उच्च रक्त चाप, फीटस का बेड़ा होना, गंभीर एनिमिया,प्लेसेंटा का विकृत होना आदि पाया गया। डॉ.शैलेंद्र मणि ओझा के द्वारा बताया गया कि शिविर के माध्यम से गर्भावस्था के शुरुआती दिनों में ही उच्च जोखिम वाले खतरे के लक्षण को चिन्हित करते हुए गर्भावस्था के प्रारंभिक दिनों में ही चिकित्सीय इलाज एवं परामर्श देते हुए अथवा उच्च चिकित्सालय पर संदर्भित करते हुए जच्चा और बच्चा को सुरक्षित किया जा सकता है। इस दौरान डॉ.सिद्धार्थ जयसवाल, डॉ. श्रेया चौधरी, डॉ सवीहा मलिक, प्रेम कुमार त्रिपाठी, रुपम पाठक, सविता मौर्या, अर्चना चौधरी, वर्षा सागर, रेखा पाण्डेय, कृष्ण गोपाल पाण्डेय, रविंद्र कुमार, अश्वनी अग्रहरि आदि उपस्थित रहे।

# ऑयल कम्पनीयों के पदाधिकारियों के संग की डीएम ने आवश्यक बैठक

अवधनामा संवाददाता

**अंबेडकरनगर।** जनपद में नए पेट्रोल पंप खोलने के लिए जल्द से जल्द अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने, प्राप्त आवेदनों/प्रकरणों का नियमानुसार त्वरित निस्तारण करने को लेकर जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित विभाग के अधिकारियों, आवेदकों एवं ऑयल कंपनियों के पदाधिकारियों एवं नए पेट्रोल पंप के आवेदकों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार से मिले दिशा निर्देश के आलोक में पेट्रोल पंप खोलने के लिए संबंधित अधिकारी समय सीमा के भीतर अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करें ताकि जिले में अधिक से अधिक पेट्रोल पंप खुल सके। बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों पर अनापत्ति प्रमाण पत्र के लिए लंबित मामलों की आवेदनवार एवं विभागवार गहनता से समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को अविलंब संदर्भित मामलों को त्वरित गति से निष्पादित करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने में हो रहे विलंब के कारणों पर भी अफसरों से जानकारी ली। जिलाधिकारी ने समय सीमा के भीतर आवेदनों के निपटारे पर भी जोर देते हुए कहा कि जो आवेदक सरकार के स्तर पर बनाए गए गाइडलाइन का पालन करते हैं, तो उनको नियमानुसार प्रमाण पत्र निर्गत किया जाए।

# सनातन हिंदू संस्कृति का अभिन्न अंग है सिख पंथ : डॉ अजय मणि

## अतीत के गौरव और बलिदान को संजोकर ही होगा महान राष्ट्र का निर्माण

**वीर बलिदान दिवस पर विद्वानों का उद्बोधन**

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** महान राष्ट्र के निर्माण का आधार उसके अतीत के गौरव और बलिदान में निहित होता है। राष्ट्र की भावी पीढ़ी को इससे परिचित कराना वर्तमान का दायित्व है। यह दायित्व बोध बहुत आवश्यक है। यह गर्व करने का विषय है कि सनातन वैदिक हिंदू संस्कृति से सिख पंथ जैसे बलिदानी और शक्तिशाली समाज का अभ्युदय हुआ है। संतों और सिख गुरुओं की तपस्या और उनके बलिदान को सदैव याद किया जाना चाहिए।

देवरिया सेवा समिति बनवारी लाल इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य डॉ अजय मणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित वीर बाल दिवस के अवसर पर अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने यह बातें कहीं । डॉक्टर मणि ने कहा, कि अतीत के गौरव एवं बलिदान को संजोकर ही देश के नागरिक राष्ट्र निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि सिख धर्म कोई अलग धर्म नहीं है, बल्कि सनातन हिंदू संस्कृति का ही एक स्वरूप है। कोई भी राष्ट्र अपने अतीत के इतिहास गौरव, एवं बलिदान को विस्मृत कर महान नहीं बन सकता है। विषय प्रस्तावक डॉ राजेश मिश्र ने कहा, कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर मोदी ने जहां एक तरफ वीर बाल दिवस के माध्यम से बालकों के अंदर त्याग एवं बलिदान की भावना पैदा कर उत्साह भरने का कार्य किया है, तो दूसरी तरफ बच्चों के अधिकारों की रक्षा, उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान करना, और उनकी शिक्षा एवं स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करने का भी बल प्रदान किया है। मध्यकालीन भारतीय संस्कृति धर्म एवं राष्ट्रीय संप्रभुता को अच्छुण बनाए रखने का कार्य संत कवियों और सिख गुरुओं ने किया है। श्री वीरेंद्र कुमार सिंह जिला अभियान संयोजक वीर बाल दिवस ने अपने उद्बोधन में कहा, कि बलिदानी वीर बालकों के जीवन चरित्र से देश का बाल समूह समाज में मूल्यों एवं सिद्धांतों की रक्षा कर सकता है। यह तभी संभव है जब वह अनुशासन, समानता एवं भक्ति भावना के साथ कार्य को संपादित करेगा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री प्रेम अग्रवाल ने कहा, कि इस प्रकार के कार्यक्रम से बालकों के अंदर चरित्र निर्माण एवं राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित होती है। कार्यक्रम का संचालन श्री सुधीर मद्धेशिया जी नगर महामंत्री भारतीय जनता पार्टी नगर क्षेत्र देवरिया ने किया उक्त अवसर पर श्री रमेश जी नगर अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी सुभाष तिवारी सभासद नगर पालिका देवरिया, श्री बजरंगी त्रिपाठी नगर मंत्री देवरिया श्री गुलाबचंद चौरसिया, श्री दीपक वर्मा नगर उपाध्यक्ष देवरिया, श्री जय राम त्रिपाठी शक्ति केंद्र संयोजक देवरिया, डॉ राधेश्याम शुक्ल भूतपूर्व छात्र संघ अध्यक्ष बीआरडी पीजी देवरिया, रविशंकर नाथ त्रिपाठी नगर मंत्री देवरिया, रविंद्र राव नगर उपाध्यक्ष देवरिया, श्री अनूप शर्मा सहसंयोजक नगर देवरिया एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# ऋतु शाही ने सर्किट हाउस सभागार में महिला जन सुनवाई की

अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** राज्य महिला आयोग सदस्या उप्र, श्रीमती ऋतु शाही ने सर्किट हाउस सभागार में महिला जन सुनवाई की। उन्होने कहा कि शासन द्वारा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व स्वावलम्बन को लेकर काफी सजगता से कार्य किया जा रहा है। सभी महिलाए अपने अधिकारों एवं दायित्वो के प्रति सजग हो, जिससे महिलाओं के विरूद्ध हो रहे अपराधों में वृद्धि न हों। मा. सदस्या ने पुलिस अधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों को जनसुनवाई के दौरान आये हुए आवेदन पत्रों को अग्रेसित करते हुए निर्देश दिया कि महिलाओं की समस्याओं का त्वरित निराकरण कराना सुनिश्चित करें। उन्होने यह भी कहा कि किसी भी दशा में महिलाओं के साथ अन्याय नही होना चाहिए। महिला उत्पीड़न से संबंधित कोई भी प्रकरण संज्ञान में आने पर तत्काल कार्यवाही की जाये। उन्होने कहा कि मिशन शक्ति फेज-04 के अन्तर्गत महिलाओं से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाए विषयक जागरूकता चौपाल एवं महिला जन सुनवाई अभियान चलाया जा रहा है। हमारी सरकार ने महिलाहितों को ध्यान में रखकर अपराधों के प्रति त्वरित कार्यवाही करने में तत्पर है।

# जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति का नामित किया सदस्य

अवधनामा संवाददाता



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़ चेयरमैन उमा अग्रवाल को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति का सदस्य नामित किया गया है।

उक्त की जानकारी देते हुए परियोजना निदेशक नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी ने बताया कि ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली एवं सचिव ग्राम्य विकास अनुभाग-2 द्वारा जारी पत्र के क्रम में जनपद स्तरीय जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा समिति) का गठन किया गया है। जिसमें सांसद जगदम्बिका पाल, जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति के अध्यक्ष नामित है, तो वहीं शोहरतगढ़ नगर पंचायत चेयरमैन उमा अग्रवाल एवं नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर चेयरमैन गोविन्द माधव को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति का सदस्य नामित किया गया। आपको बता दें कि निर्दलीय चुनाव जीतकर अपनी टीम के साथ बीते 7 फरवरी 2024 को भाजपा प्रदेश कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भुपेंद्र सिंह, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक साहित अन्य भाजपा पदाधिकारियों की मौजूदगी में शोहरतगढ़ चेयरमैन श्रीमती उमा अग्रवाल ने भारतीय जनता पार्टी सदस्यता ग्रहण कर ली थी। इसके बाद लगातार वे भाजपा नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी हित में कार्य कर रही थी। लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी जगदम्बिका पाल के प्रचार प्रसार में भी उनकी सक्रिय भागीदारी रही। संगठन भंग होने के बाद नये सिरे से सदस्यता अभियान में भी उन्होंने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और यही माना जा रहा है कि जनपद स्तरीय विकास समन्वय एवं निगरानी समिति के सदस्य नामित कर पार्टी ने उन्हें सम्मानित किया है। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति का सदस्य नामित होने पर चेयरमैन उमा अग्रवाल ने भाजपा सांसद जगदम्बिका पाल, भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान सहित भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। निगरानी समिति के सदस्य नामित होने पर उनके बधाईयों का तांता लगा रहा। इस दौरान शक्ति शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार सन्तोष श्रीवास्तव, बढ़नी चेयरमैन सुनील अग्रहरि, भाजपा नेता किशोरी लाल, भाजपा नेता रविन्द्र वर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता जय प्रकाश वर्मा, राधेश्याम मिश्रा, महातम चौधरी, वासुदेव शर्मा, रामविनोद यादव, अभिषेक चौधरी, विवेक चौधरी, श्याम बिहारी कौशल, शशि कपूर, सभासद बाबूजी अंसारी, वकील खान, दिनेश कुमार, अभिलाष मिश्रा, विक्रान्त सिंह, सोनू महतो, सुरेश कसौधन, महेश कसौधन, श्रवण पटवा, इजहार मंसूरी, अमित कुमार चौधरी, चन्दन पाण्डेय, गौरव कुमार कसौधन, विजय कुमार गुप्ता, हेमन्त गौतम, अखिल कुमार, विकास मित्तल, गजेन्द्र जायसवाल, मनोज कुमार तिवारी, अरविन्द अग्रहरी, सुनील कुमार जायसवाल, हरिओम, रामकिशोर उमर, बनवारी गुप्ता समेत सैकड़ों लोगों ने बधाई दी है।

# जिलाधिकारी ने नगर पंचायत डुमरियागंज का किया निरीक्षण, दिया दिशा-निर्देश



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डॉ राजागणपति आर. द्वारा नगर पंचायत कार्यालय डुमरियागंज का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डॉ राजागणपति आर. द्वारा राज्य वित्त/15वें वित्त का रजिस्टर देखा गया। इसके अलावा लॉग बुक को भी देखा गया। लॉगबुक में अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत डुमरियागंज का हस्ताक्षर नही पाया गया। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत डुमरियागंज महेश प्रताप श्रीवास्तव का स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया। इसके अलावा ठेका कर्मचारी की पत्रावली अपूर्ण पाये जाने तथा सफाई कर्मी की पत्रावली अपूर्ण पाये जाने पर जिलाधिकारी ने वरिष्ठ सहायक हसन ताकीब रिजवी एवं कार्यालय सहायक महंत मिश्रा का स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही वरिष्ठ सहायक हसन ताकीब रिजवी पर विभागीय कार्यवाही प्रचलित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत डुमरियागंज को निर्देश दिया कि 03 दिवस के अन्दर वित्तीय वर्ष 2024-25 का अब तक के अपूर्ण समस्त रजिस्टर व पत्रावली पूर्ण कर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि कार्यालय में सुधार लाने एवं हो रहे कार्यो का समय से भुगतान, पत्रावलियों का रख-रखाव ठीक ढंग से करने के साथ ही समस्त कार्यो को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराना सुनिश्चित करे। इस अवसर पर उपरोक्त के अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत डुमरियागंज महेश प्रताप श्रीवास्तव व अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## स्टोर मंदिर तक नाली निर्माण कार्य का डीएम ने किया निरीक्षण

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डॉ राजागणपति आर0 द्वारा नगर पंचायत डुमरियागंज हाइडिल कार्यालय में स्टोर मन्दिर तक नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मानक अनुरूप सही पाया गया।

## डीएम ने नपं डुमरियागंज वार्ड नं. 11 के निमार्ण कार्य का किया निरीक्षण

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डॉ राजागणपति आर0 द्वारा नगर पंचायत डुमरियागंज के वार्ड न0 11 इन्दिरा नगर में बृजेश के मार्केट से अनिल चश्मा के दुकान तक पटरी इन्टरलाकिंग सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा सड़क की लम्बाई और चौड़ाई को नपवाकर देखा गया। स्टीमेट व एमबी का मिलान किया गया। सड़क मानक अनुरूप सही पाया।

## कम्पोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय डुमरियागंज का डीएम ने किया निरीक्षण

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डॉ राजागणपति आर0 द्वारा कम्पोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय डुमरियागंज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा विद्यालय में निर्माण कराये जा रहे कार्यो को देखा गया। जिलाधिकारी द्वारा निरीक्षण के दौरान छत का कार्य सही नही हुआ था। जिलाधिकारी ने पुनः छत का निर्माण कार्य कराने का निर्देश दिया।

# वीर बाल दिवस पर गुरु गोविन्द सिंह के पुत्रों की वीरता को किया याद

अवधनामा संवाददाता




**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत बढ़नी पर मंगलवार को कार्यक्रम में बाबा वीर जोरावर सिंह और बाबा वीर फतेह सिंह के द्वारा दिये गये बलिदान पर मुख्य अतिथि हरिभजन सिंह ने चर्चा किया गया। उन्होंने बताया कि गुरु तेग बहादुर साहेब जी सिख धर्म के नौवें गुरु है। उन्हें भला कौन नहीं जानता।

24 नवम्बर को गुरु तेग बहादुर जी का शहीदी दिवस हैं और इस दिन राष्ट्रीय शहीदी दिवस भी होता है। गुरु तेग बहादुर सिंह जी मध्ययुगीन इतिहास में बिरला नाम रखने वाले बिरले व्यक्तित्व के धनी है। वे अपनी समता, करुणा, निष्ठा, प्रेम, सहानुभूति, त्याग और बलिदान जैसे विशेष गुणों के लिए जाने जाते हैं। गुरु तेग बहादुर सिंह जी को हिन्द की चादर भी कहा जाता है। गुरु तेग बहादुर सिंह को सिख धर्म में क्रांतिकारी युग पुरुष के रूप में जाना जाता है। उनका जन्म पंजाब के अमृतसर में वैशाख कृष्ण पंचमी तिथि को हुआ था। वे गुरु हर गोविन्द सिंह जी के 5वें पुत्र थे। गुरु तेग बहादुर सिंह जी बचपन में त्यागमल नाम से पहचाने जाते थे, उनकी शिक्षा-दीक्षा मीरी-पीरी के मालिक गुरु-पिता गुरु हरि गोविन्द साहब की छत्र छाया में हुई। मात्र 14 वर्ष की उम्र में ही अपने पिता के साथ उन्होंने कंधे से कन्धा मिलाकर मुगलों के हमले के खिलाफ हुए युद्ध में अपना साहस दिखाकर वीरता का परिचय दिया और उनके इसी वीरता से प्रभावित होकर गुरु हर गोविन्द सिंह जी ने उनका नाम तेग बहादुर यानी तलवार के धनी रख दिया। इसी समयावधि में उन्होंने गुरुबाणी, धर्मग्रंथों के साथ-साथ अस्त्र-शस्त्र और घुड़सवारी आदि की शिक्षा प्राप्त की।सिखों के 8वें गुरु हरिकृष्ण राय जी की अकाल मृत्यु के बाद गुरु तेग बहादुर जी को नौवां गुरु बनाया गया था। गुरु तेग बहादुर सिंह ने आदर्श, धर्म, मानवीय मूल्य तथा सिद्धान्तों की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। वे एक बहादुर, निर्भीक, विचारवान और उदार चित्त वाले थे। माना जाता है कि जब मुगल बादशाह ने गुरु तेग बहादुर सिंह जी से इस्लाम धर्म या मौत दोनों में से एक चुनने के लिए कहा। तब मुगल बादशाह औरंगजेब चाहता था कि गुरु तेग बहादुर जी सिख धर्म को छोड़कर इस्लाम धर्म को स्वीकार कर लें, लेकिन जब गुरु तेग बहादुर जी ने इस्लाम अपनाने से इन्कार कर दिया तब औरंगजेब ने उनका सिर कटवा दिया था। उनके इसी बलिदान स्वरूप में 24 नवम्बर को उनका शहीदी गुरु पर्व मनाया जाता है। सिख धर्म के नौवें गुरु गुरु तेग बहादुर सिंह ने धर्म की रक्षा, धार्मिक स्वतन्त्रता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करके सही अर्थों में %हिन्द की चादर% कहलाएं। ऐसे वीरता और साहस की मिसाल थे, गुरु तेग बहादुर सिंह जी। अपने खास उपदेशों, विचारों और धर्म की रक्षा के प्रति अपना जज्बा कायम रखने वाले गुरु तेग बहादुर सिंह जी का सिख धर्म में अद्वितीय स्थान है। उनके शहीदी दिवस पर उनके निशान साहिब के चोले की सेवा, श्री अखण्ड साहिब पाठ, कीर्तन, दीवान सजा कर शब्द गायन किया जाता है। विश्व इतिहास में आज भी उनका नाम एक वीरपुरुष के रूप में बड़े ही सम्मान के साथ लिया जाता है। इस दौरान कार्यक्रम में चेयरमैन सुनील अग्रहरि, भाजपा वरिष्ठ नेता राज कुमार सिंह (राजू शाही), ध्रुव प्रसाद चतुर्वेदी, मनोज गोयल, रामधनी मौर्य, सचिन मित्तल, रामराज कन्नौजिया आदि लोग उपस्थित रहें।

## साउथ कोरिया में मार्शल ला

संसद में इस साल शुरू हुये चुनाव में सत्ताधारी पार्टी अल्पमत में आ गई। इससे विपक्षी दल डी.पी.के का सरकारी कामों में दखल बढ़ गया। उनकी पत्नी भी कई विवादों में फंस गई। इसका भी बुरा असर राष्ट्रपति यूनसुक टोल पर पड़ा। राष्ट्रपति इन सबसे निपटने के लिये मार्शल ला लगा दिया। उन्होंने डीपीके पर उत्तर कोरिया से सहानुभूति रखने और राष्ट्र विरोधी गतिविधियों शामिल होने का आरोप लगाया। साउथ कोरिया में मार्शल ला चार दशकों के बाद पहली बार लगा है। इससे राजनतिक गतिविधियां रूक गई है। वित्तीय बाजारों में भी उथल पुथल आ गया है। संसद ने आदेश को पलटना चाहा तो मतदान रोकने के लिये सुरक्षाबल संसद में घुसे मर्शल ला खारिज हो गया और सुरक्षा बल वापस चले गये। पर राष्ट्रपति के खिलाफ गुस्से को ज्वार आ गया। राष्ट्रपति का जंग या इमरजेन्सी में ही मार्शल ला की अनुमति है। संसद को निलम्बित करने का अधिकार नहीं है। संसद में इस साल हुये चुनाव में सत्ताधारी पार्टी अल्पमत में आ गई। सरकारी काम में विपक्षी दल का दखल बढ़ गया। संसद में महाअभियोग का प्रस्ताव पास होते ही राष्ट्रपति की शाक्तियां निलम्बित हो गई। प्रधानमंत्री हानडाक सू को कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में काम करेगे। तीन दिसम्बर की रात को मार्शल ला लगा दिया गया। भारी विरोध के बाद 6 घन्टे के भीतर फैसला वापस ले लिया। महअभियोग प्रस्ताव के कुछ सदस्यों के बहिकार से महाअभियोग से बच गये। नेशनल असेम्बली के अध्यक्ष यून के खिलाफ महाअभियोग लोगो के लोकतन्त्र के प्रति प्रबल इच्छा साहस और प्रतिबद्धता का नतीजा है। राष्ट्रपति के हटाये जाने पर लोग ने बैनर और रंगीन के पाप चमक वाली स्टिक लहराई। मंच से लोग चिल्ला रहे थे हमने संवैधानिक व्यवस्था को बचा लिया।

अब संसद में पास महाअभियोग प्रस्ताव संवैधानिक कोर्ट में जायेगा। अगर 9 में 6 जज राष्ट्रपति के खिलाफ फैसला सुनाते है तभी आगे की कार्यवाहियां शुरू होगी। कोर्ट के पास यह तय करने के लिये 180 दिनों का अधिकार है कि राष्ट्रपति पद से बर्खास्त किया जाय या उनकी शाक्तियां बहाल कर दी जाये। राष्ट्रपति को अगर हटा दिया जाता है तो उत्तधिकारी चुनने के लिये 60 दिनों के भीतर आम चुनाव कराने की बाध्यता है। संसद के बाहर जुट कर लोगो ने खुशियां मनाई बैनर लहराये नारे लगाये। महाअभियोग के बाद राष्ट्रपति यूनसुक येओल ने कहा मै अस्थायी रूप से यात्रा रोक रहा हूॅं लेकिन कभी हार नहीं मानूगा आखिरी क्षण तक देश के लिये सर्वश्रेष्ठ करना है। प्रधानमंत्री हान डाक सूने कहा मैं इस दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति को प्राथमिकता हालात को सामान्य बनाना है। लोगो के कोर्ट के फैसले का इन्तजार है क्योकि महाअभियोग पास होने के बाद फिलहाल पीएम को कमान थमाने के बाद फैसला कोर्ट करेगा।

**उपभोक्ताओं को शोषण से बचाने के लिए इसी दिन 24 दिसंबर, 1986 को भारत सरकार ने ऐतिहासिक उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम-1986 लागू किया गया था। इस अधिनियम एवं बाद में किये गये संशोधनों का उद्देश्य उपभोक्ताओं का दोषपूर्ण वस्तुओं, लापरवाह सेवाओं एवं अनुचित व्यापार प्रथाओं से संरक्षण करना है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के छह मौलिक अधिकार सुरक्षा का अधिकार, चुनने का अधिकार, सूचित किये जाने का अधिकार, सुनवाई का अधिकार, निवारण पाने का अधिकार एवं उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार हैं।**

# उपभोक्ता के बढ़ते शोषण पर अंकुश जरूरी

भारत दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में एक है और यह आजादी की शताब्दी वर्ष 2047 तक उच्च मध्य आय के दर्जे तक पहुंचने की आकांक्षा के साथ विश्व बाजार बनने के पथ पर आगे बढ़ने के लिए तैयार है। देश यह भी सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि भारतीय बाजार एक ऐसी आदर्श बाजार व्यवस्था को स्थापित करें जिसमें उपभोक्ताओं की ठगी की बढ़ती घटनाएं पर पूर्णतः नियंत्रण हो।




ललित गर्ग

इसके लिये उपभोक्ता में उत्पादकता और गुणवत्ता संबंधित जागरूकता को बढ़ाने, जमाखोरी, कालाबाजारी, मिलावट, अधिक दाम, कम नाप-तौल, ठगी इत्यादि संकटों से उपभोक्ता को मुक्ति दिलाने एवं उपभोक्ता संरक्षण कानूनों के बारे में लोगों को जानकारी देकर उपभोक्ता के हितों की रक्षा करने के उद्देश्य से भारत में 24 दिसंबर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत में उपभोक्ता का मतलब ही ठगी का शिकार हो गया है। देश का प्रत्येक आदमी कहीं न कहीं अक्सर ठगा जा रहा है। आनलाइन बाजार व्यवस्था एवं ई-बाजारवाद में ठगी की घटनाएं एक बड़ी समस्या एवं चुनौती बन गयी है। सरकार ने उपभोक्ता के अधिकारों के संरक्षण के लिए कानून भी बनाया है। उन्हें जगाने के निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। फिर भी उपभोक्ता सोये हैं, जबकि मुनाफे के लिए छल के नए-नए तरीके आजमाए जा रहे हैं, क्योंकि दो तिहाई से ज्यादा आबादी अपने ही अधिकारों के प्रति सतर्क नहीं है।

उपभोक्ताओं को शोषण से बचाने के लिए इसी दिन 24 दिसंबर, 1986 को भारत सरकार ने ऐतिहासिक उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम-1986 लागू किया गया था। इस अधिनियम एवं बाद में किये गये संशोधनों का उद्देश्य उपभोक्ताओं का दोषपूर्ण वस्तुओं, लापरवाह सेवाओं एवं अनुचित व्यापार प्रथाओं से संरक्षण करना है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के छह मौलिक अधिकार सुरक्षा का अधिकार, चुनने का अधिकार, सूचित किये जाने का अधिकार, सुनवाई का अधिकार, निवारण पाने का अधिकार एवं उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार हैं। यह दिन भारतीय ग्राहक आन्दोलन के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में लिखा गया है। उपभोक्ता संरक्षण कानून से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्य यह है की किसी भी शासकीय पक्ष ने इस विधेयक को तैयार नहीं किया बल्कि अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने प्रथमतः इस विधेयक का मसौदा तैयार किया। हम में से हर व्यक्ति किसी न किसी रूप में उपभोक्ता है। कोई व्यक्ति जो अपने उपयोग के लिये सामान खरीदता है, वह उपभोक्ता है। उपभोक्ता क्योंकि संगठित नहीं हैं इसलिए हर जगह ठगा जाता है। इसलिए उपभोक्ता को जागना होगा और खुद को इन संकटों से बचाना होगा। बहुत कम उपभोक्ता जानते होंगे कि उनके क्या अधिकार हैं। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के माध्यम से उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों

राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस



के प्रति जागरूक किया जाता है और इसके साथ ही अगर वह धोकाधड़ी, कालाबाजारी, घटतौली, ठगी आदि का शिकार होते हैं तो वह इसकी शिकायत कर सकें। इस कानून में जीवन एवं संपत्ति के लिए हानिकारक सामान और सेवाओं की बिक्री के खिलाफ सुरक्षा का अधिकार दिया गया है, खरीदी गई वस्तु की गुणवत्ता, मात्रा, क्षमता, शुद्धता, स्तर और मूल्य, जैसा भी मामला हो, उसके बारे में जानकारी का अधिकार एवं इसके लिए आवाज उठाने का अधिकार है।

बढ़ते बाजारवाद एवं उदारीकरण के इस दौर में जैसे ही हम अपनी जरूरत की कोई चीज या सेवा लेते हैं, तभी उपभोक्ता का ठप्पा हमारे ऊपर लग जाता है। कायदे से किसी चीज या सेवा के एवज में चुकाई जाने वाली कीमत में किसी भी तरह की घोखाधड़ी एवं ठगी नहीं होना चाहिए, लेकिन अक्सर उपभोक्ता ठगे जाते हैं। खराब गुणवत्ता की चीजें और सेवा प्रदाता से अपने अधिकारों के हक की लड़ाई ही जागरूक उपभोक्ता की पहचान है। उपभोक्ता दिवस मनाते हुए हम केवल उपभोक्ता अधिकारों की ही बात नहीं करते बल्कि उपभोक्ता की उन्नत एवं सम्यक् सोच को भी विकसित करते हैं। आर्थिक विसंगतियों एवं विषमताओं को दूर करने के लिये उपभोक्ता जागृति जरूरी है। आज का उपभोक्तावादी दृष्टिकोण एक प्रकार का सम्मोहन बन गया है, हिस्टीरिया की बीमारी बन गया है। सम्मोहन करने वाला जैसा नचायेगा, उपभोक्ता वैसा ही नाचेगा, फिर उपभोक्ता संरक्षण कैसे संभव होगी? यह तभी संभव है जब हमारा उपभोग के प्रति सम्यक् दृष्टिकोण होगा। नया उपभोक्तावाद एक प्रकार से नई हिंसा का उपक्रम है। हिंसा, प्रतिस्पर्धा, सत्ता की दौड़ एवं आर्थिक साम्राज्य को इससे नया क्रूर आकार मिला है। क्योंकि उपभोक्तावाद की अंधी दौड़ ने व्यक्ति को संग्रह, सुविधा, सुख, भोग-विलास एवं स्वार्थ से जोड़ दिया है। स्वार्थो के संघर्ष में अन्याय, शोषण एवं अनैतिकता होने लगी। आज की उपभोक्तावादी एवं सुविधावादी जीवन-धारा में जैसे-जैसे भोगवाद बढ़ता जारहा है, जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, प्रकृति दोहन, आतंकवाद, युद्ध, संघर्ष की स्थितियों बढ़ती जा रही है। समाज, राष्ट्र एवं विश्व में व्याप्त प्रदर्शन, दिखावा एवं फिजुलखर्ची पर नियंत्रण जरूरी है।

सरकार की ओर से उपभोक्ताओं को जागरूक किया जा रहा है, उनके हितों का संरक्षण भी किया जा रहा है, इसी की निष्पत्ति है 'जागो ग्राहक जागो' जैसे अभियान। उपभोक्ता अधिकारों पर काम करने वाली एनजीओ कट्स (सीयूटीएस) इंटरनेशनल ने समय-समय पर सर्वे के माध्यम से पता लगाया है कि कितने उपभोक्ता ठगे जाते है और कितने उपभोक्ता अपने अधिकारों के प्रति सचेत है। उपभोक्ता मंत्रालय के व्यापक जागरूकता अभियान के बावजूद गलत उत्पाद बेचकर मुनाफा कमाने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। ऐसी ठगी के शिकार 90 प्रतिशत लोगों ने तो कभी शिकायत ही नहीं की है। चार से पांच प्रतिशत उपभोक्ता ही कंपनी या उत्पाद निर्माता के पास अपनी शिकायत दर्ज कराते हैं। हालांकि हाल के वर्षों में आनलाइन खरीद और साइबर क्राइम में वृद्धि के चलते लोगों में अपने आप जागरूकता बढ़ रही है। शहरी क्षेत्र के लोग कुछ ज्यादा जागरूक हुए हैं, जबकि गांवों के लोग अभी भी अनजान हैं। गांवों के लोग यह भी नहीं जानते कि खरीदारी से पहले आईएसआई, आईएसओ एवं एगमार्क जैसे गुणवत्ता प्रमाणन की छानबीन करनी चाहिए। इंटरनेशनल कंज्यूमर पालिसी एक्सपर्ट प्रो. बीजान मिश्रा का कहना है कि अगर किसी से प्रेरित होकर कोई व्यक्ति उचित फोरम में चला भी गया तो गारंटी नहीं कि उसे समाधान मिल ही जाए। शिकायत दर्ज कराने वाले केवल 18 से 20 प्रतिशत उपभोक्ताओं को ही संतोषजनक समाधान मिलता है। बाकी को या तो समाधान नहीं मिला या कार्रवाई से संतुष्टि नहीं मिली। हालांकि सुखद संकेत है कि कई मामलों में त्वरित समाधान मिलने से उपभोक्ता निवारण तंत्र पर भरोसा धीरे-धीरे बढ़ रहा है। ई-प्लेटफार्म पर भरोसा नहीं होने पर भी खरीदारी बढ़ रही है। एक सर्वे में बात आई है कि शहरों में 56 प्रतिशत उपभोक्ता आनलाइन खरीद करने लगे हैं।

## केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय का शिक्षा के स्तर में सुधार की दिशा में बड़ा कदम

वैश्विक स्तरपर न केवल मानवीय जीव के लिए शिक्षा ग्रहण करना उसकी सफ़लता की कुंजी है बल्कि उसने संपूर्ण राष्ट्र के लिए भी विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है ऐसा माना जाएगा जैसे भारत को विज़न 2047 में हर व्यक्ति के शिक्षित होने से इस विज़न को एक महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा इसलिए ही केंद्र व राज्य सरकारें शिक्षा पर दो जोर दे रही है गुणवत्ता शिक्षा के लिए अनेक रणनीतियां बनाई जा रही है, इसी दिशा में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए शनिवार दिनांक 21 दिसंबर 2024 को भारत के ग़जट में 16 दिसंबर 2024 की आधिसूचना को प्रकाशित किया है, जिसमें अब नो डिटेंशन पॉलिसी को समाप्त कर दिया गया है, जिसमें अब 5 वीं व 8 वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा में फेल होने वाले विद्यार्थीयों को अब पास नहीं किया जाएगा। हालांकि दो माह के अंदर दूसरी परीक्षा ली जाएगी,परंतु अगर उसमें भी वह फेल हो जाता है तो उसे उसी कक्ष में रोक दिया जाएगा परंतु निष्कासित नहीं किया जा सकता। हालांकि 2019 में शिक्षा का अधिकार अधिनियम में संशोधन के बाद 16 राज्यों ने पहले से ही फेल नहीं करने की नीति को समाप्त कर दिया था, क्योंकि शिक्षा यह राज्य का विषय है परंतु अब केंद्र सरकार ने भी अधिसूचना जारी कर फेल को फेल ही रहने देने की अधिसूचना जारी कर दी है।चूँकि बच्चों की गुणवत्ता शिक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में बड़ी पहल है शिक्षक वह अभिभावक पढ़ाई में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन करेंगे, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय का शिक्षा के स्तर में सुधारो की दिशा में बड़ा कदम, अब 5 वी से 8 वीं की वार्षिक परीक्षा में फेल विद्यार्थी फेल ही रहेंगे। साथियों बात अगर हम शनिवार दिनांक 21 दिसंबर 2024 को जारी केंद्रीय ग़जट में अधिसूचना की करें तो,अब पांचवीं और आठवीं क्लास की परीक्षा में फेल होनेवाले विद्यार्थियों को अगली कक्षा में प्रमोट नहीं किया जाएगा। सरकार ने निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 में संशोधन किया है। सरकार ने नो डिटेंशन पॉलिसी खत्म कर दी है।केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने आज, 21 दिसंबर 2024 को बड़ा फैसला करते हुए नो डिटेंशन पॉलिसी को खत्म कर दिया। अब कक्षा 5 वीं और 8 वीं की वार्षिक परीक्षा में फेल होने वाले छात्रों



किशन भावनानी

को पास नहीं किया जाएगा। पहले फेल होने वाले छात्रों को पास कर अगली कक्षा में प्रमोट कर दिया जाता था, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। फेल होने वाले छात्रों को दो महीने के अंदर दोबारा परीक्षा देने का मौका मिलेगा। अगर कोई छात्र दोबारा फेल होता है तो उसे प्रमोट नहीं किया जाएगा। जारी अधिसूचना में कहा गया है कि बच्चे को रोके रखने के दौरान शिक्षक बच्चे के साथ-साथ यदि आवश्यक हो तो अभिभावक का भी मार्गदर्शन करेंगे। वहीं केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि प्रारंभिक शिक्षा पूरी होने तक किसी भी बच्चे को किसी भी स्कूल से नहीं निकाला जाएगा।शिक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार यह नियम केंद्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों और सैनिक स्कूलों सहित केंद्र सरकार द्वारा संचालित 3 हज़ार से अधिक स्कूलों पर लागू होगा। वहीं मंत्रालय के मुताबिक स्कूली शिक्षा राज्य का विषय है, इसलिए राज्य इस संबंध में अपना निर्णय ले सकते हैं.पहले ही 16 राज्यों और दिल्ली सहित 2 केंद्र शासित प्रदेशों ने इन दो कक्षाओं के लिए नो-डिटेंशन पॉलिसी को पहले ही खत्म कर दिया है।

साथियों बात अगर हम अधिसूचना को समझने की करें तो, एक गजट अधिसूचना के अनुसार, नियमित परीक्षा के आयोजन के बाद, यदि कोई बच्चा समय-समय परअधिसूचित पदोन्नति मानदंडों को पूरा करने में विफल रहता है, तो उसे दो महीने की अवधि के भीतर अतिरिक्त निर्देश और पुनः परीक्षा का अवसर दिया जाएगा अधिसूचना में कहा गया है, यदि पुनप्परीक्षा में बैठने वाला बच्चा फिर से पदोन्नति के मानदंडों को पूरा करने में विफल रहता है, तो उसे पांचवीं कक्षा या आठवीं कक्षा में रोक दिया जाएगा, जैसा भी मामला हो। बच्चे को रोके रखने के दौरान, कक्षा शिक्षक बच्चे के साथ-साथ यदि आवश्यक हो तो बच्चे के माता-पिता का मार्गदर्शन करेगा और मूल्यांकन के विभिन्न चरणों में सीखने के अंतराल की पहचान करने के बाद विशेष जानकारी प्रदान करेगा हालांकि, सरकार ने स्पष्ट किया है कि प्रारंभिक शिक्षा पूरी होने तक किसी भी बच्चे को किसी भी स्कूल से नहीं निकाला जाएगा।

# राज की जन्मशशती

**राजकूपर की इच्छा संगीतकार बनने की थी। थोड़े दिनों तक वह संगीत भी सीखते रहे है। वह लतामंगेशकर की प्रतिभा का कोई विकल्प नहीं मानते थे। एक बार लता ने नाराज हो उनके फिल्म में गाना गाने के लिये मनाकर दिया था। राज मना रहे थे नहीं मान रही थी। तब राज ने कह तब हम आपके घर के सामने तम्बू लगा कर बैठेगे जब तक आप हॅं नहीं कर देगी। लता के राज की फिल्म को लिये गाने के लिये तैयार होना पड़ा।**

फिल्म अभिनेता निर्माता निदेशक राजकूपर का जन्म पेशावर में 14 दिसम्बर 1924 को हुआ था। फिल्मी दुनियां के महान शो मैन कहे जाते है। 70 से ज्यादा फिल्मों में अपने अभिनय का कौशल दिखाया है। वह कौम्डी और ट्रेन्डी दोनो में महिर थे। एक दर्जन से ज्यादा फिल्मों में अभिनय किया था। निर्माता की हैसियत से किसी भी फिल्म का सेट आकर्षक बनाने के लिये पैसा पानी की तरह बहाते थे। अपने हर इवेन्ट को अदभुत बनाने के लिये वे मशहूर थे। उनके यहां का होली का आयोजन अद्भुत होता था जिसे पुराने लोग आज भी याद करते है। पिता पृथ्वीराज कपूर स्वयम् उस समय के बड़े ऐक्टर थे। वह कसरती नौजवान थे। उनका घर गायक कुन्दनलाल सहगल के सामने था। वह सवेरे जब कसरत करते थे उसे देख कर पियक्कड़ सहगल अपनी बाड़ी को चमकाने के लिये कसरत करते थे। राजकूपर को बचपन का नाम रणबीर कपूर था। उनके बैक एकाउन्ट इसी नाम से था।



एस.एन.वर्मा

राजकपूर का मन पढ़ने में नहीं लगता था। एक्टिंग का शौक उन्हें बचपन से ही था और वह शरारती भी थे। उन्हें शरारत की सज़ा देने के लिये एक कमरे कर दिया जाता था। वह वहां ऐक्टिंग करते रहते थे। पृथ्वीराज कपूर ने पुत्र का रूझान फिल्म की ओर देख उसे उस समय के मशहूर निर्माता निर्देश केदार शर्मा के हवाले कर दिया तब राजकपूर 11 वर्ष के थे। उसे अपनी तरह अनुशासन प्रिय और मेहनती बनना चाहते थे। इसलिये क्लैपर व्याय बनवा दिया। केदार शर्मा के हिदायत दी थी कि और क्लैपर व्याव की तरह का व्योहर राज साथ भी किया जाय। पृथ्वीराज खाने का बक्सा घर से लाते थे राज को अलग से लन्च बक्स दिलवाते थे। अपने साथ बैठाकर कभी नहीं खिलाते थे राज क्लैपर बौय साथ ही खाते थे। एक बार राज की सुस्ती पर केदार शर्मा ने उन्हें चांटा भी जड़ दिया था। बचपन की मेहनत ने राज फिल्म की हर विद्या को सीढ़ी दर सीख ले उसी का नतीजा था कि राज बहुमुखी प्रतिभा के धनी कलाकार बने। राज को नीद गद्दे पर नहीं आती थी। वह जमीन पर चादर बिछा कर सोते थे। एक बार लन्दन के एक होटल में उन्हें इसके लिये जुर्माना भरना पड़ा था।



राजकपूर बहुत बड़े यारबाज थे। उस समय राजकपूर, दिलीप कुमार और देवानन्द की तिकड़ी फिल्मी दुनियां में राज करती थी। राज इस दोस्ती को बनाये रखने के लिये बड़ी भूमिका निभाते रहते थे। देवानन्द दिल फेक नौजवान के रूप में दिलीप कुमार टेऊन्डी किंग के रूप में और राजकपूर भोले भाले हिन्दुस्तानी हसोड़ के रूप में अपने अभिनय से लोगो को दिवाना बना रक्खा था। राजकपूर की शादी पहले ही हो चुकी थी। दिलीप कुमार की शादी सबसे देर में हुई थी। दिलीप की शादी में बारात में न सिर्फ खुद नाचे बल्कि अपने पापा पृथ्वीराज को और देवानन्द को भी आगे बढ़ कर नचाया था। राजकूपर को प्रतिभा पहचानने की गजब की प्रतिभा थी। एक कवि सम्मेलन में उन्होंने शैलेन्द्र को सुना था। राज को लगा उनकी फिल्म आग के लिये ऐसे ही गीतकार की जरूरत है। उन्होंने शैलेन्द्र को गीत लिखने का आफर दिया। शैलेन्द्र ने कहा मै रचनायें बेचता नहीं हूॅं। पर आर्थिक संकटों में घिर वह राज के पास पहुचो आगे की कहानी शैलेन्द्र और हसरत जैपुरी की जोड़ी राज के फिल्मों के गीतकार रह कर धूमें मचायी। शैलेन्द्र ने पहली बार गीत राज की फिल्म बरसात के लिये लिखे थे। जिसके गीत आज भी सुने जाते है। इसी तरह शंकर और जयकिशन की प्रतिभा पहचानने में उन्हें देर नहीं हुई कितने दिनो तक यह जोड़ी राज के फिल्मों कर हिस्सा बन राज किया सभी जानते है। राजकूपर की इच्छा संगीतकार बनने की थी। थोड़े दिनों तक वह संगीत भी सीखते रहे है। वह लतामंगेशकर की प्रतिभा का कोई विकल्प नहीं मानते थे। एक बार लता ने नाराज हो उनके फिल्म में गाना गाने के लिये मनाकर दिया था। राज मना रहे थे नहीं मान रही थी। तब राज ने कह तब हम आपके घर के सामने तम्बू लगा कर बैठेगे जब तक आप हॅं नहीं कर देगी। लता के राज की फिल्म को लिये गाने के लिये तैयार होना पड़ा।

राजकपूर यू तो सभी से बड़े दोस्ताना भाव से मिलते थे पर काम के समय बहुत सख्त हो जाते थे। काम के समय स्टूडियों में किसी को घड़ी पहन कर नहीं आने देते थे। काम के समय खिड़कियों पर काला पर्दा डलवा देते थे जिससे लोगों को समय का अन्दाजा नहीं लगे। खाने पीने के स्वयम् भी शौकीन थे कर्मियों और दास्तों के भी खाने का ख्याल रखते थे कि उन्हें क्या पसन्द है। राजकपूर को अपने जीवन में असफलताओं का भी सामना करना पड़ा जिसमें मेरा नाम जोकर फिल्म की असफलता ने उनकी नीव हिला दी। पर हिम्मत नही हारी फिल्म बाबी बनायी जिसकी सफलता ने सारे रिकार्ड तोड़ डाले उन्हें भारी मुनाफा हुआ। अपनी नीव तो संभाली ही अतिरिक्त मुनाफा भी कमाया। लोगो ने उनसे मेरा नाम जोकर की असफलता और बाबी की सफलता का वजह पूछी तो उनका जवाब था हमें खुद नहीं मालुम मेरा नाम जोकर दर्शकों को पसन्द नहीं आयी और बाबी क्यों लोगों को पसन्द आयी। हृषी दा ने राजेश खन्ना और अभिताभ बच्चन को चुना कई नये चेहरे देखने के बाद आनन्द फिल्म आज भी याद की जाती है। उनका नाम उनके साथ काम करने वाली कई नायिकाओं के साथ जोड़ा जाता है। मधुबाला नर्गिस, वैजन्ती माला के साथ उनका नाम विशेष रूप से जोड़ा जाता है। राज और नर्गिस का प्यार बहुत गहरा था। राजकपूर के प्रोडक्शन का जो प्रतीक चिन्ह था वह उन्ही की फिल्म बरसात का एक पोज था। जिसमें नरगिस उनकी बाह पर छुकी हुई है और राज एक हाथ में बायलिन लिये दूसरे हाथ पर नरगिस को लिये हुये थे। जब नरगिस की शादी सुनील दत्त से हुई तो उनके प्रोडक्शन का प्रतीक चिन्ह बदल दिया गया। पोज वही था नरगिस और उनका चेहरा हट गया था। पर उन्हीं चेहरो से मिलता जुलता अस्पष्ट प्रतीक चिन्ह था। राजकपूर की प्रतिमा के प्रति सम्मान प्रकट करने के लिये कई पुरस्कारों से नवाजा गया है। फिल्म फेयर अभिनेता का पुरस्कार दो बार, फिल्मफेयर सर्वश्रेष्ठ निर्देशक पुरस्कार चार बार फिल्म फेयर सर्वोत्तम सम्पादक पुरस्कार तीन बार मिला है। भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार तीन बार दिया गया है। उनकी फिल्म आवारा और बूट पालिश पोलिश कान्ह फिल्म के लिय नामांकित हुई। फिल्म जागते रहो को कार्लोवी अन्तराष्ट्रीय फिल्म समारोह में क्रिस्टल गलोबल अवार्ड प्रदान किया गया। राष्ट्रपति का पद्माभूषण सम्मान से आलंकृत हुये है। फिल्म उद्योग का सर्वोच्च सम्मान दादा साहब फाल्के भी उन्हों मिला है। फाल्के सम्मान के समय उनको भीषण दमा का दौरा पड़ा वह इतने आशक्त हो गये कि कुर्सी से उठा नहीं पा रहे थे। राष्ट्रपति वेकट रमन ने अपनी कुर्सी से उतर कर उनके पास जाकर उन्हें सम्मानित किया। सम्मान पाने के एक माह बाद यानी 2 जून 1988 को भगवान ने उन्हें मौत से नवाज दिया। सब से उनकी कहानी कही जा रही सुनी जा रही है।

**दृग देख जहां तक पाते है तम का सागर लहराता है**
**फिर भी उस पार खड़ा कोई, हम सबको खीच बुलाता है**
**मै आज चला तुम आओगे कल, परसो सबसगी साथी**
**दुनियां रोती धोती रहती, जिसको जाना है जाता है।**
**आये है जो जायेगे राजा रंक फकीर**

# लोकतांत्रिक एवं मानवतावादी मूल्यों की प्रतिमूर्ति थे अटल जी

**अटल बिहारी वाजपेयी का व्यक्तित्व बहुत ही मिलनसार था। 1975 में इंदिरा गांधी द्वारा आपातकाल लगाने का अटल बिहारी वाजपेयी ने खुलकर विरोध किया था। 1977 के लोकसभा चुनाव के बाद देश में पहली बार गैर कांग्रेसी सरकार मोरारजी देसाई के नेतृत्व में जनता पार्टी की सरकार बनी, जिसमें अटल जी को विदेश मंत्री बनाया गया। बतौर विदेश मंत्री उन्होंने पूरे विश्व में भारत की छवि बनाई। विदेश मंत्री के रूप में संयुक्त राष्ट्र में हिंदी में भाषण देने वाले देश के पहले वक्ता बने।**

भारत रत्न से सुशोभित पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी लोकतांत्रिक एवं मानवतावादी मूल्यों की प्रतिमूर्ति थे। उनके आदर्शों से सिंचित एक पूरी पीढ़ी है, जिसमें उन्हीं की तरह राष्ट्र प्रथम का जज्बा है। अटल जी के त्याग, तप, सिद्धांतों एवं दृढ़ संकल्पों से निर्मित मार्ग पर चल कर यह पीढ़ी राष्ट्र में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के नवीन आयाम स्थापित कर रही है। यह मेरा सौभाग्य है कि अटल जी का सान्निध्य एवं निकटता से मार्गदर्शन प्राप्त कर उसका अनुसरण करने वाली इस पीढ़ी का एक सदस्य मैं भी हूं। मां भारती के लाल अटल जी विराट व्यक्तित्व के धनी थे। उनके व्यक्तित्व में अनगिनत आयाम थे।



रोहित माहेश्वरी

व्यक्तिगत जीवन में ईमानदारी, व्यवहार में शालीनता, स्वभाव में सादगी और सौम्यता का संगम यदि कहीं एक ही व्यक्ति में खोजना हो, तो वह 'भारत रत्न' अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व में मिलता है। राजनीति में शुचिता, सरकार में सुशासन और संसद में सर्वमान्य सांसद के साथ ही संवेदनशील साहित्यकार, महान राष्ट्रभक्त और अजातशत्रु पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' अटल बिहारी वाजपेयी जी का व्यक्तित्व हिमालय के समान विराट था। अटल जी ने देश के लोगों के जीवन में अपने विचारों का जो प्रभाव डाला, वह सदा-सर्वदा स्मरणीय बना रहेगा। भारत की राजनीति में मूल्यों और आदर्शों को स्थापित करने वाले राजनेता और प्रधानमंत्री के रूप में किये कार्यों की बदौलत ही अटल बिहारी वाजपेयी को भारत के विकास का दूरद्रष्टा कहा गया है। बात चाहे समर्थकों में समर्पण भाव पैदा करने का हो, चाहे विरोधियों का दिल जीतने की, बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी अटल बिहारी वाजपेयी दोनों में अव्वल थे। उनका सार्वजनिक जीवन बहुत ही बेदाग और साफ सुथरा था। इसी छवि और साफ सुथरे सार्वजनिक जीवन की वजह से अटल बिहारी वाजपेयी जी का हर कोई सम्मान करता था। तभी तो उनके विरोधी भी उनके प्रशंसक थे। अटल जी के लिए राष्ट्रहित सदा सर्वोपरि रहा। अटल बिहारी वाजपेयी जी जब भी संसद में अपनी बात रखते थे, तो उनके विरोधी भी उनकी तर्कपूर्ण वाणी के आगे कुछ नहीं बोल पाता थे। वहीं एक कवि के रूप में अपनी कविताओं के जरिए अटल जी हमेशा सामाजिक बुराइयों पर प्रहार करते रहे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक से लेकर प्रधानमंत्री तक का सफर तय करने वाले 'युग पुरुष' अटल बिहारी वाजपेयी जी का जन्म ग्वालियर में बड़े दिन के अवसर पर 25 दिसम्बर 1924 को हुआ था। अटल बिहारी वाजपेयी जी की बीए की शिक्षा ग्वालियर के वर्तमान में लक्ष्मीबाई कालेज के नाम से जाने वाले विक्टोरिया कालेज में हुई। ग्वालियर के विक्टोरिया कालेज से स्नातक करने के बाद अटल बिहारी वाजपेयी ने कानपुर के डीएवी महाविद्यालय से कला में स्नातकोत्तर उपाधि भी प्रथम श्रेणी में प्राप्त की। एक प्रखर वक्ता और कवि के गुण उन्हें उनके पिता से मिले। छात्र जीवन से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक बने। अटल बिहारी वाजपेयी जी भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य थे और उन्होंने लंबे समय तक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जैसे प्रखर राष्ट्रवादी नेताओं के साथ काम किया।



अटल बिहारी वाजपेयी सन् 1968 से 1973 तक भारतीय जनसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे। 1957 के लोकसभा चुनावों में पहली बार उत्तर प्रदेश की बलरामपुर लोकसभा सीट से जनसंघ के प्रत्याशी के रूप में विजयी होकर लोकसभा में पहुंचे। 1957 से 1977 तक जनसंघ संसदीय दल के नेता रहे अटल बिहारी वाजपेयी ने अपने ओजस्वी भाषणों से प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू तक को प्रभावित किया। अटल बिहारी वाजपेयी का व्यक्तित्व बहुत ही मिलनसार था। 1975 में इंदिरा गांधी द्वारा आपातकाल लगाने का अटल बिहारी वाजपेयी ने खुलकर विरोध किया था। 1977 के लोकसभा चुनाव के बाद देश में पहली बार गैर कांग्रेसी सरकार मोरारजी देसाई के नेतृत्व में जनता पार्टी की सरकार बनी, जिसमें अटल जी को विदेश मंत्री बनाया गया। बतौर विदेश मंत्री उन्होंने पूरे विश्व में भारत की छवि बनाई। विदेश मंत्री के रूप में संयुक्त राष्ट्र में हिंदी में भाषण देने वाले देश के पहले वक्ता बने।

1980 में जनता पार्टी के टूट जाने के बाद अटल बिहारी वाजपेयी ने अपने सहयोगी नेताओं के साथ भारतीय जनता पार्टी की स्थापना की और वे पार्टी के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष बने। 1996 के लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी सबसे बड़े दल के रूप में उभरी, तो अटलजी सर्वसम्मति से संसदीय दल का नेता चुने जाने के बाद अटलजी देश के प्रधानमंत्री बने। 1998 में भाजपा फिर दूसरी बार सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी और अटल बिहारी वाजपेयी दूसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने, लेकिन 13 महीने तक ही यह सरकार चल सकी। इस 13 महीने के छोटे से कार्यकाल में ही अटल बिहारी वाजपेयी ने प्रधानमंत्री रहते हुए दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय दिया और पोखरण में परमाणु परीक्षण कर सम्पूर्ण विश्व को भारत की ताकत का एहसास कराया। अमेरिका और यूरोपीय संघ समेत कई देशों ने भारत पर कई तरह के प्रतिबंध लगा दिए। उसके बावजूद भारत अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में हर तरह की चुनौतियों से सफलतापूर्वक निबटने में सफल रहा। कारगिल युद्ध में जीत के बाद हुए 1999 के लोकसभा चुनाव में भाजपा फिर अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी और उनके नेतृत्व में 13 दलों से गठबंधन करके राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के रूप में सरकार बनायी। अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने अपना पूरा पांच साल का कार्यकाल पूर्ण किया। इस कार्यकाल में देश के अन्दर प्रगति के अनेक आयाम छुए। अटलजी की सरकार ने भारत के चारों कोनों को सड़क मार्ग से जोड़ने के लिए स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना की शुरुआत की और दिल्ली, कलकत्ता, चेन्नई व मुम्बई को राजमार्ग से जोड़ा गया। अटल जी के हाथों से 21वीं सदी के जिस उदीयमान भारत की नींव रखी गई थी, आज हम गर्व के साथ कह सकते हैं कि उसी नींव पर हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आत्मनिर्भर भारत की सशक्त इमारत बना रहे हैं। अटल जी सही मायनों में भविष्यदृष्टा थे। भारत के प्रधानमंत्री रहते हुए उनके द्वारा उठाए गए प्रत्येक कदम में भविष्य के भारत की नींव का पत्थर छिपा था।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

# नेहरू को मुसलमानों की चिंता थी : सीएम योगी

## सीएम योगी का कांग्रेस पर हमला, बोले- दलितों-वंचितों की नहीं

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान कांग्रेस और अन्य पार्टियों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की फितरत हमेशा आंबेडकर विरोधी रही है। ये समाज को विभाजित करने के लिए राजनीति करना चाहते हैं। सीएम ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास दलितों को वंचित रखना रहा है। तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू नहीं चाहते थे कि बाबा साहेब संविधान समिति का हिस्सा बनें। यूपीए सरकार में बाबा साहेब के चित्र को नेहरू द्वारा कोड़े मारते दिखाया गया था। इसके लिए तत्कालीन मानव संसाधन मंत्री कपिल सिब्बल को माफ़ी मांगनी पड़ी थी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहेब को चुनाव हराया था। कांग्रेस नहीं चाहती थी कि बाबा साहेब लोकसभा में जाएं। कांग्रेस ने कभी भी बाबा साहेब के परिनिर्वाण के बाद स्मारक नहीं बनने दिया। बाबा साहेब ने इस्तीफा देते समय कांग्रेस पर आरोप लगाया था कि कांग्रेस और नेहरू को वंचितों-दलितों की नहीं, मुसलमान की चिंता है। वंचितों और दलितों के लिए आंदोलन को आगे बढ़ाने वाले बाबा साहेब को लोकसभा की किसी समिति का सदस्य नहीं बनाया गया। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के आंदोलन, संविधान निर्माण और स्वतंत्र भारत में बाबा

- **कांग्रेस ने कभी भी बाबा साहेब के परिनिर्वाण के बाद स्मारक नहीं बनने दिया**

साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर का बड़ा योगदान था। वह भारत माता के महान सपूत थे। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में तमाम प्रकार के सामाजिक बंधनों का सामना करते हुए उच्च शिक्षा अर्जित की। उन्होंने अर्थव्यवस्था और कानून के क्षेत्र में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ डिग्री अर्जित की। उन्होंने भारत को अपने उस ज्ञान से आलोकित करने में अपनी पूरी ताकत लगाई।

सीएम ने कहा कि यूपीए सरकार के प्रधानमंत्री ने भी कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार मुसलमान का है। सीएम ने पूछा कि क्या वंचित-दलित का नहीं है? कांग्रेस जैसा इतिहास ही समाजवादी पार्टी का है। कन्नौज में बाबा साहब आंबेडकर के नाम पर बने कॉलेज से उनका नाम हटा दिया गया। सहारनपुर मेडिकल कॉलेज से नाम हटा दिया गया। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह के आधे-अधूरे बयान को पेश कर राजनीति की जा रही है। कांग्रेस और सपा ने गफलत पैदा करने का प्रयास किया है। सपा सरकार के समय सुपर सीएम ने बाबा साहेब पर क्या कहा था, यह किसी से छिपा नहीं है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी बताएं कि क्या संसद में बीजेपी सांसद पर हमला संवैधानिक माना जाएगा। कांग्रेस और सपा को देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। इनके कृत्य सफल नहीं होंगे। जनता उन्हें बार-बार खारिज कर चुकी है, आगे भी खारिज करेगी। हम सब जानते हैं कि देश की आजादी के आंदोलन और संविधान निर्माण ने बाबा साहेब का बड़ा योगदान था। सीएम ने कहा कि भारत के संविधान शिल्पी के रूप में भारतवासी बाबा साहेब का सम्मान करते हैं। बाबा साहेब के सपनों का भारत बनाने के लिए बीजेपी ने ईमानदारी से काम किया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अटल जी की सरकार हो या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलने वाली भाजपा सरकार, सभी ने बाबा साहेब को सम्मान देकर उनके प्रति श्रद्धा और सम्मान का भाव रखा। बाबा साहेब से जुड़े स्थलों को पंच तीर्थ बनाया। उनकी स्मृति को सदैव के लिए जीवंत बनाया है। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलने वाली एनडीए सरकार में दलित और वंचित सरकार की योजना का हिस्सा बना है।

डबल इंजन सरकार की शौचालय, पीएम आवास, निःशुल्क राशन, आयुष्मान योजना सहित अन्य सभी योजनाओं से दलित वर्ग को लाभ मिल रहा है। हमारी सरकार बाबा साहेब से प्रेरणा लेकर उनके मूल्य व आदर्श से समर्पित होकर काम कर रही है। वहीं कांग्रेस का इतिहास-दलित और वंचित को उनके अधिकार से वंचित करने का रहा है।

# लखनऊ में बूंदाबांदी से बढ़ी ठंड घना कोहरा छाने की संभावना

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** लखनऊ में सोमवार देर रात से शुरू हुई बूंदाबांदी ने मौसम का मिजाज बदल दिया है। सोमवार को दिन में बादलों के चलते धूप प्रभावित रही, जिससे ठंडक का एहसास बढ़ गया। मंगलवार सुबह हल्की फुहारों और सर्द हवाओं के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में प्रदेश के विभिन्न जिलों में ठंड और कोहरे का असर बढ़ने की संभावना जताई है। मंगलवार को लखनऊ में दिनभर बादल छाए रहने के साथ बूंदाबांदी हो सकती है। अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस तक गिरने का अनुमान है, जबकि न्यूनतम तापमान में हल्की वृद्धि हो सकती है।

मौसम विभाग ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में हल्की बारिश और वज्रपात की संभावना जताई है। इनमें मेरठ, गाजियाबाद, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, और मुरादाबाद जैसे जिले शामिल हैं।

24 और 25 दिसंबर को प्रदेश के कई इलाकों में घना कोहरा छा सकता है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, देवरिया, और बलिया समेत पश्चिमी जिलों जैसे बरेली और बुलंदशहर में कोहरे का प्रभाव रहेगा। आगरा शहर में सोमवार को मौसम में बदलाव देखने को मिला। सुबह बादल छाए रहे और दोपहर में कुछ क्षेत्रों में बौछार पड़ीं। दिन में कुछ समय के लिए धूप जरूर निकली, लेकिन शीत लहर और बादलों की वजह से उसका असर कम रहा। गलन अधिक रही। शाम को एक बार फिर बौछार पड़ीं। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 27 व 28 दिसंबर को वर्षा हो सकती है।

मौसम विज्ञानी मो. दानिश ने बताया कि पाकिस्तान के ऊपर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से मौसम में बदलाव आया है। मंगलवार को यह कमजोर होगा, जिससे आंशिक बादल रहने के साथ हल्की बूंदाबांदी हो सकती है।

# दलित व पिछड़े वर्ग के अभियंता काली पट्टी बांधकर जताएगे विरोध

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर ऑफिसर्स एसोसिएशन की कोर कमेटी ने पूर्वांचल वह दक्षिणांचल के पीपीपी मॉडल के तहत निजीकरण किए जाने के फल स्वरुप उत्तर प्रदेश के 42 जनपदों में आरक्षण समाप्त किए जाने की साजिश के खिलाफ पूरे प्रदेश के दलित व पिछला वर्ग के अभियंता 1 जनवरी 2025 यानी साल के पहले दिन ही काली पट्टी बांधकर अपने नियमित कार्य को करेंगे इस दौरान प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं की उपभोक्ता सेवा में कोई भी गिरावट नहीं आने दी जाएगी।

उत्तर प्रदेश पावर ऑफिसर्स एसोसिएशन के कार्यवाहक अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा महासचिव अनिल कुमार सचिन आरपीकेन संगठन सचिव बिंदा प्रसाद एक प्रभाकर अजय कुमार विनय कुमार ट्रांसमिशन अध्यक्ष सुशील कुमार वर्मा बनवारी लाल ने कहा पावर

- **विद्युत उपभोक्ताओं की उपभोक्ता सेवा में कोई भी गिरावट नहीं**

कार्पोरेशन प्रबंधन ने संगठन के साथ वार्ता में यह असवाशासन दिया था कि जो भी मसौदा तैयार होकर एनर्जी टास्क फोर्स व नियामक आयोग को जाएगा सबसे पहले आप सभी संगठनों की उस पर राय ली जाएगी आप सभी की राय से ही मसौदे को आगे बढाया जाएगा लेकिन जिस प्रकार से मसौदे को अंतिम रूप दे दिया गया और किसी की भी राय नहीं ली गई इससे ऐसा सिद्ध होता है कि पावर कारपोरेशन ने पहले से ही तय कर लिया है उसे क्या करना है फिर इसमें आपसी सहमति की बात कहां से आती है बिजली विभाग के कार्मिकों का बिजली विभाग पर पहला हक है बिना उनके राय में मसशिवरा के इस प्रकार की निजीकरण की कार्यवाही पूरी तरह ऊर्जा क्षेत्र में औद्योगिक अशांति पैदा कर रहा है।

# बच्चों को अच्छे संस्कार घर-परिवार से दें : आभा

## 'वार्षिक समारोह' में बच्चों की बहुमुखी प्रतिभा देख गद्गद् हुए अभिभावक

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस द्वारा विद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित 'वार्षिक समारोह' में अपने नाचते-गाते बच्चों की बहुमुखी एवं बाल सुलभ प्रतिभा को देखकर अभिभावक गदगद हो गये। कार्यक्रम में भारी संख्या में उपस्थित अभिभावकों ने अपने नन्हें-मुन्हों की खूब हौसलाअफजाई की और बच्चों ने भी बड़े उत्साह से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इससे पहले मुख्य अतिथि सुश्री आभा काला, चीफ कमिश्नर, इनकम टैक्स, ने दीप प्रज्जवलित कर समारोह का विधिवत उद्घाटन किया।

इस अवसर पर अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि आभा काला ने कहा कि बच्चों को अच्छे संस्कार देने की शुरूआत घर-परिवार से करनी चाहिए। उन्होंने अभिभावकों का आह्वान किया कि बच्चों को नैतिकता एवं आध्यात्मिकता का वातावरण उपलब्ध कराकर आदर्श विश्व समाज की स्थापना का मार्ग प्रशस्त करें। समारोह की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि इस तरह के साँस्कृतिक एवं शैक्षिक समारोह छात्रों के विकास में बेहद उपयोगी है। सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने इस अवसर पर कहा कि सी.एम.एस. द्वारा ऐसे प्रयास किये जा रहे हैं जिससे प्रत्येक बालक को घर व विद्यालय दोनों जगह विश्व एकता एवं विश्व शान्ति के विचार मिल सके।

इससे पहले, समारोह का शुभारम्भ ईश वंदना एवं समूह गान से हुआ, जिसने सम्पूर्ण वातावरण में आध्यात्मिक आलोक बिखेरा तो वहीं दूसरी ओर छात्रों प्रस्तुत सर्व-धर्म प्रार्थना के माध्यम से ईश्वर की महिमा का गुणगान किया। इसके उपरान्त विद्यालय के छात्रों ने स्कूल बैण्ड, 'सिन्ड्रेला - द मैजिक बियोण्ड द ग्लास स्लिपर', द इटर्नल सागा ऑफशिवा - द आदियोगी, ग्लोबल ग्रूव्स, मिडले ऑफ मेलोडी एवं रिदमिक बीट आदि विभिन्न शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों की इन्द्रधनुषी छटा बिखेरकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर सी.एम.एस. छात्रों ने वर्ल्ड पार्लियामेन्ट की शानदार प्रस्तुति द्वारा पर्यावरणीय मुद्दों पर सभी का ध्यान आकर्षित किया।

सी.एम.एस. गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस की वरिष्ठ प्रधानाचार्या सुश्री मंजीत बत्रा ने इस अवसर पर कहा कि बच्चों को अच्छा और स्मार्ट बनाने का विद्यालय का लक्ष्य अभिभावकों के सहयोग से ही पूरा हो सकता है। सी.एम.एस. का प्रयास है कि भावी पीढ़ी अपने सामाजिक कर्तव्यों को पूरा करने हेतु सदैव तत्पर रहें। सी.एम.एस. गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस की प्रधानाचार्या श्रीमती संगीता बनर्जी ने विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में अभिभावकों के सहयोग की प्रशंसा करते हुए हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# वीर बाल दिवस कल लाखों छात्र लेंगे नशा मुक्त का संकल्प

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिक्खों के दसवें गुरु गोविंद सिंह जी के पूरे परिवार ने दिसंबर माह में देश और धर्म के लिए शहादत दी थी। आपके छोटे साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह,बाबा फतेह सिंह को इस्लाम धर्म कबूल ना करने पर उन्हें मुगल शासक सरहिंद के नवाब वजीर खान ने दीवार पर जिंदा चुनवा दिया था, उनके त्याग, बलिदान और देश प्रेम के अनूठे बलिदान स्वरूप की गई शहादत को प्रत्येक बच्चे को अवगत कराने के लिए वीर बाल दिवस 26 दिसंबर को मनाया जाता है। उपरोक्त बात सोसाइटी योग ज्योति इंडिया व बेसिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में लाल ब्रिगेड एक्शन ग्रुप सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के सहयोग से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रग फ्री उत्तर प्रदेश के संकल्प को साकार करने हेतु 26 दिसंबर को भव्य रूप में मनाये

- **सरहिंद के नवाब वजीर खान ने दीवार पर जिंदा चुनवा दिया था**

जा रहे वीर बाल दिवस के अवसर पर नशा मुक्त संकल्प कुंभ हेतु लखनऊ में आयोजित तैयारी सभा में योग गुरू ज्योति बाबा ने कही। ज्योति बाबा ने जोर देकर कहा कि भारत की गौरवमयी संस्कृति व परंपरा का निर्वहन करने वाले प्रेरक, उत्कृष्ट किरदारों को हमारी किताबों से एक बड़ी साजिश के तहत गायब कर दिया गया। प्रमुख संयोजक डॉ प्रवीण ने बताया कि विश्व में पहली बार गुरु गोविंद सिंह जी के दोनों छोटे साहिबजादों की शहादत को अविस्मरणीय एवं अनुकरणीय बनाने के लिए एक करोड़ 70 लाख उत्तर प्रदेश के परिषदीय स्कूलों के छात्र-छात्राएं अपने स्कूल में एक साथ प्रार्थना के बाद नशा मुक्त संकल्प कुंभ लेकर एक महारिकॉर्ड बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के सहयोग से बनाएंगे।

# प्रदेश की बिजली कंपनियों ने अप्रैल व मार्च के बीच इक्विटी 6500 करोड़

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर उपभोक्ता परिषद एक बहुत गंभीर खुलासा करने जा रहा है 1959 में बने राज्य विद्युत परिषद से ताल्लुक रखने वाली बिजली कंपनियां दक्षिणांचल व पूर्वांचल जिस पर निजीकरण का संकट वर्तमान में चल रहा है और उसके अस्तित्व पर बडा खतरा है उपभोक्ता परिषद आज जो खुलासा करने जा रहा है उस पर सरकार व पावर कारपोरेशन को सोचने पर मजबूर होना पडेगा ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार ने मार्च 2024 में देश की सभी बिजली कंपनियों की 12 वी वार्षिक परफॉर्मेंस रिपोर्ट जारी की थी उसमें कई वित्तीय पैरामीटर का खुलासा किया था सबसे ज्यादा जो महत्वपूर्ण वित्तीय पैरामीटर है कि बिजली कंपनियों की आर्थिक स्थिति के चलते

- **पीपीपी मॉडल में एनर्जी टास्क फोर्स में दर्ज की गई निगेटिव ड्यूटी जो बडे जांच का मामला**

कर्ज लेना पड रहा है लेकिन यह जानकार आश्चर्य होगा की अप्रैल 2022 से मार्च 2023 के बीच देश की पांच बिजली कंपनियां जो चिन्हित की गई जिन्होंने अपने कर्ज को 1000 करोड रुपए से अधिक कम किया उसमें दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम व पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम सहित केरला स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी एवं मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी शामिल है जब लगातार कर्ज कम कर रहे हैं तो इसका मतलब आने वाले समय में व्यापक सुधार होना है। फिर ऐसे में इन दोनों बिजली कंपनियों का निजीकरण क्यों?

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा प्रदेश की बिजली कंपनियां में सुधार की भारी गुंजाइश है निजीकरण करने की कोई आवश्यकता नहीं है केवल पारदर्शी नीति बनाकर सुधार की योजना को आगे बढाने की जरूरत है एक और सबसे बडा चौंकाने वाला मामला है कि उत्तर प्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य बन गया है जहां की बिजली कंपनियां ने अप्रैल 2022 से मार्च 2023 तक सबसे अधिक इक्विटी रुपया 6500 करोड प्राप्त किया जो एक बहुत अच्छी वित्तीय पैरामीटर की शुरुआत है लेकिन सबसे कष्ट की बात यह है कि पीपीपी मॉडल में एनर्जी टास्क फोर्स में जो मसौदा अनुमोदित किया गया उसमें अनुमोदित गया की नेगेटिव इक्विटी वैल्यूएशन है जो अपने आप में गंभीर मामला है और बडे जांच का विषय भी है।

# अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मना क्रिसमस



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सेंट जोसेफ स्कूल (बजाज ग्रुप) की ठाकुरगंज शाखा में क्रिसमस अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गयी जिसमें बच्चो ने गीत गाये, नृत्य किया एवं लघु नाटिका प्रस्तुत की। चित्र कला आदि विभिन्न क्रिया कलाप भी आयोजित किये गये।रंग बिरंगे परिधानो से सजे बच्चे बहुत ही आकर्षक एवं मनमोहक लग रहे थे।

इस अवसर पर विद्यालय की संस्थापिका श्रीमती पुष्पलता अग्रवाल, प्रबन्ध निदेशिका श्रीमती सीमा अग्रवाल एवं प्रबन्ध निदेशक श्री राजेश अग्रवाल जी ने बच्चों को क्रिसमस की बधाई दी एवम् उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उनकी भूरि भूरि प्रशंसा की।

# श्रद्धालुओं को व्यवस्थित सुगम और सुरक्षित यात्रा उपलब्ध करायेगा परिवहन विभाग

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने कहा कि महाकुम्भ-2025 में लगभग 48 करोड़ श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। ऐसे में परिवहन विभाग की जिम्मेदारी बहुत व्यापक हो गयी है। महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधाजनक, सुगम एवं सुव्यवस्थित यात्रा मुहैया कराने के लिए विभाग निरन्तर कार्य कर रहा है। उन्हांने महाकुम्भ-2025 में परिवहन विभाग की मेला क्षेत्र में प्रदर्शनी/स्टॉल लगाये जाने के संबंध में विभागीय स्टॉल ले-आउट, स्टाल गेट, एलईडी स्क्रीन, सिमुलेटर (हल्के एवं भारी वाहनों के लिए अलग-अलग), पम्पलेट बनवाने/स्थापित कराने के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया है। परिवहन मंत्री ने सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के माध्यम से परिवहन विभाग की

- **प्रत्येक जनपद में एक अस्थाई बस अड्डे का निर्माण किया जाए: दयाशंकर सिंह**

प्रदर्शनी/स्टाल लगाये जाने के संबंध में सम्पर्क स्थापित कर कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है, जिससे कि महाकुम्भ में आने वाले लोगां को परिवहन विभाग की सूचना आसानी से उपलब्ध हो। उन्होंने सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्कूल एवं संस्थाओं से सम्पर्क कर नुक्कड़ नाटक एवं अन्य सड़क सुरक्षा कार्यक्रम कराने हेतु निर्देश दिये। महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं को विभाग की ओर से पाकेट कैलेण्डर वितरित कराने, सड़क सुरक्षा से संबंधित आडियो एवं वीडियो सार्टफिल्म बनाकर प्रदर्शित कराने एवं आडियो जिंगल सुनाये जाने हेतु व्यवस्था करने के भी निर्देश दिये। महाकुम्भ की ओर जाने वाले मुख्य मार्गों का चिन्हीकरण करते हुए सड़क सुरक्षा कोष से एलईडी स्क्रीनयुक्त पब्लिसिटी वैन के माध्यम से सड़क सुरक्षा नियमों/यातायात नियमों का प्रचार प्रसार किया जाए। ट्रैक्टर ट्राली सहित समस्त वाहनों पर रिफलेक्टर लगाया जाए। इसके अतिरिक्त मुख्य स्नान के दिन एवं एक दिन पूर्व व एक दिन बाद विभिन्न टोल प्लाजाओं पर प्रवर्तन अधिकारियों की राउण्ड द क्लाक ड्यूटी लगाई जाए।

परिवहन मंत्री ने कहा कि जिला प्रशासन से सम्पर्क कर प्रत्येक जनपद में एक अस्थाई बस अड्डे का निर्माण किया जाए। बस स्टैण्ड के मेन गेट के पास या उसके चहारदीवारी के पास रोड सेफ्टी से संबंधित ब्रांडिग कराई जाए। चिन्हित स्थानों हेतु न्यूनतम/अधिकतम मूल्य निर्धारण के संबंध में फलैक्स/बैनर लगवाये जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि 2019 के पश्चात पंजीकृत कान्ट्रैक्ट कैरिज बसों का ही संचालन किया जाए।

# अपने कर्म से ही व्यक्ति सुख दु:ख भोगता हैं: आचार्य सुधीर



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** श्री शिव श्याम मंदिर समिति की ओर से सदर मे चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन नैमिषारण्य के आचार्य सुधीर कृष्ण शास्त्री ने द्वितीय दिवस की कथा में भागवत कथा वेद रूपी वृक्ष का ही फल है जो मनुष्य कलयुग के कलुषित पापो को भी समाप्त कर देता है। श्री शुकदेव जी का प्रागट्य सम्याप्रास कुटीबद्रिकाश्रम में व्यस जी के यहाँ हुआ। जन्म से ही वैराग्य धारण कर घर त्याग दिया लेकिन जब परीक्षित को श्राप लगा तो उनके उधार के लिए सुक्रतल में श्रीमद् भागवत कथा सुनायी। भगवान कहते है हम किसी से भेदभाव नहीं करते अपितु अपने कर्म से ही व्यक्ति सुख दु:ख भोगता हैं। उन्होंने कहा कि भीष्म पितामह को अपने पूर्व जन्म के कारण सर सैया पर लेटना पड़ा। कथा के दौरान एक भजन आसरा इस जहाँ का मिले ना मिले..., इतना तो करना स्वामी जब प्राण तन से निकलें..., सुनाकर लोगों को भावविभोर कर दिया। संयोजक राजेन्द्र कमार पाण्डेय (गुरुजी सदर) ने बताया कि भागवत् कथा प्रतिदिन सायं 3:30 से 7:30 बजे तक होगी।

# छपेली नृत्य उत्तराखण्ड की समृद्ध धरोहर का प्रतीक

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** मकसद संस्था, भिकियासैण, अल्मोड़ा उत्तराखण्ड के तत्वाधान में तथा उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र प्रयागराज, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से उत्तराखण्ड की लोक संस्कृति, तीज त्योहारों तथा प्रेरणादायी परम्पराओं पर आधारित उत्तराखण्ड सांस्कृतिक उत्सव एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। संस्था की सचिव श्रीमती हेमा बिष्ट ने बताया कि दिनांक 01 से 23 दिसम्बर तक सांस्कृतिक कार्यशाला संगोष्ठी एवं रिहर्सल आयोजित की गयी। तदोपरांत आज दिनांक 24 दिसम्बर को उत्तराखण्ड सांस्कृतिक उत्सव का भव्य आयोजन राजकीय इण्टर कॉलेज गौजानी, रामनगर में श्रीमती हेमा बिष्ट के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनिल कुमार सिंह, प्रधानाचार्य राजकीय इण्टर कालेज गौजानी रामनगर तथा विशिष्ट अतिथि श्री राजेन्द्र सिंह, पीटीए अध्यक्ष, ममता एसएमसी अध्यक्ष द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वललित किया गया। संस्था के संरक्षक श्री मधन सिंह बिष्ट एवं सचिव हेमा बिष्ट द्वारा मुख्य अतिथि एवं अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कलाकार भूवन जोशी द्वारा किया गया।

उत्तराखण्ड सांस्कृतिक उत्सव में सर्वप्रथम मॉ नन्दा सुनन्दा मेरी सेवा ली आ वन्दना से उत्सव का सुभारम्भ किया गया। उत्तराखण्ड में मॉ नन्दा को समर्पित वंदना और स्तुति का विशेष स्थान है। मॉ नन्दा सुनंदा मेरी सेवा ली आ वंदना से उत्सव का शुभारम्भ करना न केवल भक्तिमय वातावरण बनाता है बल्कि उत्तराखण्ड की लोक संस्कृति और परम्पराओं की गहराई को भी दर्शाता है। मां नन्दा उत्तराखण्ड की देवी हैं, जिन्हें उत्तराखंड की आराध्य देवी के रूप में पूजा जाता है। उनके प्रति इस प्रकार का भक्ति और आदर, उत्तराखण्ड की सांस्कृतिक जडों को और मजबूत बनाता है।

संस्था के कलाकारों द्वारा पारम्परिक झोड़ा लोकनृत्य प्रस्तुत किया जो सामूहिकता और संस्कृति का प्रतीक है,इस नृत्य ने अपनी मनमोहन प्रस्तुति से सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

- **मकसद संस्था, उत्तराखण्ड द्वारा आयोजित उत्तराखण्ड सांस्कृतिक उत्सव एवं कार्यशाला**

झोड़ा नृत्य उत्तराखण्ड की लोक संस्कृति की जीवतता को दर्शाता है, जिसमें ताल, लय, और पारम्परिक गीतों के साथ समूह में समरसता का अद्भुत प्रदर्शन किया है। कलाकारो ने अपने समर्पण और प्रतिभा से इस प्राचीन नृत्य परम्परा को जीवंत कर दिया। मकसद संस्था के कलाकारों ने उत्तराखण्ड के पारम्परिक छपेली नृत्य की मनमोहन प्रस्तुति दी जिसके बोल थे बिमला छोरी। इस नृत्य ने अपनी सुन्दर लय और भावपूर्ण अभिव्यक्ति से दर्षकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। छपेली नृत्य उत्तराखण्ड की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है, जिसमें प्रेम, उल्लास और ग्रामीण अंचलों के जीवन की झलक मिलती है। पारम्परिक वेशभूषा और सुमधुर गीतों के साथ प्रस्तुत इस नृत्य ने उत्तराखण्ड की लोक संस्कृति का जीवंत चित्रण किया।

# सुख व आनंद का स्रोत : राम

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** कथा वाचक डाक्टर ओम प्रकाश मानस रसिक जी ने श्री राम कथा के चौथे दिन अपने मुखर बिन्दु से पंडाल में आये राम भक्तों को कथा को आगे बढाते हुए कहा जब भगवान् श्री राम जी का जन्म हुआ, तो राजा दशरथ ने उनके नामकरण के लिए ऋषि वशिष्ठ को बुलाया। ऋषि वशिष्ठ ने राम जी के नामकरण के लिए एक विशेष मंत्र का उच्चारण किया और उनका नाम राम रखा। इस नाम का अर्थ है सुख और आनंद का प्रदाता या सुख का स्रोत हिन्दू धर्म में, राम को भगवान् विष्णु के अवतार के रूप में पूजा जाता है। श्री राम का नाम लेने और पूजा करने से लोगों को सुख और आनंद की प्राप्ति होती है। भगवान् राम की कथा सुनने से हमें प्रेरणा मिलती है कि जीवन में मर्यादा और चरित्र का क्या महत्व है। उन्हें अपने जीवन में आदर्श गुणों को ग्रहण करना चाहिए।



राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अशोक असवाल ने बताया कि आज के कथा के यजमान श्री रतन सिंह सांवत एवं पुष्पा सांवत जी द्वारा किया गया। और श्री राम कथा 29 दिसम्बर तक ज्ञान सरोवर विधालय, वृदांवन निकट कालिन्दी पार्क के पास अखिल भारतीय उत्तराखंड महासभा (रजि) भारत एव देवभूमि जन सरोकार समिति के सहयोग से किया जा रहा है। आज मुख्य रूप से अखिल भारतीय उत्तराखंड महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भवान सिंह रावत, कृपाल दत्त जोशी, महेन्द्र सिंह राणा, प्रेम सिंह बिष्ट, सुरेन्द्र कुमार मालकोटी, के एस बिष्ट, जय नाथ सिंह, अशोक तिवारी एवं श्रीमती पुष्पा सिंह, वीना नेगी,कविता श्रीवास्तव आदि राम भक्त मौजूद थे।

# रेलवे सलाहकार समिति की बैठक में फिर उठी हरदोई को भक्त प्रहलाद नगरी घोषित करने की मांग

अवधनामा संवाददाता



■ रेलवे सदस्य नवीन अग्रवाल ने शाहजहाँपुर में रुकने वाली ट्रेनों के हरदोई में न रुकने पर भी उठाया सवाल

**हरदोई।** मुरादाबाद रेल मंडल की आम बैठक डीआरएम राजकुमार सिंह के नेतृत्व में आज मुरादाबाद के मनन सभागार में सम्पन्न हुई जिसमे हरदोई जनपद से प्रतिनिधित्व कर रहे रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य व् युवा व्यवसायी नवीन अग्रवाल ने इस विषय पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि जब प्रमुख ट्रेने शाहजहांपुर रुक सकती है तो उनका स्टॉपेज हरदोई क्यों नहीं किया जा सकता वर्तमान में श्रमजीवी, लखनऊ एसी सुपरफास्ट, माउंट आबू व् दौसा जाने वाली ट्रेनों सहित ऐसी कई ट्रेने है जो शाहजहांपुर रूकती है लेकिन उनका स्टॉपेज हरदोई नहीं किया गया है। रेलवे सदस्य नवीन अग्रवाल ने ऋषिकेश की तर्ज पर हरदोई रेलवे स्टेशन को भक्त प्रहलाद नगरी हरदोई रेलवे स्टेशन घोषित किये जाने की मांग करते हुए कहा की दिनांक 16 फ़रवरी 2017 को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी धूल रज माथे पर लगाकर भक्त प्रहलाद की नगरी में खड़े होकर खुद को गौरवानिवत महसूस करते है।

दिनाँक 23 जनवरी 2023 को प्रमुख भजन गायक कन्हैया मित्तल भक्त प्रहलाद की नगरी हरदोई आकर ये गर्व महसूस करते है कि ये हरदोई न होता तो दुनिया में होली का पावन त्यौहार भी न होता ऐसी पावन हरदोई नगरी के रेलवे स्टेशन को बार बार मांग के बावजूद रेलवे भक्त प्रहलाद की नगरी हरदोई रेलवे स्टेशन क्यों नहीं घोषित कर रहा। रेलवे सदस्य नवीन अग्रवाल ने माउंट आबू जाने के लिए 19270, 19408, 20940 बाला जी व् जयपुर अजमेर जाने के लिए 19404, 19270, 15715, 19602, प्रमुख ट्रेनों श्रमजीवी, हिमगिरि, बेगमपुरा, लखनऊ एसी सुपर फ़ास्ट, लखनऊ डबल डेकर के अलावा एक वन्दे भारत का स्टॉपेज हरदोई स्टेशन पर दिए जाने की मांग की। रेलवे सदस्य नवीन अग्रवाल ने बघौली, संडीला, शाहाबाद, बालमाउ में भी प्रमुख ट्रेनों 15076 त्रिवेणी एक्सप्रेस, 22454 राजयरानी एक्सप्रेस, 14308 बरेली प्रयाग एक्सप्रेस, 15119 बनारस देहरादून एक्सप्रेस, 14235 बनारस बरेली एक्सप्रेस की मांग के अलावा सांडी रेल लाइन को जल्दी पूरा किये जाने की बात भी मुरादाबाद मंडल डीआरएम के समक्ष रख इन पर शीघ्र विचार किये जाने का निवेदन किया। बाकी यात्री व् माल भाड़े से संबधित मांगे मैंने लिखित में सब्मिट कर दी है यदि डीआरएम साहब की कृपा हो तो 8 विधायक दो सांसद जैसे वृहद हरदोई रेलवे स्टेशन को लखनऊ वाया हरदोई होते हुए जयपुर तक एक वन्दे भारत ट्रेन जिसकी सबसे ज्यादा मांग है की सौगत मिल जाए तो ये हरदोई वासियो के लिए डीआरएम सर की तरफ से बेहतरीन नए साल का गिफ्ट होगा।

## सत्गुरू की शिक्षाओं से महकाएं अपना जीवन

**मथुरा।** संतों की शिक्षाएं आध्यात्मिक विरासत है, जिसे सजोए रखना जरूरी है। संत महात्माओं और सत्गुरू से आध्यात्मिक विरासत के रूप में मिली शिक्षाएं अपनाकर हम अपना जीवन मानवीय गुणों से सजाकर महका सकते हैं। उक्त विचार दिल्ली से आये निरंकारी संत एस एल गर्ग ने यहां मथुरा आगमन पर हाइवे नवादा स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन पर आयोजित सत्संग में व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि हमें बड़ों की लकीर को बढ़ाना है, इसके लिए जो सीख हमें अपने बड़ो से मिलती है उन्हें पहले खुद अपनाएं, फिर अपनों बच्चों को भी उसी सीख से ओतप्रोत करें। जहां स्वयं सत्संग आएं वहीं बच्चों को भी सत्संग से जोड़ें। सत्संग से दृष्टि और वाणी बदलती है। भक्ति मजबूत होती है और प्रभु के प्रति विश्वास दृढ़ होता है। उन्होंने कहा कि सत्संग में सुख, शांति, आंनद, खुशियां और संत महात्माओं के आशीर्वाद मिलते हैं। सत्संग से रोम - रोम खिल उठता है। सत्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज सबको सत्य का संग करा रहे हैं।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैंकों की समीक्षा बैठक का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**सम्भल (बहजोई)** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में बैंकों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत बैंकों के अन्तर्गत स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के खाता खोलना तथा सीसीएल करने को लेकर जानकारी दी तथा बैंकों के अन्तर्गत लंबित आवेदनों की पत्रावलियों के विषय में जानकारी प्राप्त की गयी। जिलाधिकारी ने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने लखपति दीदी योजना को लेकर कहा सभी बैंकों को इस पर कार्य करना है। ब्लॉक मिशन मैनेजर क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण कार्य करें। कोई भी आवेदन गलत ना हो उसपर ध्यान दिया जाए। पंच सूत्र का पालन करें। रिकॉर्ड अपडेट रहे। उप निदेशक कृषि द्वारा एग्री जंक्शन योजना के अन्तर्गत बैंक वार लंबित आवेदन तथा डूडा विभाग द्वारा पीएम स्व निधि के अन्तर्गत बैक वार लंबित आवेदनों के विषय में जानकर दी। खादी ग्रामोद्योग विभाग द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम उद्योग योजना, पीएमईजीपी ,उद्यान विभाग द्वारा भी संबंधित प्रमुख योजनाओं के विषय में बैंक बार लंबित आवेदनों के विषय में जानकारी दी। जिलाधिकारी ने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह एलडीएम अमित बिश्नोई, डिप्टी कलेक्टर रमेश बाबू ,उपनिदेशक कृषि अरुण कुमार त्रिपाठी जिला उद्यान अधिकारी सुघर सिंह एवं संबंधित अधिकारी तथा बैंकों के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस ने किया अमित शाह के विरूद्ध प्रदर्शन

■ दिया राष्ट्रपति के नाम सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन

■ अमित शाह को केन्द्रयीय मंत्री मंडल से बर्खास्त करने की मांग

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का केंद्रीय गृहमंत्री द्वारा किए गए अपमान के विरोध में डीग गेट स्थित बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर स्थानीय विकास बाजार स्थित गांधी प्रतिमा से जिला कलेक्टर तक पैदल मार्च कर नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय पर सिटी मजिस्ट्रेट राकेश कुमार को दिया। जिला मुख्यालय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए,जिला कांग्रेस कमेटी मथुरा के अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा एडवोकेट ने कहा भारत की संसद में इस प्रकार की घटना के जिस संसद में राष्ट्रपति से लेकर संसद सदस्य तक उस संविधान की कसम खाते है जिस संविधान का निर्माण बाबा साहब ने किया। भारतीय जनता पार्टी सरकार के गृहमंत्री अमित शाह संघ संस्कृति की विचारधारा के पोषक हैं। उन्होंने बाबा साहब अंबेडकर के बारे में जो अपमानजनक कृत्य किया है, वह कतई सहन करने योग्य नहीं है।इस देश को संघ की विचारधारा से चलाने की है, कांग्रेस इसे कतई बर्दाश्त नहीं कर सकती है। इस अशोभनीय टिप्पणी पर अमित शाह को राष्ट्र से माफी मांगनी चाहिए और हम राष्ट्रपति यह मांग करते हैं की ऐसी सांप्रदायिक विचारधारा के लोगों की सरकार को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करें।प्रवक्ता विनोद चतुर्वेदी, प्रवीण भास्कर , महानगर महिला अध्यक्ष सिम्मी बेगम, जिलाध्यक्षा महिला कांग्रेस शिखा चौधरी, एनएसयूआई अध्यक्ष हरीश पचौरी, प्रवीण ठाकुर, विनोद आर्य,अशोक शर्मा ,सतीश शर्मा, लोकेश शर्मा श्री चंद, कृपाल सिंह, लोकेश ठाकुर, अशोक कुमार, पंकज कुमार ,मुकेश सिंह, अरोड़ा नीरज आदि थे।

# फातिमा जहरा की ज़िन्दगी दुनिया की तमाम औरतों के लिए नमूना-ए-अमल मौलाना सरकार मेहदी

■ फातिमा ज़हरा की विलादत पर महफिल का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**उझारी (अमरोहा)** फातिमा जहरा की जिंदगी दुनिया की तमाम औरतों के लिए नमूना ए अमल है। जो औरतें फातिमा जहरा की पैरवी करते हुए जिंदगी गुजरती हैं वह दुनिया में भी कामयाब हैं और आखिरत में भी। यह बात शिया जामा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना सरकार मेहंदी साहब ने मुसलमानों के आखिरी नबी हजरत मोहम्मद मुस्तफा की इकलौती बेटी हजरत फातिमा जहरा की योमे विलादत बासआदत के मौके पर मोहल्ला सादात स्थित इमामबाड़ा बाबुल हवाइज में कही। खिताब करते हुए मौलाना ने फरमाया कि फातिमा जहरा ने एक बेहतरीन बेटी, बेहतरीन बीवी, और बेहतरीन मां का किरदार बखूबी निभाते हुए मिसाली जिंदगी गुजारी। उन्होंने कहा कि फातिमा जहरा जब भी आप सरवरे कायनात रसूले खुदा के सामने जाती थी आप रसूले खुदा फातिमा जहरा की ताजीम के लिए खड़े हो जाते थे और जब तक खड़े रहते जब तक आप मसनद पर ना बैठ जातीं।

मौलाना ने कहा कि रसूले खुदा जब तक हयात रहे हर नमाज के बाद फातिमा जेहरा के दरवाजे पर सलाम करना नहीं भूले। उन्होंने कहा कि मोहम्मद साहब ने ताकीद की थी कि फातिमा जेहरा मेरे जिगर का टुकड़ा है। मगर हजरत मोहम्मद साहब की वफात के बाद उम्मत ने फातिमा जहरा को खूब तड़पाया। यहां तक के उनके घर के दरवाजे को आग तक लगा दी। इससे पूर्व महफिल का आगाज तिलावत कलामे पाक से किया गया। उसके बाद दर्जनों लोगों ने अपने कलाम पेश किए। शायर चमन हैदर ने अपना कलाम पढ़ते हुए कुछ यूं कहा मांगी- दुआ रसूल ने की कौसर की शक्ल में, दे दी खुदा ने आपको नेमत बतूल की। अलाउद्दीन सैफी ने कहा- मेरा भी उनके गुलामो में नाम आ जाए, जो तेरी आल के नौकर हैं फातिमा जहरा। मौलाना जामिन ने फरमाया- यह फकत फातिमा जहरा ही का घर था जिसमें, चक्की चलती तो तिलावत की सदा आती थी। बिलाल बाक़री ने कुछ यूं पढ़ा- सर उठाकर हक को हक बातिल को बातिल कह सके, खून के कतरों में शामिल कर्बला इतनी तो हो। महफिल में शकील अल्वी ने पढ़ते हुए कहा कि- भीख लेने के लिए ड्यूडी पर आते थे मलक, घर तेरा मशहूर था ऐसी सकावत के लिए। फजले अकबर ने पढ़ा- तेरी वो जात है जेहरा के कुदरत नाज करती है, शरियत नाज करती है रिसालत नाज करती है। महफिल में राहिल, वासिल, मोहम्मद अली नकवी ने भी अपने कलाम पढ़े। महफिल के आखिर में मौलाना सरकार मेहंदी साहब ने दुआ कराई। महफिल का संचालन मोहम्मद बिलाल तथा सदारत मौलाना सरकार मेहंदी ने की।इस मौके पर जीशान हैदर, मोहम्मद असगर, हुसैन मेहंदी, मोहम्मद मून, जावेद केसर एडवोकेट, जहीर अकबर, सादिक अली, सोहेल अब्बास, मोहम्मद चांद, मोहम्मद जमा सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# गृहमंत्री मांगे मांफी, केन्द्रीय मंत्री मंडल से हटाया जाए

अवधनामा संवाददाता

■ बसपा सहित विभिन्न राजनैतिक संगठनों ने सिटी मजिस्ट्रेट को दिया ज्ञापन

■ गृहमंत्री के बयान पर बसपा, भीम आर्मी, अम्बेडकर समाज ट्रस्ट ने रोष व्यक्त किया

**मथुरा।** बहुजन समाज पार्टी, भीम आर्मी और डॉ. अम्बेउकर समाज सेवा ट्रस्ट के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने संसद के शीतकालीन सत्र दौरान केन्द्रीय गृहमन्त्री अमित शाह द्वारा संसद में भारतीय संविधान निर्माता समिति के अध्यक्ष एवं करोडों एससी/एसटी आदि बहुजनों के मसीहा, बाबा साहेब डा.भीमराव अम्बेडकर के प्रति अमर्यादित एवं उपहासपूर्ण शब्दों का प्रयोग करने के विरोध में पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। उसके बाद सभी संगठनों ने अलग अलग सिटी मजिस्ट्रेट को डीएम कार्यालय पर ज्ञापन दिया। बसपा कार्यकर्ताओं का नेतृत्व करते हुए बसपा जिलाध्यक्ष सत्यप्रकाश कर्दम ने कहा कि गृहमंत्री का बयान केवल अशोभनीय ही नहीं बल्कि बाबा साहेब के प्रति गहरी असंवेदनशीलता व जातिवादी मानसिकता को भी प्रदर्शित करता है। इससे बहुजन समाज के आत्म सम्मान व स्वाभिमान को काफी ठेस पहुंचाई गई है। इसको लेकर समाज के हर वर्ग के बीच भारी रोष व आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ राष्ट्रपति के नाम सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया। अन्य वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर जी, जिन्होने भारत के संविधान का निर्माण कर देश को लोकतांन्त्रिक मूल्य प्रदान किए, उनका इस प्रकार का अपमान व अनादर किसी भी रूप में लोगों को स्वीकार्य नहीं है। इसके लिए गृह मंत्री को माफी मांगनी चाहिए और राष्ट्रपति को केन्द्रीय मंत्रीमंडल से बर्खास्त करना चाहिए। ज्ञापन देने वालों में दारा सिंह आजाद, ओमप्रकाश, राजाराम, निरंजन सिंह, गोविंद सिंह, बबलू कुम्हेरिया, संजय गुर्जर, रमेश सिंह आदि शामिल थे। भीम आर्मी एकता मिशन के जिलाध्यक्ष प्रीतम सिंह के नेतृत्व में मिशन के कार्यकर्ताओं के साथ कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते हुए पहुंचे। श्री सिंह ने सिटी मजिस्ट्रेट राकेश सिंह को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया। भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष प्रीतम सिंह ने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह द्वारा भारत के संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर का बार-बार अपमान किये जाने पर भीम आर्मी भारत एकता मिशन इस अपमान को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने भी राष्ट्रपति से मॉग करते हैं कि वे स्वतः संज्ञान लेते हुये देश के गृहमंत्री अमित शाह को तत्काल प्रभाव से निष्कासित करें। अन्यथा की स्थिति में उक्त प्रकरण को लेकर भीम आर्मी भारत एकता मिशन देश व्यापी आन्दोलन की मुहिम को गति प्रदान करेगी। डॉ. अम्बेडकर समाज सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष मुनेन्द्र निगम के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गृहमंत्री द्वारा की गई टिप्पणी के विरूद्ध आज प्रदर्शन करते हुए सिटी मजिस्ट्रेट को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया। ज्ञापन देने वालों में प्रेम प्रकाश एडवोकेट, देवेन्द्र कुमार एड़., सच्चन सिंह एड़. अशोक कुमार, ज्ञानेन्द्र सिंह, जितेन्द्र सिंह कदर्म, वीरी सिंह, मुकेश बाबू, शिव कुमार, श्याम लाल, पप्पू सिंह, संजय, नारायण, मुकेश कुमार आदि कार्यकर्ता थे।

# सामुदायिक रेडियो स्टेशन ललित लोकवाणी द्वारा टीबी मुक्त भारत अभियान का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** साई ज्योति संस्था ललितपुर द्वारा संचालित सामुदायिक रेडियो स्टेशन ललित लोकवाणी के द्वारा गैर सरकारी संस्था स्मार्ट, दिल्ली के सहयोग से सेहत सही ,लाभ कई कार्यक्रम के अन्तर्गत टीबी मुक्त भारत अभियान कैम्पेन का आयोजन विभिन्न ग्रामों मे किया जा रहा है । जाखलौन सहरिया आदिवासी बस्ती मे आयोजित कार्यक्रम में टी बी हारेगा, देश जीतेगा,में समुदाय के लोगों को टी.बी.पर जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के दौरान डॉ आर एन सोनी जिला क्षय रोग अधिकारी के द्वारा टी.बी. की बीमारी पर विस्तृत जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि टीबी बैक्टीरिया से होने वाली बीमारी है, जो हवा के जरिए एक इंसान से दूसरे में फैलती है। यह आमतौर पर फेफड़ों से शुरू होती है। डॉ सोनी ने कहा कि फेफड़ों की सबसे कॉमन बीमारी टीबी ही है, लेकिन यह ब्रेन, यूटरस, मुंह, लिवर, किडनी, गला, हड्डी आदि शरीर के किसी भी हिस्से में हो सकती है। टीबी का बैक्टीरिया हवा के जरिए फैलता है। खांसने और छींकने के दौरान मुंह-नाक से निकलने वाली बारीक बूंदों से यह इन्फेक्शन फैलता है। उन्होंने कहा टीबी के मरीज को उपचार के दौरान इस बात का खास ख्याल रखना चाहिए कि किसी भी सूरत में डॉक्टर द्वारा बताई गई दवा का नियमित सेवन न छूटे। वह नियमित रूप से उन दवाओं को लेना रहे। डॉक्टर से पूछे बिना दवा बंद न करें। सामुदायिक रेडियो ललित लोकवाणी के प्रबंधक पंकज तिवारी ने बताया की टीबी का बैक्टीरिया शरीर के जिस भी हिस्से में होता है, उसके टिश्यू को पूरी तरह नष्ट कर देता है और इससे उस अंग का काम प्रभावित होता है। उन्होंने टीवी के लक्षण बताते हुए कहा कि 2 हफ्ते से ज्यादा लगातार खांसी, खांसी के साथ बलगम आना, कभी-कभार खून भी, भूख कम लगना, लगातार वजन कम होना, शाम या रात के वक्त बुखार आना, सर्दी में भी पसीना आना, सांस उखड़ना या सांस लेते हुए सीने में दर्द होने जैसे कोई भी लक्षण होते हैं तो जांच जरूर करवाएं। श्री तिवारी ने कहा की खुले में न थूकें - सिर्फ एक्स रे पर भरोसा न करें - कल्चर टेस्ट कराएं- डॉक्टर से पूछे बिना दवा बंद न करें। उन्होंने बताया कि टीबी मरीजों की सहायता के लिए निक्षय पोर्टल तैयार किया गया है।

## फर्जी आधार कार्ड ने पहुंचाया जेल

**मथुरा।** थाना गोवर्धन पुलिस ने एक अभियुक्त को फर्जी सिम कार्ड व फर्जी आधार कार्ड के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को 10.30 बजे मुखविर की सूचना पर ग्राम महरौली से मडौरा जाने वाले कच्चे रास्ता तिराहे के पास से एक अभियुक्त मौहब्बत पुत्र सब्बा निवासी ग्राम मडौरा थाना गोवर्धन मथुरा को गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से पांच सिम कार्ड फर्जी, एक आधार कार्ड फर्जी बरामद हुआ। प्रभारी निरीक्षक थाना गोवर्धन विनोद बाबू मिश्रा ने बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए चालाना माननीय न्यायालय किया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक अभियुक्त अपने साथियों के साथ मिलकर राज्य राजस्थान मे जाकर ऐसी जगह पर कैनोपी लगाते हैं, जहां लेबर वाले लोग ज्यादा रहते हैं, वहां नई सिम पर आंफर की कहकर उनसे उनका अंगूठा लगवाकर उनके नाम से नई सिम एक्टीवेट करा लेते हैं। उन एक्टीवेट सिमों को हम लोग 1000 रुपये प्रति सिम के हिसाब से ग्राम साइबर क्राइम करने वाले लोगों को बेच देते हैं फर्जी आधार कार्ड तैयार कर उन्हें असल के रुप में प्रयोग कर उनसे भी फर्जी सिम कार्ड प्राप्त कर लेते हैं।

# उ.प्र. खिताबी कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेगें मथुरा के युवा पहलवान

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** जिला कुश्ती संघ मथुरा भारतीय पद्धति के तत्वाधान में अखाड़ा शिवशक्ति आधुनिक मल्लविद्या केन्द्र, लाजपत नगर मथुरा पर खिताबी कुश्ती प्रतियोगिता हेतु टाइटल का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के युवा पहलवानों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, इस खिताबी कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि भाजपा नेता व गिलट आभूषण व्यवसायी समिति के अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल सादाबाद वालों ने युवा पहलवानों के हाथ मिलवाकर किया। मुख्य अतिथि का स्वागत जिला कुश्ती संघ के महासचिव शेखर पहलवान व कोषाध्यक्ष लक्ष्य अरोड़ा द्वारा पगड़ी, पटका, माला स्मृति चिन्ह भेट कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महोदय ने कहा कि कुश्ती ब्रज की प्राचीन कला है इसके विकास के लिए निरन्तर कुश्ती प्रतियोगिताओं का आयोजन होते रहना चाहिए जिससे युवा पहलवानों को आगे बढ़ने का मौका मिल सके। इस सम्पूर्ण खिताबी कुश्ती प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए जिला कुश्ती संघ भारतीय पद्धति के महासचिव शेखरअशोक पहलवान द्वारा बताया गया की उ0प्र0 केसरी, उ0प्र0 कुमार व उ0प्र0 अभिमन्यु 2024 कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन बनारस में उ0प्र0 कुश्ती संघ भारतीय पद्धति द्वारा 29.12. 2024 को प्रातः 10 बजे से किया जा रहा है। जिसमें मथुरा के पहलवालों का चयन किया गया। उ0प्र0 केसरी में 75 किलो से लेकर 125 किलो के पहलवान जिसमें नीरज गुर्जर व भोला ठाकुर भाग लेगें और उ0प्र0 कुमार में 65 किलो से लेकर 75 किलो के मथुरा से हरिसिंह व करनवीर भाग लेगें, उ0प्र0 अभिमन्यु में 55 किलो से लेकर 65 किलो जिसमें मथुरा से तन्नु व मनोज भाग लेगें। ये सभी पहलवान बनारस के लिए खेलने जायेंगें, ये जानकारी दी।

## डीएम को वशिष्ठ अवार्ड से सम्मानित किया गया

**संभल।** संभल जनपद के बहजोई मे स्थित कलेक्टर सभागार में व्यापार बंधु की बैठक जिलाधिकारी डॉक्टर राजेंद्र पैसिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें जनपद संभल के व्यापारियों ने अपनी समस्याओं को रखा बैठक के बाद अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के व्यापारियों ने जिलाधिकारी को जनपद संभल में उत्कर्ष कार्य करने पर वशिष्ठ अवार्ड से सम्मानित किया इस मौके पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष प्रेम ग्रोवर प्रदेश मंत्री शाह आलम मंसूरी महिला प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती संगीता भार्गव जिला उपाध्यक्ष वसीम अख्तर संभल विधानसभा अध्यक्ष हाजी एहतेशाम अहमद नगर अध्यक्ष नाजिम सैफी युवा नगर अध्यक्ष फुरकान वारसी मोअज्जम गवां के पूर्व अध्यक्ष अखिलेश अग्रवाल आदि व्यापारी मौजूद रहे

# भारतरत्न अटल बिहारी बाजपेई जन्मशताब्दी वर्ष

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** भारतरत्न अटल बिहारी बाजपेई के जन्मशताब्दी वर्ष के अवसर पर 19 से 25 दिसंबर तक पूरे देश में सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव की ओर मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सुशासन दिवस कार्यशाला का आयोजन सीडीओ के.के.पाण्डेय की अध्यक्षता में किया गया। भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त तत्कालीन डीएम ओ.पी. वर्मा ने ऑनलाइन जुड़कर में डीएम अक्षय त्रिपाठी के नेतृत्व में कराए जा रहे विकास कार्यो की सराहना की। उन्होंने अपने तैनाती समय के अनुभव साझा करते हुए तत्कालीन और वर्तमान विकास कार्यों के बारे में बताया। उन्होंने वर्तमान में मड़ावरा ब्लॉक के दूरस्थ ग्रामों में सोलर लाइट की स्थापना, नदियों का पुनरोद्धार, एयरपोर्ट, बल्क ड्रग पार्क, मेडिकल कॉलेज की स्थापना और स्वास्थ्य सेवाओं का उच्चीकरण से आमजन को मिल रही सुविधाओं, कलेक्ट्रेट का पेव प्रमाणन एवं ई-ऑफिस प्रणाली के लिए जिला प्रशासन की टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ललितपुरवासी बहुत शांतिप्रिय लोग हैं, जिला प्रशासन को हमेशा स्थानीय लोगों का भरपूर सहयोग मिलता रहा है और आगे भी मिलता रहेगा। सीडीओ ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार 18 से 25 दिसंबर तक भारतरत्न अटल बिहारी बाजपेई के जन्मशताब्दी वर्ष के अवसर पर पूरे देश में सुशासन सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत हमारे पास किसी भी माध्यम से आने वाली शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना है, हम सभी लोक सेवक हैं, इसलिए हमारे पास आने वाले प्रत्येक व्यक्ति का हम सम्मान करें और उसकी शिकायत का त्वरित समाधान करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने विभागों के लक्ष्यों को ससमय पूर्ण करें और अपनी विभागीय योजनाओं की पूर्ण जानकारी रखें। उन्होंने यह भी बताया कि प्रभारी मंत्री ने 10 दिसम्बर 2024 को अपने जनपद भ्रमण के दौरान सरकारी योजनाओं की जानकारी हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों की संवेदीकरण कार्यशाला आयोजित करने के निर्देश दिये गये थे, जिसके क्रम में इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इसके उपरांत सभी अधिकारियों ने अपनी विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। डीआईओएस ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए प्रोजेक्ट अलंकार, स्किल इंडिया, कौशल विकास सहित विभिन्न योजनाओं के बारे में बताए गया। उपायुक्त उद्योग द्वारा उद्योग व स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी दी गई। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने कुक्कुट विकास नीति, अंडा उत्पाद योजना, पशु रोग नियंत्रण अभियान, खुरपका मुंहपका टीकाकरण, अतिरिक्त चारा विकास योजना, पशु गणना आदि की जानकारी दी। सहायक निबंधक सहकारिता ने बताया कि जनपद में सहकारी समितिया सक्रिय हैं। डीपीओ ने बताया कि 1124 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित हैं, सभी पर पोषाहार का वितरण हो रहा है।

## बाबा साहब के अपमान से आमजन को पहुंची ठेस

**ललितपुर।** केन्द्रीय गृह मंत्री द्वारा बाबा साहब डा.भीमराव अम्बेड़कर का नाम सम्मान से न लिये जाने के विरोध में बहुजन समाज पार्टी ने प्रदर्शन करते हुये देश की महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन के जरिए भेजा है। प्रदर्शन करते हुये बसपा पदाधिकारियों ने जमकर नारेबाजी की। महामहिम राष्ट्रपति को भेजे गये ज्ञापन में बसपा ने बताया कि हाल ही में संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा अपने वक्तव्य में भारतीय संविधान के निर्माता एवं करोड़ों बहुजनों के मसीहा प्रेरणास्रोत, उद्धारक बाबा साहब डा.भीमराव अम्बेड़कर के प्रति अमर्यादित एवं उपहासपूर्ण शब्दों का प्रयोग किया गया है। बताया कि यह न केबल अशोभनीय है बल्कि बाबा साहब के प्रति गहरी असंवेदनशीलता, जातिवादी मानसिकता को भी प्रदर्शित करता है। कहा कि इससे लोगों के सम्मान को ठेस पहुंची है।

# चौधरी चरण सिंह की जयन्ती के उपलक्ष्य में किसान दिवस समारोह सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** जनपद ललितपुर के बिरधा विकास खण्ड में आईटीसी मिशन सुनहरा कल कार्यक्रम के तहत संस्था ग्रामीण डेवलपमेंट सर्विसेज व आई टी सी लिमिटेड के द्वारा संचालित कैपेसिटी प्रोमोटिंग क्लाइमेट स्मार्ट विलेज इन ललितपुर परियोजना का संचालन किया जा रहा है। जिस क्रम में चौधरी चरण सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में एक दिवसीय किसान दिवस समारोह का आयोजन ग्राम पंचायत बरौदा बिजलौन के ग्राम बरौदा बिजलौन में किया गया। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी के ÷किसानों के मसीहा÷ के चित्र पर माल्यार्पण कर जयंती को बड़े ही हर्षोल्लास से मनायी गयी तथा सभी को उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया गया द्य इसी क्रम में अशोक कुमार त्रिपाठी परियोजना समन्वयक ने कहा कि किसान भाइयों को तकनीकी से जुड़कर पर्यावरण के अनुकूल खेती करने तथा अपनी लागत को कम कर गुणवत्तायुक्त अधिक उत्पादन प्राप्त करने हेतु जानकारी दी गई, साथ ही साथ प्रकृति द्वारा प्रदत्त संसाधनों के उचित प्रबन्धन एवं उसके बचाव हेतु प्रयास करने पर बल दिया गया। कार्यक्रम के अंत मे किसानों द्वारा अपनी-अपनी खेती सम्बंधित समस्याओं को प्रस्तुत कर उनका समाधान प्राप्त कर संतुष्ट हुए एवं ग्रामीणों द्वारा संस्था के कार्य की सराहना की गयी। इस किसान दिवस समारोह कार्यक्रम के दौरान विभिन्न गांवों दे के आए हुये साथियों ने प्रतिभाग किया जिसमें ग्राम प्रधान बरौदा बिजलौन, जल जीवन मिशन के कार्मिक गण, ललित लोक वाणी रेडियो से पंकज तिवारी, आलापुर, जाखलौन के पदाधिकारी गण तथा जी डी एस ललितपुर के परियोजना समन्वयक अशोक कुमार, विषय विशेषज्ञ (मृदा नमी संरक्षण), अशोक कुमार त्रिपाठी व विषय विशेषज्ञ (कृषि)- रोहित कुमार त्रिपाठी व अन्य कार्मिक तथा सभी किसान उपस्थित रहें।

# ईशान किशन और ऋतुराज गायकवाड़ ने मचाया तूफान, चैंपियंस ट्रॉफी से पहले ठोका शतक

भारतीय घरेलू क्रिकेट की सबसे बड़े वनडे टूर्नामेंट विजय हजारे ट्रॉफी खेली जा रही है। इस मैच में पूरे देश के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा को आजमा रहे हैं। इसी बीच टीम इंडिया से काफी समय से बाहर चल रहे स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन और उभरते सितारे रुतुराज गायकवाड़ ने सोमवार को खेले गए मैचों में जबरदस्त शतक ठोके हैं।



भारतीय टीम से पिछले करीब एक साल से बाहर चल रहे ईशान किशन ने झारखंड़ की अपनी घरेलू टीम के लिए तूफानी शतक लगाया, तो वहीं टीम इंडिया में बार-बार नजरअंदाज किए जाने वाले ऋतुराज गायकवाड़ ने भी सेलेक्टर्स को प्रभावित करते हुए महाराष्ट्र की टीम के लिए धमाकेदार शतक के साथ ही अपना दावा मजबूती के साथ टोका है।

विजय हजारे ट्रॉफी 2024-25 का राउंड-2 में महाराष्ट्र और सर्विसेज का मैच मुंबई में खेला गया। सोमवार को खेले गए इस मैच में महाराष्ट्र की टीम ने सर्विसेज को सिर्फ 2024 रन के स्कोर पर ऑल आउट कर दिया। इसके बाद महाराष्ट्र की कप्नी कर रहे ऋतुराज ने विस्फोटक अंदाज में बल्लेबाजी की। उन्होंने इस मैच में छक्कों की बारिश करते हुए सिर्फ 74 गेंद में 200 की स्ट्राइक रेट से 148 रन की नाबाद पारी खेली। उन्होंने अपनी इस पारी के दौरान 16 चौके और 11 गगनचुंबी छक्के लगाए। इस पारी के दम पर महाराट्र ने इस मैच को 21वें ओवर में ही 9 विकेट से जीत लिया।

वहीं इस टूर्नामेंट में दूसरी तरफ झारखंड का सामना जयपुर में स्थित डॉ सोनी स्टेडियम में मणिपुर के साथ हुआ। इस मैच में मणिपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 7 विकेट खोकर 253 रन का स्कोर बनाया। इसके बाद झारखंड की टीम टारगेट को हासिल करने उतरी। उन्होंने सलामी बल्लेबाज और कप्तान ईशान किशन की दमदार पारी से एकतरफा अंदाज में हासिल कर लिया। ईशान ने 78 गेंद में 16 चौके और 6 छक्कों से 134 रन बनाकर आउट हुए। उनकी इस पारी और उत्कर्ष सिंह के 68 रन के योगदान से झारखंड ने मैच को 28.3 ओवर में 8 विकेट से जीत लिया।

## अफरीदी ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट से बाहर रखने का पीसीबी से अनुरोध किया

पाकिस्तान के स्टार तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने कार्यभार प्रबंधन के लिये टीम प्रबंधन और राष्ट्रीय चयनकर्ताओं से दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट मैचों के लिये उनके नाम पर विचार नहीं करने का अनुरोध किया है। अफरीदी फरवरी मार्च में होने वाली आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के लिये पूरी तरह फिट होना चाहते हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो टेस्ट के लिये शाहीन के बिना पाकिस्तानी टीम का ऐलान होने पर सीनियर चयनकर्ता आकिब जावेद ने कहा कि चैम्पियंस ट्रॉफी के लिये उन्हें तरोताजा रखने की कवायद में कार्यभार प्रबंधन किया जा रहा है। सूत्र ने कहा असलियत यह है कि शाहीन ने खुद अनुरोध किया था कि चैम्पियंस ट्रॉफी तक टेस्ट मैचों से उन्हें बाहर रखा जाये। उन्होंने कहा कि शाहीन ने टीम प्रबंधन और बोर्ड को बताया कि उन्हें बांग्लादेश प्रीमियर लीग की एक टीम से पेशकश भी मिली है और उन्होंने आश्वस्त किया है कि वह 30 दिसंबर से सात फरवरी तक होने वाली टी20 लीग के दौरान कार्यभार प्रबंधन कर लेंगे।

# संन्यास के बाद दबाव से मुक्त हुए अश्विन अगले कुछ वर्षों में काफी कुछ करने के लिए तैयार

भारतीय क्रिकेटर होने के दबाव से निपटने के बाद आर अश्विन अगले कुछ वर्षों में क्रिकेट के मैदान पर और भी बहुत कुछ करने की तैयारी में है। इस 38 वर्षीय खिलाड़ी ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट के बाद संन्यास की घोषणा करके क्रिकेट जगत को चौंका दिया था। वह अगले दिन चेन्नई स्थित अपने घर वापस आ गए जहां लोगों ने उनका जबरदस्त स्वागत किया। स्काई स्पोर्ट्स पर इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल एथरटन और नासिर हुसैन के साथ बातचीत में अश्विन ने कहा कि श्रृंखला के बीच में संन्यास लेने का एक कारण यह था कि उन्हें अपने खेल से रचनात्मक संतुष्टि नहीं मिल रही थी। उन्होंने कहा जब लोग मुझसे पूछते हैं 'आगे क्या है?' जो एक पंक्ति जो मैंने हमेशा कही है वह यह है कि जिस दिन मैं जागूंगा



और महसूस करूंगा कि मेरे काम में रचनात्मकता की कमी है या कोई दिशा नहीं है, तब मैं संभवतः उसे छोड़ दूंगा। उन्होंने कहा मुझे निश्चित रूप से लगता है कि रचनात्मक पक्ष के मामले में बहुत कुछ तलाशने को नहीं था। आज विश्व क्रिकेट में बहुत कुछ करने की संभावना उपलब्ध हैं। इसलिए मैंने सोचा कि ठीक है अगर यहां नहीं तो मैं कुछ और ढूंढ सकता हूं।

टेस्ट क्रिकेट में भारत के लिए दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज ने कहा कि वह क्लब स्तर के क्रिकेट के साथ इंडियन प्रीमियर लीग में खेलना जारी रखेंगे। अश्विन से जब पूछा गया कि टेस्ट क्रिकेट में वह सातवें सबसे सफल गेंदबाज है और यह बात उन्हें कितना सूकून देती है। उन्होंने कहा मैं लंबे समय तक सूची में सातवें स्थान पर नहीं रहूंगा। नाथन लियोन मेरे काफी करीब है। आठवें नंबर पर खिसकने की भी खुशी होगी। आखिर में मैं जिस भी नंबर पर रहूं उसे पाकर खुश हूं।

# गिल को खुद पर भरोसा करना होगा, उसने बल्लेबाजी में काफी बदलाव कर लिये हैं : रिकी पोंटिंग

आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि भारत के शीर्षक्रम के बल्लेबाज शुभमन गिल ने अपनी बल्लेबाजी शैली में काफी बदलाव कर लिये हैं जिससे विदेश दौरों पर रन नहीं बन पा रहे लेकिन उन्हें आत्मविश्वास पैदा करना होगा। गिल अंगूठे की चोट के कारण बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी का पहला टेस्ट नहीं खेल सके थे। एडीलेड में दूसरे टेस्ट में वह अच्छी शुरूआत को बड़ी पारियों में नहीं बदल सके। ब्रिसबेन में तीसरे टेस्ट में वह पहली पारी में जल्दी आउट हो गए लेकिन बाद में केएल राहुल और रविंद्र जडेजा ने अर्धशतक जमाकर मैच ड्रॉ कराया।




पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू में कहा मुझे उसे खेलते देखना पसंद है। जब आप उसे अच्छी बल्लेबाजी करते देखें तो उसका कोई सानी नहीं है। लेकिन विदेश में उसका प्रदर्शन वैसा नहीं रहा है। पोंटिंग ने कहा कि एडीलेड में दूसरे टेस्ट में उन्होंने गिल की तकनीक में काफी बदलाव देखे जिससे उनसे रन नहीं बन पा रहे। उन्होंने कहा मैने एडीलेड में उसे बल्लेबाजी करते देखा और लगा कि उसने काफी बदलाव कर लिया है। स्कॉट बोलैंड गेंदबाजी कर रहा था और उसे आफ स्टम्प पर पड़ती गेंद पर फ्रंट पैड आगे कर दिया। बोलैंड ने सीधी गेंद पर उसे बोल्ड कर दिया। पोंटिंग ने कहा कि आमूलचूल बदलाव करने की बजाय गिल को अपने आप पर भरोसा करके बल्लेबाजी में सुधार करना चाहिये था। उन्होंने कहा उसे अपनी रक्षात्मक तकनीक पर थोड़ा और काम करना होगा ताकि आस्ट्रेलिया में रन बना सके। उसने अपने देश में या दुनिया में हर जगह आक्रामक खेलकर रन बनाये हैं जब वह आउट होने के बारे में नहीं बल्कि रन बनाने के बारे में ही सोचता आया है। उसे उसी मानसिकता के साथ यहां उतरना होगा।

# कुलदीप के पास वीजा नहीं है और अक्षर, रोहित ने अश्विन की जगह कोटियान को शामिल करने की वजह बताई

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच गुरुवार से बॉक्सिंग डे टेस्ट की शुरुआत होगी। इस मैच से पहले बीसीसीआई ने ऑफ स्पिनर तनुष कोटियान को संन्यास ले चुके रविचंद्रन अश्विन के रिप्लेसमेंट के तौर पर टीम में शामिल किया गया है। मंगलवार को कप्तान रोहित शर्मा ने कुलदीप यादव या फिर अक्षर पटेल को न चुनकर तनुष को शामिल करने के पीछे की वजह का खुलासा किया। अश्विन के सीरीज के बीच में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद भारत की मौजूदा स्क्वॉड में सिर्फ दो स्पिनर रह गए थे। ऐसे में विकल्प की तलाश थी। मेलबर्न और सिडनी में दो स्पिनरों की जरूरत पड़ सकती है। इसलिए कोटियान को तुरंत ऑस्ट्रेलिया बुलाया गया। वह फिलहाल विजय हजारे ट्रॉफी में की तैयारी में व्यस्त हैं। उनके मंगलवार को टीम में शामिल होने की उम्मीद है।

तनुष को शामिल करने के एक दिन बाद रोहित ने मीडिया से बात करते हुए अपने अंदाज में मजाक में कहा कि कोटियान को केवल इसलिए चुना गया क्योंकि कुलदीप के पास वीजा नहीं था।




हालांकि, उन्होंने मुंबई के इस आलराउंडर की जमकर तारीफ भी की। वह बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज शुरू होने से पहले ऑस्ट्रेलिया में भारत की ए टीम का भी हिस्सा थे। इस दौरे पर उन्होंने 44 रन बनाने के अलावा एकमात्र मैच में एक विकेट भी हासिल किया था। रोहित ने कहा, तनुष एक महीने पहले यहां आए थे और कुलदीप के पास वीजा नहीं है। हमें ऐसे खिलाड़ी की जरूरत थी जो जल्द से जल्द यहां पहुंचे। तनुष तैयार थे और उन्होंने यहां अच्छा खेल दिखाया था। वह पिछले दो वर्षों से घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और हम सिडनी या मेलबर्न में दो स्पिनरों के साथ खेलने के मामले में बैक-अप चाहते थे।

रोहित ने कुलदीप या अक्षर को अश्विन के रिप्लेसमेंट के रूप में शामिल नहीं करने की वजह भी बताई। दरअसल, चाइनामैन स्पिनर की हाल ही में हर्निया की सर्जरी हुई थी, जबकि अक्षर हाल ही में पिता बने थे। रोहित कहा, कुलदीप शत प्रतिशत फिट नहीं है क्योंकि उन्हें हर्निया की सर्जरी करानी पड़ी है। अक्षर हाल ही में पिता बने हैं इसलिए वह यात्रा पर नहीं जा रहे हैं। इसलिए तनुष हमारे लिए सर्वश्रेष्ठ विकल्प थे। उन्होंने घरेलू टूर्नामेंट में खुद को साबित भी किया है।

रोहित ने कहा, वह शायद एक कारण हैं कि मुंबई ने रणजी ट्रॉफी जीती है। उन्होंने एक ऑलराउंडर के रूप में शानदार भूमिका निभाई है। इसलिए, जरूरत पड़ने पर हमारे लिए यह बहुत अच्छा विकल्प हैं। उनकी मौजूदगी से अब हम सभी क्षेत्रों को कवर कर सकते हैं। 26 वर्षीय तनुष ने 33 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं। इसमें उन्होंने 25.70 की औसत से 101 विकेट लिए हैं। उन्होंने 47 पारियों में 41.21 की औसत से दो शतक और 13 अर्धशतक के साथ 1525 रन भी बनाए हैं। कोटियान ने 2018 में महज 20 साल की उम्र में मुंबई के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट में डेब्यू किया था। उन्होंने पहली पारी में सौराष्ट्र के खिलाफ दो विकेट लिए थे। वह मुंबई की रणजी टीम के मजबूत स्तंभ हैं। मुंबई ने इस साल रणजी ट्रॉफी जीती। इस दौरान कोटियान 29 विकेट के साथ प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे। साथ ही 14 पारियों में 41.83 की शानदार औसत से 502 रन भी बनाए। इस दौरान उन्होंने एक शतक और पांच अर्धशतक लगाए।

# ये जवानी है दीवानी 2 बन रही है? रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण के प्रशंसक कर रहे हैं ऐसी उम्मीदें?

ये जवानी है दीवानी को सिनेमाघरों में रिलीज़ हुए एक दशक से ज़्यादा हो गया है। अयान मुखर्जी द्वारा निर्देशित इस फ़िल्म में रणबीर कपूर, दीपिका पादुकोण, कल्कि कोचलिन और आदित्य रॉय कपूर मुख्य भूमिकाओं में हैं। अभिनय से लेकर संवादों और गानों तक, फ़िल्म की हर चीज़ दर्शकों को काफ़ी पसंद आई। 2024 में, को सिनेमाघरों में फिर से रिलीज़ किया गया। लेकिन क्या होगा अगर हम आपको बताएं कि प्रशंसकों का अनुमान है कि निर्माता सीक्वल बनाने की योजना बना रहे हैं?



23 दिसंबर को धर्मा प्रोडक्शंस ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर ये जवानी है दीवानी से एक तस्वीर शेयर की। कैप्शन में लिखा है, हमें इनसे प्यार हो जाएगा...फिर से! सस्टेट्यून। कैप्शन ने रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण के प्रशंसकों को आश्चर्यचकित कर दिया कि क्या टीम सीक्वल रिलीज़ करने की योजना बना रही है। कमेंट सेक्शन में एक व्यक्ति ने लिखा, अगर आप सीक्वल के बारे में सोच रहे हैं तो कृपया वही कास्ट रखें।

दूसरे ने कमेंट किया, इंतज़ार कर रहा हूँ एक और प्रशंसक ने कमेंट किया, मुझे सीक्वल देखकर खुशी होगी! एक प्रशंसक ने लिखा, प्लीज़ पार्ट 2 हालांकि, कुछ प्रशंसकों ने निर्माताओं से सीक्वल न बनाने का अनुरोध भी किया क्योंकि उन्हें दीपिका और रणबीर स्टारर यह फिल्म बेहद पसंद है। इस मनोरंजन समाचार में आगे एक प्रशंसक ने कमेंट किया, कृपया मेरी कम्फर्ट मूवी को बर्बाद न करें। एक और प्रशंसक ने लिखा, नहीं आप ऐसा नहीं कर सकते, कृपया कृपया कृपया। एक और कमेंट में लिखा है, इसे दोबारा मत बनाइए, यह खास याद है, बेकार सीक्वल बनाकर इसे बर्बाद कर रहे हैं। तो क्या यह ये जवानी है दीवानी 2 का अपडेट है या किसी विज्ञापन के लिए सिर्फ़ एक टीज़र? खैर, अब हम बस धर्मा द्वारा इसकी पुष्टि किए जाने का इंतज़ार कर सकते हैं। ये जवानी है दीवानी दूसरी फिल्म है, जिसमें रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण एक साथ स्क्रीन पर नज़र आए हैं। ब्रेकअप के बाद यह उनकी पहली फिल्म थी। दोनों ने आखिरी बार 2015 में इम्तियाज अली की फिल्म तमाशा में स्क्रीन स्पेस शेयर किया था।

# सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर स्टारर परम सुंदरी की आधिकारिक घोषणा, जानें क्या होगी कहानी?

बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा, जिन्होंने 12 साल पहले अपनी शुरुआत की थी, अब अपनी आगामी फिल्म में 12 साल छोटी अभिनेत्री के साथ रोमांस करते नजर आएंगे। उलज अभिनेता जान्हवी कपूर अब सिड के साथ आगामी रोमांटिक-कॉमेडी में नजर आएंगी, जिसका नाम परम सुंदरी है। कई देशभक्ति फिल्मों में अभिनय करने के बाद, सिद्धार्थ प्रेम-ड्रामा शैली में वापस आएंगे और अब एक ऐसी अभिनेत्री के साथ नजर आएंगे, जिसके साथ उन्होंने पहले कभी काम नहीं किया है। जी हाँ! नई जोड़ी अलर्ट।

अक्टूबर में बताया गया था कि सिद्धार्थ पहली बार परम सुंदरी में जान्हवी के साथ काम करेंगे। अब मैडॉक फिल्म्स ने मंगलवार को आधिकारिक घोषणा कर दी है। कैप्शन में लिखा नॉर्थ का स्वैग, साउथ की ग्रेस दो दुनियाएँ आपस में




टकराती हैं और चिंगारी उड़ती है। दिनेश विजान प्रस्तुत करते हैं सपरमसुंदरी, तुषार जलोटा द्वारा निर्देशित एक प्रेम कहानी, 25 जुलाई 2025 को सिनेमाघरों में आ रही है। परम के रूप में सौम्य सिद्धार्थ मल्होत्रा और सुंदरी के रूप में जीवंत जान्हवी कपूर से मिलें। अनजान लोगों के लिए, तुषार अभिषेक बच्चन की फिल्म दसवीं के निर्देशन के लिए जाने जाते हैं।

अफवाहों के अनुसार, सिद्धार्थ और जान्हवी कपूर एक थ्रिलर फिल्म में अभिनय करने वाले थे, लेकिन अब इसे बदलकर एक रोमांस कहानी कर दिया गया है। परम सुंदरी अलग-अलग संस्कृतियों से आने वाले एक लड़के और लड़की पर केंद्रित होगी। सिद्धार्थ दिल्ली के एक अमीर और आकर्षक व्यवसायी की भूमिका निभाएंगे, जो मजबूत मान्यताओं वाली केरल की एक आधुनिक कलाकार जान्हवी कपूर से प्यार करता है। अगर पाठकों को सही से याद हो, तो चेन्नई एक्सप्रेस और 2 स्टेट्स जैसी कई बॉलीवुड फ़िल्में एक उत्तर के लड़के के दक्षिण की लड़की से प्यार करने की कहानी पर आधारित थीं।

तुषार जलोटा द्वारा निर्देशित रोमांटिक कॉमेडी परम सुंदरी की शूटिंग दिसंबर में शुरू हुई थी। पहला शेड्यूल सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ दिल्ली में शूट किया जाएगा, उसके बाद टीम केरल के लिए रवाना होगी। बाकी सीन मुंबई स्टूडियो में शूट किए जाएंगे। फिल्मांकन 2025 तक पूरा हो सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शीर्षक कृति सनोन की फिल्म मिमी के गाने परम सुंदरी पर आधारित है, इसलिए वह भी फिल्म में हो सकती हैं। इस संबंध में फिलहाल कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

# पठान जैसी सुपरहिट फिल्म देने के बाद शाहरुख खान फिर करने जा रहे हैं सिद्धार्थ आनंद के साथ काम?

शाहरुख खान को बड़े पर्दे पर देखे हुए एक साल हो गया है। सुपरस्टार की आखिरी थिएट्रिकल रिलीज़ राजकुमार हिरानी की डंकी थी। साल 2023 में सुपरस्टार ने धमाकेदार वापसी की और उनकी दो अन्य फ़िल्में पठान और जवान ने बॉक्स ऑफ़िस पर धमाल मचा दिया। तब से, प्रशंसक यह जानने का इंतज़ार कर रहे हैं कि वह अपनी अगली फ़िल्म पर कब काम करना शुरू करेंगे। अभिनेता ने पुष्टि की थी कि वह अगली फ़िल्म किंग करेंगे। अब हमारे पास इस पर एक बड़ा अपडेट है।



पठान के साथ बॉक्स ऑफ़िस पर एक साथ ब्लॉकबस्टर देने के बाद, शाहरुख खान और सिद्धार्थ आनंद फिर से हाथ मिलाने के लिए तैयार हैं। अगर आप सोच रहे हैं कि यह पठान 2 के लिए है, तो ऐसा नहीं है। हमारे सभी मनोरंजन समाचार पाठकों को, हम आपको सूचित करना चाहते हैं कि शाहरुख और सिद्धार्थ अब फ़िल्म किंग के लिए साथ काम करेंगे। पहले, बदला के निर्देशक सुजॉय घोष इस फ़िल्म का निर्देशन करने वाले थे। हालाँकि, अब ऐसा नहीं हो रहा है।

एक सूत्र ने पिंकविला को बताया कि एक्शन एंटरटेनर की तैयारी पिछले 6 महीनों से चल रही है। अब तक सिद्धार्थ और उनकी टीम ने दुनिया भर में कई अलग-अलग जगहों पर रेकी की है क्योंकि वे सुपरस्टार के साथ एक बेहतरीन एक्शन फिल्म बनाना चाहते हैं। फिल्म अगले साल फ्लोर पर जाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

तो क्या सुजॉय घोष पूरी तरह से फिल्म से बाहर हो गए हैं? जवाब है नहीं। घोष ने सिद्धार्थ आनंद, सुरेश नायर और सागर पांड्या के साथ कहानी लिखी है। अब्बास टायरवाला शाहरुख की अगली फिल्म के लिए संवाद लिखेंगे। एक सूत्र ने मुझे बताया, यह हिंदी फिल्म के लिए लिखी गई सबसे धमाकेदार एक्शन फिल्म है। शाहरुख और सिड दुनिया भर में किंग के एक्शन ब्लॉक शूट करने की योजना बना रहे हैं और उन्होंने पहले ही कई नए स्थानों पर इसके लिए रेकी कर ली है।

शाहरुख खान और पठान के निर्देशक फिर से साथ काम करके काफी खुश हैं। किंग का शेड्यूल 6-7 महीने का बताया जा रहा है और निर्माताओं का लक्ष्य फिल्म को 2026 में रिलीज करना है। एक्शन सीन काफी शानदार होंगे और सुपरस्टार के प्रशंसकों के लिए एक ट्रीट होने की बात कही जा रही है। शाहरुख के साथ इस फिल्म में अभिषेक बच्चन और सुहाना खान भी हैं। खबर है कि शाहरुख के साथ एक ए-लिस्टर अभिनेत्री को कास्ट किया जाएगा और इसकी घोषणा जल्द ही की जाएगी।

# जब दिलजीत दोसांझ को प्रियंका चोपड़ा के ऑन-स्क्रीन पति के रूप में कास्ट किया गया

फ़िल्म निर्माता बोनी कपूर ने हाल ही में खुलासा किया कि दिलजीत दोसांझ को प्रियंका चोपड़ा के साथ एक फ़िल्म में कास्ट किया जाना था। एक इंटरव्यू में इस बारे में बात करते हुए बोनी ने यह भी कहा कि गायक को अभिनेत्री के पति की भूमिका निभानी थी और उन्होंने चोपड़ा का लगभग दो साल तक इंतज़ार किया। ज़ूम से बात करते हुए बोनी कपूर ने दिलजीत की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और उन पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने कहा, मुझे इस बात पर बहुत गर्व है कि उन्होंने क्या हासिल किया है और क्या हासिल कर रहे हैं। वे आगे बढ़ चुके हैं। वास्तव में, मैं उन्हें एक फ़िल्म में कास्ट करना चाहता था जिसकी हमने क्वांटिको से पहले प्रियंका (चोपड़ा) के अमेरिका चले जाने से लगभग छह या सात साल पहले योजना बनाई थी। वास्तव में, उन्हें वह विषय पसंद आया था जिसकी



हम योजना बना रहे थे। बोनी ने कहा, एक से दो साल तक, हमने उसका इंतज़ार किया। जब मैं उससे बात करता था, तो वह कहती थी, मेरे पास स्क्रिप्ट है, और हर रात मैं इसके बारे में सोचता हूँ और खुद की कल्पना करता हूँ।

उस विशेष फिल्म में, हम दिलजीत को उसके साथ चाहते थे, और हम दिलजीत से मिले थे, और हमने उसे बताया था कि तुम फिल्म में उसके साथ रहोगे, उसके पति की भूमिका निभाओगे। उन्होंने निष्कर्ष निकाला तो हमारा रिश्ता इतना पुराना है। और आज फिर, भगवान ने एक मौका दिया है कि वह (दिलजीत) नो एंट्री पार्ट 2 का हिस्सा होगा। इस बीच, यह बताया गया है कि नो एंट्री 2 में दिलजीत दोसांझ और वरुण धवन एक साथ दिखाई देंगे। फिल्म के कलाकारों और क्रू के बारे में आगे की जानकारी जल्द ही साझा की जाएगी।अनाथालयों को दान की जाएगी। अभिनेता के इस फैसले ने प्रशंसकों का दिल जीत लिया है।

## दिल्ली में संजीवनी नाम की कोई योजना नहीं, निजी जानकारी न देने की अपील की



**नई दिल्ली।** सुषमा स्वराज की पुत्री बांसुरी स्वराज ने आज एक प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में अपनी हार को देखते हुए अरविंद केजरीवाल अब प्रतिदिन एक नई घोषणा कर रहे हैं। इसके जरिए वे अपनी उन नाकामियों को छिपाने का काम कर रहे हैं जो वे आज तक नहीं कर पाए। भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने दावा किया है कि दिल्ली में संजीवनी योजना के नाम की कोई योजना नहीं चल रही है। लेकिन इसके बाद भी आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता लोगों से आधार कार्ड, मोबाइल फोन नम्बर और मतदाता पत्र मांग रहे हैं। उन्होंने लोगों को सावधान किया कि वे अपनी निजी जानकारी किसी से साझा न करें, इससे बड़ा फ्रॉड हो सकता है। सुषमा स्वराज की पुत्री बांसुरी स्वराज ने आज एक प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में अपनी हार को देखते हुए अरविंद केजरीवाल अब प्रतिदिन एक नई घोषणा कर रहे हैं। इसके जरिए वे अपनी उन नाकामियों को छिपाने का काम कर रहे हैं जो वे आज तक नहीं कर पाए। उन्होंने कहा कि पूरे देश के लोग पांच लाख रुपए की आयुष्मान योजना का लाभ ले रहे हैं, लेकिन अरविंद केजरीवाल ने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी होने के कारण दिल्ली के लोगों को इसका लाभ नहीं लेने दिया। बांसुरी ने कहा कि केजरीवाल पूरी दिल्ली को आज तक साफ पानी नहीं दे पाए, लेकिन अब चुनाव के समय एक नल से पानी पीने का नाटक कर रहे हैं।

## एसएससी भर्ती घोटाले में पार्थ चटर्जी को झटका, कलकत्ता हाईकोर्ट ने खारिज की जमानत याचिका

**जमानत**

**हाईकोर्ट ने पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी और सीबीआई द्वारा आरोपित चार अन्य हाई-प्रोफाइल आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कर दी है।**

**कोलकाता।** पार्थ चटर्जी को पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से प्रायोजित और सहायता प्राप्त प्राथमिक विद्यालयों में शैक्षणिक व गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों की भर्ती में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। राज्य स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) भर्ती घोटाले



मामले में बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी को कलकत्ता हाईकोर्ट से झटका लगा है। हाईकोर्ट ने पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी और सीबीआई द्वारा आरोपित चार अन्य हाई-प्रोफाइल आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट में मामले की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति तपब्रत चक्रवर्ती ने पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी, पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) के पूर्व अध्यक्ष सुबीर भट्टाचार्य, राज्य माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष कल्याणमय गांगुली, एसएससी की सलाहकार समिति के पूर्व अध्यक्ष एसपी साहा और एसएससी के पूर्व सचिव अशोक साहा की जमानत याचिका खारिज कर दी। इससे पहले जमानत याचिका पर न्यायमूर्ति अरिजीत बनर्जी और न्यायमूर्ति अपूर्व सिन्हा रॉय की खंडपीठ ने अलग-अलग फैसले सुनाए थे।

इसके बाद मामले को उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने न्यायमूर्ति चक्रवर्ती की एकल पीठ को सौंप दिया था।

याचिका पर सुनवाई के दौरान सीबीआई ने दावा किया था कि स्कूल नौकरी घोटाले में पांचों के खिलाफ जांच पूरी हो चुकी है, लेकिन भर्तियों में अनियमितताओं की जांच अभी जारी है। आरोपी काफी प्रभावशाली हैं। ऐसे में जमानत दिए जाने से जांच प्रभावित हो सकती है। बता दें कि पार्थ चटर्जी ने पहले कई मौकों पर उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय दोनों में जमानत याचिकाएं दायर की हैं। पार्थ चटर्जी को पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से प्रायोजित और सहायता प्राप्त प्राथमिक विद्यालयों में शैक्षणिक व गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों की भर्ती में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। उनकी कथित करीबी सहयोगी अर्पिता मुखर्जी को भी ईडी ने कथित अवैध भर्तियों में धन के लेन-देन की जांच के सिलसिले में गिरफ्तार किया था। ईडी ने दावा किया कि उसने अर्पिता के कई फ्लैट से 49.80 करोड़ रुपये नकद, आभूषण, सोने की छड़ें, संयुक्त स्वामित्व वाली संपत्ति और एक कंपनी के दस्तावेज बरामद किए हैं।


## केरल में परमाणु ऊर्जा केंद्र बनाने पर विचार, राज्य की मांग- थोरियम भंडार का हो सकेगा इस्तेमाल

**तिरुवनंतपुरम।** राज्य के ऊर्जा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि केरल सरकार ने परमाणु ऊर्जा केंद्र की मांग नहीं की है, लेकिन केंद्र सरकार से अपील की है कि वे राज्य के थोरियम भंडार का इस्तेमाल करें। केरल में परमाणु ऊर्जा केंद्र बनाने पर विचार किया जा रहा है। केरल के ऊर्जा मंत्री के कृष्णनकुट्टी ने तिरुवनंतपुरम में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद ही ऐसी चर्चा है कि केंद्र सरकार राज्य में परमाणु ऊर्जा केंद्र स्थापित करने पर विचार कर सकती है। हालांकि इसके लिए राज्य सरकार को भूमि उपलब्ध करानी होगी। केरल के ऊर्जा मंत्री ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें उन्होंने राज्य में थोरियम भंडार का इस्तेमाल कर बिजली उत्पादन करने की अपील की ताकि केरल के बिजली मिल सके। राज्य के ऊर्जा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि केरल सरकार ने परमाणु ऊर्जा केंद्र की मांग नहीं की है, लेकिन केंद्र सरकार से अपील की है कि वे राज्य के थोरियम भंडार का इस्तेमाल करें। केरल में बिजली संकट गहरा रहा है और राज्य सरकार बिजली के लिए अपने हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट्स और पड़ोसी राज्यों से खरीदी जाने वाली बिजली पर ही निर्भर है। हालांकि राज्य में बिजली की खपत बढ़ती जा रही है। यही वजह है कि राज्य सरकार ने बिजली के विकल्प तलाशने शुरू कर दिए हैं। हालांकि अभी केरल में परमाणु ऊर्जा केंद्र की मंजूरी के लिए कई अध्ययन होंगे और उसके बाद ही तय होगा कि परमाणु ऊर्जा केंद्र बनेगा या नहीं। साल 2030 तक केरल में बिजली की मांग बढ़कर 10 हजार मेगावाट हो सकती है। केरल सरकार ने केंद्रीय पूल से भी राज्य को और बिजली देने और राज्य का ऊर्जा ढांचा बेहतर करने में मदद देने की अपील की है। केरल का ऊर्जा ढांचा फिलहाल 4260 मेगावाट सप्लाई संभालने लायक ही है। केरल के ऊर्जा मंत्री ने केंद्रीय मंत्री से मुलाकात में तलचर पावर प्लांट से राज्य को 180 मेगावाट की बजाय 400 मेगावाट बिजली देने की मांग की। केरल ने पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन के हाई वोल्टेज डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम को राष्ट्रीय संपत्ति घोषित करने और इसका खर्च सभी राज्यों से लेने की भी मांग की। अभी सिर्फ दक्षिणी राज्यों से इसका खर्च लिया जा रहा है। केरल सरकार ने तिरुवनंतपुरम, कोच्चि, कोझिकोड में सभी पावर केबल्स को अंडरग्राउंड करने की भी मांग की।

## जनता बढ़ती कीमतों से जूझ रही, सरकार कुंभकरण की तरह सो रही

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर मोदी सरकार पर हमला बोला। उन्होंने मंगलवार को कहा कि जनता बढ़ती कीमतों से जूझ रही है और रोजमर्रा की जरूरतों की छोटी-छोटी चीजों से समझौता करने को मजबूर है जबकि सरकार कुंभकरण की तरह सो रही है। गांधी ने सोशल मीडिया मंच पर गिरि नगर में एक सब्जी बाजार के अपने हालिया दौरे और गृहिणियों के साथ बातचीत का एक वीडियो साझा किया, जिन्होंने खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों के कारण अपनी परेशानी बयां की थी। उन्होंने कहा, पिछले दिनों दिल्ली के एक किराना स्टोर का दौरा किया। किराना स्टोर्स सिर्फ सामान बेचने के माध्यम भर नहीं हैं।

## चुनाव संचालन नियम में संशोधन का मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली।** चुनाव संचालन नियम में संशोधन का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। कांग्रेस ने कुछ इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों के सार्वजनिक निरीक्षण को रोकने के लिए निर्वाचन संचालन नियम में बदलाव किए जाने को मंगलवार को शीर्ष कोर्ट में चुनौती दी। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने इसकी जानकारी दी है। जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, निर्वाचन संचालन नियम, 1961 में हाल के संशोधनों को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय में एक रिट याचिका दायर की गई है। उन्होंने कहा, निवार्चन आयोग एक संवैधानिक निकाय है। इस पर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की जिम्मेदारी है, इसलिए इसे एकतरफा और सार्वजनिक विचार-विमर्श के बिना इतने महत्वपूर्ण नियम में इतनी निर्लज्जता से संशोधन करने की इजाजत नहीं दी जा सकती है। रमेश ने कहा कि चुनावी प्रक्रिया में सत्यनिष्ठा तेजी से कम हो रही है और उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट इसे बहाल करने में मदद करेगा।

इससे पहले जयराम रमेश ने शनिवार को कहा था कि इस कदम को जल्द ही कानूनी रूप से चुनौती दी जाएगी। चुनाव संचालन नियम, 1961 के नियम 93 अनुबंधों के मुताबिक, चुनाव से संबंधित सभी कागजात सार्वजनिक निरीक्षण के लिए रखे जाएंगे। यानी ये सार्वजनिक स्तर पर उपलब्ध होंगे। अब केंद्र सरकार ने इस नियम में संशोधन किया है। इसके तहत अब नियम 93 की शब्दावली में कागजातों के बाद जैसा कि इन नियमों में निर्दिष्ट है शब्द जोड़े गए हैं।

## आंबेडकर मुद्दे पर कांग्रेस पर पलटवार की तैयारी

**आरोप**

**संसद के शीतकालीन सत्र में बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर को लेकर की गई शाह कर टिप्पणी को लेकर कांग्रेस लगातार भाजपा पर आरोप लगा रही है।**



**नई दिल्ली।** शाह ने पिछले हफ्ते राज्यसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान आंबेडकर पर बयान दिया था। इसके विरोध में कांग्रेस ने आंबेडकर सम्मान सप्ताह शुरू किया है, जिसके तहत पार्टी कार्यकर्ता और नेता देशभर में रैली और प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करेंगे। अब भाजपा ने भी कांग्रेस को इस मुद्दे पर जवाब देने की तैयारी की है। संसद के शीतकालीन सत्र में बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर को लेकर की गई शाह कर टिप्पणी को लेकर कांग्रेस लगातार भाजपा पर आरोप लगा रही है। अब भाजपा ने भी कांग्रेस को जवाब देने की तैयारी कर ली है। भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कांग्रेस की पोल खोलेंगे। साथ ही संविधान निर्माता के अपमान के मुद्दे पर कांग्रेस को घेरेंगे। शाह ने पिछले हफ्ते राज्यसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान आंबेडकर पर बयान दिया था। कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि शाह ने आंबेडकर का अपमान किया। इसके विरोध में कांग्रेस ने आंबेडकर सम्मान सप्ताह शुरू किया है, जिसके तहत पार्टी कार्यकर्ता और नेता देशभर में रैली और प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करेंगे, ताकि आंबेडकर के योगदान को याद किया जा सके। अब भाजपा ने भी कांग्रेस को इस मुद्दे पर जवाब देने की तैयारी की है। भाजपा शासित राज्यों के सीएम प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कांग्रेस की ओर से किए गए डॉ. आंबेडकर के अपमान का मुद्दा उठाएंगे। सोमवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने हमेशा आंबेडकर का अपमान किया है और अब वह उनके योगदान को याद करने का नाटक कर रही है। प्रसाद ने कहा, कांग्रेस को आंबेडकर के अपमान के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए।

## यूनाइटेड हेल्थकेयर के सीईओ की हत्या के आरोपी ने खुद को बताया निर्दोष

**वॉशिंगटन।** मैंगियोन की वकील करेन फ्राइडमैन ने उसके मुवक्किल के खिलाफ चल रहे मुकदमे की निष्पक्षता पर सवाल उठाए हैं। वकील ने बीते हफ्ते मामले की सुनवाई के दौरान कई वकीलों के साथ मेयर एरिक एडम्स की मौजूदगी से भी नाराजगी जाहिर की। अमेरिका की स्वास्थ्य बीमा कंपनी यूनाइटेड हेल्थकेयर के सीईओ की हत्या के आरोपी लुइजी मैंगियोन को सोमवार को न्यूयॉर्क की अदालत में पेश किया गया। जहां लुइजी मैंगियोन ने खुद को निर्दोष बताया। मैंगियोन पर हत्या, आतंकवाद समेत कुल 11 आरोप लगे हैं। मैंगियोन पर ये आरोप मैनहट्टन डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी कार्यालय द्वारा लगाए गए हैं। मैंगियोन की वकील करेन फ्राइडमैन ने उसके मुवक्किल के खिलाफ चल रहे मुकदमे की निष्पक्षता पर सवाल उठाए हैं। वकील ने बीते हफ्ते मामले की सुनवाई के दौरान कई वकीलों के साथ मेयर एरिक एडम्स की मौजूदगी से भी नाराजगी जाहिर की। वकील ने कहा कि %वह (मैंगियोन) एक युवा है, लेकिन उसे दो न्यायाधिकार क्षेत्रों के बीच पीसा जा रहा है और उसका तमाशा बनाया जा रहा है।% इस पर न्यायाधीश ने आश्वासन दिया कि मैंगियोन मामले में निष्पक्ष सुनवाई होगी और जूरी का चयन सावधानी से किया जाएगा। अब मैंगियोन मामले की सुनवाई 21 फरवरी को की जाएगी। पिछली सुनवाई के दौरान न्यूयॉर्क के मैनहट्टन के डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी एलविन ब्राग ने कहा कि यह डरावनी, सुनियोजित हत्या थी। उन्होंने कहा कि यह हत्या शहर के भीड़भाड़ वाले इलाके में हुई, इससे स्थानीय लोगों, पर्यटकों, व्यापारियों की सुरक्षा के लिए भी खतरा पैदा हुआ है। यही वजह है कि आरोपी के खिलाफ आतंकवाद के भी आरोप लगाए गए हैं। 26 वर्षीय आरोपी मैंगियोन को अगर हत्या का दोषी पाया जाता है तो उसे उम्रकैद की सजा हो सकती है।

## प्रधानमंत्री स्टार्मर ने क्रिसमस पर मध्य पूर्व के लिए शांति और भाईचारे की अपील की



**लंदन।** क्रिसमस से पहले जारी किए गए एक वीडियो संदेश में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टार्मर ने लोगों से अपील की कि वे अपने आसपास के लोगों का ख्याल रखें। हर कोई क्रिसमस को लेकर उत्साहित है। ऐसे में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा कि वे मध्य पूर्व, जो क्रिसमस की कहानी का जन्मस्थान है, में शांति की कामना करेंगे और सभी के लिए उज्जवल भविष्य की उम्मीद करेंगे। डाउनिंग स्ट्रीट द्वारा बुधवार को क्रिसमस से पहले जारी किए गए एक वीडियो संदेश में प्रधानमंत्री ने लोगों से अपील की कि वे अपने आसपास के लोगों का ख्याल रखें। उन्होंने विशेष रूप से उन सशस्त्र बलों और फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया, जो देश भर में लोगों की मदद कर रहे हैं। उन्होंने कहा, इस क्रिसमस पर मैं शांति की कामना करूंगा। विशेष रूप से मध्य पूर्व में, जो क्रिसमस की कहानी का जन्मस्थान है। मैं हर व्यक्ति के लिए एक बेहतर व उज्जवल भविष्य की उम्मीद करूंगा और क्रिसमस से मिलने वाली खुशी और आश्चर्य का जश्न मनाऊंगा। उन्होंने आगे कहा, यह त्योहार याद दिलाता है कि क्या वास्तव में महत्वपूर्ण है, जैसे परिवार, मित्रता और सभी लोगों के बीच भाईचारा। इन उत्सवों में, साथ ही मुश्किल समय में भी हम एक दूसरे के लिए मौजूद हैं। मैं खास तौर पर उन लोगों का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं जो इस साल अपना क्रिसमस दूसरों की सेवा में बिताएंगे। हमारे राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा और आपातकालीन सेवाओं, हमारे सशस्त्र बलों और चर्चों व चैरिटी में जो इस क्रिसमस पर हर व्यक्ति का स्वागत करेंगे। पीएम स्टार्मर ने कहा, क्योंकि मुझे पता है कि यह हर किसी के लिए आसान समय नहीं है और संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं जो इस क्रिसमस पर अकेले हैं। जो कठिन समय से गुजर रहे हैं या किसी प्रियजन को खो रहे हैं। आप अकेले नहीं हैं, क्योंकि जब ईसाई ईसा मसीह के जन्म का उत्सव मनाते हैं, तो क्रिसमस की कहानी हम सभी को एक-दूसरे तक पहुंचने की याद दिलाती है। एक-दूसरे का ख्याल रखने और हमारे आस-पास के लोगों का ख्याल रखने की भी याद दिलाती है। इससे पहले डाउनिंग स्ट्रीट ने संकेत दिया था कि स्टार्मर और उनका परिवार बकिंघमशायर में चेकर्स में प्रधानमंत्री के कंट्री रिट्रीट में क्रिसमस मनाएंगे।

## गोद लिए बेटों के साथ दुष्कर्म का दोषी पाया गया समलैंगिक कपल

**वॉशिंगटन।** पुलिस ने बच्चों के यौन शोषण मामले में दो आरोपियों जैकरी जूलोक और विलियम डेल जूलोक को गिरफ्तार किया। जांच में पता चला कि दोनों समलैंगिक हैं और दंपति की तरह साथ रहते थे। अमेरिका की अदालत ने एक समलैंगिक जोड़े को अपने गोद लिए बेटों के साथ दुष्कर्म करने का दोषी पाया है। अदालत ने दोनों युवकों को 100 साल जेल की सजा सुनाई है। अदालत ने दोनों को सजा सुनाते हुए कहा कि उनका घर बच्चों के लिए खौफ का घर था। दोनों ने अपने दोस्तों के साथ भी बच्चों के यौन शोषण की तस्वीरें और वीडियो साझा किए थे। अदालत ने दोस्तों को भी कड़ी सजा सुनाई है।

## ट्रेन में महिला को जिंदा जलाने का आरोपी अवैध अप्रवासी

**वॉशिंगटन।** पुलिस जांच में पता चला है कि जेप्टा को साल 2018 में अमेरिका के एरिजोना में बॉर्डर पुलिस ने अवैध रूप से सीमा पार करते हुए पकड़ा था। इसके बाद जेप्टा को निर्वासित कर दिया गया था, लेकिन वह फिर से अमेरिका में दाखिल हो गया।

अमेरिका के न्यूयॉर्क में सबवे ट्रेन में एक महिला को जिंदा जलाने वाला आरोपी एक अवैध अप्रवासी है। जांच में खुलासा हुआ है कि उसे पहले निर्वासित कर दिया गया था, लेकिन वह फिर से अमेरिका में अवैध रूप से दाखिल हो गया। अरबपति कारोबारी एलन मस्क ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए हैरानी जताई।

पुलिस ने आरोपी को रविवार को गिरफ्तार किया था। आरोप है कि ग्वाटेमाला के निवासी सेबेस्टियन जेप्टा ने कॉनी आइलैंड और स्टिलवैल एवेन्यू के बीच चलने वाली सबवे ट्रेन में एक महिला को जिंदा जला दिया। इस घटना में महिला की मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस जांच में पता चला है कि जेप्टा को साल 2018 में अमेरिका के एरिजोना में बॉर्डर पुलिस ने अवैध रूप से सीमा पार करते हुए पकड़ा था। इसके बाद जेप्टा को निर्वासित कर दिया गया था, लेकिन वह फिर से अमेरिका में दाखिल हो गया। हालांकि जेप्टा फिर से कैसे और कब अमेरिका पहुंचा, इसका पता नहीं चला है। जेप्टा के इस खुलासे को लेकर सोशल मीडिया

**अवैध**

**पुलिस जांच में पता चला है कि जेप्टा को साल 2018 में अमेरिका के एरिजोना में बॉर्डर पुलिस ने अवैध रूप से सीमा पार करते हुए पकड़ा था।**




पर काफी कुछ लिखा जा रहा है। ऐसे ही एक सोशल मीडिया पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए एलन मस्क ने लिखा- वाह। दरअसल मस्क अवैध अप्रवासन के विरोधी हैं और राष्ट्रपति चुनाव में अवैध अप्रवासन का मुद्दा खूब गरमाया था। यही वजह है कि मस्क ने जेप्टा के अवैध रूप से अमेरिका में आने के लिए मौजूदा सरकार पर तंज कसा। जेप्टा पर आरोप है कि उसने लाइटर से महिला के कपड़ों में आग लगा दी, जिससे कुछ ही सेकेंड में जलकर महिला की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने इसे किसी इंसान का इंसान के प्रति सबसे घृणित अपराध कहा है। घटना के कुछ घंटे बाद ही जेप्टा को गिरफ्तार कर लिया गया था। पुलिस का कहना है कि जेप्टा की जेब से लाइटर भी बरामद किया गया था। पुलिस ने अभी तक मृतका की पहचान उजागर नहीं की है।

## सौदेबाजी का विषय नहीं, ट्रंप के नहर पर कब्जे वाले बयान पर पनामा के राष्ट्रपति का करारा जवाब

**नियंत्रण**

**अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पनामा नहर पर नियंत्रण वापस लेने के बयान से विवाद खड़ा हो गया है।**



**पनामा।** डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा था कि उनका प्रशासन पनामा नहर पर नियंत्रण हासिल करने का प्रयास कर सकता है। इस पर पनामा के राष्ट्रपति भड़क गए और खरीखोटी सुनाई। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पनामा नहर पर नियंत्रण वापस लेने के बयान से विवाद खड़ा हो गया है। पनामा के राष्ट्रपति जोस राउल मुलिनो ने इस धारणा को अपने देश की संप्रभुता का अपमान बताते हुए इसे सिरे से खारिज कर दिया। साथ ही कहा कि पनामा कभी भी सौदेबाजी का विषय नहीं होगा। डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा था कि उनका प्रशासन पनामा नहर पर नियंत्रण हासिल करने का प्रयास कर सकता है जिसे अमेरिका ने मूर्खतापूर्ण तरीके से अपने मध्य अमेरिकी सहयोगी को सौंप दिया था। उन्होंने अपनी इस बात के पीछे तर्क दिया कि अटलांटिक और प्रशांत महासागरों को जोड़ने वाली इस अहम नहर से गुजरने के लिए जहाजों से बेवजह शुल्क वसूला जाता है। पनामा के राष्ट्रपति मुलिनो ने ट्रंप के बयान को खारिज कर कहा, नहर और उसके आसपास का हर वर्ग मीटर पनामा का है और पनामा का ही रहेगा। पनामा के लोगों के कई मुद्दों पर अलग-अलग विचार हो सकते हैं, लेकिन जब हमारी नहर और हमारी संप्रभुता की बात आती है तो हम सभी एकजुट हैं। इसलिए नहर का नियंत्रण पनामा का है और यह कभी भी सौदेबाजी का विषय नहीं होगा। मुलिनों के बयान का समर्थन पूर्व राष्ट्रपतियों अर्नेस्टो पेरेज बल्लाडारेस, मार्टिन टोरिजोस और मिरेया मोस्कोसो ने भी किया।

## तुर्किए में बड़ा हादसा, फैक्ट्री में जोरदार धमाका, कम से कम 12 लोगों की मौत



**इस्तांबुल।** प्रांत के गवर्नर ने बताया कि विस्फोट बालीकेसिर प्रांत के कारेसी इलाके में स्थित फैक्ट्री में हुआ, जिसमें 12 नागरिकों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हुए। तुर्किए में एक फैक्ट्री में हुए जोरदार धमाके में कम से कम 12 लोगों की मौत की खबर है। यह धमाका विस्फोटक बनाने वाली फैक्ट्री में हुए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, तुर्किए के बालीकेसिर प्रांत में स्थित फैक्ट्री में धमाका हुआ। प्रांत के गवर्नर इस्माइल उस्ताउग्लु ने बताया कि विस्फोट बालीकेसिर प्रांत के कारेसी इलाके में स्थित फैक्ट्री में हुआ, जिसमें 12 नागरिकों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हुए। जिस फैक्ट्री में धमाका हुआ, उसका नाम 'स्क्र एम्युनिशन प्रोडक्शन फैक्ट्री है। अभी धमाके की वजह का खुलासा नहीं हुआ है। हादसे की भयावहता को देखते हुए मृतकों का आंकड़ा बढ़ने की आशंका है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, धमाके के बाद फैक्ट्री की इमारत ढह गई, जिससे कई लोगों की जान गई। जांच एजेंसियों द्वारा हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। घटनास्थल पर राहत और बचाव कार्य जारी है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस साल फरवरी में भी तुर्किए विनाशकारी भूकंप से दहल गया था। छह फरवरी को तुर्किए के गाजियांटेप इलाके में आए भूकंप में 45 हजार से ज्यादा लोग मारे गए थे।

## पाकिस्तान की नई साजिश या...? चीन से 40 जे-35 लड़ाकू विमान खरीदने की योजना

**बीजिंग।** पाकिस्तान ने चीन से उन्नत स्टील्थ लड़ाकू विमान खरीदने की तैयारी की है। भारत से तल्ख रिश्तों के बीच पड़ोसी मुल्क जे-35 के 40 जेट खरीदने जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, यदि यह योजना आगे बढ़ती है और मूर्त रूप लेती है तो यह चीन के नवीनतम जेट का पहला निर्यात होगा। समाचार एजेंसी पीटीआई ने हांगकांग के 'साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट' की खबर के हवाले से बताया कि यह बिक्री बीजिंग की ओर से किसी विदेशी सहयोगी को पांचवीं पीढ़ी के जेट विमानों के निर्यात का पहला मामला होगा। रिपोर्ट में पाकिस्तानी मीडिया की खबरों का हवाला देते हुए कहा गया है कि पाकिस्तान वायुसेना (पीएएफ) ने 40 विमानों की खरीद को मंजूरी दे दी है, जिनकी आपूर्ति दो साल के भीतर होने की उम्मीद है। इसके अनुसार ये विमान अमेरिकी एफ-16 और



फ्रांसीसी मिराज लड़ाकू विमानों के पाकिस्तान के पुराने बेड़े की जगह लेंगे। गंभीर आर्थिक संकट के बावजूद पाकिस्तान नए विमानों की खरीद प्रक्रिया को आगे बढ़ाने जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, पीएएफ प्रमुख एयर मार्शल जहीर अहमद बाबर सिद्धू ने जनवरी में कहा था कि जे-31 स्टील्थ लड़ाकू विमान हासिल करने की नींव पहले ही रखी जा चुकी है। हालांकि, बीजिंग ने इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। जे-35 को मुख्य रूप से चीनी विमानवाहक पोतों के लिए लड़ाकू जेट माना जाता है। इस विमान को पिछले महीने झुहाई शहर में आयोजित वार्षिक एयर शो में प्रदर्शित किया गया था, जिसमें पीएएफ के शीर्ष अधिकारियों ने भाग लिया था। चीन वर्तमान में इस क्षेत्र का एकमात्र देश है, जिसने स्टील्थ विमान विकसित किया है।

# महादेवी हायर सेकेंडरी स्कूल में साइंस एग्जीबिशन एण्ड फूड कार्निवल का आग़ाज़




**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** महादेवी हायर सेकेंडरी स्कूल में फ्यूजन फेस्ट - 2024 साइंस एग्जीबिशन एण्ड फूड कार्निवल का हुआ आगाज फ्यूजन फेस्ट 2024 की शुरुआत सर्वप्रथम मुख्य अतिथि अखिलेश कुमार मिश्र गुड्डू (सदस्य, प्रदेश कार्य समिति भाजपा), लक्ष्मण मौर्य (अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक आजमगढ़), गोविंद दुबे (महासचिव, उत्तर प्रदेश अभिवाहक संघ), डॉ दीपक पांडे,शिव गोविंद सिंह, सुरेंद्र मौर्य, मनीष सिंह,पवन कुमार मौर्य, हरिवंश मौर्य आदि लोगों ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की भव्य शुरुआत की। आपको बताते चले कि बच्चों के अंदर क्रियात्मक विकास को जागृत करने के उद्देश्य से फ्यूजन फेस्ट 2024 (साइंस एग्जीबिशन एवं फूड कार्निवल) का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक विज्ञान के मॉडल बनाए एवं उसका प्रदर्शन किया। बच्चों के मॉडल में स्मार्ट सिटी, ऊर्जा संरक्षण, आधुनिक व्यापार तकनीकी, यातायात नियमों के पालन, ए.आई. डिजिटल, रोबोटिक्स, जैव विविधता,अपशिष्ट पदार्थ प्रबंधन, मानव रक्त संचरण, आधुनिक कृषि जैसे थीम पर आधारित मॉडल प्रस्तुत किये। प्रदर्शनी के अलावा लजीज व्यंजनों के स्टाल भी लगाए गए थे जिसमें अभिभावकों ने जमकर लुफ्त उठाया। कार्यक्रम में विशेष ष्हांटेड हाउस में काफी भीड़ देखी गई जिसको विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने काफी परिश्रम करके तैयार किया था। कार्यक्रम के अंत में लकी ड्रा का आयोजन हुआ जिसमें स्मार्ट टीवी, साइकिल, मिक्सर ग्राइंडर, म्यूजिक सिस्टम और गिफ्ट हैंपर पुरस्कार निकाले गए। विद्यालय के प्रबंधक डीपी मौर्य ने बताया कि इस तरह के आयोजन से बच्चों के अंदर क्रियात्मक विकास होता है साथ-साथ उन्हें फूड स्टॉल के माध्यम से व्यापार की बारिक जानकारी भी प्राप्त होती है। मैं आए हुए सभी अतिथियों का बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं इतने व्यस्त दिनचर्या से अपना समय निकालकर कार्यक्रम में आप आए। कार्यक्रम को सफल बनाने में- प्रधानाचार्य रामनयन मौर्य, उप प्रधानाचार्य एसएन यादव, कोऑर्डिनेटर आनंद मौर्य, दिनेश यादव, रामचरण मौर्य, दीपिका सिंह, किशन यादव, धीरेंद्र मोहन, शरद गुप्ता, आरोही मोदनवाल, राहुल तिवारी ,अजय यादव ,प्रेमा यादव आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा।

# सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल के स्थापना दिवस पर समारोह का आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**मुबारकपुर,आजमगढ़।** सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल के स्थापना दिवस समारोह में आयोजित कार्यक्रम में देश भक्ति गीतों के रंग-बिरंगे तरानों कि प्रस्तुति कर बच्चों ने खुब तालियां बटोरी कार्यक्रम सरस्वती प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। जिसमें एवं मुख्य अतिथि आजाद भगत एडीएम एफार, संस्थापक एयाज अहमद खान ने दीप प्रज्वलित करने के उपरांत शुभारंभ किया। सीपीएस स्कूल के स्थापना,वार्षिक अधिवेशन कार्यक्रम हुसैनाबाद स्थिति स्कूल के प्रांगण में शनिवार को अपराह्न दो बजे से चलकर देर सायं समापन हुआ जिसमें बच्चों के द्वारा मनमोहक गीतों कामेयाबि हैं भारत कि विशाल कि हमनें आधुनिक संसद भवन गंगा पर हमनें विश्व कृतिमान आदि के साथ-साथ देश भक्ति गीतों की प्रस्तुति कर लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। छात्रों ने अच्छे-अच्छे परिधान धारण कर कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें भारत माता पैरामिड, बुराई पर अच्छाईयां का मंचन,शिक्षा की जागरुकता आदि पर आधारित नाटक मंचन कर बच्चों ने लोगों का दिल जीत लिया। संस्थापक एयाज अहमद खान, प्रबन्धक आजाद अहमद खान, तरन्नुम खानम, आजमगढ़ प्रधानाचार्य रेखा सिंह, नेयाजूद्दीन ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जमीर अहमद, अहमद अली,जीसान, आरिफ मन्ना प्रधान आदि उपस्थित थे।

# शराब तस्करों की खैर नहीं, गैंग चलाने बांध लें बोरिया बिस्तर : ओमवीर सिंह

- नवागत एसपी ने की प्रेसवार्ता



**अवधनामा संवाददाता**

**बलिया।** नवागत पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने मंगलवार की दोपहर एक बजे पुलिस लाइन सभागार में प्रेस वार्ता किया। उन्होंने कहा कि पुलिस की कार्य प्रणाली में सुधार दिखेगा। थानों पर आने वाले शिकायत कर्ताओं की शिकायत सुनने के लिए एक दरोगा को नियुक्त किया जाएगा। यह दरोगा सुबह नौ बजे से पांच बजे तक थाने में आने वाली जनता की शिकायतें सुनेंगे और संबंधित पुलिस अधिकारियों के समक्ष प्रेषित करेंगे। ऐसे कार्य के लिए उम्रदराज दरोगाओं को तैनात किया जा जाएगा। ये लोग थाने में आने वाली जनता की शिकायतें शालीनता से सुनेंगे। उन्होंने कहा कि थानों पर साफ सफाई से लेकर जनता से सही तरीके से व्यवहार करने की ताकीद कर दी गई है। अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। जिले में वारंटियों और वांछितों की संख्या काफी अधिक है। थानावार इसकी समीक्षा करके इनकी गिरफ्तारी तय समय में करने का लक्ष्य दिया जाएगा। एक सवाल के जवाब में उन्होंने का कि जिले में अवैध शराब कारोबार के विरुद्ध सीओ के नेतृत्व में प्रभावी अभियान चलाया जाएगा। एसपी ने कहा कि जिले में सक्रिय अपराधियों के गैंगों की गतिविधियों के बारे में अध्ययन करके उप प्रभावी अंकुश लगा जाएगा। एक सवाल के जवाब में एसपी ने कहा कि स्नेचरों औरछिनैती की घटनाएं रोकी जाएंगी। एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि थाने पर आने वाले प्रत्येक पीड़ित व्यक्ति की तहरीर पर मुकदमा दर्ज होगा। कहा कि मेरा लक्ष्यरहता है कि प्रत्येक माह हर थाने पर दस प्रतिशत अधिक मुकदमे दर्ज किए जाएं। लेकिन कोई भी झूठी घट ना की तहरीर पर मुकदमा दर्ज नहीं होगा। कहा कि पुलिस कर्मियों की ड्युटी आकस्मिक रूप से चेक करने के लिए वे स्वयं निकलेंगे और इस दौरान लापरवाही मिलने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# 1400 वर्षों से चीनियों की पहली पसंद रहा है प्रयागराज

- 644 ईस्वीं में चीनी यात्री ह्वेनत्सांग ने अपनी किताब में की थी राजा हर्षवर्धन के राज्य की प्रशंसा
- ह्वेनत्सांग ने प्रयागराज को सबसे ज्यादा अन्न, जलवायु, स्वास्थ्य और फल वृक्ष वाला क्षेत्र बताया

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** प्रयागराज तकरीबन 1400 वर्ष से चीनियों की पहली पसंद है। इसका स्पष्ट उल्लेख चीनी यात्री ह्वेनत्सांग ने भी अपनी पुस्तक में किया है। भारत की सांस्कृतिक विरासत से चीन और आसपास के देश खासे आकर्षित होते रहे हैं। इसीलिए प्राचीन काल में चीन ने बारी-बारी अपने पांच यात्रियों को भारत के सांस्कृतिक महत्व की जानकारी लेने के लिए भेजा। ह्वेनत्सांग ने यहां आकर 16 वर्षों तक भारत के कोने-कोने का अध्ययन किया। 644 ईस्वीं में उसने शक्तिशाली राजा हर्षवर्धन के राज्य को सबसे ज्यादा अन्न वाला बताया। यही नहीं उसने अपनी किताब में लिखा है कि प्रयागराज जलवायु, स्वास्थ्य और सबसे ज्यादा फल वाले वृक्षों का क्षेत्र है। प्रयागराज व आसपास के लोग विनम्र, सुशील और विद्याप्रेमी होते हैं। यहां तमाम पुरातत्व और सर्वेक्षण से भी सिद्ध होता है कि प्रयाग यूं ही तीर्थराज नहीं बना।

प्रयागराज की सांस्कृतिक महत्ता के बारे में ह्वेनत्सांग ने अपनी किताब सी-यू-की में लिखा है कि देश के बड़े-बड़े राजा और महाराजा यहां पर दान का उत्सव मनाने एकत्र हुआ करते थे। इनमें सबसे प्रतापी और शक्तिशाली राजा हर्षवर्धन का शासन काल सबसे प्रमुख रहा। ह्वेनत्सांग की किताब में प्राचीनकाल में प्रयाग के महात्म्य का रोचक वर्णन मिलता है। ह्वेनत्सांग ने लिखा है कि प्राचीन काल में प्रयागराज में बड़े स्तर पर धार्मिक उत्सव मनाया जाता था, जिसमें 5 लाख से अधिक व्यक्ति एकत्र होते। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में देश के बड़े-बड़े राजा और महाराजा हिस्सा लेते थे। उसने लिखा है कि इस बड़े राज्य का विस्तार 500 ली (05 ली = 01 मील) तक है। प्रयाग दो पवित्र नदियों गंगा और यमुना के बीच 20 ली के घेरे में है। यहां की जलवायु उष्ण है।

# देश के 85 प्रतिशत लोगों का भगवान है बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर: शमीम

**अवधनामा संवाददाता**

**बलिया।** बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को लेकर गृहमंत्री अमित शाह द्वारा दिए गए विवादित बयान के विरोध में एआईएमआईएम पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने मंगलवार की दोपहर एक बजे कलेक्ट्रेट में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा गया। इस दौरान पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने गृहमंत्री के इस्तीफे की मांग की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्टी के प्रदेश महासचिव मोहम्मद शमीम खान ने कहा कि बाबा साहब का अपमान देश बर्दास्त नहीं कर सकता। बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी साहब और प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली साहब के आह्वान पर पूरे देश और प्रदेश में एक साथ ज्ञापन दिया जा रहा है। भाजपा की राजनीति बांटो और राज करो की है। भाजपा को जनता के विकास से, तरक्की से, खुशहाली से कोई लेना-देना नहीं है। देश में नफरत फैलाना इनका एकमात्र मकसद है। देश के महापुरुषों का अपमान भाजपा की मानसिकता बन चुका है। बाबा साहब देश के 85 प्रतिशत लोगों के भगवान



- गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ एआईएमआईएम पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

है, क्योंकि उन्होंने यहां के लोगों को जीने की राह दिखाई। प्रदेश संयुक्त सचिव मुकुल देशमुख ने कहा कि अमित शाह जी द्वारा दिया गया बयान देश के विचारधारा के विपरीत है। भाजपा देश के दलित पिछड़ों को मुख्य धारा से वंचित रखना चाहती है। जिलाध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता ने कहा कि पूरी दुनिया बाबा साहब का सम्मान कर रही है, लेकिन देश के सदन में भारत के नेता उनका अपमान कर रहे हैं। बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर का त्याग बलिदान की बदौलत थी। आज भारत के लोगों को उनका अधिकार मिला हुआ है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता, जिला संगठन प्रभारी मोहम्मद नसीम खान, जिला प्रमुख महासचिव महताब आलम, पूर्वांचल के पूर्व सचिव कालिका प्रसाद, जिला सचिवगण दीपक यादव, फरीद अहमद मुराद, शकील अहमद, जिला संगठन मंत्री मुदस्सिर अंसारी, जिला पंचायत सदस्य मुमताज अहमद, जिला मीडिया प्रभारी इम्तियाज अहमद, जिला कार्य समिति के सदस्य नियाज अहमद, सनाउल्लाह खान, विधानसभा प्रभारी बांसडीह समतुल्लाह अंसारी, ब्लॉक अध्यक्ष हनुमानगंज निहाल अहमद, विधानसभा अध्यक्ष जावेद अंसारी, विधानसभा के अध्यक्ष सिराज अहमद व महासचिव एडवोकेट फैजान अहमद निजामी, रामकुमार राजभर, छोटन राजभर त्रिभुवन राम आदि लोग मौजूद रहे।

# फर्जी मित्र प्रमाण बनाने में दो गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**प्रयागराज।** ज़मीन के लालच मे कुछ भू मफिया फ़र्ज़ी दस्तावेज़ बनाने से भी पीछे नही हैं। ताज़ा मामला पुरामुफ़्ती के शेख पुर इब्राहिम पुर गांव का हैं जहाँ दूसरे की ज़मीन हथियाने के लिए गांव के राम दुलारे और उसके परिवार के लोगो ने कूट रचना करके दक्खानी नमक शख्स का नकली मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कर दी। उसके बाद ज़मीन की रजिस्ट्री को गलत बता कर कोर्ट मे केस दाखिल कर दिया। कोर्ट मे तर्क दिया गया की ज़ब दक्खानी की मौत सन 66 मे हो गयी तो ज़मीन की रजिस्ट्री उन्होंने जमील के नाम 70 -71 मे कैसे कर दीं। जमील अहमद से ज़मीन खरीदने वाले अख्तर ने ज़ब कोर्ट मे दाखिल मृत्यु प्रमाणपत्र पर जन सूचना अधिकार के तहत जानकारी मांगी तो सारा खुलासा हो गया। जन सूचना की तरफ से आख्या दीं गयी की मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने का प्रावधान 1969 मे शुरू हुआ हैं और मृत्यु प्रमाण पत्र मे जिस ग्राम पंचायत अधिकारी का हस्ताक्षर है ये पद भी 1966 मे सृजित नही था। इस आख्या से साफ हो गया की कागज़ी फ़र्ज़ीवाडा तो किया गया लेकिन करने वाला बेसिक चीजे भूल गया। जिससे पूरा राज़ खुल गया। इसी बिना पर कोर्ट ने राम दुलार का केस भी ख़ारिज कर दिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### फसल नष्ट कर दबंग कर रहे जमीन कब्जा



**आजमगढ़।** फसल नष्ट कर दबंग कर रहे जमीन कब्जा तो ग्रामीण पहुंचे डीएम दरबार लगाई न्याय की गुहार। जिला मुख्यालय पहुंचे मेहनगर तहसील अंतर्गत तरवां थाना क्षेत्र के रासेपुर निवासी ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि बगल के गांव बसारीपुर के रहने वाले एक दबंग द्वारा तहसील और थाने को अपने प्रभाव में लेकर उनकी पुस्तैनी जमीन पर कब्जा किया जा रहा। पीड़ित ग्रामीणों का आरोप है कि उक्त दबंग द्वारा खेत में उनकी खड़ी फसल को रौंदकर नष्ट कर दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि थाने व तहसील कही भी उनकी सुनवाई नहीं हो रही है थकहार कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मामले में न्याय की गुहार लगाई है। ज्ञापन सौंपने में दशरथ यादव, चन्द्रवत चौहान, राजनाथ चौहान, लालचंद्र चौहान, राजेंद्र चौहान, रामचंद्र चौहान, गया चौहान, लीलावती देवी, लोकई यादव, अनीता देवी, कलावती देवी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

### जालसाजी का शिकार हुए एक पीड़ित ने लगाई गुहार



**आजमगढ़।** जालसाजी का शिकार हुए एक पीड़ित ने बैनामा लेखक पर गंभीर आरोप लगाया है। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे पीड़ित अरविंद ने बताया कि सठियाव में उसकी जमीन है। पीड़ित समस्तीपुर बिहार में रहकर गुजर बसर करता है। बेटी की पढ़ाई में पैसे की आवश्यकता पड़ने पर पीड़ित ने अपनी 41 कड़ी जमीन पूर्व परिचित खेमउपुर निवासी बैनामा लेखक सोनू कुमार के कहने पर पुराखिजिर मुबारकपुर निवासी मधु वर्मा को बैनामा कर दिया था। पीड़ित अरविंद ने आरोप लगाया कि बैनामा के दो महीने बाद साजिश के तहत बैनामा लेखक ने उसकी जमीन नहीं मिलने की बात कहकर बैनामा रद्द करने के लिए बुलाकर उसकी पूरी प्रॉपर्टी को धोखे से मंजू वर्मा और जहानागंज तिलसवा निवासी विनोद कुमार यादव के नाम से बैनामा कर दिया। जब पीड़ित दो दिन बाद बैनामा रद्द की नकल लेने पहुंचा तब वह जान पाया कि उसके साथ धोखाधड़ी हुई है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि बैनामा लेखक अपनी पूरी टीम के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम दिया है। मामले में पीड़ित की कही भी सुनवाई नहीं हो रही है पीड़ित ने मांग की है कि उक्त लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्यवाही की जाए।

### गांव में खुली बैठक कर कोटेदार का हुआ चयन



**जौनपुर (खुटहन)** काजी शाहपुर गांव में मंगलवार को सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान के संचालन को लेकर पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में खुली बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों का सर्वाधिक खुला समर्थन हासिल कर अंगद कुमार को कोटेदार के पद पर चुन लिया गया। एडीओ पंचायत राम अवध राम की मौजूदगी में गांव के प्राथमिक विद्यालय पर खुली बैठक का आयोजन किया गया।जिसमें तीन लोगों ने दावेदारी किया। सभी प्रत्याशी अपने अपने समर्थकों संग अलग अलग गुटों में बैठाए गये। गणना में अंगद कुमार को 288, प्रीतम को 192, तथा अनिल को मात्र 13 लोगों का समर्थन मिला। एडीओ पंचायत ने अंगद कुमार को 96 मत से विजई घोषित कर दिया। इस मौके पर अमर बहादुर यादव, सप्लाई स्पेक्टर आशुतोष सिंह,नेहा गौतम, कृष्ण कुमार यादव, अवनीश चंद,रवि यादव, दीपक यादव, विनय चौरसिया, दीपक पाल संदीप यादव सहित पुलिस टीम मौजूद रही।

# परिश्रम और स्थिरता से ही औद्योगिक जगत में पहचान: हाजी कमरुद्दीन

**अवधनामा संवाददाता**




**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंध विभाग के बी.बी.ए. के छात्रों का औद्योगिक भ्रमण के तहत छात्रों ने हापुड़ स्थित सर्वकोन सिस्टम्स लिमिटेड के उत्पादन इकाई एवं नोएडा स्थित कंपनी का कॉर्पोरेट कार्यालय का भ्रमण किया। कंपनी अनेक प्रकार की बिजली की उपकरण उत्पादन करती है। इनमे औद्योगिक एवं घरेलु स्टाबिलीज़र, ट्रांसफार्मर, सोलर पैनल, यू.पी.एस आदि शामिल है। कंपनी के प्रबंध निदेशक हाजी कमरुद्दीन ने छात्रों को कंपनी के उत्पाद को उत्कृष्ठ बनाने की कई महत्वपूर्ण जानकारी दी। कहा कि कड़ी परिश्रम एवं स्थिरता से ही औद्योगिक जगत में कम्पनियां अपनी पहचान कायम कर सकती है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया की कठिन परिस्थियों में भी अपने मेहनत और लगन से वे अपना कार्य कौशल का छाप छोड़ सकते है। उन्होंने प्रबंध छात्रों को कुशल उद्यामी बनने का भी सलाह दी। इससे पहले हापुड़ स्थित कंपनी की उत्पादन इकाई में कंपनी के निदेशक (उत्पाद), मोहम्मद सादिक़, ने बिजली के उपकरण के उत्पादन और सेवाओं के निर्माण में व्यावसायिक संगठन और प्रबंधन अवधारणाओं को लागू करने के बारे में विस्तार से बताया। गुणवत्ता प्रमुख वैभव मिश्रा, ने उत्पादन का गुणवत्ता बढ़ाने में सम्पूर्ण गुणवत्ता प्रबंधन, जस्ट इन टाइम, सूची प्रबंधन, कैजेन, बेंचमार्किंग आदि तकनीक का प्रासंगिकता पर विशेष प्रकाश डाला। उत्पादन प्रमुख जगमोहन तोमर ने उत्पादन एवं विप्पनन के अनेक प्रक्रिया पर जानकारी साझा किया। कंपनी के मानव संसाधन प्रबंधक खुशबू ज़ैदी एवं जन संपर्क अधिकारी अख़लाक़ ने छात्रों को ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी दी।व्यवसाय प्रबंध विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर मुराद अली ने कहा कि सिद्धांतिक शिक्षा को ऐसे इकाई की भ्रमण से प्रायोगिक ज्ञान को बढ़ावा मिलता हैं। उन्होने प्रबंध निदेशक हाजी कमरुद्दीन को स्मृतिचिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विभाग के शिक्षक डॉ. विशाल कुमार सिंह, समरीन ताबसूम एवं बी.बी.ए के छात्र उपस्थित रहे।

# अमित शाह को बर्खास्त किया जाए: कांग्रेस

**प्रयागराज।** यूपी कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता किशोर वार्ष्णेय, राज्य समिति के सदस्य फुज़ैल हाशमी तथा हरिकेश त्रिपाठी ने संविधान निर्माता डॉ भीम राव अंबेदकर के बारे में संसद के शीतकालीन सत्र में अपमान जनक टिप्पणी किये जाने को लेकर गृह मंत्री अमित शाह को बर्खास्त किये जाने की मांग की है। यहाँ कांग्रेस कमेटी द्वारा शाह के खिलाफ़ निकाले मार्च के दौरान उन्होंने कहा कि आरएसएस और भाजपा के शीर्ष नेताओं ने हमेशा दलितों को अपमानित किया है। मोदी और शाह ने पूर्व राष्ट्रपति कोविद और वर्तमान राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को मंदिर प्रवेश, उदघाटन आदि में आमंत्रित न कर बेइज्जत किया। जबकि पंडित नेहरू ने पूर्ण बहुमत की सरकार के बावजूद डा.अंबेदकर को कानून मंत्री बनाया, कांग्रेस के एक सांसद से इस्तीफा दिला उन्हें एमपी बनाया। उनकी जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया। संविधान सभा के सदस्य होने के बावजूद संविधान निर्माता बताया। कहा कि राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को बिना देर किये शाह को बर्खास्त किया जाना चाहिए अन्यथा मामले को लेकर जनआंदोलन छेड़ेगी।

# संगीताचार्य भारतीय संगीत कार्यशाला हेतु आगरा आमंत्रित



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** विद्या भारती से संबद्ध काशी प्रांत के रानी रेवती देवी सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज, राजापुर प्रयागराज के संगीताचार्य एवं शहर के प्रसिद्ध गायक मनोज गुप्ता को विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान द्वारा आगरा में 24 दिसंबर से 27 दिसंबर तक होने वाले अखिल भारतीय संगीत कार्यशाला में आमंत्रित किया गया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य बांके बिहारी पाण्डेय ने बताया कि चार दिवसीय यह आयोजन सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कमलानगर, आगरा में संपन्न होगा। जिसमें विद्या भारती के अंतर्गत चलने वाले समस्त विद्यालयों में संगीत विषय के क्रियान्वयन के वर्तमान स्वरूप की दृष्टि से क्रियान्वयन एवं आगामी योजनाओं की रूपरेखा बनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि मनोज गुप्ता को विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय संगठन मंत्री हेमचंद्र के नेतृत्व में चार क्षेत्र काशी प्रांत, कानपुर प्रांत, अवध प्रांत एवं गोरखपुर प्रांत के क्षेत्रीय संगीत संयोजक के नाते आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि मनोज गुप्ता विद्यालय में संगीताचार्य के पद के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर के गायक भी हैं, यह भारत के राष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा, अब्दुल कलाम एवं रामनाथ कोविंद के समक्ष कार्यक्रम प्रस्तुत कर सम्मानित हो चुके हैं तथा इन्होंने देश के प्रमुख महोत्सवों जैसे ताज महोत्सव, लखनऊ महोत्सव, सैफई महोत्सव, त्रिवेणी महोत्सव, अयोध्या महोत्सव, उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस, गंगा महोत्सव के अलावा अनेकों महोत्सवों के साथ-साथ रंग भवन मुंबई में आयोजित प्रथम दक्षिण एशियाई शार्क महोत्सव में भारत का प्रतिनिधित्व किया था।

## नवागत एसपी डॉ. कौस्तुभ ने मां शीतला चौकियां धाम में किया दर्शन



**जौनपुर।** जिले के नवागत एसपी डॉ. कौस्तुभ ने मां शीतला चौकिया धाम में दोपहर में पहुंचकर माता रानी का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। वहीं नवागत एसपी डॉ. कौस्तुभ के बाद जिले के निवर्तमान पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल शर्मा ने भी यहां से जाने से पहले माता रानी का आशीर्वाद लिया। गौरतलब हो कि डॉ. अजय पाल शर्मा का तबादला प्रयागराज के लिए कर दिया गया है। नवागत एसपी डॉ. कौस्तुभ इसके पूर्व अम्बेडकर में बतौर एसपी के पद पर थे। वहां पर उन्होंने इतना अच्छा कार्य किया जिसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। अम्बेडकरनगर के मातहतों ने उनकी भव्य विदाई की। इस मौके पर शीतला चौकियां धाम में महंत विवेकानंद पंडा, चंद्रदेव पंडा, अरूण कुमार उर्फ टप्पू पंडा ने दोनों अधिकारियों को माता रानी का दर्शन कराया।

# 12वें सज्जादानशीन बने सैय्यद अरशद फ़ाख़री

- पूर्व सज्जादानशीन सैय्यद ज़र्रार फाखरी के चालीसवें की फातिहा में उमड़ा अक़ीदतमन्दों का सैलाब

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** शहर इलाहाबाद की मशहूर ख़ानक़ाह ए अजमली, दायरा शाह अजमल में एक शानदार जलसे में सैयद अरशद ज़की फ़ाख़री को 12 वें सज्जादाह नशीन के रूप में दस्तार बंदी हुई। वहीं पूर्व सज्जादानशीन सैय्यद ज़र्रार फाखरी के चालीसवें पर खानकाह की मस्जिद में कुरानख्वानी के साथ मज़ार शरीफ पर फातेहा पढ़ने का दौर चला। अक़ीदतमन्दों ने मज़ार पर चादर पोशी व गुलपोशी कर दुआ ए मग़फिरत कि मरहूम ज़र्रार फाखरी के खानकाह स्थित आवास पर फातेहा ख्वानी भी हुई। रस्म ए दस्तारबन्दी में सैयद सैयद शमीम गौहर सज्जादानशीन ख़ानक़ाह हलीमिया अबुल ओलाइया ने अरशद फ़ाख़री के



सर पर साफ़ा पहनाया और ख़लिफ़तनामा जारी किया। बताते चलें कि पिछले माह 17 नवंबर को ख़ानक़ाह के सज्जादानशीन सैयद ज़र्रार फ़ाख़री की अचानक अल्पायु में मृत्यु हो गई।उनके देहान्त के बाद उनके वालिद और 10 वें सज्जादानशीन स्व सैय्यद नासिर फ़ाख़री की वसीयत के मुताबिक़ सैय्यद अरशद फ़ाख़री जो नायब् सज्जादाह थे उनको सज्जादानशीन बनाया गया। अंत में नये सज्जादानशीन ने मेहमानों का शुक्रिया अदा किया और स्व सैय्यद ज़र्रार फ़ाख़री के बड़े पुत्र सैय्यद राशिद फ़राज़ फ़ाख़री को अपना नायब् सज्जादानशीन होने का एलान किया। वहीं सैय्यद अरशद फाखरी के पुत्र अब्दुल्ला नासिर फाखरी को नायब सज्जादानशीन दोयम द्वितीय बनाया गया। खानकाह दायरा शाह अजमल के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में प्रयागराज सहित दूसरे शहरों से मशहूर हस्तियाँ शामिल हुई। जिनमें प्रमुख रुप से लखनऊ से आये मेहमान ए खुसूसी मौलाना ख़ालिद रशीद फ़िरंगी महली, चेन्नई से आये जस्टिस शमीम अहमद, रिटायर्ड जस्टिस असलम सिद्दीक़ी, पंजाब से आईपीएस फ़ैयाज़ फ़ारूक़ी, दायरा शाह मुहम्मदी के शाह महमूद रम्ज़, दायरा शाह मोहिबुल्लाह के अली मियाँ, शहर क़ाज़ी मुफ़्ती शफ़ीक़ अहमद शरीफी, मुफ़्ती रिज़वान हामिद, मुफ़्ती फ़ैयाज़ मिस्बाही, क़ारी ज़ुल्फ़िकार, सूफ़ी यूसुफ़ इमाम जामा मस्जिद नैनी, सूफ़ी दिलदार मियाँ सिरसा, मौलाना सूफ़ी शाहिद दानदूपुर, क़ारी फ़ैज़ान, डॉक्टर हसीन जीलानी, पूर्व महाअधिवक्ता कमरूल हसन सिद्दीक़ी, सैय्यद जमील फाखरी , नूर सफ़ी फ़ाख़री, अदीब फाखरी आदि शामिल रहे।

**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/पी0एस0, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य/उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | PARKING-LKO-AME-TW-4-24-1 (Parking-Two Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 23.12.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 08.01.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 08.01.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | PARKING-LKO-JNU-MX-153-24-1 (Parking-Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 23.12.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 08.01.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 08.01.2025 समय 10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | PARKING-LKO-BSB-MX-152-24-3 (Parking-Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 23.12.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 09.01.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 09.01.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

3931/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# बजाज फ़िन्सर्व एएमसी पेश करते हैं 'बजाज फ़िन्सर्व इएलएसएस टैक्स सेवर फंड'

**लखनऊ।** बजाज फ़िन्सर्व एएमसी 'बजाज ईएलएसएस टैक्स सेवर फंड', 3 वर्षीय वैधानिक लॉक इन अवधि और कर लाभों के साथ इक्विटी से जुड़ी एक ओपन एंडेड योजना, की शुरुआत की घोषणा करते हैं। यह फंड 24 दिसम्बर 2024 को सदस्यता के लिए खुल जाएगा और 22 जनवरी 2025 को यह बंद हो जाएगा। यह फंड ईक्विटी में निवेश के माध्यम से दीर्घावधि में कर लाभ और पूँजी निर्माण के दोहरे लाभ का लक्ष्य रखता है। यह योजना उन निवेशकों के लिए लाभप्रद है जो दीर्घावधि में महत्वपूर्ण पूँजी लाभ का लक्ष्य रखते हैं और आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 80 सी के अंतर्गत कर लाभ प्राप्त करते हुए इक्विटी और इक्विटी से संबंधित साधनों में निवेश करना चाहते हैं। यह योजना बीएसई 500 टोटल रिटर्न इंडेक्स (टीआरआई) के समक्ष

**निर्माण**

**यह फंड ईक्विटी में निवेश के माध्यम से दीर्घावधि में कर लाभ और पूँजी निर्माण के दोहरे लाभ का लक्ष्य रखता है।**

बेंचमार्क की गई है। धारा 80 सी के अंतर्गत उपलब्ध सभी कर-बचत साधनों के बीच अपनी 3 वर्षीय लॉक इन अवधि के साथ ईएलएसएस का लॉक इन समय सबसे कम है। इसकी तुलना में पीपीएफ, एनएससी, या कर-बचत करने वाले बैंक एफडीकी लॉक इन अवधि 5 - 15 वर्ष होती है। इस तरह इस योजना के दीर्घावधि में होने वाले दोहरे लाभ - कर बचत और महत्वपूर्ण पूँजी निर्माण इस योजना को ऐसे दीर्घावधि निवेशकों के लिए उचित बनाते हैं जो इक्विटी से पूँजी निर्माण करना चाहते हैं। साथ ही, व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी) के माध्यम से किफायती और अनुशासित किस्तें चुकाने की सुविधा ईएलएसएस को वेतनभोगी लोगों और प्रथम बार निवेश करने वालों के लिए एक आकर्षक चुनाव बनाती है। बजाज फिन्सर्व एएमसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गणेश मोहन कहते हैं, हम व्यक्तियों को स्मार्ट वित्तीय समाधान, जो उनके दीर्घकालिक लक्ष्यों के अनुरूप हों, उपलब्ध करवा कर सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हालाँकि, इक्विटी बाजार अल्पावधि में अस्थिर हो सकते हैं किन्तु उनमें लंबी अवधि में पूँजी निर्माण की क्षमता होती है। ईएलएसएस, कर-बचत (आयकर अधिनियम की धारा 80 सी के तहत), इक्विटी के माध्यम से पूँजी निर्माण और अन्य कर-बचत साधनों की तुलना में सबसे कम लॉक-इन अवधि के अपने तिहरे लाभ के साथ, निवेशकों को उनके वित्तीय लक्ष्य प्राप्त करने में मदद कर सकता है बजाज फिन्सर्व एएमसी के मुख्य निवेश अधिकारी निमेश चंदन के अनुसार, ÷फंड दीर्घकाल को ध्यान में रखते हुए स्टॉक चयन प्रक्रिया का पालन करता है, जिसमें व्यापक मौलिक विश्लेषण के माध्यम से गुणवत्ता वाले व्यवसायों की पहचान करना और उनमें निवेश करना शामिल है।

यह मजबूत, विकासोन्मुख व्यवसाय मॉडल, अच्छे प्रबंधन और उचित मूल्यांकन पर उपलब्ध कंपनियों का चयन करने पर केंद्रित रहता है। इसे हमारे इनहाउस द्धहत्तक्ष निवेश दर्शन के आधार पर बनाया गया है, जो एक मजबूत और संतुलित पोर्टफोलियो बनाने के लिए बेहतर सूचना संग्रह, व्यवहारिक अंतर्दृष्टि और मात्रात्मक विश्लेषण का उपयोग करता है।

# 2025 का करें खास अंदाज़ में स्वागत: पेश है फैबइंडिया का विशिष्ट होम डेकोर कलेक्शन



**नई दिल्ली।** ब्लू सेरेमिक कोस्टर्स सेट किसी भी टेबल सेटिंग को सौम्यता प्रदान करते हैं। फैबइंडिया के इस विशिष्ट सेट में चार सेरेमिक कोस्टर्स हैं जो विंटेज से प्रेरित ग्लेज़ और टेक्सचर्ड किनारियों की कारीगरी के साथ बनाया गया है और टिकाऊ है, जो आपकी सतहों को नमी से बचाकर रखने के साथ-साथ आपके घर की सज्जा में और निखार लाता है। फैबइंडिया व्हाइट कॉटन ब्लैंड एम्ब्रॉयडर्ड नीरा रनर में एम्ब्रॉयडर्ड एप्लीक की कारीगरी है जो आपके डाइनिंग टेबल को खूबसूरत अंदाज़ देगी। टेबल लुक को निखारने के लिए आप इन रनर्स को उम्दा डिनरवेयर के साथ इस्तेमाल कर सकते हैं। पिंक सुगंध ड्रायड फ्लावर्स आपके घरों को प्राकृतिक आकर्षण देने के लिए फैबइंडिया ने पिंक ड्रायड फ्लावर्स का नाजुक बुके पेश किया है। ऑरेंज रियाना कॉटन हैंड ब्लॉक प्रिंटेड क्विल्ट सिंगल कॉटन की यह क्विल्ट आपको गर्मियों में ठंडक का अहसास देगी जबकि इसकी प्लश कॉटन फिलिंग सर्दी के मौसम में गरमाहट प्रदान करेगी। फैबइंडिया के इस आकर्षक और मनमोहक कॉटन क्विल्ट के रंग तथा जोरदार पैटर्न आपको बेहद पसंद आएंगे।

ब्रास कास्टेड नैप्किन रिंग फैबइंडिया के चार नैपकिन रिंग सेट को कास्ट ब्रास से बनाया गया है, जो नए साल के अवसर पर आपके घर में डाइनिंग के लिए आमंत्रित मेहमानों को ध्यान में रखकर एकदम उपयुक्त हैं। इसके खास डिजाइन से आपकी टेबल सेटिंग आकर्षक दिखायी देगी। एंटिक ब्रास यतन मेटल एनीमल , अपनी टेबल को दें एक बेहद खास तोहफा। इसके लिए पेश है फैबइंडिया का आकर्षक बर्ड सेंटरपीस जिसमें नेचर का आकर्षण और कलात्मक कारीगरी दोनों शामिल हैं। खास कारीगरी वाला यह सेंटरपीस आपके घर को किसी भी अवसर के अनुकूल सजावट देगा। फैबइंडिया के ब्रास मेटल एंटिक्ड काशी टीलाइट होल्डर से अपने घरों की साज-सज्जा को और खास बनाएं। इसका मेटल पीस आपके घर के हर कमरे की खूबसूरती बढ़ाने वाला है। जब यह जलता है तो रोशनी का एक खास पैटर्न बनता है जो आपको आकर्षक भी लगेगा और सुकून भी प्रदान करेगा। यह खास टीलाइट होल्डर अपनी अलग पहचान रखता है और इसका बोल्ड डिजाइन तथा विशिष्ट कारीगरी आपके स्पेस को खूबसूरती से भर देगी।

# यात्रा में संपूर्ण स्वास्थ्य को बेहतर रखेंगे ये प्रोडक्ट्स

**नई दिल्ली।** यात्राएं वैश्विक संस्कृतियों और परंपराओं के ज्ञान में वृद्धि करती हैं। देश-दुनिया की विभिन्न संस्कृतियों का ज्ञान हमें यात्राओं-भ्रमण और देशाटन से होता है। यात्राओं पर जाते रहना न सिर्फ आपको मानसिक शांति प्रदान करता है साथ ही तनाव कम करने, मूड को ठीक रखने और नए अनुभवों, नए लोगों से मिलने का अवसर भी प्रदान करता है। विशेषज्ञ कहते हैं कि सभी लोगों को जीवन में उमंग, उत्साह और विचारों को ताजगी देने के लिए यात्राएं जरूर करनी चाहिए। हालांकि यात्राएं जितनी रोमांचकारी होती है उतनी ही चुनौतियों से भरी होती है। दरअसल, यात्रा के दौरान मौसम और सामाजिक परिवेश के अनुसार बदलता खान-पान स्वास्थ्य के लिए चुनौतियां पैदा करता है। जाहिर है ऐसे में यात्राओं की प्लानिंग करते वक्त उत्साह और आनंद के साथ सेहत को भी प्राथमिकता जरूर देनी चाहिए। बहरहाल, जल्द ही हम नए साल में प्रवेश करने जा रहे हैं ऐसे में किसी पसंदीदा जगह की यात्रा कर इस साल को अलविदा कहा जाए और नए साल की शुरुआत की जाए। दिसंबर का ये महीना चूंकि देश के अधिकतर हिस्सों में कड़ाके की ठंड वाला होता है, इसलिए किसी भी यात्रा के पहले वहां के मौसम के बारे में जान लेना और उसी आधार पर अपनी सेहत को ठीक बनाए रखने की प्लानिंग करना बहुत आवश्यक है।

अगर आप भारत या विदेशों में भी कहीं यात्रा की प्लानिंग कर रहे हैं तो पहले वहां के मौसम और ठंड की स्थिति के बारे में जानकारी इकट्ठा कर लें। ताकि उसी हिसाब से योजनाएं बनाकर अपनी यात्रा का पूरा आनंद लिया जा सके। लंबी यात्रा के दौरान जेट लैग, थकान और संक्रामक बीमारियों से बचाव को लेकर पहले से ही सतर्कता बरतनी जरूरी है। सर्कैडियन रिदम (सोने-जागने के समय में बदलाव) में बदलाव के कारण नींद पूरी न होने और इससे संबंधित कई तरह की दिक्कतों का तो जोखिम रहता ही है साथ ही गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल और न्यूरोलॉजिकल समस्याएं जैसे सिरदर्द और चक्कर आने की दिक्कतें होना भी बहुत आम है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं- यात्रा के दौरान अपनी स्वास्थ्य से संबंधित जरूरी चीजें जैसे न्यूट्रिशन ड्रिंक्स, संक्रामक रोगों से बचाव की दवाएं, पोषक तत्वों से भरपूर चीजों को जरूर साथ रखें। ये आपकी यात्रा के दौरान सेहत को ठीक रखने में मददगार साबित हो सकती है।

आप अपनी सेहत का ख्याल रखने के लिए अमेजन से जरूरी प्रोडेक्ट्स आसानी से ऑर्डर कर सकते हैं। मसलब्लेज और एचके विटल्स के साथ-साथ, डाबर, ग्रिट्ज़ो, हिमालया, द होल ट्रुथ, द गुडबग और बेबीऑर्गेनो सहित शीर्ष ब्रांड्स पर विंटर ऑफर भी चल रहे हैं। इनमें से कई प्रोडक्ट्स पर आप 40त्न तक की छूट भी प्राप्त कर सकते हैं।

आइए जानते हैं कि यात्रा के दौरान आप किन प्रोडक्ट्स को अपने साथ रख सकते हैं, जिससे सेहत का ध्यान रखते हुए ट्रिप का पूरा आनंद लिया जा सके।

देश की अग्रणी स्पोर्ट्स न्यूट्रिशन ब्रांड मसलब्लेज का बायोजाइम प्रोडेक्ट 50त्न अधिक प्रोटीन और 60त्न बेहतर ब्द्ध सुनिश्चित करती है। इस प्रोडेक्ट में उच्चतम ग्रेड और अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता वाला व्हे प्रोटीन है। बायोजाइम व्हे मांसपेशियों की तेजी से रिकवरी में मदद करता है और पाचन संबंधी समस्याओं को भी ठीक करता है। यात्रा के दौरान शरीर के लिए आवश्यक प्रोटीन की जरूरतों को पूरा करने के लिए ये अच्छा विकल्प हो सकता है।

# ईडी ने दाऊद के भाई इकबाल कासकर के खिलाफ कसा शिकंजा

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन मामले की जांच के तहत महाराष्ट्र के ठाणे में 55 लाख रुपये मूल्य के एक फ्लैट को अपने कब्जे में ले लिया है। यह फ्लैट भगोड़े गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम के भाई इकबाल कासकर के एक कथित सहयोगी के नाम पर है। आइए इस बारे में सबकुछ विस्तार से जानें। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन मामले की जांच के तहत महाराष्ट्र के ठाणे में 55 लाख रुपये मूल्य के एक फ्लैट को अपने कब्जे में ले लिया है। यह फ्लैट भगोड़े गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम के भाई इकबाल कासकर के एक कथित सहयोगी के नाम पर है। संघीय जांच एजेंसी के सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि ठाणे पश्चिम स्थित नियोपोलिस बिल्डिंग में आवासीय मकान को उसके मालिक मुमताज एजाज शेख के खिलाफ 2022 में पीएमएलए के तहत जारी एक अनंतिम आदेश के तहत जब्त किया गया है। धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के निर्णायक प्राधिकरण ने इस अनंतिम कुर्की आदेश को मंजूरी दे दी, जिससे ईडी के लिए फ्लैट पर कब्जा करने का रास्ता साफ हो गया है। सूत्रों ने बताया कि फ्लैट पर कब्जा लेने की प्रक्रिया हाल ही में पूरी हुई है। ईडी ने पहले एक बयान में आरोप लगाया था कि यह फ्लैट कासकर और अन्य लोगों ने ठाणे स्थित रियल एस्टेट डेवलपर सुरेश देवीचंद मेहता जबरन हासिल किया था। एजेंसी ने कहा था, ÷मेहता अपने साझेदार के साथ अपनी फर्म दर्शन एंटरप्राइजेज के माध्यम से निर्माण का व्यवसाय चला रहा था। आरोपी इकबाल कासकर, मुमताज शेख और इसरार अली जमील सईद ने अंडरवर्ल्ड गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम कासकर के साथ नजदीकी के कारण मुमताज एजाज शेख के नाम पर ठाणे में एक फ्लैट हड़प ली थी।

# साझा विमर्श के लिए निसान, होंडा और मित्सुबिशी ने एमओयू पर किए हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** निसान मोटर कंपनी लिमिटेड , होंडा मोटर कंपनी लिमिटेड और मित्सुबिशी मोटर्स कॉरपोरेशन ने समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत निसान और होंडा के बीच कुछ समय पूर्व हुए एमओयू में उल्लेखित जॉइंट होल्डिंग कंपनी की स्थापना के माध्यम से बिजनेस इंटीग्रेशन के मामले में मित्सुबिशी की भागीदारी, भूमिका एवं तालमेल की संभावनाएं तलाशी जाएंगी। निसान, होंडा एवं मित्सुबिशी मोटर्स ने निसान और होंडा के बीच 1 अगस्त को हुए एमओयू के अंतर्गत तैयार फ्रेमवर्क के आधार पर विमर्श करने के लिए आपसी सहमति बनाई है। निसान एवं होंडा के बीच इंटेलीजेंस एवं इलेक्ट्रिफिकेशन पर फोकस करते हुए रणनीतिक साझेदारी शुरू करने के लिए एमओयू हुआ है। मित्सुबिशी इस फ्रेमवर्क पर आगे बढ़ने में सहयोग कर रही है और तीनों कंपनियां इस संदर्भ में चर्चा कर रही हैं। दोनों कंपनियों के इर्द-गिर्द एवं ऑटोमोटिव इंडस्ट्री में हो रहे नाटकीय बदलावों के बीच जॉइंट होल्डिंग कंपनी की स्थापना के माध्यम से बिजनेस इंटीग्रेशन की दिशा में विमर्श शुरू करने के लिए निसान एवं होंडा में हुए समझौते पर आगे बढ़ते हुए अब तीनों कंपनियां इस इंटीग्रेशन में मित्सुबिशी मोटर्स की भागीदारी या भूमिका के माध्यम से बेहतर तालमेल की संभावनाएं तलाशने के लिए सहमत हुई हैं। निसान एवं होंडा के बीच बिजनेस इंटीग्रेशन में अपनी भागीदारी या भूमिका को लेकर मित्सुबिशी ने जनवरी, 2025 के अंत तक अपना निर्णय लेने का लक्ष्य रखा है। इस संदर्भ में घोषणा करते हुए निसान के डायरेक्टर, प्रेसिडेंट, सीईओ एवं रिप्रजेंटेटिव एक्जीक्यूटिव ऑफिसर मकोता उचिदा ने कहा, 'होंडा एवं निसान ने बिजनेस इंटीग्रेशन के बारे में विमर्श शुरू किया है और विभिन्न क्षेत्रों में दोनों कंपनियों के बीच तालमेल को लेकर अध्ययन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि निसान की पार्टनर मित्सुबिशी मोटर्स भी अब इस चर्चा का हिस्सा है। हमें उम्मीद है कि अगर यह इंटीग्रेशन आगे बढ़ा तो हम अपने व्यापक ग्राहक आधार को बेहतर मूल्य देने में सक्षम हो सकेंगे।'होंडा के डायरेक्टर एवं रिप्रजेंटेटिव एक्जीक्यूटिव ऑफिसर तोशिहिरो माइब ने कहा, 'ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में बदलाव का दौर है और कहा जाता है कि हर 100 में ऐसा दौर आता है। इस बदलाव के बीच हमें उम्मीद है कि निसान एवं होंडा के बीच बिजनेस इंटीग्रेशन को लेकर चल रही चर्चा में मित्सुबिशी मोटर्स की सहभागिता सामाजिक बदलाव माध्यम बनेगी। साथ ही हम बिजनेस इंटीग्रेशन के माध्यम से मोबिलिटी की दुनिया में नए मूल्य सृजित करने के मामले में अग्रणी कंपनी बनने में सक्षम हो सकेंगे। निसान और होंडा आज से ही इस दिशा में चर्चा शुरू करेंगी, जिसका उद्देश्य बिजनेस इंटीग्रेशन की संभावनाओं पर स्थिति स्पष्ट करना होगा। इसे जनवरी के अंत तक अंतिम रूप दिया जाएगा, जो मित्सुबिशी मोटर्स से विमर्श के अनुरूप होगा।'

## अदाणी समूह ने एविएशन सेक्टर में बढ़ाया कदम

**नई दिल्ली।**अदाणी समूह ने सोमवार को भारत की सबसे बड़ी निजी विमानन रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल (एमआरओ) सेवा फर्म एयर वर्क्स के अधिग्रहण का एलान किया। यह अधिग्रहण ?400 करोड़ रुपये के मूल्य पर किया गया। अदाणी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के माध्यम से निष्पादित इस सौदे के रिए कंपनी में 85.8त्न शेयर हिस्सेदारी हासिल की गई है। 35 शहरों में परिचालन और 1,300 से अधिक पेशेवरों के कार्यबल के साथ एयर वर्क्स के पास फिक्स्ड-विंग और रोटरी-विंग विमानों की सर्विसिंग में विशेषज्ञता है। यह अधिग्रहण नागरिक और रक्षा विमानन क्षेत्रों में अदाणी समूह की क्षमता का विस्तार करेगा। एयर वर्क्स भारतीय और वैश्विक दोनों ग्राहकों के लिए लाइन रखरखाव, भारी जांच, एवियोनिक्स, विमान पेंटिंग, आंतरिक नवीनीकरण और पुनः डिलीवरी जांच सहित व्यापक विमानन सेवाएं प्रदान करता है। इस सौदे को संबंधित पार्टी लेनदेन के रूप में वर्गीकृत नहीं किया गया है और इससे जुड़ी शर्तें भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के नियमों तहत हैं। यह अधिग्रहण मेक इन इंडिया पहल के लिए अदाणी समूह की प्रतिबद्धता को भी मजबूत करता है, जो एयरोस्पेस और रक्षा जैसे उच्च मूल्य वाले क्षेत्रों में स्वदेशी क्षमताओं के निर्माण पर केंद्रित है। कंपनी ने सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए 23 दिसंबर, 2024 को स्टॉक एक्सचेंजों को लेनदेन का विवरण दिया है।

# पीएम बजट पर विचार जानने के लिए अर्थशास्त्रियों और विशेषज्ञों से मिलेंगे



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बजट पर विचार जानने के लिए मंगलवार को प्रतिष्ठित अर्थशास्त्रियों और क्षेत्र विशेष के विशेषज्ञों से मुलाकात करेंगे और आगामी बजट के लिए उनके विचार एवं सुझाव जानेंगे। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। आइए इस बारे में और जानें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बजट पर विचार जानने के लिए मंगलवार को प्रतिष्ठित अर्थशास्त्रियों और क्षेत्र विशेष के विशेषज्ञों से मुलाकात करेंगे और आगामी बजट के लिए उनके विचार एवं सुझाव जानेंगे। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अर्थशास्त्रियों और क्षेत्रीय विशेषज्ञों के अलावा नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी और नीति आयोग के अन्य सदस्य भी बैठक में भाग लेंगे।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी, 2025 को लोकसभा में 2025-26 का बजट पेश करेंगी। उस दिन शेयर बाजार कारोबार के लिए खुले रहेंगे। बीएसई और एनएसई ने सोमवार को इसका एलान किया। विशेष परिस्थितियों को छोड़कर, शेयर बाजार आमतौर पर शनिवार और रविवार को बंद रहते हैं। सीतारमण 1 फरवरी को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए केंद्रीय बजट पेश करेंगी। पूर्व में भी, बजट जैसे महत्वपूर्ण मौकों पर छुट्टी के दिन बाजार में कारोबार हुआ है। 1 फरवरी 2020 और 28 फरवरी 2015 को बाजार खुले थे, जो दोनों शनिवार थे, और उस दिन केंद्रीय बजट पेश किए गए थे।

# महाकुंभ के दौरान 45 करोड़ लोगों की सेवा के लिए बसें और ट्रेनें तैयार: रेडबस

**नई दिल्ली।** दुनिया का सबसे बड़ा बस टिकटिंग प्लेटफॉर्म रेडबस, सबसे बड़े धार्मिक और यात्रा आयोजन, महाकुंभ को सुगम बनाने के लिए तैयार है, जो 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित होने जा रहा है। रेडबस का अनुमान है कि सामान्य दिनों की तुलना में उत्तर प्रदेश और प्रयागराज जाने वाली बसों और सीटों में लगभग 180त्न वृद्धि होगी, और इसके लिए निजी और सरकारी बस सेवाओं द्वारा इस बढ़ी हुई भीड़ को संभालने की तैयारी की जा रही है। इस बढ़ी हुई भीड़ को संभालने के लिए, रेडबस राज्य परिवहन निगमों (आरटीसी) और निजी ऑपरेटरों के साथ मिलकर प्रति दिन करीब 700 सेवाएं प्रदान करेगा। रेडबस हर दिन प्लेटफ़ॉर्म पर 30,000 से अधिक सीटों की उपलब्धता की उम्मीद कर रहा है। इसके अलावा, रेडबस को महाकुंभ में कुल यात्रियों में से लगभग 33त्न महिलाओं की उपस्थिति का भी अनुमान है और वह महिलाओं के लिए यात्रा को आरामदायक और सहज बनाने तरीकों पर विचार कर रहा है।मनोज अग्रवाल, सीबीओ, रेडबस ने कहा कि, ÷महाकुंभ एक जीवन भर का अनुभव है और इसका हिस्सा बनना हमारे लिए एक जिम्मेदारी है जिसे हम गंभीरता से लेते हैं। हमारा ध्यान यात्रा को सरल और सुलभ बनाने पर है, ताकि लोग बिना लॉजिस्टिक समस्याओं के अपनी आध्यात्मिक यात्रा पर ध्यान केंद्रित कर सकें। कुंभ के लिए रेडबस की इन्वेंट्री एसी, नॉन एसी और सीटर और स्लीपर विकल्पों सहित विभिन्न प्रकार की बसों में उपलब्ध होगी, ताकि सभी वर्गों के उपयोगकर्ताओं की ज़रूरतों को पूरा किया जा सके।÷रेडरेल के साथ, जो रेडबस का रेल टिकटिंग प्लेटफ़ॉर्म है, यह ऑनलाइन टिकटिंग सेवा जनवरी और फरवरी के महीने में भारत भर से यात्रा करने वाले 45 करोड़ लोगों की सेवा करेगी। सबसे अधिक यात्री यातायात दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार और झारखंड से होने की उम्मीद है, इसके अलावा उत्तर प्रदेश राज्य से भी यात्री आएंगे। उत्तर प्रदेश राज्य के अलावा, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार और झारखंड से बस और रेल द्वारा सबसे अधिक यात्री यातायात की उम्मीद है।

# सरायन फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी ने जीता पेप्सिको इंडिया का रेवोल्यूशनारी पुरस्कार 2024

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश की सरायन फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड ने पेप्सिको इंडिया के पहले रेवोल्यूशनारी सम्मेलन और पुरस्कार 2024 में स्वयं सहायता समूह के जरिये आर्थिक सशक्तीकरण श्रेणी में पुरस्कार जीता है। कंपनी मूंज और अन्य घास आधारित हस्तशिल्प के उत्पादन के माध्यम से महिला कारीगरों को सशकत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है, जो स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के सदस्यों को आजीविका बढ़ाने और व्यापक बाजारों तक पहुंच बनाने के लिए एक स्थायी मंच प्रदान करती है। उनकी प्रमुख पहलों में से एक में यूएसएआईडी और पेप्सिको इंडिया द्वारा समर्थित जीडीए परियोजना के तहत पेप्सिको की यूपी एग्रो टीम के सहयोग से ट्रकों के लिए पर्यावरण के अनुकूल बेड मैट का उत्पादन करना शामिल है। यह गतिविधि न केवल आय के अवसर

**मिसाल**

**महिलाओं को यह सम्मान नेतृत्व और इनोवेशन की प्रेरणादायक मिसाल बनने और इस क्षेत्र में उनके सार्थक योगदान को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदान किया गया।**

पैदा करती है, बलकि स्थानीय रूप से उपलब्ध सामग्रियों का उपयोग करके उनके गांव में जल-भराव की समस्या का भी समाधान करती है। पार्टनरशिप ऑफ प्रोग्रेस की फिलॉसफी से प्रेरित होकर, पेप्सिको इंडिया ने नई दिल्ली में रिवोल्यूशनारी कॉन्फ्रेंस एवं अवॉर्ड



2024 की शुरुआत करते हुए कृषि के क्षेत्र में महिलाओं को सशक्त बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। इस कार्यक्रम में कृषि के क्षेत्र में बदलाव लाने वाली महिलाओं को उनके असाधारण प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान रिवोल्यूशनारी एंथम को लॉन्च किया गया। इस दौरान पैनल चर्चा, वर्कशॉप और नॉलेज-शेयरिंग सत्र का भी आयोजन किया गया। कंपनी की ये पहल किसानों को विकसित होते कृषि परिदृश्य में सफलता हासिल करने के लिए उपकरण प्रदान करने करने के लिए डिज़ाइन की गई है। इस कार्यक्रम के दौरान पूरे भारत से चुनी गईं दस महिला किसानों को सम्मानित किया गया। महिलाओं को यह सम्मान नेतृत्व और इनोवेशन की प्रेरणादायक मिसाल बनने और इस क्षेत्र में उनके सार्थक योगदान को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदान किया गया। नीति आयोग के सदस्य प्रोफेसर रमेश चंद की अध्यक्षता में सेक्टर एक्सपर्ट की एक एक्सटर्नल जूरी ने प्राप्त हुए नोमिनेशन का गहन मूल्यांकन किया और उसके बाद महिलाओं को इस सम्मान के लिए चुना गया। विजयी महिलाओं को मुख्य अतिथि डॉ. राज भूषण चौधरी, माननीय जल शक्ति राज्य मंत्री, भारत सरकार एवं स्मृति ईरानी, पूर्व महिला एवं बाल विकास मंत्री ने पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर पंजाब सरकार के कृषि और किसान कल्याण विभाग में सचिव श्री अजीत बालाजी जोशी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। सरायन फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के बारे में अधिक जानकारी - सदस्यों के रूप में 250 से ज्यादा महिला कारीगरों के साथ, समूह सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा दे रहा है, कृषि में महिलाओं की परिवर्तनकारी शक्ति का प्रदर्शन करके लिंग समानता का समर्थन करता है। उनके प्रयास पारंपरिक शल्पि को संरक्षित करते है

# बीएन ग्रुप ने अपना नया कैम्पेन'रखो इरादे फ्रेश लॉन्च किया

**कानपुर।** कानपुर बीएन ग्रुप के प्रमुख ब्राण्ड सिम्पली फ्रेश ने अपना नया कैम्पेन,÷रखो इरादे फ्रेश÷ लॉन्च किया है। वे एक ऐसा विज्ञापन लेकर आए हैं जोकि लोगों के दिलों के तार जोड़ता है और वास्तविक जीवन के उन असली नायकों की बात करता है जिन्होंने अपनी अलग सोच और प्रभावी तरीकों का परिचय दिया है। इस कैम्पेन के बारे में , किरण गिराडकर, सीएमओ, बीएन ग्रुप, का कहना है, ÷रखो इरादे फ्रेश' कैम्पेन में उस नई सोच और नए तरीकों की ताकत के बारे में बात की गई है जोकि सही मायने में विकास लेकर आते हैं। नीरजा और नारायणन की कहानियां हमें पुरानी धारणाओं को चुनौती देने और एक सार्थक बदलाव लाने के लिए प्रेरित करती हैं। सिम्पली फ्रेश इन नायकों और उज्जवल भविष्य के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता का सम्मान करता है। इस कैम्पेन का प्रेरणादायक टीवी




विज्ञापन ग्रामीण भारत में संवहनीय खेती के लिए अपना बेहतरीन कॅरियर छोड़ देने वाली एक आईटी प्रोफेशनल नीरजा कुद्रीमोती और पांचसितारा शेफ से सोशल वर्कर बनकर गरीबों के नाम अपना जीवन समर्पित करने वाले नारायणन कृष्णन जैसे लोगों को एक सम्मान है। बदलाव और निस्वार्थ भावना का उनका असाधारण सफर बेहतर भारत के लिए नए-नए विचारों और साहसी विकल्पों को बढ़ावा देने के सिम्प्ली फ्रेश के मिशन से मेल खाता है। इस कैम्पेन को थोड़ी और धार देते हुए बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद और अनूप सोनी को इस संदेश को मजबूती से आगे ले जाने के लिए शामिल किया गया है। अपने इंस्टाग्राम हैंडल्स के माध्यम से वे दर्शकों को नई सोच अपनाने और अपने-अपने समुदायों में परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित करने का काम कर रहे हैं। रखो इरादे फ्रेश÷ टीवी विज्ञापन सिम्पली फ्रेश के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, यूट्यूब चैनल और अन्य डिजिटल माध्यमों पर लाइव किया गया है।

# खेल से बच्चों का शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक विकास होता है : अर्चना

## केडी इंटर कालेज विशुनपुरा में आयोजित रहा ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता



पहलवानों से हाथ मिलवाते युवा अधिकारी



साइकिलिंग रेस करती बच्चियां

**अवधनामा संवाददाता**

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** मेरा युवा भारत व नेहरू युवा केंद्र कुशीनगर एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता केडी इंटर कालेज विशुनपुरा में संपन्न हुआ।

प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख मोतीचक अर्चना सिंह एवं जिला युवा अधिकारी सचिन कुमार द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। प्रतियोगिता में 15 वर्ष से लेकर 29 वर्ष तक के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान 400 मीटर दौड़ में बालक वर्ग से रंजित शर्मा प्रथम, ओंकार साहनी द्वितीय व रामप्रकाश गुप्ता तृतीय, कुश्ती में सिद्धार्थ यादव विजेता घोषित। इसी प्रकार स्लो साइकिलिंग में अनामिका, शौम्या व खुशबू प्रथम, वालीबॉल प्रतियोगिता केडी इंटर कालेज विशुनपुरा व तेलगांवा के बीच खेला गया जिसमें तेलगांवा विजई घोषित हुआ। बैडमिंटल में पूजा कन्नौजिया प्रथम व रोशनी सिंह द्वितीय रही। इसी प्रकार कबड्डी में बालिका वर्ग से टीम ए व टीम बी के बीच खेला गया जिसमें टीम ए विजई हुई। विजेता व उप विजेता खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि अर्चना प्रदीप सिंह ने कहा कि सर्वांगीण विकास के लिए खेलकूद प्रतियोगिता अति आवश्यक है। खेल से शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक विकास होता है। खेल को ईमानदारी व टीम भावना के साथ खेलना चाहिए। आप सभी लोगों के साथ मेरी शुभकामनाएं है जनपद व प्रदेश स्तर तक नाम रोशन करें। कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों को प्रधानाचार्य सुधीर कुमार सिंह ने अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रबंधक फुलेना सिंह ने किया। निर्णायक संयुक्त रूप से रामसागर कन्नौजिया, अभिनव सिंह, सूरज भारती, बजरंगी यादव, दुर्गेश सिंह व पंकज कुमार ने किया। इस मौके पर नंदकिशोर यादव, पूर्व प्रधान रामदरश प्रसाद, आदित्य प्रकाश सिंह, अमित सिंह, सरिता जायसवाल, कुमुद सिंह, विजय कुमार पांडेय, संतोष यादव, पिंटू रावत, राघवेंद्र गौंड सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# किसानों व मिल प्रशासन के बीच फिर हुई झड़प

## ढ़ाढा शुगर मिल में एथेनॉल फैक्ट्री के लिए अधिग्रहित किसानों की भूमि का मामला



झड़प में घायल हुई किसान की बेटी



पीड़ित किसान का फटा कपड़ा

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** ढ़ाढा के हरपुर में एथेनाल फैक्ट्री के लिए किसानों की जमीन अधिग्रहण व एक दिसंबर को प्रशासन द्वारा फैक्ट्री के पक्ष में जमीन का कब्जा दिलाने के बाद मिल प्रशासन व किसानों का विवाद रूकने का नाम नही ले रहा।

मंगलवार की दोपहर मिल प्रशासन द्वारा बोई गई फसल में पानी छोड़ने व टिन शेड से बाउंड्री वॉल कराने से नाराज किसान व मिल प्रशासन आमने-सामने हो गए।

दोनों तरफ से हुई झड़प में गरीमा यादव उम्र 15 वर्ष, शिवाजी, अंजली देवी, रीना देवी, सरिता देवी, दरोगा, मीरा देवी, संगीता देवी, गायत्री देवी, धर्मराज, शैलेश सहित अन्य किसानों को चोटें आई। घटना के बाद मिल प्रशासन लाठी डंडे से लैस होकर डटा रहा। घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली प्रभारी शुशील कुमार शुक्ला मय फोर्स मौके पर पहुंचे और मिल प्रशासन व किसानों को समझा बुझाकर मामला शांत कराएं। मौके पर पुलिस व पीएसी बल तैनात है। वही मिल प्रशासन व किसानों के बीच गहमा-गहमी की स्थिति बनी हुई है। इस संबंध में पुलिस क्षेत्राधिकारी कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि ढाढा चीनी मिल के लिए अधिग्रहित कराई गई जमीन पर बाउंड्री निर्माण के दौरान स्थानीय ग्रामीणों द्वारा विरोध जताया गया। सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को समझाया-बुझाया गया तथा यह भी बताया गया कि उनकी जो भी मांग हो उसको शांन्ति पूर्वक जिला प्रशासन के समक्ष अपनी बातें विधिक रुप से रखें। जिसका निराकरण विधिक रुप से कराया जायेगा। मौके पर पर्याप्त पुलिस बल मौजूद है, शान्ति व्यवस्था कायम है।

## शिविर में 134 लोगों ने किया रक्तदान



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** सामाजिक संगठन महापदमनंद वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन के प्रांतीय अध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने अपनी मां सोना देवी की तीसरी पुण्यतिथि पर मंगलवार को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें सांसद किशोरी लाल शर्मा ने स्वर्गीय सोना देवी के चित्र पर माल्यार्पण करके तथा रिबन काटकर शिविर का उद्धाटन किया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अमेठी की जिला ब्लड बैंक संजय गांधी ब्लड बैंक के साथ प्रतापगढ़ की जिला ब्लड बैंक व सुल्तानपुर की गोमती ब्लड बैंक ने रक्त संग्रह कार्य करने का कार्य किया।शिविर में कुल 134 लोगों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में पूर्व एमएलसी दीपक सिंह पवन कुमार दुबे वीरेंद्र सिंह जय सिंह प्रताप यादव जिला पंचायत सदस्य मुकेश यादव डीके यादव रविंद्र प्रताप सिंह राम मूरत यादव राजमणि शर्मा उदय राज शर्मा शिवदयाल शर्मा राजेश शर्मा संजीव कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

## भोर में ही पंखे पर लटकता मिला युवक का शव

**अवधनामा संवाददाता**

**भटनी।** नगर के हतवा वार्ड निवासी एक युवक का शव उसी के घर में पंखे से लटकता मिला। युवक के परिवारीजनों ने शव को पंखे से उतारकर पुलिस को इसकी जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए देवरिया भेज दिया। पुलिस के अनुसार युवक ने आत्महत्या कर ली थी। आस पास के लोगों के अनुसार प्रेम प्रसंग का मामला सामने आया है।



असगर अली पुत्र मजहर नगर के ही एक बिजली की दुकान पर काम करता था। रोज की तरह वह दुकान से आकर अपने कमरे में सोने चला गया। सुबह उसका शव परिवारीजनों ने पंखे से लटकते हुए पाया। लोगों ने इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को भेज दिया। आस पास के लोगों की माने तो युवक एक युवती से प्रेम करता था। मोबाइल पर कॉल के दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। युवक ने युवती से फंदे से लटकर आत्महत्या करने की जानकारी दी। युवती ने आनन फानन में उसके परिवारीजनों को सूचना देने का प्रयास किया। सुबह जानकारी होने पर परिवारीजन उसके कमरे की ओर भागे जहां वह फंदे से लटकता हुआ पाया गया। दरोगा अश्वनी कुमार प्रधान ने बताया कि आत्महत्या करने की जानकारी मिली थी। शव को पंचनामे के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## दो दिवसीय विकास खण्ड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता हेतु तिथियों का हुआ निर्धारण

**देवरिया।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मेरा युवा भारत के तहत दो दिवसीय विकास खण्ड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन जनपद देवरिया के विभिन्न विकास खण्डों में किया जाएगा। नेहरू युवा केन्द्र देवरिया की जिला युवा अधिकारी, राशि मिश्रा ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं में छुपी हुई प्रतिभाओं को निखारना और खेल गतिविधियों को बढ़ावा देना है। इस खेलकूद प्रतियोगिता में 15 से 29 वर्ष तक के युवा/युवतियां भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता का आयोजन 26 और 27 दिसंबर को बरहज ब्लॉक के श्री कृष्णा इंटर कॉलेज, 28 और 29 दिसंबर को भागलपुर ब्लॉक के श्री नारायण शिक्षण संस्थान, 29 और 30 दिसंबर को गौरीबाजार ब्लॉक के एकलव्य खेल मैदान, बर्दगोनियां, 31 दिसंबर और 01 जनवरी को सलेमपुर ब्लॉक के बापू इंटर कॉलेज, 04 और 05 जनवरी 2025 को लार ब्लॉक के मठ खेल मैदान में किया जाएगा। सामूहिक खेलों में बालिका वर्ग में कबड्डी, बालक वर्ग में वॉलीबॉल, और एकल खेलों में बालकों के लिए 400 मीटर दौड़ तथा बालिकाओं के लिए बैडमिंटन और 500 मीटर साइकिल रेस का आयोजन किया जाएगा।

# कृष्णा साहा-विमलेश मल्ल स्मारक ऑल इंडिया क्रिकेट प्रतियोगिता पांच जनवरी से

- 17वें वर्ष छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष कृष्णा साहा व छात्र नेता विमलेश मल्ल की याद में क्रिकेट प्रतियोगिता का होगा भव्य शुभारंभ
- पांच जनवरी की सुबह नौ बजे से शहर में निकलेगी प्रभात फेरी, ग्रुप-ए और ग्रुप-बी में टीमों को बांटकर कराई जाएगी प्रतियोगिता

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** पडरौना शहर के उदित नारायण पीजी कॉलेज के खेल मैदान में पडरौना क्रिकेट क्लब की ओर से छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष कृष्णा साहा व छात्र नेता रहे विमलेश मल्ल की स्मृति में 17वें वर्ष ऑल इंडिया क्वालिटी टीवीएस कप क्रिकेट प्रतियोगिता का पांच जनवरी से आयोजन किया जाएगा।

पांच जनवरी की सुबह नौ बजे शहर में प्रभात फेरी निकाली जाएगी। इसके बाद खेल मैदान पर विविध कार्यक्रमों के बीच उद्घाटन मैच का शुभारंभ किया जाएगा। प्रतियोगिता को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। गु्रप-ए व ग्रुप-बी में टीमों को बांटकर प्रतियोगिता कराई जाएगी। उदित नारायण पीजी कॉलेज के छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष कृष्णा साहा व छात्र नेता विमलेश मल्ल की स्मृति में प्रति वर्ष पडरौना क्रिकेट क्लब की ओर से ऑल इंडिया क्वालिटी टीवीएस कप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। 17वें वर्ष के प्रतियोगिता का आयोजन पांच जनवरी से शुरू होगा। इसको लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। आयोजन समिति के वरिष्ठ सदस्य पूर्व ब्लॉक प्रमुख मन्नू सिंह चंदेल और सतीश साहा ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रति वर्ष की तरह शुभारंभ के दिन सुबह नौ बजे से खेल मैदान से प्रभात फेरी निकाली जाएगी। इसमें खिलाड़ी व शहर के लोग शामिल होंगे। खेल मैदान से तिलक चौक तक प्रभात फेरी निकालकर स्व. कृष्णा साहा व स्व. विमलेश मल्ल को श्रद्धांजलि दी जाएगी। इसके बाद प्रभात फेरी से लौटकर खेल मैदान पर भव्य कार्यक्रमों के बीच प्रतियोगिता का शुभारंभ किया जाएगा। प्रतियोगिता के मीडिया प्रभारी प्रिंस तिवारी ने बताया कि प्रतियोगिता को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। खेल मैदान को सजाने-संवारने का काम शीघ्र शुरू कर दिया जाएगा। इस बार के प्रतियोगिता में प्रयागराज, पटना, कानपुर, बनारस, मुज्जफरपुर, पडरौना, लखनऊ, सीवान, चंदौली, भदोही, मऊ व नोएडा की टीमें हिस्सा ले रहीं हैं। पैनल के अंपायर पूरे प्रतियोगिता को संपन्न कराएंगे। आयोजन समिति के सदस्य तैयारियों में जुटे हुए हैं।

## नवागत पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** नवागत पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने



मंगलवार को अपना कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने पुलिस कार्यालय गौरीगंज के प्रधान लिपिक कार्यालय रिकॉर्ड रूम मॉनीटरिंग सेल स्थानीय अभिसूचना इकाई आंकिक शाखा विशेष जांच प्रकोष्ठ रानी लक्ष्मीबाई सेल जनसूचना सेल रिट सेल लोक शिकायत प्रकोष्ठ डीसीआरबी सीसीटीएनएस कार्यालय आदि शाखाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में लंबित प्रपत्रों अहकमातो के त्वरित निस्तारण हेतु कार्यालय में नियुक्त अधिकारी कर्मचारीगण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कार्यालय की साफ-सफाई व अभिलेखों का रख-रखाव संतोषजनक पाया गया।

## निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के अंतर्गत 198 बच्चों का हुआ स्कूल आवंटन

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी के निर्देशानुसार नि-शुल्क एवं



अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के अंतर्गत दुर्बल एवं वंचित समूह के बच्चों के प्रवेश हेतु लॉटरी प्रक्रिया संपन्न कराई गई। मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शालिनी श्रीवास्तव की उपस्थिति में इस प्रक्रिया का संचालन किया गया। प्रथम चरण में प्राप्त कुल आवेदनों के सापेक्ष 198 बच्चों को गैर-सहायतित मान्यता प्राप्त विद्यालयों में प्रवेश हेतु सीटें आवंटित की गईं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने जानकारी दी कि जिन बच्चों को सीट आवंटित हुई है, उनके प्रवेश के लिए पृथक आदेश जिलाधिकारी की अनुमति के पश्चात जारी किया जाएगा। संबंधित विद्यालयों को निर्देशित किया गया है कि वे आवंटित बच्चों का प्रवेश सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त, द्वितीय चरण की प्रक्रिया 1 जनवरी 2025 से पुनः प्रारंभ होगी। जिन बच्चों को प्रथम चरण में सीट आवंटन नहीं मिला है, वे अपने नजदीकी विद्यालयों में दोबारा आवेदन कर सकते हैं। इस अवसर पर जिला समन्वयक, सामुदायिक सहभागिता, आलोक पाण्डेय भी उपस्थित रहे।

# कांग्रेसियों ने निकाला डॉ आंबेडकर सम्मान मार्च

## देश के गृह मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर किया जोरदार प्रदर्शन

**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर पूरे देश में आज आयोजित डॉ आंबेडकर सम्मान मार्च के क्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निवर्तमान जिलाध्यक्ष रामजी गिरि के नेतृत्व में नगर के रामगुलाम टोला स्थित अम्बेडकर चौक से डॉ आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद नगर की सड़कों पर प्रदर्शन कर जिलाधिकारी कार्यालय तक मार्च निकालकर राष्ट्पति को सम्बोधित ज्ञापन एएसडीएम हरिशंकर लाल को सौंपकर देश के गृह मंत्री के इस्तीफे की मांग की। इस दौरान सम्बोधित करते हुए निवर्तमान जिलाध्यक्ष रामजी गिरि ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर का अपमान कांग्रेस का एक एक कार्यकर्ता व देशवासी बर्दाश्त नही करेंगे ,प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को गृहमंत्री अमित शाह से इस्तीफा लेकर देश के लोंगों से माफी मांगनी चाहिए। सभी कांग्रेस जन राष्ट्पति से इनकी माफी व इस्तीफा देने की मांग के लिए आज





पत्रक सौंपे हैं।किसान कांग्रेस के पूर्वी जोन के अध्यक्ष सुयश मणि त्रिपाठी ने कहा कि अगर वह इस्तीफा नहीं देते हैं तो यह आंदोलन लगातार चलता रहेगा। भाजपा व इसके मूल संगठन के लोगों ने हमेशा से ही डॉ आंबेडकर का अपमान किया है।

पूर्व जिलाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह राकेश ने कहा कि भाजपा के लोग कांग्रेस पर अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं।पूरा देश जान गया है कि भाजपा संविधान को खत्म कर मनु स्मृति लागू करना चाहती है।कांग्रेस पार्टी उनके इस इरादे को सफल नही होने देगी।मार्च निकालने वालों में दीनदयाल यादव, दीनदयाल प्रसाद,आनन्द देव गिरि, नीलेश मणि, नागेन्द्र शुक्ल, ऋषिकेश मिश्र, नौशाद रजा,आलोक त्रिपाठी राजन, अब्दुल जब्बार, नौशाद खान, जुलेखा खातून, सुहैल अंसारी, भरत मणि त्रिपाठी, गोविंद मिश्र, मधु शर्मा, रीता देवी, मार्कण्डेय मिश्र, उत्तेज मिश्र, प्रेमलाल भारती, महेन्द्र अम्बेडकर, आनंद शंकर,शिवशंकर सिंह, निर्मला वर्मा, रणजीत शुक्ल, धर्मेन्द्र पांडेय, मनोज मणि, जवाहर बरनवाल, सच्चिदानंद मिश्र, जयप्रकाश पाल, सुभाष राय, रमाशंकर यादव, कमलेश मिश्र, भीम विश्वकर्मा, हर्षित सिंह, धनंजय पांडेय,धर्मवीर भारती, एम ए खान, राशिद अंसारी, अंकुर भारती आदि प्रमुख रूप से शामिल हुए।

## गुरु पुत्रों फतेह सिंह और जोरावर सिंह ने धर्म की रक्षा के लिए दिया बलिदान

**देवरिया।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के सुरेंद्र प्रसाद दुबे हाई स्कूल बड़कागांव में मंगलवार को दसवें सिख गुरु गुरु गोविंद सिंह के दो छोटे पुत्रों जोरावर सिंह और फतेह सिंह की स्मृति में वीर बाल दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार दुबे ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह का राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत देश को पहले रखने के प्रति अटूट प्रतिबद्धता एवं गहन संकल्प के रूप में ध्वनित होती है। गुरु गोविंद सिंह के चार पुत्र अर्थात साहिब जादा अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह इस प्रतिबद्धता का उदाहरण देते हैं। उन्होंने कहा कि गुरु गोविंद सिंह के वीर साहबजादों के पास साहस था वह अकेले होते हुए भी मुगलों के सामने नहीं झुके। जो सदियों से प्रेरणा का स्रोत बनी हुई है। जोरावर सिंह और फतेह सिंह को मुगलों ने धर्म परिवर्तन के लिए दबाव डाला लेकिन वीर बालक मुगलों के दबाव के बाद भी धर्म परिवर्तन नहीं किए जिसके कारण उन्हें दीवार में चुनवा दिया गया। वीर बाल दिवस वीर साहिबजादा द्वारा प्रदर्शित साहस और दृढ़ संकल्प एक प्रमाण के रूप में खड़ा है।

# चेकिंग के दौरान कप्तानगंज थाने के उ.नि. व कांस्टेबल मिले गैरहाजिर

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** जिले में पुलिस अधिकारियों द्वारा चलाए जा रहे रात्रि चेकिंग अभियान के दौरान सोमवार की रात सीओ पडरौना के जांच में कप्तानगंज थाने में रात्रि ड्यूटी से उप निरीक्षक अविनाश यादव, व सुभाष चौक पर पिकेट में लगे एक कांस्टेबल दोनों गायब मिले। दोनों के खिलाफ कार्रवाई के लिए एसपी को सूचना प्रेषित कर दिया गया। बता दें कि पुलिस अधीक्षक कुशीनगर संतोष कुमार मिश्रा के निर्देशन में जनपद में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत रात्रि में चेकिंग अधिकारी/क्षेत्राधिकारी सदर अभिषेक प्रताप अजेय द्वारा थाना कप्तानगंज, थाना रामकोला तथा थाना को. पडरौना क्षेत्रान्तर्गत रात्रि ड्यूटी में लगे सभी पुलिसकर्मियों को चेक किया गया। चेकिंग अधिकारी द्वारा थाना कप्तानगंज क्षेत्र में संचालित पीआरवी वाहन 2544, थाना रामकोला क्षेत्र की पीआरवी वाहन 2513 तथा थाना को0 पडरौना क्षेत्र के पीआरवी 4478 वाहनों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पीआरवी वाहनों के पुलिसकर्मी सतर्क व रूट चार्ट के मुताबिक पाए गए, जिन्हे पुलिस की दृश्यता बढाने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। चेकिंग अधिकारी द्वारा थाना कप्तानगंज क्षेत्र में थाना कार्यालय, सुबाष चौक, किसान चौक, गोबरही चौरहा आदि स्थानों को एवं थाना रामकोला क्षेत्रान्तर्गत थाना कार्यालय, मेहदीगंज, मिश्रौली चौकी, सुखवलिया आदि स्थानों को तथा को. पडरौना क्षेत्रान्तर्गत थाना कार्यालय, बावली चौक, खांव खड्डा,सर्राफा मार्केट, पीएनबी गार्द पडरौना, ईगल मोबाइल, तिलक चौक, अम्बे चौक, सुभाष चौक, कठकुईया मोड़ पिकेट, सिटी मोबाइल, आवास विकास कालौनी पिकेट, छावनी पिकेट आदि स्थानों को चेक किया गया। चेकिंग के दौरान थाना कप्तानगंज क्षेत्रान्तर्गत थाना कार्यालय पर रात्रि अधिकारी उ.नि. अविनाश यादव तथा सुभाष चौक पिकेट ड्यूटी पर का. कर्मवीर सिंह अनुपस्थित पाए गए। जिनके विरुद्ध गैरहाजिरी अंकित कराई गई। शेष सभी कर्मचारीगण अपने अपने ड्यूटी प्वाइंट पर मौजूद व सर्तक पाए गए। पिकेट पर उपस्थित कर्मचारियों को सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करने हेतु हिदायत दिया गया।

# दो मासूम बच्चों की पोखरे में डूबने से मौत, कोहराम

गांव के पश्चिम पोखरे में दोनों बच्चों का मिला शव



**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के ग्राम सखवनिया खुर्द टोला निरभईया निवासी दो मासूम बच्चों की पोखरे में डूबने से मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते है घर में कोहराम मच गया। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। जानकारी के मुताबिक गांव के पश्चिम की ओर पोखरे में मंगलवार की शाम को 4:30 बजे करीब दो मासूम बच्चों का शव मिला। शव मिलने की सूचना आग की तरह फैल गई। मौके पर भारी भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने शव को बाहर निकाला। तब तक परिजन भी आ गए और शव की शिनाख्त दनियाल पुत्र सगीर उम्र 04 वर्ष और अयान पुत्र अजहरुद्दीन उमर 05 वर्ष के रूप में हुई। परिजनों के अनुसार सुबह 10 बजे करीब खेलने के लिए घर से निकले थे। काफी देर हो जाने के बाद जब बच्चे घर नहीं आए तो परिजनों को चिंता हुई काफी तलाश के बाद जब पोखरे की ओर तलाश किया तो पता चला। सूचना पर मय फोर्स एसएचओ कुबेरस्थान अजय कुमार मौर्या पहुंचे और घटना के बाबत जानकारी लिया। बच्चों के मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## मिशन वात्सल्य योजना के तहत हुई बैठक

**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** मिशन वात्सल्य योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु मंगलवार को विकास खण्ड शाहगढ़ में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन खण्ड विकास अधिकारी शाहगढ़ की अध्यक्षता की गयी। जिसमें समस्त पदाधिकारीगण उपस्थित रहें। बैठक में जिला बाल संरक्षण इकाई अमेठी के संरक्षण अधिकारी अजय कुमार के द्वारा बच्चों के सर्वोत्तम हितों के दृष्टिगत महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित स्पॉनसरशिप मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य/कोविड), मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के बारे में विस्तार से परिचर्चा की गयी है तथा इसके अतिरिक्त मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ व पति की मृत्यु के उपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजना में पेंशन का लाभ ले रही लाभार्थियों को उनकी फैमिली आई0डी0 बनाये जाने पर जानकारी प्रदान की गयी है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस हेतु डीएम ने जारी किया रोस्टर

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज द्वारा (सम्पूर्ण समाधान दिवस) हेतु तहसील दिवस प्रत्येक माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को प्रात 10.00 बजे से अपराहन 2.00 बजे तक का रोस्टर माह जनवरी 2025 से जून 2025 तक का रोस्टर तैयार कर निर्गत किया गया है, जिसमे नियमानुसार जिलाधिकारी/अपर जिलाधिकारी द्वारा आयोजित तहसील दिवस की अध्यक्षता की जायेगी तथा शेष तहसीलों में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील दिवस / सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जायेगा। उक्त के क्रम में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में दिनांक 04.01. 2025 को पडरौना में, 18-01-2025 को हाटा, दिनांक 01-02-2025 को कसया में, 15-02-2025 को कप्तानगंज में, 01-03-2025 को तमकुहीराज में, 15-03-2025 को खड्डा में, 05-



विशाल भारद्वाज
डीएम, कुशीनगर

04-2025 को पडरौना में, 19-04-2025 को हाटा में, 03-05-2025 को कसया में, 17-05-2025 को कप्तानगंज में, 07-06-2025 को तमकुहीराज में, तथा 21-06-2025 को खड्डा में आयोजित की जाएगी। इसी प्रकार अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में दिनांक 04-01-2025 को कप्तानगंज में, 18- 01-2025 को कसया में, 01-02-2025 को तमकुही राज में, 15- 02- 2025 को खड्डा, 01-03- 2025 पडरौना, 15- 03- 2025 को हाटा, 05-04 -2025 को कप्तानगंज, 19-04- 2025 कसया, 03-05-2025 तमकुहीराज, 17-05-2025 को खड्डा, 07-06- 2025 पडरौना, 21-06-2025 को हाटा में आयोजित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि निर्धारित तहसील दिवस की तिथि को यदि कोई सार्वजनिक अवकाश पड़ता है तो उस तिथि का तहसील दिवस अगले कार्य दिवस में आयोजित किया जायेगा। उन्होंने समस्त सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उक्त रोस्टर के अनुसार समस्त जनपदीय अधिकारीगण समय से निर्दिष्ट तहसील के तहसील दिवस मे उपस्थित होकर जन सुनवाई तथा शिकायतो का निस्तारण समयबद्धता के साथ सुनिश्चित करेंगें।

## ज्वेलरी शॉप और बर्तन स्टोर की दुकान से लाखों की चोरी

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** कसया थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग-28 स्थित पकवा इनार में संचालित कृष्णा ज्वैलर्स व बर्तन स्टोर की दुकान में सोमवार की रात भीषण चोरी हो गई। पीड़ित दुकान संचालक ने पुलिस को तहरीर सौंपी कार्रवाई की मांग किया है। कुशीनगर पालिका के वार्ड नंबर 6 बाबा साहेब आंबेडकर निवासी रंजीत कुशवाहा पकवा इनार में अपने घर के दूसरी मंजिल पर आभूषण और बर्तन की दुकान चलाते हैं। भूतल पर कपड़े की दुकान संचालित करते हैं और परिवार के साथ रहते भी हैं। मंगलवार की सुबह करीब नौ बजे जब दुकान खोलने पहुंचे, तो शटर का एक तरफ का हिस्सा खुला हुआ मिला। दुकानदार ने बताया की दुकान से डेढ़ किलोग्राम चांदी व ढ़ाई लाख रूपये के सोने के जेवरात चोरी हुई है। दुकान के बाहर और अंदर लगे कैमरों को भी तोड़ा हुआ हैं।

## बसपाइयों ने विरोध प्रदर्शन कर दिया ज्ञापन

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब डॉ



अम्बेडकर के प्रति संसद में की गई टिप्पणी के विरोध में मंगलवार को बहुजन समाज पार्टी सड़कों पर उतरी। कलेक्ट्रेट में विरोध प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में महामहिम राष्ट्रपति से कठोर कदम उठाने की मांग की गई है। विरोध प्रदर्शन के लिए बसपा कार्यकर्ता मंगलवार को गौरीगंज स्थित एक मैरिज लान में इकट्ठा हुए। यहां से लगभग एक बजे नीले झंडे और बैनर के साथ सैकड़ों की संख्या में पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन के दौरान गृह मंत्री के साथ बसपा नेताओं ने कांग्रेस और भाजपा दोनों दलों को निशाने पर लिया। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व मंडल प्रभारी अभिषेक गौतम छोटे लाल मौर्य और जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार ने संयुक्त रूप से किया।

# अधिकारी अपना कार्य प्रगति से करें अन्यथा होगी कार्यवाही

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी ने विकास भवन सभागार में एक आवश्यक बैठक ली जिसमें जिला विकास अधिकारी एवं जिला पंचायत राज अधिकारी उन सचिवों को कारण बताओं नोटिस जारी करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जिनकी प्रगति अत्यंत खराब है, अगर तीन दिन के अंदर इनकी प्रगति सही नही पाई जाती है, तो उनके विरूद्ध सख्त प्रशासनिक कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

जिलाधिकारी रमेश रंजन ने विकास भवन सभागार कक्ष में मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, डीसी मनरेगा, डीसी एनआरएलएम, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, समस्त बीडीओ, समस्त एडीओ, समस्त सचिव, समस्त ग्राम विकास अधिकारियों की उपस्थिति में फैमिली आईडी, फार्मर रजिस्ट्री, 15 वें वित्त आयोग एवं 5वां वित्त आयोग, आंगनबाड़ी केंद्रो के निर्माण की प्रगति, स्कूल में फर्नीचर की उपलब्धता, गांव में पार्क, खेल का मैदान, लाइब्रेरी के निर्माण की प्रगति, जीरो पॉवर्टी, मनरेगा मॉडल गांव, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, सर्वप्रथम फैमिली आईडी की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने पाया कि इसमें प्रगति अत्यंत खराब है, इसमें जिले की प्रगति केवल 17 प्रतिशत है, उन्होंने कहा कि यह योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, उन्होंने सभी सम्बंधितों को आदेश दिया कि हफ्ते भर के अंदर शत-प्रतिशत फैमिली आईडी बनवाऐं, अन्यथा कार्यवाही के लिए तैयार रहें, इसी तरह फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने पाया कि इसमें भी जनपद की स्थिति बहुत खराब है, उन्होंने कहा कि किसानों की रजिस्ट्री होगी तभी उनको किसान सम्मान निधि की प्राप्ति हो सकेगी, उन्होंने उपनिदेशक कृषि और जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित किया कि इसमें प्रगति लाऐं और प्रगति की रिपोर्ट एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध कराऐं, इसी तरह 15 वें वित्त आयोग और 5वां वित्त आयोग में धनराशि अत्यंत कम खर्च होने के कारण जिलाधिकारी अत्यंत नाराज दिखें, उन्होंने कहा कि 15 में वित्त आयोग और 5 वें राज्य वित्त आयोग से धनराशि कम खर्च होने के कारण जिले की रैंकिंग सीएम डैशबोर्ड पर प्रभावित हो रही है, उन्होंने हर सचिव से व्यक्तिगत इसकी समीक्षा की और उनसे जानकारी ली, उन्होंने जिला विकास अधिकारी और जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि जिन सचिवों की प्रगति खराब है उनको कारण बताओं नोटिस जारी किए जाएं अगर तीन दिन के अंदर प्रगति सही नहीं पाई जाती है तो उनके विरुद्ध सख्त प्रशासनिक कार्यवाही की जाएगी। आंगनबाड़ी केंद्रो के सम्बंध में उन्होंने कहा कि जो आंगनबाड़ी केंद्र अभी भी पूरे नहीं हुए हैं, उन्हें शीघ्र पूरा कराऐं जिससे उनका उपयोग हो सके, इसी तरह उन्होंने कहा कि जिन स्कूलों में फर्नीचर नहीं है और इससे छोटे बच्चों की पढ़ाई में बाधा उत्पन्न हो रही है वहां उन स्कूलों में शीघ्र फर्नीचर एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध कराऐं, जिन गांवों में यह लक्ष्य दिया गया था कि वहां पर पार्क, खेल का मैदान, पुस्तकालय का निर्माण करने का लक्ष्य दिया गया था उन गांव में एक सप्ताह के अंदर निर्माण कराकर फेटोग्राफ्स खंड विकास अधिकारियों के माध्यम से उपलब्ध कराऐं, यह काम प्राथमिकता के आधार पर कराए जाएं। इसी तरह शासन का एक प्रमुख उद्देश्य है कि जीरो पॉवर्टी इसके संबंध में यह निर्देशित किया गया है कि हर गांव में 25 सबसे गरीब लोगों की सूची उपलब्ध कराना है जनपद में यह काम अभी धीमा है, इसकी प्रगति अच्छी नहीं है, एक सप्ताह के अंदर सर्वे कराकर डाटा उपलब्ध कराऐं, जिससे शासन के उद्देश्य को पूर्ण किया जा सके, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के संबंध में परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि इसका सर्वे कराया जा रहा है, इसके लिए दो मास्टर ट्रेनर भी नियुक्त किए गए हैं, जिसमें बीडीओ जसराना नवीन कुमार एवं बीडीओ टूंडला प्रभात कुमार को मास्टर ट्रेनर बनाया गया है, जिससे सर्वेयरों को प्रशिक्षण दिया जा सके।

# लोगों को सुरक्षा व्यवस्था मिले बेहतर यही होगी प्राथमिकताः रामनयन

- पुलिस लाईन सभागार में मीडिया कर्मियों से एसपी ने की वार्ता

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** जनपद में नवागंतुक पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने पुलिस लाईन सभागार में मीडिया कर्मियों वार्ता करके जिले की कानून व्यवस्था और सुरक्षा के बारे में बताते हुए कहा कि हम बनाने में कम पूरे मनोयोग से काम करने को प्राथमिकता देते है पूर्व में लखनऊ कमिश्नरेट में तैनात रहे रामनयन सिंह ने इस जनपद में आकर पहली बार सभी से अपने अनुभव साझा करते हुए सभी को बराबर सम्मान देने की बात कही गई। पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता में। उन्होंने कहा कि जिला नेपाल सीमा से सटा होने के चलते काफी संवेदनशील है। सीमा की सुरक्षा उनकी प्राथमिकता है।उन्होंने कहा कि आम जनमानस की मिलने वाली शिकायतों का निस्तारण समय से किया जाएगा जिस तरह हम लोग समाज की सेवा करते हैं उसी तरह पत्रकार से लेकर जनप्रतिनिधि तक समाज के ही उत्थान की कोशिश करते हैं सभी का साथ और सहयोग पुलिस को और बेहतर कार्य करने में मदद करेगा। यह जिला कई समस्याओं से इसलिए ग्रसित है क्योंकि इसका मुख्य कारण क्षेत्रफल का बड़ा होना है। ऐसे में विभिन्न विभागों से सामंजस्य करके उस पर कोई भी अप्रिय घटना न घटित हो इसपर अंकुश लगाया जाएगा।इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी के अलावा हर्षिता तिवारी सहित सभी पुलिस क्षेत्राधिकारी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# के एन आई सी ई लाल डिग्गी में मनाया गया क्रिसमस डे-

**सुलतानपुर।** कमला नेहरु इन्स्टीट्यूट ऑफ चाइल्ड एजूकेशन, लाल डिग्गी, सुलतानपुर में क्रिसमस डे की पूर्व संध्या पर संस्थान के छात्र/छात्राओं द्वारा क्रिसमस डे का उत्सव मनाया गया। सर्वप्रथम संस्थान के प्रधानाचार्य मृदुल कुमार सिंह उप-प्रधानाचार्य शैलेश कुमार तिवारी एवं हेड मिस्ट्रेस सरिता सिंह ने सरस्वती माता एवं बाबू केदारनाथ सिंह की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया एवं केक काटकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। हेड मिस्ट्रेस सरिता सिंह के नेतृत्तव में कार्यक्रम संचालित हुआ। एंकरिंग का कार्य सहबा कलीम द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न कक्षाओं के छात्र/छात्राओं ने सेंटा क्लॉज एवं परियों की वेश-भूषा में क्रिसमस डे के कार्यक्रम को धूम-धाम से मनाया गया। कार्यक्रम में हिन्दी स्पीच हर्षिता तिवारी ने दिया जिसे तैयार करवाया गया। सुमन सिंह , अंग्रेजी स्पीच समृद्धि मिश्रा ने दिया जिसे तैयार करवाया गया। छाया मिश्रा द्वारा, सीनियर के0जी0 एवं जूनियर के0जी0 छात्र/छात्राओं द्वारा डांस प्रस्तुत किया गया जिसे डांस टीचर सुनील कोतवाल एवं प्री-प्राइमरी विंग की शिक्षिकायें रिचा पाण्डेय, श्रीमती अर्चना श्रीवास्तव, शिखा अग्रहरि, शुलेखा आनन्द, मिस अनन्या गुप्ता, मिस सहरीन बानो द्वारा तैयार करवाया गया, गाने की प्रस्तुति संगीत अध्यापक वाई0एम0 राय, निधि, राहुत, मो0 आदिल एवं शिवम तिवारी द्वारा तैयार करवाया।

## अनाधिकृत कब्जा करने वाले भू-माफिया में होंगे चिन्हित

**मैनपुरी।** जनता दर्शन के दौरान जब ग्राम पंचायत लोधीपुर के प्रधान शोभाराम ने अपने शिकायती प्रार्थना पत्र के माध्यम से जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह को बताया कि ग्राम पंचायत के ग्राम बहादुरपुर में स्कूल फॉर्म की 05 एकड़ भूमि पर एवं पीरपुर में 05 एकड़ ग्राम सभा की भूमि पर 20-25 दबंग वर्षो से अवैध कब्जा कर खेती कर रहे हैं, शिकायतकर्ता ने उक्त भूमि से अनाधिकृत कब्जा हटवाकर स्कूल फॉर्म, ग्राम समाज की भूमि को सुरक्षित कराए जाने की मांग की, जिसे गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी स्वयं राजस्व विभाग की टीम सहित मौके पर शिकायत की जांच करने पहुंचे। उन्होंने मौके पर जायजा लेने के दौरान पाया कि गाटा संख्या-455/2.294 हेक्टेयर जो वर्तमान खतौनी में स्कूल फॉर्म के नाम अंकित है, जिस पर रविलाल पुत्र मोहरमन सिंह व ध्यान सिंह पुत्र राम सरन नि. ग्वालटोली ताबेपुर द्वारा जबरन कब्जा किया गया है। उन्होने मौके पर उपस्थित राजस्व विभाग की टीम से भूमि की पैमाइश कराकर सीमांकन कराया और अपने सामने ही अनाधिकृत कब्जे को ट्रैक्टर चलवाकर खाली कराकर ग्राम प्रधान को मेढ़ बनवाने हेतु निर्देशित किया।

# जय भीम के नारों और अंबेडकर की तस्वीर के साथ कांग्रेस ने निकाला मार्च

अवधनामा संवाददाता



- कांग्रेसियों ने अम्बेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण करके धरना स्थल पहुंचकर सौंपा ज्ञापन

**बहराइच।** जनपद में आज कांग्रेस भवन सभागार से कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संविधान निर्माता डॉ भीम राव अम्बेडकर का गृह मंत्री अमित शाह द्वारा अपमान किए जाने के विरोध में मार्च निकालकर कलेक्ट्रेट स्थित धरना स्थल पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।कांग्रेस भवन से निकलकर शहीद स्मारक स्थित डॉ भीम राव अम्बेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण करके धरना स्थल पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।इस अवसर पर निवर्तमान जिलाध्यक्ष जय प्रकाश व निवर्तमान शहर अध्यक्ष आदर्श अग्रवाल ने संयुक्त रूप से कहा कि भाजपा सरकार का रवैय्या संविधान विरोधी है। मोदी सरकार मनु स्मृति को मानती है।

एआईसीसी सदस्य व निवर्तमान प्रदेश सचिव मेजर राना शिवम सिंह ने कहा कि कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता राहुल गांधी की अगुवाई में संविधान निर्माता डॉ भीम राव अम्बेडकर के सम्मान की रक्षा के लिए संघर्षरत रहेगा। संविधान में बदलाव हम कतई नहीं होने देंगे।इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य अमर नाथ शुक्ल ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संविधान निर्माता डॉ भीम राव अम्बेडकर का अपमान किया जाना अत्यंत निंदनीय है।

मोदी सरकार की मंशा शुरू से ही संविधान विरोधी रही है। कांग्रेस की सरकारों में आम जनता के मूलभूत समस्याओं को ध्यान में रखते हुए चीजों को जोड़ा गया परंतु अब भाजपा सरकार में अडानी और अंबानी को पूरा देश सौंपने के लिए संविधान से चीजों को नष्ट किया जा रहा है। मोदी सरकार की नीतियां संविधान और लोकतंत्र विरोधी हैं।

इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ राजेश तिवारी, अली अकबर पप्पू, डॉ ए एम सिद्दीकी, मुकुंद जी शुक्ल, हमजा शाहिद, गीता सिंह, प्राची श्रीवास्तव, कमला सोनी, इरम ठाकुर, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष विपुल मिश्र, अनिल सिंह, शरीफ बाबू खान, मुस्तकीम सलमानी, रामदीन गौतम, आनंद अवस्थी, मुबारक खां, पुत्तन खां, हीरा लाल राव, श्रीराम कोरी,फजल खान, इंद्र कुमार यादव, नदीम अहमद, मो फरीद, पुल्लू सहित तमाम कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## खाद्य सुरक्षा टीम ने किया बेकरी की निरीक्षण, लिए सैम्पिल

**फिरोजाबाद।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा क्रिसमस पर्व के दृष्टिगत बेकरी पदार्थों में मिलावट के विरुद्ध कार्यवाही हेतु प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में जनपद में खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा निम्नलिखित कार्यवाही सम्पादित की गयी। चिश्ती नगर, फिरोजाबाद में कारोबार कर्ता बिक्की की बेकरी से मैदा का नमूना लिया गया। आसफाबाद, चिश्ती नगर, फिरोजाबाद में कारोबार कर्ता समायरा बेकरी से रस्क का नमूना लिया गया, आसफाबाद, फिरोजाबाद में कारोबार कर्ता विजय बेकरी से केक का नमूना लिया गया, चिश्ती नगर, फिरोजाबाद में कारोबार कर्ता इसाक बेकरी से मैदा का नमूना लिया गया, चिश्ती नगर, फिरोजाबाद में कारोबार कर्ता रिंकू की बेकरी से फेन का नमूना लिया गया, चिश्ती नगर, फिरोजाबाद में कारोबार कर्ता मुराद की बेकरी से मैदा का नमूना लिया गया, चिश्ती नगर, फिरोजाबाद में कारोबार कर्ता रोमान बेकरी से मैदा एवं रस्क का नमूना लिया गया, रानी नगर, फिरोजाबाद में कारोबार कर्ता रामनिवास की बेकरी से मैदा का नमूना लिया गया।

# आक्रोशित कांग्रेसियों ने निकाला बाबा साहब अंबेडकर सम्मान मार्च

- प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन
- भाजपा हमेशा से ही रही है संविधान विरोधी : अभिषेक सिंह राणा

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी का मामला दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। जनपद में कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व एवं शहर अध्यक्ष शकील अंसारी की उपस्थिति में शहर में बाबासाहेब अंबेडकर सम्मान मार्च निकाला गया। कांग्रेसियों ने हाथों में बैनर, स्लोगन और डॉ अंबेडकर का चित्र लेकर नारेबाजी करते हुए शहर के लालडिग्गी चौराहे से डाकखाना चौराहा, गंदानाला, जिला पुरुष चिकित्सालय के सामने से होते हुए रोडवेज बस स्टेशन पहुंचे वहाँ से विकास भवन के सामने स्थित अंबेडकर पार्क में बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया, तत्पश्चात कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां उन्होंने जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया, कलेक्ट्रेट गेट पर जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के तौर पर पहुंचे एसडीएम सदर विपिन द्विवेदी और क्षेत्राधिकारी नगर प्रशांत सिंह को महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर ने देश को संविधान दिया उन्होंने हर वर्ग के व्यक्ति के लिए आवाज उठाने तथा सभी जाति, धर्म, वर्ग के लोगों को उनका अधिकार देने का काम किया है ऐसे महान व्यक्तित्व के बारे में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की टिप्पणी बेहद निंदनीय है ऐसे व्यक्ति का गृहमंत्री पद रहना कतई उचित नहीं है, अमित शाह अपने अशोभनीय वक्तव्य के लिए देश से माफी मांगे अन्यथा केंद्र सरकार उनके ऊपर दंडात्मक कार्यवाही करें। वहीं उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लोग हमेशा से ही संविधान के खिलाफ थे जिसे संसद में अमित शाह ने बाबा साहब पर अपमान जनक टिप्पणी कर साबित कर दिया है।

## सुदिति ग्लोबल ने मनाया सेंटा क्लोज कार्यक्रम

**टूंडला।** सुदिती ग्लोबल अकादमी फिरोजाबाद रोड में मंगलवार को क्रिसमस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान विद्यालय को क्रिसमस ट्री और सितारों से सजाया गया साथ ही छात्र-छात्राओं ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने नृत्य, गीत, नाटक आदि मनोरंजक प्रस्तुति दी। उप-प्रधानाचार्य ईपी राफेल ने क्रिसमस का महत्व सभी को बताया उन्होंने कहा कि आज ही के दिन यीशु का जन्म हुआ दुनिया भर में क्रिसमस बहुत खुशी के साथ मनाया जाता है। विद्यालय संचालक किताब सिंह एवं प्रधानाचार्य कमल कौशिक ने सभी को क्रिसमस बधाइयां दी। सेंटा क्लोज की वेशभूषा में आए शिक्षक ने बच्चों को उपहार दिए और केक कटिंग भी करवाया। वार्षिक खेल प्रतियोगिता का अंतिम दिन भी था जिसमें सभी हाउस ने जोश के साथ अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में प्रथम स्थान पर ग्रीनहाउस, द्वितीय स्थान पर ब्लू हाउस तथा तृतीय स्थान पर रेड हाउस रहा।

## कूड़ा उठान के बेहतर प्रबन्ध किये जायें : डीएम

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने जिला वृक्षारोपण समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति की समीक्षा के दौरान असंतोष व्यक्त करते हुये कहा कि बार-बार निर्देशों के बाद भी वृक्षारोपण अभियान-2024 के अन्तर्गत रोपित किये गये पौधों की सहकारिता, विद्युत, परिवहन, बेसिक शिक्षा, पंचायती राज, पुलिस विभाग, प्राविधिक शिक्षा, नगर विकास एवं राजस्व विभाग द्वारा जियो टैगिंग पूर्ण नही की है, जियो टैगिंग में सबसे खराब 46.2 प्रतिशत पुलिस विभाग, 67.7 प्रतिशत बेसिक शिक्षा विभाग, 79.8 प्रतिशत नगर विकास विभाग, 81.9 प्रतिशत सहकारिता विभाग, 82.3 प्रतिशत पंचायती राज विभाग की है, सम्बन्धित अधिकारी इस ओर ध्यान देकर अगले 02 दिन में में अवशेष पौधों की जियो टैगिंग पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अपशिष्ट प्रबन्धन के सम्बन्ध में अधिशासी अधिकारी नगर निकाय को आदेशित किया कि अपशिष्टों के निस्तारण की कार्य-योजना तैयार कर प्रभावी कार्यवाही करें।


## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता बहराइच-श्रावस्ती वृत्त, लो.नि.वि., बहराइच

पत्रांक : 3485/8काम/ई-टेण्डरिंग/बह0-श्राव0वृत्त/2024-25 दिनांक : 19.12.2024

**स्वीकृति की प्रत्याशा में अल्पकालीन ई-निविदा सूचना प्रकाशन**

1. अधीक्षण अभियन्ता, बहराइच-श्रावस्ती वृत्त, लो0नि0वि0, बहराइच द्वारा महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग मे 'ए', 'बी' एवं 'सी' श्रेणी मार्ग कार्य के पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से जनपद बहराइच के निम्न वर्णन के अनुसार मार्ग निर्माण एवं तदोपरान्त पांच वर्ष का अनुरक्षण कार्य किये जाने हेतु कार्य की निविदा प्रतिशत दरों के आधार पर आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | जनपद | कार्य का नाम | निविदा की लागत (बिना जी.एस.टी.) (रू. लाख में) | बिड सिक्योरिटी (रू. लाख में) | निविदा शुल्क + स्टेशनरी शुल्क + जी.एस.टी. (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| विधान सभा-मटेरा | | | | | | |
| 1 | बहराइच | वित्तीय वर्ष 2024-25 में आर0आई0डी0 एफ0-30 योजनान्तर्गत आसाम रोड ओवर ब्रिज रेलवे क्रासिंग से ऊंचवा पुरैनी होते हुए अलिया बुलबुल के मध्य सं0 मार्ग के किमी0 1, 2, 3 एवं 4 (600) का नवनिर्माण कार्य पांच वर्ष का अनुरक्षण कार्य। | 207.00 | 12.40 | 2715.00 | 12 Month |
| 2 | बहराइच | वित्तीय वर्ष 2024-25 में आर0आई0डी0 एफ0-30 योजनान्तर्गत चमारनपुरवा सं0 मार्ग से नन्दा इंस्टीट्यूट के मध्य एवं अस्पताल से मुर्गिहा सं0 मार्ग के किमी0 1 एवं 2 (900) का नवनिर्माण कार्य पांच वर्ष का अनुरक्षण कार्य। | 122.35 | 8.20 | 2715.00 | 12 Month |

2. अनुरक्षण की अवधि कार्य पूर्ण होने की तिथि से पांच वर्ष होगी।
3. बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता एवं बिड-सबमिट करने का माध्यम-

(क) बिड डाक्यूमेन्ट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 26.12.2024 से 08.01.2025 तक उपलब्ध रहेगी, जो आन-लाइन इस साइट पर ही सबमिट की जायेगी।

(ख) निविदा डालने हेतु निविदादाता को उपरोक्त वेब-साइट पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। निविदायें आन-लाइन डालने हेतु निविदादाता के पास किसी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट सटिफाइंग अथोरिटी द्वारा जारी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट होना अनिवार्य है।

(ग) ई-प्रोक्योरमेण्ट के माध्यम से निविदायें डालने की अन्तिम तिथि 08.01.2025 दोपहर 12.00 बजे तक एवं टेकनिकल क्वालिफिकेशन पार्ट-1 दिनांक 08.01.2025 अपराह्न 12.30 बजे से कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, बहराइच-श्रावस्ती वृत्त, लो0नि0वि0, बहराइच में खोला जायेगा। विस्तृत विवरण http://etender.up.nic.in देखा जा सकता है।

(घ) निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्ते तथा विवरण वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। पंजीकृत निविदादाता द्वारा जो विवरण ई-टेंडिरिंग, एन0आई0सी0 की साइट पर अपलोड किया जाना है, वह लोक निर्माण विभाग की वेबसाइट www.uppwd.gov.in के प्रहरी सॉफ्टवेयर में भी अपलोड करना होगा। निविदा की अन्तिम तिथि 08.01.2025 के दोपहर 12.00 बजे तक शुद्धि पत्र यदि कोई हो, तो उसे ई-पोर्टल पर अपलोड कर दिया जायेगा।

(इं. अमर सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-1, लो.नि.वि.,
बहराइच

UPID-224652 Dated-23-12-2024
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

(इं. भगवान दास)
अधीक्षण अभियन्ता
बहराइच-श्रावस्ती वृत्त,
लो.नि.वि., बहराइच



# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी-डुमरियागंज, जनपद- सिद्धार्थनगर

पत्रांक : 2043/लेखा/टेण्डर/ 2024-2025 दिनांक : 21-12-2024

## (निविदा सूचना)

समस्त क्षेत्र पंचायत डुमरियागंज सिद्धार्थनगर के ''बी. एंव सी.'' (जो भी लागू हो) श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदार जो कि वर्ष 2024-2025 के लिए पंजीकृत हैं, को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवा वित्त आयोग (टाईड एंव अनटाईड) योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष में उपलब्ध एंव प्राप्त होने वाली धनराशि से निम्नलिखित परियोजना पर कार्य कराये जाने हेतु निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा को सामान्य टेण्डर प्राणाली के माध्यम से दिनांक 23.12.2024 से 06.01.2025 तक कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। जिसे दिनांक 06.01.2025 को ही समिति के समक्ष खण्ड विकास अधिकारी, डुमरियागंज के कार्यालय में अपराहन 02 बजे खोली जायेगी। प्रत्येक परियोजना की अलग-अलग निविदा शुल्क तथा 02 प्रतिशत (अर्नेस्ट मनी धरोहर धनराशि) को कार्यालय में जमा की जायेगी। अन्य जानकारी किसी भी कार्यालय दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। परियोजनाओं, पर नियम व शर्ते निम्नवत् है-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | योजना/मद का नाम | प्राक्कलन की धनराशि लेवर शेष एवं 18% सहित | 2% सत्यंकार (अर्नेस्टमनी) की धनराशि | जमानती राशि 8% | निविदा/टेण्डर शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | रठैना पी0डब्लू0डी0 रोड से सटे चकरोड से बी0बी0एस0 स्कूल के मुख्य गेट द्वार तक मिट्टी/खडण्जा कार्य। | राज्यवित | 276000 | 5500 | 22100 | 500 | 03 माह |

1. प्रत्येक कार्य को पूर्ण करने की अनुमन्य अवधि उक्त तलिका के कालम (08) में दर्शाया गया है।
2. निविदा के साथ निविदा शुल्क जो उक्त तालिका के कालम नं0 (07) में दर्शाया गया है की अंकित धनराशि को क्षेत्र निधि खाता सं0 11385991524 बैक का नाम भारतीय स्टेट बैक (कृ0 शा0) डुमरियागंज IFSC Code SBIN0005956 में NEFT/RTGS के माध्यम से जमा करना होगा, तथा 02 (दो) प्रतिशत अर्नेस्टमनी की धनराशि जो कॉलम नं0 (05) में अंकित है, को किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से एफ0डी0 एवं एन0एस0सी0/डाकघर बचत पत्र/एन0एस0सी0 के रूप में खण्ड विकास अधिकारी डुमरियागंज के नाम से बंधक युक्त उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
3. प्रत्येक दशा में कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाना अनिवार्य होगा।
4. कार्य किसी अन्य को कदापि हस्तान्तरित नही किया जायेगा निविदा स्वीकृत के बाद यदि हस्तान्तरित की स्थिति प्रकाश में आती है तो अनुबन्ध निरस्त कर दिया जायेगा।
5. निविदा खोलने की कार्यवाही अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में गठित समिति के सदस्यों के द्वारा निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी।
6. निर्माण नियमावली-1984 के अनुसार निर्माण का परिवर्तन/परिबंधन/निरस्तीकरण का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी डुमरियागंज सिद्धार्थनगर के अधिकार में निहित होगा तथा बिना कोई कारण बताये अथवा बिना कोई नोटिस दिये किसी भी निविदा को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार खण्ड विकास अधिकारी डुमरियागंज में निहित होगा।
7. निविदा प्रपत्र अपूर्ण अथवा सही ढंग से, न भरे होने पर निविदाये स्वीकार नहीं की जायेगी।
8. खण्ड विकास अधिकारी डुमरियागंज सिद्धार्थनगर को विशेष परिस्थितियों में आवश्यकतानुसार दण्ड आरोपित करने अथवा बिना कोई दण्ड आरोपित किये समय वृद्धि करने का अधिकार होगा।
9. ठेकेदार को अवर अभियन्ता (ग्रा0अभि0वि0) के तकनीकी मार्ग निर्देशानुसार कार्य करना होगा।
10. ठेकेदार द्वारा 02 प्रतिशत सत्यंकार (अर्नेस्टमनी) की धनराशि निविदा के साथ जमा की जायेगी। यदि ठेकेदार द्वारा 2% सत्यंकार (अर्नेस्टमनी) की पूर्ण धनराशि नही जमा किया जाता है। तो निविदा अस्वीकृत कर दिया जायेगा।
11. जमानत धनराशि तब तक वापस नही किया जायेगा जब तक निर्माण कार्य पूरा होने के दिनांक से छः माह की अवधि समाप्त न हो जाय।
12. किसी विवाद की दशा में खण्ड विकास अधिकारी डुमरियागंज का निर्णय अन्तिम होगा जो उभय पक्ष को मान्य होगा।
13. ठेकेदार के बिल से शासन के निर्देशानुसार देय करो (आयकर एवं जी0एस0टी0 तथा लेवर शेष) का नियमानुसार कटौती किया जायेगा, जो ठेकेदार को मान्य होगा।
14. उपरोक्त निर्माण कार्यों का भुगतान क्षेत्र पंचायत डुमरियागंज के अन्तर्गत कुल उपलब्ध एंव प्राप्त धनराशि से किया जायेगा।
15. निविदा के साथ निविदादाताओं को नियमानुसार 100.00 रूपये के स्टाम्प पेपर हस्ताक्षर एवं रसीदी टिकट लगाकर देना होगा।
16. निविदा डालते समय प्राक्कलन की धनराशि से विलो टेण्डर अलने पर ठेकेदार द्वारा समिति के समक्ष उपस्थिति होकर स्पष्ट करना होगा कि किस प्रकार प्राक्कलन के विशिष्टियों के अनुसार किस प्रकार से कार्य कराये जायेगे। समिति के संतुष्ट होने पर निविदा स्वीकृत किया जायेगा।
17. निविदा के साथ ठेकेदारों को पंजीयन प्रमाण पत्र, हैसीयत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन नम्बर व पैन कार्ड तथा 02 प्रतिशत सत्यंकार (अर्नेस्टननी) की धनराशि एवं निविदा शुल्क की जमा पर्चीं की स्व प्रमाणित छाया प्रतियो/छायाप्रति आदि वांछित अभिलेख दिनांक 06.01.2025 तक अपरान्ह 200 बजे से पूर्व वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ख0वि0अ0 कार्यालय डुमरियागंज के निविदा वाक्स में डालना/उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
18. ठेकेदार द्वारा अनुबन्ध कराने के उपरान्त ही कार्य प्रारम्भ कराया जायेगा। अनुबन्ध के पूर्व किया गया कार्य स्वतः श्रमदान घोषित हो जायेगा।
19. समय-समय पर यदि आवश्यक हुआ तो आदेश व सुविधा कार्यालय पर उपलब्ध रहेगा। शेष अन्य नियम एवं शर्तो की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**खण्ड विकास अधिकारी डुमरियागंज सिद्धार्थनगर**

**प्रमुख क्षेत्र पंचायत डुमरियागंज सिद्धार्थनगर**

# 'अटल युवा महाकुम्भ' कार्यक्रम में सम्मिलित हुए राजनाथ

अवधनामा ब्यूरो



- श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व और कृतित्व से देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लोग अच्छी तरह से परिचित : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह
- मुख्यमंत्री ने प्रदेश को देश के सभी राज्यों से आगे ले जाने में सफलता प्राप्त की
- श्रद्धेय अटल जी की जन्म शताब्दी का यह भव्य आयोजन उनके प्रति प्रदेश और देश के अनुराग और प्रेम को व्यक्त करता : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ
- जनप्रतिनिधियों ने अटल जी की स्मृति को जीवन्त बनाए रखने के लिए सभी संस्थाओं को एक मंच देकर लखनऊ और देश में आयोजित होने वाले शताब्दी महोत्सव कार्यक्रम को नई ऊंचाई दी

**लखनऊ।** भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मशती वर्ष के अवसर पर के0डी0 सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित 'अटल युवा महाकुम्भ' कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने अटल जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज यहां छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए भव्य कार्यक्रम को देखकर अनुभूति हो रही है कि 25 दिसम्बर, 1924 को भारत के राजनैतिक क्षितिज पर जिस सूर्य का उदय हुआ था, वह सूर्य आज भी अस्त नहीं हुआ है। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के व्यक्तित्व और कृतित्व से देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लोग अच्छी तरह से परिचित हैं। विशेष रूप से लखनऊ के निवासी अटल जी से काफी हद तक परिचित हैं।

रक्षा मंत्री ने कहा कि विलक्षण प्रतिभा होने के साथ-साथ अटल जी के व्यक्तित्व में अद्भुत सरलता भी दिखाई देती है। किसी व्यक्ति ने उनसे एक समय कहा था कि आप बहुत अच्छे वक्ता तथा विलक्षण प्रतिभा के धनी हैं, लेकिन आपको जितना दृढ़ होना चाहिए उतने दृढ़ नहीं है, तो अटल जी ने उत्तर दिया कि मैं अटल के साथ-साथ बिहारी भी हूं। उन्होंने ऐसा कहकर पूरे माहौल को आनन्ददायक बना दिया था।

रक्षा मंत्री ने कहा कि उन्हें अभिभावक के रूप में अटल जी का विशेष स्नेह प्राप्त हुआ। देश के अनेक नेताओं को उनका आशीर्वाद प्राप्त हुआ। उन्होंने भारत की राजनीति में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। जिस समय उनकी सरकार एक वोट से संकट में आ गई थी, तो उनके द्वारा दिए गए अद्भुत भाषण को देश ही नहीं बल्कि दुनिया में रहने वाले भारतीय मूल के अनेक लोगों ने सुना। भाषण को समाप्त करते हुए उन्होंने कहा कि किसी पार्टी को तोड़कर मैं अपनी सरकार को नहीं बचाना चाहूंगा। मेरी अंतरात्मा यह कभी स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने यह भी कहा था कि सरकारें आएंगी, सरकारें जाएंगी, पार्टियां बनेंगी, पार्टियां बिगड़ेंगी, मगर यह देश रहना चाहिए। इस देश का लोकतंत्र अमर रहना चाहिए।

रक्षा मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश को देश के सभी राज्यों से आगे ले जाने में सफलता प्राप्त की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि श्रद्धेय अटल जी की जन्म शताब्दी का यह भव्य आयोजन उनके प्रति प्रदेश और देश के अनुराग और प्रेम को व्यक्त करता है। इस भव्य आयोजन के मुख्य अतिथि के रूप में आज यहां पर रक्षा मंत्री जी का सान्निध्य हम सभी को प्राप्त हो रहा है। यहां के जनप्रतिनिधियों ने अटल जी की स्मृति को जीवन्त बनाए रखने के लिए सभी संस्थाओं को एक मंच देकर लखनऊ और देश में आयोजित होने वाले शताब्दी महोत्सव कार्यक्रम को नई ऊंचाई दी है।

पंचायतीराज मंत्री की अध्यक्षता में विभागीय समीक्षा बैठक सम्पन्न

# महत्वाकांक्षी योजना जीरोपावर्टी उ0प्र0 का सर्वेक्षण पूर्ण कर लिया जाए: राजभर

अवधनामा ब्यूरो



- योजना/परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित की जाए
- चिन्हित परिवारों को ऊंचा उठाने के लिए सरकारी फण्ड के अलावा सीएसआर फण्ड की भी मदद ली जाए: ओमप्रकाश

**लखनऊ।** पंचायतीराज, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज मंत्री ओमप्रकाश राजभर की अध्यक्षता में आज पंचायतीराज निदेशालय के लोहिया भवन सभागार में प्रदेश के समस्त मण्डल/जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ विभागीय योजना की गहन समीक्षा की गई। राजभर ने निर्देश दिये कि समस्त विभागीय योजनाओं को समयबद्ध तरीके से निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित किया जाए। जनपद/मण्डल/विकास खण्ड स्तर पर तैनात विभागीय अधिकारियों एवं कार्मिकों के क्षेत्र भ्रमण हेतु सरकार द्वारा वाहन भत्ता की व्यवस्था इसी उद्देश्य से की गयी है कि अधिकारियों को क्षेत्र भ्रमण में किसी प्रकार की समस्या न आये तथा अधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायत तक निरन्तर पहुँच कर योजना के क्रियान्वयन को सुचारू रूप से लागू कर सके। उन्होंने कहा कि योजनान्तर्गत अच्छी प्रगति करने वाले अधिकारियों को प्रोत्साहित किया जाए तथा अपेक्षित प्रगति न करने वाले अधिकारियों को आवश्यकतानुसार हर सम्भव सहायता प्रदान कर कार्य सुनिश्चित कराया जाये। उन्हांने कहा कि अपेक्षित प्रगति न लाने वाले अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। बैठक की द्वितीय पाली में पंचायतीराज मंत्री की उपस्थिति में प्रदेश के समस्त ग्राम पंचायतों में तैनात पंचायत सहायकों के साथ 02 स्लॉट में वेबिनार के माध्यम से जुड़कर पंचायत सहायकों के साथ समीक्षा/चर्चा की। वेबिनार में मुख्य सचिव कार्यालय में तैनात वरिष्ठ सलाहकार संदीप मांझी द्वारा प्रदेश की महत्वाकांक्षी योजना ''जीरोपावर्टी-उत्तर प्रदेश'' पर समस्त जनपद/ मण्डल स्तरीय अधिकारियों के साथ चर्चा की गई तथा शासन की मंशा के अनुरूप 31 दिसम्बर, 2024 तक शत-प्रतिशत सर्वे पूर्ण कराने का अनुरोध किया गया।

## महाकौथिग आयोजन से कला-संस्कृति को मिल रहा बढ़ावा: जयवीर सिंह

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन द्वारा प्रायोजित पारंपरिक लोक कला एवं हस्तशिल्प मेला महाकौथिग का आयोजन किया जा रहा है। नोएडा स्टेडियम सेक्टर-21 में आयोजित पांच दिवसीय मेले (21 से 25 दिसंबर 2024) का उद्देश्य कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देना है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में आ रहे पर्यटकों के बीच महाकुंभ-2025 और मेले में आयोजित सुविधाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्हांने बताया कि उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड की संस्कृति में काफी समानता है। बड़ी संख्या में यहां के लोग वहां और उत्तराखंड के लोग उत्तर प्रदेश में रहते हैं। नोएडा में 21 दिसंबर से शुरू पांच दिवसीय पारंपरिक लोक कला एवं हस्तशिल्प मेला में प्रसिद्ध लोक गायक, गायिका अपनी प्रस्तुति दे रहे हैं।

# आंबेडकर के कथित अपमान पर बसपा कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

- शाह के इस्तीफे की मांग की
- विरोध-प्रदर्शन मायावती के आह्वान पर हुआ आयोजित

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के कार्यकर्ताओं ने डॉ. भीम राव आंबेडकर के संबंध में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की टिप्पणी के विरोध में मंगलवार को प्रदर्शन किया और उनके पद से इस्तीफे की मांग की। बसपा प्रमुख मायावती ने सोमवार को एक्स पर कहा था कि केंद्रीय गृहमंत्री की टिप्पणी के संदर्भ में उनकी पार्टी मंगलवार को देशभर के जिला मुख्यालयों पर शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन करेगी। उन्होंने इसे सफल बनाने की सर्व समाज से अपील भी की थी। बसपा प्रमुख के आह्वान पर उप्र के जिला मुख्यालयों पर मंगलवार को बसपा कार्यकर्ताओं ने शाह के खिलाफ प्रदर्शन किया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने उप्र की राजधानी लखनऊ सहित राज्य के विभिन्न हिस्सों में विरोध प्रदर्शन किये। यहां हजरतगंज इलाके में आंबेडकर की प्रतिमा के सामने बसपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया और शाह के इस्तीफे की मांग की। नीले झंडे के साथ हाथों में तख्तियां लिये बसपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि शाह माफी मांगें या इस्तीफा दें। उनकी तख्तियों पर आंबेडकर के सम्मान में, बसपा मैदान में और गृहमंत्री अमित शाह, इस्तीफा दें जैसे नारे लिखे थे। बसपा के लखनऊ जोन के पूर्व संयोजक सजीवन लाल ने कहा कि यह विरोध-प्रदर्शन गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संसद में दिए गए उस बयान के जवाब में मायावती के आह्वान पर आयोजित किया गया है, जिसमें बाबासाहब का अपमान किया गया है। लाल ने 'पीटीआई-वीडियो' से कहा, ''हम अमित शाह के खिलाफ कार्रवाई और उनके इस्तीफे की मांग को लेकर यह प्रदर्शन कर रहे हैं।'' उन्होंने प्रशासन पर कार्यकर्ताओं को विरोध-प्रदर्शन से रोकने का आरोप लगाते हुए कहा, ''हम जहां भी हैं, अपना विरोध जारी रखेंगे। हम शांतिपूर्ण मार्च निकालेंगे और लखनऊ के जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपेंगे।'' बसपा नेताओं का कहना है कि इस ज्ञापन के जरिये वे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से अपील करेंगे कि गृहमंत्री को मंत्रिमंडल से तुरंत बर्खास्त किया जाए। औरैया, जालौन, वाराणसी, उन्नाव, फिरोजाबाद समेत राज्य के विभिन्न जिलों में भी इसी तरह के विरोध-प्रदर्शन हुए। पिछले मंगलवार को संविधान पर राज्यसभा में बहस का जवाब देते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा था, ''अभी एक फैशन बन गया है... आंबेडकर, आंबेडकर, ....। इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता।'' शाह के इस बयान के लिए विपक्षी दलों के नेताओं ने उनकी तीखी आलोचना की है।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री ने क्रिसमस के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने क्रिसमस के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। आज यहां जारी एक शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पर्व जरूरतमंदों की मदद करने तथा मिल-जुलकर खुशियां बांटने का संदेश देता है।

### सहकारिता विभाग के पीसीयू सभागार में कार्यक्रम का आयोजन कल

**लखनऊ।** सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार तथा राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एन.सी.डी.सी.) के सहयोग से गृह एवं सहकारिता मंत्री भारत सरकार की अध्यक्षता में 25 दिसम्बर, 2024 को नई दिल्ली में एक मेगा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसके क्रम में राज्य स्तर पर आयुक्त एवं निबन्धक सहकारिता विभाग, उ0प्र प्रदेश, लखनऊ के कार्यालय परिसर में स्थित पी.सी.यू. सभागार लखनऊ में सहकारिता मंत्री, दुग्ध विकास मंत्री एवं मत्स विकास मंत्री की उपस्थिति में 25 दिसम्बर, 2024 को अपराह्न 01:30 बजे से कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

### मार्गों के चौड़ीकरण हेतु 11 करोड़ आवंटित

**लखनऊ।** उ.प्र. सरकार द्वारा राज्य/प्रमुख, अन्य जिला मार्गों के चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण योजनान्तर्गत जनपद सोनभद्र व आगरा के 01-01 चालू कार्यों हेतु रू0 11 करोड़ 03 लाख 20 हजार की धनराशि उ0प्र0 शासन द्वारा आवंटित कर दी गयी है। इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश उ0प्र0 शासन लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है। इन 02 चालू कार्यों में जनपद सोनभद्र में बलुई मीतापुर मार्ग (अ0जि0मा0) के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य (लम्बाई 11.00 कि0मी0) हेतु रू0 07 करोड़ 28 लाख 20 हजार तथा जनपद आगरा में एत्मादपुर-खन्दौली मार्ग (अ0जि0मा0) के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य (लम्बाई 14.590 कि0मी0) हेतु रू0 03 करोड़ 75 लाख (कुल रू0 11 करोड़ 03 लाख 20 हजार) की धनराशि जारी कर दी गयी है।

### ईसा मसीह का जन्मदिन शांति का संदेश देता है: जयवीर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह क्रिसमस दिवस पर प्रदेशवासियों खासतौर से ईसाई भाई बहनों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि प्रभु ईसा मसीह का जन्म 25 दिसम्बर को हुआ था। इस उपलक्ष्य में ईसाई समुदाय के लोग पूरी दुनिया में क्रिसमस दिवस मनाते हैं। क्रिसमस दिवस की पूर्व संध्या पर जारी एक संदेश में पर्यटन मंत्री ने कहा है कि पवित्र बाइबिल के अनुसार ऐसा माना जाता है कि प्रभु ईसा मसीह का जन्म मानवता को पापों से मुक्ति दिलाने, दया, प्रेम और शांति का संदेश देने के लिए हुआ था। क्रिसमस दिवस पर क्रिसमस-ट्री सजाने की परम्परा है, जो इसे खास बनाती है। यह परम्परा मानव जीवन में आशा और आनंद का संचार करती है। क्रिसमस का पर्व शांति का संदेश लेकर आता है। उन्होंने इस पर्व को पूरी मान्यता एवं पवित्रता के साथ मनाये जाने की अपील की है।

### महाकुम्भ-2025 के दौरान मेला क्षेत्र एवं शहर में निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु ऊर्जा विभाग ने की व्यापक तैयारी



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 13 जनवरी, 2025 से प्रारम्भ हो रहे आस्था व संस्कृति के प्रतीक महापर्व महाकुम्भ-2025 में मेला क्षेत्र एवं शहर में निर्बाध व गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ऊर्जा विभाग द्वारा व्यापक तैयारी की गई है। महाकुम्भ पर्व के सफल आयोजन हेतु मेला क्षेत्र में 182 किमी. एचटी लाइन का निर्माण, 1405 किमी. एलटी लाइन का निर्माण, 11/0.4 केवी 400 केवीए के 170 नग परिवर्तक का निर्माण, 11/0.4 केवी 250 केवीए के 14 नग परिवर्तक का निर्माण, 11/0.4 केवी 100 केवीए के 128 नग परिवर्तक का निर्माण, पान्टून ब्रिज पर विद्युतीकरण एवं एलईडी स्थापना का कार्य, 67,026 एलईडी स्ट्रीट लाइट की स्थापना, 4,25,000 नग कैम्प कनेक्शन तथा 2000 नग हाइब्रिड सोलर लाइट लगाने के कार्य कराये जा रहे हैं। ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा ने बताया कि इस बार महाकुम्भ के दौरान सम्पूर्ण मेला क्षेत्र श्रद्धालुओं व पर्यटकों के लिए दूधिया रोशनी से जगमग रहेगा।

# रोजगार उपलब्ध कराने हेतु स्थापित किए जा रहे नित्य नए प्रतिमान

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** श्रम एवं सेवायोजन विभाग द्वारा बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु टी0सी0एस0 के साथ एम0ओ0यू0 किए जाने विषयक बैठक मंत्री, अनिल राजभर की अध्यक्षता में आज निदेशालय, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन में आयोजित की गई।

प्रदेश के रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों को रोजगार संगम तवरहंतेंदहंउग्नचण्हवअण्पद पर रोजगार मेला, कैंपस प्लेसमेंट, डायरेक्टर हायरिंग, ओवरसीज प्लेसमेंट, लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम ऑनलाइन काउंसलिंग आदि के माध्यम से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की विकसित व्यवस्था के अंतर्गत मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई।

श्रम एवं सेवायोजन विभाग मंत्री, अनिल राजभर ने कहा सेवायोजन विभाग एवं टाटा कंसलटेंसी सर्विस के मध्य एम0ओ0यू0 किया जा रहा है इससे पंजीकृत जॉब सीकर्स को रोजगार संगम पर टीसीएस के माध्यम से 3000 प्रतिष्ठित निजी क्षेत्र की कंपनियों में रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

रोजगार संगम पोर्टल पर टीसीएस द्वारा पोस्ट की गई कैरियर संबंधी पाठ्यक्रमों और शैक्षणिक संस्थाओं, प्रवेश परीक्षाओं एवं छात्रवृत्ति की निशुल्क जानकारी उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने बताया टीसीएस द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे डिजिटल लर्निंग कार्यक्रम पंजीकृत जॉब सीकर्स को कॉर्पोरेट व्यवस्था के लिए तैयार करने में सहायक होंगे। इसके अतिरिक्त कम्युनिकेशन स्किल, साक्षात्कार की तैयारी रिज्यूम बनाने और कवर लेटर की तैयारी, लेखा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आदि वीडियो मॉड्यूल्स के लर्निंग प्रोग्राम पंजीकृत जॉब सीकर्स को निःशुल्क उपलब्ध हो सकेंगे।

उन्होंने कहा पाठ्यक्रम पूरा करने पर पंजीकृत जॉब सीकर्स को ज्ै पव्छ का प्रमाण पत्र भी प्राप्त होगा, जिससे उन्हें निजी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करने में सुविधा होगी। उद्योग विशेषज्ञों के माध्यम से नई तकनीकी और रोजगार बाजार की मांग के अनुरूप उपलब्ध नौकरियों की जानकारी लाइव सेशन/रिकॉर्डिंग के रूप में

पंजीकृत जॉब सीकर्स को निशुल्क उपलब्ध होगी, जिससे उन्हें रोजगार बाजार की आवश्यकता के अनुरूप मार्गदर्शन प्रदान हो सकेगा। सेवायोजन विभाग द्वारा विगत वर्षों से रोजगार मेलों के माध्यम से निरंतर निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

## निःशुल्क नेत्र चिकित्सा एवं चश्मा वितरण शिविर का आयोजन आज



**लखनऊ।** श्री हरभजराम कृपा देवी धर्मार्थ चिकित्सालय, चारबाग द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के जन्म दिवस 25 दिसंबर के अवसर पर निःशुल्क नेत्र चिकित्सा एवं चश्मा वितरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें कोई भी अपनी नेत्र संबंधी समस्याओं के संबंध में निशुल्क परामर्श ले सकता है ट्रस्ट के सचिव अमित गुप्ता ने बताया कि स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई का हरभज राम कृपा देवी चिकित्सालय से गहरा नाता रहा है इसी वजह से हर साल उनके जन्म दिवस पर मरीजों का निशुल्क नेत्र परीक्षण किया जाता है। साथ ही आवश्यकता नुसार उन्हें निशुल्क चश्मा भी दिया जाता है। शिविर 25 दिसंबर को प्रातः 11:00 बजे से आयोजित होगा इसके लिए पंजीकरण शुरू हो चुके हैं।

# पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की मनाई गई जयंती



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** भारत सरकार, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय, उप-कार्यालय, कानपुर एवं किसान विज्ञान केंद्र, कानपुर देहात के तत्वाधान में राष्ट्रीय किसान दिवस को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी की जयंती के अवसर पर लाल बहादुर शास्त्री कृषक सभागार, प्रसार निदेशालय, चन्द्रशेखर आज़ाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर में मनाया गया जिसके मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह चन्द्रशेखर आज़ाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर, विशिष्ट अतिथि डॉ. पी. के. उपाध्याय, कुल सचिव, डॉ. मुनिश कुमार, अधिष्ठाता वानिकी, डॉ. आर. के. यादव, निदेशक प्रसार, डॉ. पी. के.सिंह, शोध निदेशक, चन्द्रशेखर आज़ाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर एवं अध्यक्ष डॉ. गजेंद्र सिंह, उप कृषि विपणन सलाहकार, विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय, क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ, डॉ. प्रियंका, वरिष्ठ विपणन अधिकारी, प्रभारी, विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय, कानपुर, डॉ. अजय कुमार सिंह, प्रभारी, कृषि विज्ञान केंद्र, दलीप नगर, कानपुर देहात, डॉ. निमिषा अवस्थी, वरिष्ठ वैज्ञानिक, ए.के. उपाध्याय, सहायक कृषि विपणन सलाहकार, मो. जमील अहमद, वरिष्ठ विपणन अधिकारी, नानक चन्द, विपणन अधिकारी, अनुपम कुमार, विपणन अधिकारी, प्रेम सागर चौरसिया, विपणन अधिकारी, डॉ. हरीश भारती, विपणन अधिकारी, विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय एवं आर. सी. वर्मा, वरिष्ठ रसायनज्ञ, क्षेत्रीय एगमार्क प्रयोगशाला, कानपुर एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय, क्षेत्रीय एगमार्क प्रयोगशाला, कृषि विज्ञान केंद्र, कृषक समिति के अध्यक्ष बाबू सिंह कुशवाहा, जगदीश सिंह, किसान एवं मिडिया के लोग उपस्थिति थे।

# राष्ट्रीय किसान दिवस का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** इंटीग्रल इंस्टीट्यूट ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी, इंटीग्रल यूनिवर्सिटी, लखनऊ के केंद्रीय सभागार में राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। किसान दिवस विशेष रूप से स्व. चौधरी चरण सिंह जी की याद में मनाया जाता है, जिन्होंने भारतीय किसानों के हितों के लिए जीवन भर संघर्ष किया और देश में कृषि सुधारों की नींव रखी। चौधरी चरण सिंह भारतीय राजनीति के एक अहम नेता थे और वे 28 जुलाई 1979 से 14 जनवरी 1980 तक भारत के प्रधानमंत्री रहे थे। उनका योगदान विशेष रूप से भारतीय कृषि क्षेत्र और किसानों के कल्याण के लिए अभूतपूर्व था।

इस आयोजन में उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव, मनोज कुमार सिंह (ह्वूस) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मनोज कुमार सिंह ने अपने संबोधन में किसानों के योगदान को अभूतपूर्व बताया और कहा, किसान देश के अर्थतंत्र और खाद्य सुरक्षा का आधार हैं। उनके कठिन परिश्रम और समर्पण के कारण ही हमारा देश समृद्ध और सुरक्षित है। स्व. चौधरी चरण सिंह जी के योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा, जिन्होंने आज किसानों के अधिकारों के लिए ऐतिहासिक संघर्ष किया और उनके कल्याण के लिए अनेक क़दम उठाए। पीएम मुख्य सचिव ने आगे कहा, उत्तर प्रदेश सरकार कृषि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने कृषि क्षेत्र में कई नए क़दम उठाए हैं। उत्तर प्रदेश सरकार कृषि सर्वेक्षण के लिए रिमोट सेंसिंग तकनीकों का उपयोग कर रही है, जिससे भूमि और फसल की स्थिति का सटीक आंकलन किया जा सके। इसके ज़रिए ये पता लगाया जा सकता है कि किस गांव में किस खेत में कौन सी फसल लगी हुई है। इसके साथ ही, मौसम के पूर्वानुमान के लिए उत्तर प्रदेश सरकार गूगल के साथ सहयोग करने जा रही है जिससे किसानों को वास्तविक समय में मौसम की जानकारी प्रदान की जाएगी, ताकि वे बेहतर निर्णय ले सकें। इस योजना के तहत हर गांव को कुछ किसानों के मोबाइल फोन पर ही अगले दिन के मौसम का पूर्वानुमान भेज दिया जाएगा। यह पहल किसानों के लिए फायदेमंद साबित होगी और उनकी कृषि उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी।

इसके अलावा मुख्य सचिव ने कहा कि 10 दिसंबर को वॉशिंगटन में वर्ल्ड बैंक के साथ यूपी एग्रीज़ नाम से 4000 करोड़ रुपये की लागत का एक प्रोजेक्ट पारित हुआ है।

## युवा काव्य प्रतियोगिता का आयोजन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान एवं उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान, लखनऊ भाषा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के नियंत्रणधीन द्वारा भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी जी की 100 वां जयंती के पूर्व संध्या पर युवा साहित्य प्रतिभा सम्मान के तहत युवा काव्य प्रतियोगिता का आयोजन आज दिनांक 24 दिसंबर 2024 को तथा 'सामाजिक एकता में भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी का योगदान' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन न्यू हैदराबाद स्थित उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के सभागार में किया।




पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी वर्ष पर दिलकुशद्य, कैंट में आयोजित हुए अटल स्वास्थ्य मेले में श्री हरभज राम कृपा देवी धर्मार्थ चिकित्सालय के स्टॉल पर भारी भीड़ जुटी। यहां 300 से ज्यादा लोगों ने नेत्र परीक्षण कराया।